मिल रहा है । कुप्रशासन और कुछ मामलों में खुली चोरी के चलते PDS वितरण में धांधली होने की संभावना मानी जाती रही है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उद्देश्य:

1. वस्तुओं की मांग एवं पूर्ति में संतुलन बनाये रखना
2. वस्तुओं का वितरण समाज के गरीब वर्ग को न्यायोचित ढंग से करना।
3. उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना।
4. मूल्यों के उतार चढ़ाव को रोकना।
5. व्यापारियों के लाभ कमाने की प्रवृत्ति पर अंकुश रखना।



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के गुण :

1. निश्चित मूल्य।
2. सरकार द्वारा नियुक्ति।
3. लाभ की निश्चित मात्रा।
4. मांग एवं पूर्ति में समन्वय।
5. वस्तुओं में मिलावट न होना।
6. आचार संहिता का पालन।

SUPPLY CHAIN OF PDS IN INDIA



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दोष:

1. नगरों तक सीमित।
2. मांगों में वितरण न होना।
3. अन्य वस्तुओं के बेचे जाने की अनुमति न देना।
4. पूर्ति कम होने पर दबाव बढ़ जाना।
5. किस्म का चुनाव करने में कठिनाई।
6. खुदरा व्यापार का सरलीकरण।
7. अफसरशाही।
8. सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार।
9. अंतर्राज्यीय भिन्नता एवं निर्धनों को अपर्याप्त प्रोत्साहन।
10. मंहगी प्रणाली।
11. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के गरीबों के लिए लाभ सीमित हैं।
12. पीडीएस में क्षेत्रीय विषमता में विद्यमान है।
13. सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक पहुंच है।
14. खाद्य सब्सिडी संचालन में असक्षमता।
15. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के परिणाम स्वरुप कीमतों में वृद्धि।
16. सार्वजनिक वितरण प्रणालीमें धांधाली।

भारत जैसे गंभीर आर्थिक विषमताओं वाले देश में इस तंत्र की उपयोगिता से कतई इंकार नही किया जा सकता है। भारत जैसे विशाल आबादी वाले देष में गरीबी, भूख, कुपोषण, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और अशिक्षा से लड़ने में महत्वपूर्ण साधन है। वर्ष 1991 से प्रारंभ आर्थिक सुधारों के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बिकने वाले अनाज और चीनी के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी और उस पर दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती के कारण धीर-धीरे लोगों की दिलचस्पी इसमें घटती जा रही है। सब्सिडी घटाने के नाम पर अनाज महंगा कर दिया है। आर्थिक गतिविधियों के भूमंडलीकरण और उदारीकरण के इस युग में बाजारोन्मुखी अर्थव्यवस्था का बोलवाला है और सामाजिक कल्याण एवं समता स्थापित करने वाले कार्यक्रमों पर खर्च होने वाली राशि को लेकर सवाल उठाये जाते हैं, ऐसे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कामकाज को निर्विवाद बनाये रखना आवश्यक है।

केवल खाद्यान्न ही नही बल्कि दैनिक जीवन में आवश्यक अन्य वस्तुओं का भी वितरण करना चाहिये। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का इस तरह विकास हुआ है, कि इसके क्षेत्रगत रूपान्तरणों का विभिन्न राज्यों में खाद्यान्नों की कमी या जरूरतों के साथ कोई तालमेल नही है। इसके साथ ही रियायती दर पर दिये जाने वाले सामान की कालाबाजारी हो रही है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अपने लक्ष्यों, और आदर्शों को व्यवहारिक रूप में पाने में असफल रही है। व्यापक भ्रष्टाचार, अकुशल प्रशासन, राजनीतिक दुरूपयोग, दीर्घकालीन नियोजन कार्यक्रम के अभाव, ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त विकास तथा वितरण लागत की अधिकता के कारण इस प्रणाली पर से सामान्य तथा गरीब जनता का विश्वास घटता जा रहा है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सफल एवं प्रभावशाली बनाने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव इस प्रकार है :

1. अधिकाधिक क्षेत्रों में इसकी शाखाएँ खोली जाए।
2. सस्ते मूल्य की दुकानों को वितरण हेतु पर्याप्त मात्रा में वस्तुएँ उपलब्ध कराई जाना चाहिये।
3. जमाखोरी को रोका जाना चाहिए।
4. प्रशिक्षित एवं नि:स्वार्थ लोगों के हाथों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सौंपा जाए एवं कार्य में दक्ष एवं ईमानदार कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए।
5. इस प्रणाली को राजनीतिक दबाव एवं भेदभाव से मुक्त रखना चाहिए।
6. निरीक्षण की कारगर एवं प्रभावी व्यवस्था की जाना चाहिये।
7. वितरण लागत में कमी का प्रयास किया जाना चाहिए।
8. व्यवस्था के कुशल संचालन के लिए समाजसेवी संगठन का भी सहयोग लिया जाना चाहिए।
9. इस प्रणाली की कारगर ढंग से निगरानी करने के लिए शहरों में वार्ड स्तर गॉवों में ब्लॉक स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण समितियॉ स्थापित की जाना चाहिये।

10. फर्जी एवं डुप्लीकेट कार्डो को समाप्त करने के लिए जांच एवं छापेमारी की कार्यवाही की जानी चाहिए।

इन सुझावों को यदि उचित तरीके से क्रियान्वित किया जाये तो निष्चित ही यह प्रणाली सफल हो सकती है, तथा अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रासंगिकता - डॉ. पी.आर.मानकर, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ भोपाल अप्रैल-जून 2014
2. अर्थशास्त्र, डॉ. एम.एम. शुक्ल और डॉ. एम.सी. जैन।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था ए.एन. अग्रवाल।
4. कृषि अर्थशास्त्र, डॉ. जयप्रकाश मिश्र।
5. विभिन्न समाचार पत्र।
6. https://www.testbook.com/ias-preparation/hi/pds-and-tpds/
7. https://www.janhitmejaari.com/what-is-public-distribution-system-its-types-benefits-and-functions/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

हिन्दी साहित्य में मनोविश्लेषणवादी परम्परा

डॉ. रोशनलाल अहिरवार *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, शाहगढ़, सागर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – हिन्दी साहित्य में मनोविश्लेषणवाद परम्परा का योगदान जैनेन्द्र, इलाचन्द्र जोशी, अज्ञेय आदि साहित्यकारों की लेखनी की देन है। जो परम्परा अंग्रेजी साहित्य में देखने मिलती है वही परम्परा हिन्दी साहित्य में मनोविश्लेषणवादी परम्परा के साहित्यकारों के द्वारा सम्पन्न हुई है। इस शोध पत्र में अज्ञेय की मनोविश्लेषणवादी परम्परा का साहित्य में किस प्रकार योगदान रहा अनुसंधानात्मक अध्ययन किया गया है।
शब्द कुंजी – अज्ञेयपाश्चात्य साहित्य में मनोविश्लेषणवाद, हिन्दी साहित्य में मनोश्विलेषणवाद, जैनेन्द्र, इलाचा जोशी, डॉ. देवराज।

प्रस्तावना – हिन्दी साहित्य में बहुमुखी प्रतिभा के धनी लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर है। 'अज्ञेय' शब्द के शाब्दिक अर्थ को देखा जाये तो अर्थ है–'जो ज्ञेय न हो या समझ से परे हो या जिसे जाना नजा सके परन्तु हिन्दी साहित्य में अज्ञेय को साहित्य की विविध विधाओ–कविता, कहानी, निबंध, उपन्यास, आलोचना, यात्रा वृतान्त आदि के सृजनात्मक लेखन से पहचाना जाता है।'

पाश्चात्य साहित्य में मनोविश्लेषणवाद–20वी शताब्दी का प्रारम्भिक काल अंग्रेजी साहित्य के साथ समाज के लिए संक्रान्ति का काल माना जाता है। इस समय अंग्रेजी समाज मे निराशा, अनास्था, कुण्ठा ने लोगो की चित्तावृत्तियो को अवरुद्ध कर दिया था। एक साहित्यकार अपने आस–पास के परिवेश से ही साहित्य के सृजन की ओर अग्रसर रहता है। फलस्वरुप अंग्रेजी साहित्य भी प्रभावित रहा और इस युग में स्वच्छन्दतावाद, नीतिवाद, कलावाद आदि अनेक काव्य सिद्धान्तों का विकास हुआ 20वीं शताब्दी में दो प्रबल विचारक सिगमंड फ्रायड और कार्ल–मार्क्स का उदय हुआ।

मनोविश्लेषण (Psychoanalysis) आस्टिया के मनोवैज्ञानिक सिंगमण्ड फ्रायड, एलडर द्वारा विकसित मनोवैज्ञानिक विचारो का विस्तृत गहन विषय है मनोविश्लेषण मुख्यत: मानव के मानसिक क्रियाओं एवं व्यवहारो के अध्ययन से संबंधित एक विज्ञान कहा जा सकता है, यह समाज का विषय है क्योकि व्यक्तियों के मन का अध्ययन इसमे निहित है मनोरोगो से ग्रस्त व्यक्तियों से वार्तालाप कर के उपचार करने की विधि और एक बौद्धिक अनुशासन के रूप में मनोविश्लेषण को स्थापित करने का श्रेय सिंगमण्ड फ्रायड को जाता है समाज विज्ञान के कई विषयो पर मनोविश्लेषण का गहरा असर है जैसे– रंगमंच,स्त्री अध्ययन, सहित्य अध्ययन आदि।

फ्रायड के मनोविश्लेषण सिद्धातं के अनुसार मानव मस्तिष्क के तीन भाग होते है चेतन,अवचेतन,अचेतन या अर्द्धचेतन। चेतन मन बहुत छोटा होता है और अचेतन मन अधिक प्रबल होता है यह दोनो मानव मस्तिष्क में क्रिया शील होते है। फ्रायड का विचार है कि मनुष्य के अवचेतन को अलग–अलग हिस्सो मे बाट कर उसी तरह से समझा जा सकता है जिस प्रकार वैज्ञानिक किसी रसायनिक पदार्थ का सूक्ष्मता से विश्लेषण करते है अवचेतन का सिद्धांत इस मान्यता पर आधारित है कि मानव मस्तिष्क का एक हिस्सा ऐसा भी है जिसका पता व्यक्ति को स्वयं नही लगता है इसकी अभिव्यक्ति या कार्यशैली के अनुसार उसमे नींद के सपने, बोलते–बोलते जबान का फिसला अन्य शारीरिक बीमारिया आदि अवचेतन मन के कारण सक्रिय रहती है।

फ्रायड के अनुसार– मानव मन पर तीन शक्तियॉ प्रबलता से काम करती है जिसमे इड (ID) या इदम्, ईगो (Ego) या अहं, सुपर ईगो (Supar Ego) या पराहं आते है इन तीनो भागो में विचारो, भावनाओं का संचरण होता रहता है तथा इसी कारण मानव का व्यक्तित्व एवं बौद्धिक विकास परिलक्षित होता है प्रत्येक भाग की भूमिका व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रभाव डालती है।

इदम्– इसमे व्यक्ति के अनुवाशिंक या जन्मजात गुण इसके अन्तर्गत आते है इसमे पाये जाने वाली विषयवस्तु विचार, चेतना व्यक्ति की नही होती है परन्तु यह व्यक्ति की मानसिक शक्तियों और वृत्तियों का स्त्रोत है। यह दमित इच्छाओं और वासनाओं का आधार है इसका संबंध कामप्रवृत्तियों से है इस प्रकार की मानसिक अवस्था को फ्रायड लिबिडो कहते है।

अहम् – यह इदम् का वह अंश है जिसका विकास बाहरी भौतिक पर्यावरण के सम्पर्क में मानव मस्तिष्क के आने के बाद सक्रिय होता है यह चेतन होने के साथ अचेतन मन की अवांछित इच्छाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखने का कार्य करता है सामान्यत: व्यक्ति का यह अन्त:करण है इसमे व्यक्ति की अच्छी और बुरी सभी प्रकार का मिश्रित इच्छाओं का रूप होता है अच्छी इच्छाओं पर कोई रोक नही होती है पर बुरी इच्छाओं को बाहर आने के लिए हमारा परम् अहम् जागृत करता है।

परम् अहम् – यह वह स्थिति है जिसमे बुरी इच्छाओं को चेतन मन में आने से परम् अहम् रोकता है इसके कार्य अहम् पर शासन नियत्रण होता है यह चेतन और अचेतन मन के बीच प्रहरी का कार्य करता है।

मन के विश्लेषण में मुख्यत: तीन बिन्दु अध्ययन उपरान्त स्पष्ट होते है कि –

1. यह मानव मस्तिष्क के अध्ययन की विधि, नियम प्रदान करता है।
2. यह मानव व्यवहार से संबंधित सिद्धातों का क्रमबद्ध समूह इसमे शामिल है।
3. यह मनोवैज्ञानिक या भावनात्मक रोगो के निराकरण के लिए उपचार प्रदान करता है।

फ्रायड का विश्वास था कि मनुष्य अपनी इच्छाओं, यौन कामनाओं

और आवश्यकताओं की पूर्ति न होने पर उसकी नाकामी की परेशानी या तकलीफ के एहसास को दबाता इस कारण उसके भीतर अर्पूण कामनाओं इच्छाओं के प्रति अपराध बोध पैदा हो जाता है इस कारण उसके अन्दर कुंठा, आत्मालोचन और एक समय के बाद आत्महीनता तथा आत्मघृणा की अनुभूतियॉ जन्म ले लेती है यह तमाम कार्य अवचेतन में चला जाता है यह अवचेतन में हमेशा दवा नही रहता है समयानुसार यथास्थिति निर्मित होने पर यह सामने आता है कभी सपनो के रूप में, तो कभी किसी घटनाओं के प्रति अनायास अवचेतन मन में स्थित दमित इच्छाये, कामनाऍ बाहर आती है।

मेरा मानना है कि अवचेतन मन में उपर्युक्त स्थिति व्यक्ति के क्रियाकलाप में उसके आस-पास घटित घटनाओं के अनुरूप प्रगट होने लगती है फलत: इस कारण उसका प्रभाव उसके जीवन तथा कार्यशैली पर पड़ता है कार्यशैली के आधार पर साहित्यकारो की लेखनी में भी मनोविश्लेषण सिद्धांत का प्रभाव देखने मिलता है।

'फ्रायड ने काम को जीवन की मूलवृत्ति मानते हुए साहित्य को काम-कुण्ठाओं की दमित एवं अतृप्त वासनाएँ ही साहित्य में प्रकट होती हैं।'[1] पाश्चात्य काव्य में सिगमंड फ्रायड ने मनोविश्लेषण्वादी परम्परा का सूत्रपात किया तथा साहित्य में इसका विकसित रुप पाठको को देखने मिला।

फ्रायड का काव्य सिद्धान्त-फ्रायड काव्य का सीधा सम्बन्ध मन की दमित इच्छाओं एवं कुण्ठाओं की अभिव्यक्ति से स्थापित करते हैं। उनका विचार है कि 'मनुष्य के मन में अनेक ऐसी कुण्ठाएँ विद्यमान होती है जिनका निवारण वह जगत में नहीं कर पाता, क्योंकि उस पर अनेक सामाजिक, नैतिक तथा धार्मिक बन्धन लगे रहते हैं। फिर भी उसके मन में इनकी अभिव्यक्ति करने के लिए एक विशेष अकुलाहट अवश्य बनी रहती है। इनकी अभिव्यक्ति हुए बिना उसे चैन नहीं मिलता। काव्य उसके पास एक ऐसा साधन हैं जो इनकी अभिव्यक्ति का समाजोनुमोदित, निरापद एवं स्वस्थ साधन है। अतएव मानसिक परितोष का अनुभव करता है।'[2]

हिन्दी साहित्य में मनोविश्लेषणवाद-हिन्दी साहित्य में मनोविश्लेषणवादी परम्परा का सूत्रपात सर्वश्री जैनेन्द्र, इलाचन्द्र जोशी, 'अज्ञेय' और डॉ. देवराज ने किया है। 'चाहे कविता हो, चाहे कथा-साहित्यअथवा चित्रकला या मूर्तिकला सभी मानव-मन: स्थितियों का ही चित्रण करती है। मनुष्य के भीतर काम और अहम् की प्रवृत्ति बड़ी व्यापक और बड़ी गहरी होती है। ये प्रवृत्तियाँ दो रुप में हमारे सामने आती है-एक सहज, स्वाभाविक रुप में और दूसरे विकृत रुप में। मानव जीवन में संघर्ष और टकराव की स्थिति इन्हीं प्रवृत्तियों के कारण बनती है। साहित्य में भी जो युद्ध, संघर्ष, दुर्व्यवहार और सादृश्यता आदि के चित्रण होते हैं वे मानव की मानसकि क्रियाओं का आधार लेकर चलते है। साहित्य और कलाओं में इस प्रकार के चित्रण तो आदिकाल से चले आते हैं, पर इन चित्रणो के मनोवैज्ञानिक कारणों पर प्रकाश आधुनिक युग के चिन्तकों ने डाला।'[3]

उपर्युक्त विश्लेषण साहित्य में मनोवैज्ञानिक तत्वों को समझने में सहायक है और अध्ययन की दृष्टि से देखा जाये तो मनोविश्लेषणवादी प्रमुख बातो को समावेश जैनेन्द्र, अज्ञेय इलाचन्द्र जोशी के साहित्य में देखने मिलता है।मनोविश्लेषण परम्परा का विचारधारा का सूत्रपात हिन्दी साहित्य में उपन्यास विधा में देखने मिलता है। उपन्यासकारों में जैनेन्द्र, इलाचन्द्र जोशी, अज्ञेय तथा डॉ. देवराज प्रमुख है।

'जैनेन्द्र गॉधीवादी के अध्यात्मपक्ष पर बल देते हुए आत्म-पीड़न के द्वारा ह्रदय परिवर्तन में विश्वास करते हैं। उनके अनुसार मानव में दो मूल प्रवृत्तियाँ हैं-स्पर्धा और समर्पण। स्पर्धा अहं का सृजन करती है। समर्पण-वृत्ति 'स्व' को 'पर' के लिए उत्सर्ग कर देने में अपनी सार्थकता अनुभव करती है।'[4] जैनेन्द्र ने अपने उपन्यासों मे काम पीड़ा और समर्पण का चित्रण किया है तथा अहं का विसर्जन किया है। प्रमुख उपन्यासों में परख, सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी, सुखद, पिर्वत, व्यतीत आदि है।

इस परम्परा के दूसरे उपन्यासकार इलाचन्द्र जोशी है। जोशीजी ने मनोविश्लेषण को अपनी कला का साधन बनाया है। आप फ्रॉयड और मार्क्स दोनों के समन्वय में विश्वास करते है। प्रमुख उपन्यासों में सन्यासी, पर्दे की रानी, प्रेत और छाया, निर्वासित, जिप्सी, जहाज का पंछी आदि है।

मनोविश्लेषणवादी उपन्यासों में तीसरे उपन्यासकार अज्ञेय द्वारा रचित शेखर एक जीवनी, नदी के द्वीप, अपने अपने अजनबी का महत्वपूर्ण स्थान है। 'अज्ञेयकृत 'शेखर एक जीवनी' (1941) के प्रकाशन के साथ हिन्दी-उपन्यास को लेकर आलोचकों में भारी मतभेद रहा। किसी ने इसे प्रकाशमान पुच्छल तारा कहकर प्रशंसा की तो किसी ने अतिशय आत्मकेन्द्रित बताकर इसके कथानक को असम्बद्ध और विश्रृखलित माना। इन विरोधी सम्मतियों से सिद्ध होता है कि काव्य, शिल्प और भाषा की दृष्टि से यह परम्परा से हटकर नया प्रयोग था। जिसे आज का आधुनिकता की संज्ञा दी जाती है उसका सर्वप्रथम समावेश इसी उपन्यास में दिखायी देता है। इसका मूल मन्तव्य है-स्वतन्त्रता की खोज। यह खोज अपने को सबसे काटकर नही की गयी है, बल्कि अन्य सन्दर्भो में यानी मानवीय परिस्थितियों के बीच की गयी है।'[5]

शेखर एक जीवनी एक सशक्त और प्रौढ़ रचना है। यह फ्लेश बैक शैली में लिखी गई है। कदाचित ही किसी उपन्यासकार ने अपनी प्रथक-कृति में उसकलात्मक प्रौढ़ता का निदर्शन किया होगा, जो 'अज्ञेय' कर सके है। 'नदी के द्वीपय अज्ञेय का दूसरा महत्वपूर्ण उपन्यास है यह शिल्प की दृष्टि से अधिक सशक्त कृति है। इसमे पत्रशैली, प्रत्यवलोकन शैली, चेतना प्रवाह शैली तथा प्रतीकात्मक बिम्ब-विधान शैली सभी का एक साथ प्रयोग मिलता है। अपने-अपने अजनबी अज्ञेय का तीसरा उपन्यास है। इसमें अज्ञेय अस्तित्ववादी दर्शन का समर्थन करते हुए जान पड़ते हैं। इस उपन्यास का विषय ही 'मृत्यु से साक्षात्कार' है।

मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकारों में चौथा नाम डॉ. देवराज का है। आपके उपन्यासों में पथ की खोज, बाहर भीतर, रोड़े और पत्थर, अजय की डायरी तथा मैं वे और आप पॉच उपन्यास शामिल है।

अंतत: हिन्दी साहित्य में मनोविश्लेषणवादी परम्परा उपन्यास विधा के माध्यम से पल्लवित हुई तथा उपन्यासकारो में जैनेन्द्र, इलाचन्द्र जोशी, अज्ञेय आदि ने इसे समृद्ध किया है। यह परम्परा पाश्चात्य साहित्य में काव्य के माध्यम से साहित्य में आई पर हिन्दी साहित्य में उपन्यासो के माध्यम से लेखको और पाठको का विषय बन सकी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. सभापति मिश्र : भारतीय काव्यशास्त्र एवं पाश्चात्य साहित्य चिंतन; जयभारती प्रकाशन इलाहाबाद, पेज-368
2. डॉ. सभापति मिश्र : भारतीय काव्यशास्त्र एवं पाश्चात्य साहित्य चिंतन; जयभारती प्रकाशन इलाहाबाद, पेज-369-370
3. डॉ. भागीरथ मिश्र : पाश्चात्य काव्यशास्त्र; विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, पेज 109
4. डॉ. रामचन्द्र तिवारी : हिन्दी का गद्यसाहित्य; विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, पेज-213
5. डॉ. नगेन्द्र : हिन्दी साहित्य का इतिहास; म्यूर पेपरबैक्स नोएडा; पेज 673

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

सतत विकास लक्ष्य 'शून्य भूखमरी' : एक चुनौती

रजनी गगवानी *

* सहायक आचार्य व विभागाध्यक्षा (राजनीति विज्ञान) श्री शिवचरण माथुर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मांडलगढ़, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान में जारी रूस – यूक्रेन युद्ध ने विश्व को चिंता में डाल दिया है। विश्वभर में धान का कटोरा माने जाने वाले रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध शुरू होने की आशंका मात्र से ही विश्व भर में खाद्य सामग्री की कीमतों में आए उछाल ने संपूर्ण विश्व के निर्धन–मध्यम वर्गीय व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा का संकट खड़ा कर दिया। युद्ध शुरू होने के बाद फरवरी 2022 में, एफएओ खाद्य मूल्य सूचकांक एक नए ऐतिहासिक रिकॉर्ड पर पहुंच गया, जो एक साल पहले के स्तर से 21 प्रतिशत अधिक था, और फरवरी 2011 में अपने पिछले शिखर से 2.2 प्रतिशत अधिक था।

बिगड़ी हुई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, कई देशों में जारी गृह युद्ध तथा जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्यान्न का उत्पादन व आपूर्ति दिन – प्रतिदिन गड़बड़ाती जा रही है। परिणामस्वरूप द्वितीय सतत विकास लक्ष्य 'शून्य भूख' के लक्ष्य को इस दशक के अंत तक प्राप्त करना और अधिक चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इस संदर्भ में यह जानना जरूरी हो जाता है कि खाद्य सुरक्षा व 'शून्य भूख' के उद्देश्य को कैसे प्राप्त किया जाए? इस के मार्ग में कौन–कौन से बाधक कारक हैं तथा उनसे कैसे निपटा जाए? इस हेतु प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीयक आंकड़ों का सहारा लेकर ऐतिहासिक, विवरणात्मक, मुल्यांकनात्मक व निदानात्मक पद्धति का प्रयोग करते हुए सतत विकास व खाद्य सुरक्षा का अर्थ, शून्य भूख की राह में बाधक कारकों तथा इस क्षेत्र में प्रयासरत संगठनों–संस्थाओं की चर्चा की गई है।

शब्द कुंजी – सतत विकास लक्ष्य, खाद्य सुरक्षा, शून्य भूखमरी, कुपोषण।

प्रस्तावना – संसाधनों की सीमितता तथा विकास की आवश्यकता के बीच तालमेल बिठाने के लिए सतत विकास की अवधारणा पर बल दिया जाता है। सतत विकास की अवधारणा को 1987 के ब्रंटलैंड आयोग की रिपोर्ट द्वारा वर्णित किया गया था कि 'ऐसा विकास जो भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करता है।' ('सतत विकास के.....')

इसी क्रम में वर्ष 2000 से 2015 के लिए 8 सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य घोषित किए गए लेकिन यह लक्ष्य पूर्णत: प्राप्त नहीं होने के कारण जनवरी 2015 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2015 के बाद के विकास एजेंडे पर बातचीत की प्रक्रिया शुरू की। सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में 17 सतत विकास लक्ष्य (SDG) के साथ 'एजेंडा 2030' को अपनाने के बाद इस प्रक्रिया का समापन हुआ। जिसके तहत निम्नलिखित 17 सतत विकास लक्ष्य, 169 टार्गेट, 3163 इवेंट्स, 6036 एक्शन निर्धारित किये गए (संयुक्त राष्ट्र संघ)।

लक्ष्य 1: कोई गरीबी नहीं
लक्ष्य 2: शून्य भूख
लक्ष्य 3: अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण
लक्ष्य 4: गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
लक्ष्य 5: लैंगिक समानता
लक्ष्य 6: स्वच्छ जल और स्वच्छता
लक्ष्य 7: वहनीय और स्वच्छ ऊर्जा
लक्ष्य 8: अच्छा काम और आर्थिक विकास
लक्ष्य 9: उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा
लक्ष्य 10: असमानता में कमी
लक्ष्य 11: सतत शहर और समुदाय
लक्ष्य 12: जिम्मेदार खपत और उत्पादन
लक्ष्य 13: जलवायु कार्रवाई
लक्ष्य 14: जल के नीचे जीवन
लक्ष्य 15: भूमि पर जीवन
लक्ष्य 16: शांति और न्याय मजबूत संस्थाएं
लक्ष्य 17: लक्ष्य हासिल करने के लिए साझेदारी ('एनविज़न 2030 : 17 गोल्स')।

प्रस्तुत शोध पत्र सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों के प्रथम लक्ष्य 'भूख' व सतत विकास लक्ष्यों के द्वितीय लक्ष्य भूख समाप्त करना, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण प्राप्त करना और स्थायी कृषि को बढ़ावा देना, पर ही ध्यान केंद्रित किया गया है। जिसके तहत खाद्य सुरक्षा का अर्थ, सतत विकास, वैश्विक भुखमरी के कारण, इस क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं व सुझावों का उल्लेख किया गया है।

खाद्य सुरक्षा का अर्थ : एक अवधारणा के रूप में खाद्य सुरक्षा की उत्पत्ति केवल 1970 के दशक के मध्य में हुई, जब वैश्विक खाद्य संकट के समय अंतर्राष्ट्रीय खाद्य समस्याओं की चर्चा हुई। इसका ध्यान मुख्य रूप से खाद्य आपूर्ति की समस्याओं जैसे ; खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित करना, कुछ हद तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बुनियादी खाद्य पदार्थों की कीमतों में स्थिरता लाने पर केंद्रित था। इसी क्रम में वर्ष 1974 में विश्व खाद्य सम्मेलन

हुआ। जिसमें नीतिगत मुद्दों पर बातचीत के लिए व संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए सूचना तथा इस हेतु एक संस्था के गठन पर बल दिया गया (ओडीआई, 1997)। इस सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा को निम्न प्रकार से परिभाषित किया गया था ;

'भोजन की खपत के निरंतर विस्तार को बनाए रखने, उत्पादन और कीमतों में उतार-चढ़ाव को दूर करने के लिए बुनियादी खाद्य पदार्थों की पर्याप्त विश्व खाद्य आपूर्ति की हर समय उपलब्धता' (वर्ल्ड फूड कॉन्फ्रेंस, 1974)। जबकि वर्ष 1996 के विश्व खाद्य शिखर सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा को उस स्थिति के रूप में परिभाषित किया 'जब सभी लोगों की स्वस्थ और सक्रिय जीवन बनाए रखने के लिए पर्याप्त, सुरक्षित, पौष्टिक भोजन तक पहुंच हो' (डिसेबल्ड वर्ल्ड, 2022)। जबकि वैश्विक भूखमरी सूचकांक के अंतर्गत ; अल्पपोषण, बाल विकास, बाल मृत्यु, बाल अपंगता के स्तर को भूखमरी का पैमाना माना जाता है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि खाद्य सुरक्षा ऐसी स्थिति की ओर संकेत करती हैं जहाँ एक व्यक्ति शारिरिक विकास हेतु सही समय पर्याप्त पोषण प्राप्त करे। इसके अभाव की स्थिति 'भूखमरी' कही जा सकती है।

वर्तमान विश्व में भूखमरी की स्थिति : संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार, वर्ष 2014 से 2019 तक लगभग अपरिवर्तित रहने के बाद, कुपोषण का प्रसार (PoU) एक साल पहले के 8.4 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2020 में लगभग 9.9 प्रतिशत हो गया। ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2020 में दुनियाभर में 720 से 811 मिलियन लोगों को भूख का सामना करना पड़ा था। वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर COVID-19 महामारी के स्थायी प्रभावों के कारण, वर्ष 2030 में लगभग 660 मिलियन लोग भूख का सामना कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार, वर्ष 2020 में कुपोषितों की कुल संख्या 768 मिलियन थी, जिनका महाद्वीपीय विभाजन निम्नांकित है:

1. 282 मिलियन अफ्रीका में ;
2. 418 मिलियन एशिया में ;
3. 60 मिलियन कुपोषित लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में रहते हैं।

दुनिया में लगभग प्रति तीन लोगों में से एक (2.37 बिलियन) के पास वर्ष 2020 में पर्याप्त भोजन नहीं था - यह केवल एक वर्ष में लगभग 320 मिलियन लोगों की वृद्धि है। मध्यम या गंभीर खाद्य असुरक्षा के प्रसार में लिंग अंतर COVID-19 महामारी के वर्ष में और भी बढ़ गया है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2020 में पांच साल से कम उम्र के 149.2 मिलियन (22 प्रतिशत) बच्चे कुपोषण से ग्रसित थे ('पीस, डिग्निटी एंड इक्वालिटी ....')। डब्ल्यूएफपी के अनुसार, 38 देशों में 44 मिलियन लोग अकाल के कगार पर हैं (रिचर, 2022)।

विडंबना यह है कि छोटे किसान, चरवाहे और मछुआरे वैश्विक खाद्य आपूर्ति का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन करते हैं, फिर भी वे विशेष रूप से खाद्य असुरक्षा की चपेट में हैं। ग्रामीण आबादी में गरीबी और भूख सबसे अधिक है। दुनियाभर में पांच साल से कम उम्र के अनुमानित 14 मिलियन बच्चे गंभीर तीव्र कुपोषण से पीड़ित हैं, जिसे गंभीर रूप से अपंगता के रूप में भी जाना जाता है, फिर भी केवल 25 प्रतिशत कुपोषित बच्चों के पास ही जीवन रक्षक उपचार की सुविधा है (वर्ल्ड अगेंस्ट हंगर)। उपर्युक्त आंकड़े मानवता के समक्ष उपस्थित एक नए संकट की ओर संकेत कर रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ भी बढ़ती भुखमरी व कुपोषण की निरंतरता के कारण शुन्य भूख के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रति संशय व्यक्त कर चुका है (विश्व स्वास्थ्य संगठन, 2020)।

भूख के खिलाफ संघर्ष के बारे में जागरूकता और समझ बढ़ाने, देशों और क्षेत्रों के बीच भूख के स्तर की तुलना करने का एक तरीका प्रदान करने और दुनिया के ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए यूरोपीय गैर-सरकारी संगठनों ; कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्थुंगरहिल्फ़ द्वारा संयुक्त रूप से 'वैश्विक भूखमरी सूचकांक' वार्षिक रूप से प्रकाशित किया जाता है। वर्ष 2006 में इसका प्रथम तथा अक्टूबर 2022 में 17वां प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ। जीएचआई के 17वें प्रतिवेदन के अनुसार, विश्वभर के 121 देशों में से चाड में सर्वाधिक भूखमरी है जबकि बेलारूस, बोस्निया, हर्जेगोविना, चिली, चीन व क्रोएशिया में भुखमरी की स्थिति न्यूनतम है। शेष देशों में भुखमरी की स्थिति इस प्रकार है (ग्लोबल हंगर इंडेक्स, 2022)।

देखें मानचित्र - 1: विश्व में भूखमरी की स्थिति



स्त्रोत: ग्लोबल हंगर इंडेक्स, 2022

आगामी दशकों में, बदलती जलवायु, वैश्विक जनसंख्या व खाद्य कीमतों में उछाल तथा अन्तर्राष्ट्रीय तनावों का खाद्य सुरक्षा पर महत्वपूर्ण एवं अनिश्चित प्रभाव पड़ेगा। इससे निपटने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय थिंकटैंक, संस्थाएं व संगठन जल आवंटन, भूमि उपयोग पैटर्न, खाद्यान्न व्यापार, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य कीमतों और सुरक्षा को संभालने के विकल्पों सहित वैश्विक परिवर्तन के लिए अनुकूल रणनीतियों और नीति प्रतिक्रियाओं की तत्काल आवश्यकता व्यक्त करते हैं।

भूखमरी के कारण

1. युद्ध और संघर्ष: रूसी संघ और यूक्रेन खाद्य और कृषि उत्पादों के वैश्विक व्यापार में प्रमुख खिलाड़ी हैं। वर्ष 2021 में, रूसी संघ और यूक्रेन द्वारा गेहूं के निर्यात में वैश्विक बाजार का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा था। रूस की वैश्विक मक्का निर्यात बाजार हिस्सेदारी 2016-17 और 2020-21 के बीच 3 प्रतिशत पर तुलनात्मक रूप से सीमित है। इसी अवधि में यूक्रेन की मक्का निर्यात हिस्सेदारी औसतन 15 प्रतिशत है तथा इसे दुनिया के चौथे सबसे बड़े मक्का निर्यातक देश का स्थान प्राप्त है। दोनों देशों से संयुक्त रूप से सूरजमुखी तेल निर्यात वैश्विक आपूर्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। रूसी संघ भी उर्वरकों का एक प्रमुख निर्यातक है। वर्ष 2020 में, इसे विश्व के शीर्ष निर्यातक के रूप में स्थान दिया गया। यह नाइट्रोजन उर्वरक व पोटेशियम का दूसरा तथा आपूर्तिकर्ता और फॉस्फोरस उर्वरक का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। लगभग 50 देश अपनी गेहूं आयात जरूरतों

के कम से कम 30 प्रतिशत के लिए रूसी संघ और यूक्रेन पर निर्भर हैं। इनमें से 26 देश अपने गेहूं के आयात का 50 प्रतिशत से अधिक इन दोनों देशों से प्राप्त करते हैं। उस संदर्भ में, विशेष रूप से कम आय वाले खाद्य आयात पर निर्भर देशों और कमजोर जनसंख्या समूहों के लिए इस युद्ध के वैश्विक बाजारों और खाद्य सुरक्षा के लिए कई निहितार्थ होंगे, जो कई देशों के लिए खाद्य सुरक्षा हेतु चुनौती खड़ी करते हैं (इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट)।

2. गरीबी: गरीबी और भूख के मध्य कारण – प्रभाव सम्बन्ध पाया जाता है। गरीबी के दुष्चक्र में फंसे परिवार आमतौर पर पौष्टिक भोजन का खर्च नहीं वहन कर पाते हैं, जिससे अल्पपोषण होता है। बदले में, अल्पपोषण के कारण लोगों के लिए अधिक पैसा कमाना मुश्किल हो जाता है। अत: वे स्वस्थ भोजन नहीं कर पाते हैं। इस दुष्चक्र में प्रत्येक दूसरे को ईंधन देता है। सामाजिक और आर्थिक विकास के बावजूद, दुनियाभर में कुपोषण का बोझ अस्वीकार्य रूप से अधिक है। पोषण की स्थिति, मानव पूंजी और आर्थिक स्थिति के बीच एक महत्वपूर्ण व सकारात्मक संबंध मौजूद है। (सिद्दीकी व अन्य,2020)

3. जलवायु परिवर्तन: जलवायु परिवर्तन खाद्य सुरक्षा के सभी चार आयामों को प्रभावित कर सकता है: खाद्य उत्पादन, खाद्य उपलब्धाता, खाद्य पहुंच, खाद्य उपयोग और भोजन सिस्टम स्थिरता। खाद्य उत्पादन और खाद्य उपलब्धता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव रहा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। बारिश के पैटर्न में देरी से बुवाई में देरी हो सकती है परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी आने की सम्भावना रहती है (एनपीपीसीसीएचएच ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम, 2021)। बेमौसम नमी और बारिश से फसल के पूर्व और बाद के नुकसान में वृद्धि होगी। बहुत कम – या बहुत अधिक – वर्षा फसल को नष्ट कर सकती है या उपलब्ध पशु चारागाह की मात्रा को कम कर सकती है। इन उतार–चढ़ावों को अल नीनो मौसम प्रणाली द्वारा बदतर बना दिया गया है और जलवायु परिवर्तन के कारण इसके बढ़ने की संभावना है। चरम जलवायु पैटर्न भी दुनिया के सबसे गरीब क्षेत्रों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन से खासकर दुनिया के सबसे अधिक खाद्य–असुरक्षित क्षेत्रों में फसल की पैदावार में कटौती हो सकती है (विश्व बैंक, 2022)।

4. कुपोषण: भूख केवल भोजन तक पहुंच की कमी नहीं हैरू यह सही पोषक तत्वों तक पहुंच की कमी है। कुपोषण, अपने सभी रूपों में ; अल्पपोषण (वेस्टिंग, स्टंटिग, कम वजन), अपर्याप्त विटामिन या खनिज, अधिक वजन, मोटापा और इसके परिणामस्वरूप आहार संबंधी गैर – संचारी रोग शामिल हैं। (विश्व स्वास्थ्य संगठन,2021)।

गरीबी में रहने वाले परिवार अक्सर केवल एक या दो मुख्य खाद्य पदार्थो (जैसे मक्का या गेहूं) पर निर्भर होते हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें पर्याप्त महत्वपूर्ण माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और विटामिन नहीं मिल रहे हैं। विशेष रूप से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए पोषण की कमी घातक बनी हुई है।

5. खाद्य अपशिष्ट: लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर मूल्य का भोजन हर साल खो जाता है या बर्बाद हो जाता है। यह खाद्य हानि के रूप में होता है – भोजन जो क्षतिग्रस्त हो जाता है क्योंकि यह आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से आगे बढ़ता है – और खाद्य अपशिष्ट – खाद्य भोजन जो खुदरा विक्रेताओं या उपभोक्ताओं द्वारा फेंक दिया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, इस प्रवृत्ति को उलटने से 2 अरब लोगों को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन संरक्षित होगा। यह दुनियाभर में कुपोषित लोगों की संख्या के दोगुने से भी अधिक है (विश्व खाद्य कार्यक्रम,2022)।

संबंधित संगठन व अभियान : शून्य भूखमरी के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता देने हेतु विश्वभर की सरकारों व संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे सम्बंधित अन्य एजेंसियों के अतिरिक्त अन्य गैर – सरकारी संगठन भी इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। इनमें से प्रमुख संगठन निम्नलिखित हैं :

1. जीरो हंगर चौलेंज – संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा वर्ष 2012 में सतत विकास पर रियो+20 विश्व सम्मेलन के दौरान जीरो हंगर चौलेंज की शुरुआत की थी। यह चौलेंज वैश्विक आंदोलन के रूप में एक पीढ़ी को भूख – मुक्त दुनिया की दिशा में प्रेरित करने हेतु शुरू किया गया था। इसके द्वारा यह लक्ष्य तय किये गए थे:

1. दो वर्ष से कम आयु के शून्य–अविकसित बच्चे;
2. पूरे वर्ष पर्याप्त भोजन तक 100: पहुंच ;
3 सभी खाद्य प्रणालियां, छोटे धारक उत्पादकता और आय में स्थायी 100: वृद्धि;
4. शून्य – भोजन की बर्बादी है।

2. एक्शन अगेंस्ट हंगर – वर्ष 1979 में पेरिस (फ्रांस) में स्थापित यह एक अंतरराष्ट्रीय गैर–सरकारी संगठन है, जो 45 से अधिक देशों में पूरी तरह से भूख और कुपोषण को कम करने और खत्म करने के लक्ष्य पर केंद्रित है। यह संगठन गंभीर/तीव्र कुपोषण से पीड़ित बच्चों का अधिक इलाज करता हैं। साथ ही भूखमरी की रोकथाम, इसके मूल कारणों को लक्षित कर समुदायों को दीर्घकालिक रूप से लचीला बनाने की दिशा में भी यह संगठन कार्यरत है।

3. इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट– वर्ष 1975 में अमेरिका में स्थापित इस संस्था के कार्यों में नकद हस्तांतरण का विश्लेषण, स्थायी कृषि प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना, आकस्मिकताओं के लिए लोगों को लचीला बनाना और खाद्य सुरक्षा में व्यापार का प्रबंधान करना शामिल है।

निष्कर्ष : उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि विश्वभर में भुखमरी आगामी समय में एक बड़ी वैश्विक समस्या का रूप ले सकती हैं। अत: इसे नियंत्रित करने वाले कारकों पर कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु विश्वभर में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाना, संघर्षो को टालना, खाद्यान्न व उर्वरकों की प्रतिबन्धा मुक्त आपूर्ति को बनाये रखना तथा खाद्य उत्पादन व कृषि सब्सिडी के संबंधा में डब्ल्यूटीओ द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंधों व नियमों से छूट प्रदान करनी चाहिए। परिणामस्वरूप सतत विकास के दूसरे लक्ष्य 'शून्य भूखमरी' को समय पर प्राप्त किया जा सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. इम्पेक्ट ऑफ द यूक्रेन रशिया कॉन्फ्लिक्ट, (अप्रेल 08,2022)'विश्व ख़ाद्य कार्यक्रम' https://reliefweb.int/report/world/impact-ukraine-russia-conflict-global-food-security-and-related-matters-under-mandate
2. एनविज़न 2030 : 17 गोल्स टू ट्रांफॉर्म द वर्ल्ड फ़ॉर द पर्सन्स विथ डिसएबिलिटीज़ https://www.un.org/development/desa/disabilities/envision2030.html

3. एज़ मोर गो नो हंग्री एंड मॉन्यूट्रिशन्स....(जुलाई 13, 2020)'विश्व स्वास्थ्य संगठन' https://www.who.int/news/item/13-07-2020-as-more-go-hungry-and-malnutrition-persists-achieving-zero-hunger-by-2030-in-doubt-un-report-warns
4. एट फैक्ट्स टू नो अबाउट फूड वेस्ट एंड हंगर.फरवरी 10, 2022.विश्व स्वास्थ्य संगठन : यू.एस.ए https://www.wfpusa.org/articles/8-facts-to-know-about-food-waste-and-hunger/#:~:text=According%20to%20the%20USDA's%20Economic,food%20is%20damaged%20or%20spoiled
5. ओडीआइ.(फरवरी 01, 1997).ग्लोबल हंगर एंड फूड सिक्योरिटी आफ्टर द वर्ल्ड फूड समिट https://odi.org/en/publications/global-hunger-and-food-security-after-the-world-food-summit/
6. ग्लोबल हंगर इंडेक्स.रैंकिंग https://www.globalhunger index.org/ranking.html
7. फूड सिक्योरिटी.इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट.https://www.ifpri.org/topic/food-security#:~: text=Food%20security%2C%20as%20defined%20by,an%20active%20and%20healthy%20life
8. पीस,डिग्निटी एंड इक्वालिटी ऑन अ हेल्दी प्लेनेट.संयुक्त राष्ट्र संघ https://www.un.org/en/global-issues/food# :~:text=Hunger%20and%20nutrition%20in%20 numbers,world%2 0faced%20hunger%20in%202020.
9. फूड सिक्योरिटी : डेफिनेशन एंड जनरल इन्फॉर्मेशन.(अप्रेल 14, 2022). डिसेबल्ड वर्ल्ड https://www.disabled-world.com/fitness/nutrition/foodsecurity/
10. मॉन्यूट्रिशन्स.(जून 09, 2021)'विश्व स्वास्थ्य संगठन' https://www.who.int/news-room/fact-sheets/detail/malnutrition
11. रिचर,फेलिक्स.(अप्रेल 11, 2022).वाय द वॉर इन यूक्रेन थ्रेटेन्स ग्लोबल फूड सिक्योरिटी'स्टेटिस्टा' https://www.statista.com/chart/27225/russian-and-ukrainian-share-of-global-crop-exports/
12. रिपोर्ट ऑन वर्ल्ड फूड कॉन्फ्रेंस.(1974).संयुक्त राष्ट्र संघ : न्यूयॉर्क https://www.un.org/en/development/devagenda/food.shtml
13. वर्ल्ड हंगर : की, फैक्ट्स एंड स्टेटिस्टिक्स.वर्ल्ड अगेंस्ट हंगर https://www.actionagainsthunger.org/world-hunger-facts-statistics#:~: text=Key%20facts%20about%20global%20hunger%20today&text=%5B4%5 D%20After%20steadily %20declining%20for,and%20the%20COVID%2D19% 20pandemic.
14. विश्व बैंक.(अप्रेल 8, 2022).क्लाइमेट चेंज ओवरव्यू https://www.worldbank.org/en/topic/climatechange/overview#1
15. सतत विकास के लिये शिक्षा'यूनेस्को' https://en-unesco-org.translate.goog/themes/education-sustainable-development/what-isesd/sd?_x_tr_sl=en&_x_tr_tl= hi&_x_tr_hl=hi&_x_tr_pto=tc,sc
16. सतत विकास लक्ष्य'संयुक्त राष्ट्र संघ' https://sdgs.un.org/goals
17. सिद्दीकी,फारेहा व अन्य.(अगस्त 28, 2020).द इंटरवाइन्ड रिलेशन बिटवीन मॉन्यूट्रिशन्स एंड पॉवर्टी फ्रंटियर्स https://www.frontiersin.org/articles/10.3389/fpubh.2020.00453/full

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में किसान क्रेडिट कार्ड की भूमिका का अध्ययन

माधुरी यादव* डॉ. एल.एन. शर्मा**

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – इंदौर जिले के लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में किसान क्रेडिट कार्ड की भूमिका का अध्ययन विषय का अध्ययन का बहुत अधिक महत्व एवं शोध आवश्यकता है। वर्ष 1991 में एल.पी.जी (उदारीकरण, निजीकरण तथा भूमंडलीकरण) की प्रक्रिया शुरू की गई है। वैश्वीकरण की आँधी आ रही है। महंगाई कमरतोड़ रही है। विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) की नीति नवीन है। किसानों से जमीन छीन रही है। जैनेटिक, ट्रांसजैनिक मॉडिफाइड फसलें, बी.टी. कॉटन, मौसम बेरुखी, पर्यावरण प्रदूषण, बेमौसम बारिश,सूखा, तूफान आदि के कारण लघु कृषक लगाकर आत्महत्या कर रहे हैं। लघु एवं सीमांत कृषकों की स्थिति बड़ी ही चिंतनीय है। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान समसामयिक प्रासंगिकता से जुड़े इस लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में किसान क्रेडिट कार्ड की भूमिका, विषय को और अधिक शोध अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।

प्रस्तावना – प्रस्तुत विषय लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में किसान क्रेडिट कार्ड की भूमिका का अध्ययन की वर्तमान समय में बहुत अधिक अध्ययन महत्व तथा प्रासंगिकता है। किसान क्रेडिट कार्ड एक ओर तो यह वर्तमान समसामयिक से जुड़ा हुआ एक अधिक महत्वपूर्ण विषय है, वहीं दूसरी ओर उदारीकरण, भूमंडलीकरण, निजीकरण बढ़ रहा है। लघु एवं सीमांत कृषक आर्थिक कुचक्र, संक्रमण, कर्ज में डूबकर आत्महत्या कर रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था ग्रामीण होने के कारण देश के सर्वांगीण विकास में लघु एवं सीमांत कृषकों के विकास का केंद्रीय महत्व है। ग्रामीण विकास के लिए अत्यधिक पूँजी की आवश्यकता होती है। इसके लिए सरकार ने विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाएँ–कार्यक्रम वित्तीय सहायता हेतु प्रारंभ की गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत् लघु एवं सीमांत कृषकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराया है। इससे किसान अपने वाणिज्यक कृषि संबंधित विभिन्न गतिविधियों को संपादित करके राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर हमारे भारत राष्ट्र को प्रगति पथ पर अग्रसर करने में समर्थ हो सकते है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना केंद्र सरकार की ओर की एक विशेष महत्वपूर्ण योजना है, जिसका संबंध देश की बैंकिंग प्रणाली एवं किसानों के परस्पर संबंधों से है। इसका मूल उद्देश्य कृषि कार्यों के लिए किसानों को सस्ते ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना है। कोई भी पहचान– पत्र बैंक उपलब्ध कराकर अपनी फसल हेतु आवश्यकता बैंक से ले सकता है। उनकी जोत के आधार पर ऋण की राशि निर्धारित की जाती है।वे उधार (क्रेडिट) ली गई राशि का प्रयोग का प्रयोग कर एक बार में आवश्यकतानुसार थोड़ी–थोड़ी मात्रा में कर सकते हैं। इसके विशेष लाभ यह है कि जितनी पूँजी कृषक खर्च करता है। क्रेडिट कार्ड का लाभ उन किसानों को भी मिल सकता है, जो अपनी निजी पूँजी पर खेती नहीं करते, लेकिन इसके लिए उन्हें इस आशय का प्रमाणित प्रमाण–पत्र देना होगा कि वे दूसरे की भूमि पर खेती करते हैं।

अध्ययनरत विभिन्न 400 लघु एवं सीमान्त कृषक परिवारों का अवलोकन करके उनके आर्थिक विकास की समस्याएँ एवं बाधाओं का बिंदुवार विश्लेषण कर यह निष्कर्ष दिया है कि सीमांत कृषकों का आर्थिक विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक कि उनकी समस्याओं एवं बाधाओं को शासकीय कार्यक्रमों एवं प्रावधानों द्वारा निराकरण नहीं किया जाता है। अत: मानव संसाधनों के अभावग्रस्त स्थिति में इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं सीमान्त कृषकों का सामाजिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास संभव नहीं है।कृषि विकास की भी जटिल समस्याएँ हैं, जिसका निदान एवं उपचार किए बिना उनका सामाजिक विकास एवं आर्थिक विकास करना संभव नहीं है। इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जब तक कृषि का सामूहिक विकास नहीं होगा तब तक लघु एवं सीमान्त कृषकों की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों में सुधार करना सरकार के लिए कठिन प्रक्रिया है।

साहित्य का पुर्नावलोकन

मोहम्मद हबीवुर रेहमान एवं सोमप्रवीन मनप्रारास्रत (2006) के द्वारा शोध अध्ययन में प्राथमिक सर्वेक्षण के माध्यम से बांग्लादेश के लघु एवं सीमान्त कृषकों व उनके आर्थिक विकास पर एक महत्वपूर्ण मूल्याकंन किया गया है। अध्ययन में अर्थव्यवस्था के भूमि स्वामित्व संरचना में संशोधित करने के लिए सुझाव दिए गए हैं। भूमिहीनता मूल रूप से कृषकों की गरीबी, ऋणग्रस्तता और शक्तिहीनता की अभिव्यक्ति को दर्शाती है।

कुमार, प्रवीण (2007) इन्होंने अपने शोध प्रबंध में बताया है कि कृषि साख के माध्यम से कृषि के आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन अध्ययन में यह सुझाव दिया है कि सरकार कृषि क्षेत्र में विशेष पैकेज के द्वारा कृषि का विकास करें, इस क्षेत्र में साख सस्थाओं का जाल बिछा दे, जिससे हर कृषक के प्रत्येक खेत की उत्पादकता अधिकतम हो। इससे न केवल कृषकों को रोजगार प्राप्त होगा, अपितु कृषि क्षेत्र में अनेक रोजगार के अवसर बढ़ेगें, जिससे लोगों की आय में वृद्धि होगी और कृषि क्षेत्र में भी

आर्थिक विषमता धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी।

कोसरे, रामेश्वर लाल (2008) इन्होंने अपने शोध अध्ययन में बताया है कि भूमिहीन कृषकों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति खराब है और लघु एवं सीमान्त कृषकों की दशा सुधारने के लिए किऐ गऐ शासकीय प्रयास अपर्याप्त हैं अर्थात भूमिहीन कृषकों की संख्या के अनुपात में चलाई जा रही योजनाएं अपर्याप्त हैं, नियमित नहीं है तथा पर्याप्त वित्त की कमी के कारण अपेक्षित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका है।

वर्षा नकसवाल (2010) ने अपने शोध विषय 'किसान क्रेडिट कार्ड योजना का क्रियान्वयन' में बताया कि किसानों को उनके द्वारा उत्पादित उपज का सही पूर्ण रूप से मूल प्राप्त होना चाहिए। अनाज मंडी के दलालों और व्यापारियों द्वारा किसानों का शोषण नहीं किया जाना चाहिए। लघु किसानों का शोषण करने वाले व्यापारियों एवं दलालों पर प्रशासन सरली का व्यवहार करें। नियोजित विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

अमित कुमार विश्वास (2017) ने अपने शोध लेख में बताया कि आर्थिक उदारीकरण के बाद (नब्बे के दशक के बाद से ही) कृषकों की आत्महत्या की दरें बढ़ती जा रही हैं। कृषक द्वारा की गई आत्महत्या स्विटजरलैंड की मरसी कीलिंग नहीं बल्कि उस पर लायी गई व्यवस्था की बोझ है, जिसका कारण उनका भूमिहीन हो जाना है।

बलदेव सिंह शेरगिल, मनमीत कौर एवं सत्यजीत सिंह टिवाना (2018) ने अपने शोध में हरियाणा के लघु एवं सीमान्त कृषकों के आजीविका का अध्ययन किया गया। लघु एवं सीमान्त कृषकों की साक्षारता दर, शिक्षा, आय-व्यय के पैटर्न, गैर कृषि व्यावसायिक विकल्प, आवास की स्थिति, सामाजिक और वित्तीय पूंजी की भूमिका इत्यादि के माध्यम से उनके जीवन के संदर्भो का विश्लेषण किया गया है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य:

1. इंदौर जिले के लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की भूमिका का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि:

1. **अध्ययन क्षेत्र** -संपूर्ण इंदौर जिला
2. **अध्ययन का समग्र** -संपूर्ण इंदौर जिले में निवासरत लघु एवं सीमांत कृषक।

अ. **लघु कृषक:** वे कृषक जिसके पास 4 बीघा से अधिक और 8 बीघा से कम खेती होती है।

ब. **सीमांत कृषक :** वे कृषक जिनके पास 4 बीघा तक कृषि भूमि होती है।

3. **अध्ययन में इकाई** - इंदौर जिले के इन चार विकासखंडों (सांवेर, महू, राऊ एवं देपालपुर) में से प्रत्येक विकासखंडों में निवास करने वाला एवं लघु एवं सीमांत कृषक जिसने किसान क्रेडिट कार्ड ले रखा है को अध्ययन की इकाई के रूप में लिया गया है।

शोध विधि:- प्रस्तुत शोध कार्य हेतु मुख्य रूप में निदर्शन पद्धति का प्रयोग किया गया है। दैव निर्देशन विधि की लॉटरी पद्धति से इन चार विकासखंडों में से प्रत्येक विकासखंड से 100 अर्थात् (4 विकासखंडों से 400) लघु एवं सीमांत कृषकों का अध्ययन इकाई के रूप में चयन करके शोध अध्ययन कार्य पूर्ण किया गया है।

सभी प्रकार के प्रमाणिक द्वितीयक संमकों को इस शोध कार्य का महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है तथा समस्या के संबंध में साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक समंको का संकलन करके अधिकाधिक सही एवं व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

प्राथमिक संमक-एकत्रित करने हेतु मुख्य रूप से प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसंधान रीति का प्रयोग किया गया है। इसके अन्तर्गत शोधार्थी द्वारा स्वंय शोध क्षेत्र में उपस्थित होकर न्यादर्श इकाइयों से संपर्क किया गया, जिससे संमक सबसे अधिक प्रमाणिक, शुद्ध तथा विश्वसनीय प्राप्त हो। साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से प्राथमिक संमक एकत्रित किए गए हैं।

शोध परिकल्पना का मूल्यांकन

$H_0$1: लघु एवं सीमांत कृषकों में किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता लगातार बढ़ती नहीं जा रही है।

H_a1: लघु एवं सीमांत कृषकों में किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता लगातार बढ़ती जा रही है।

तालिका क्रमांक1:One-Sample Statistics किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता

	N	Mean	Std. Deviation	Std. Error Mean
किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता	400	3.8300	1.19778	.05989

तालिका क्रमांक2:One-Sample Test किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता

	Test Value = 0					
	t	df	Sig. (2-tailed)	Mean Difference	95% Confidence Interval of the Difference	
					Lower	Upper
किसान क्रेडिट कार्डकी उपयोगिता	63.951	399	.000	3.83000	3.7123	3.9477

तालिका में परिकल्पना **लघु एवं सीमांत कृषकों में किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता लगातार बढ़ती जा रही है** की सत्यता को सिद्ध किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता में वृद्धि के सन्दर्भ में टी-टेस्ट का मान 63.951 जो कि सार्थकता मान .000 जो कि पी-वैल्यू 0.05 से कम है। अत: कहा जा सकता है कि लघु एवं सीमांत कृषकों में किसान क्रेडिट कार्ड की उपयोगिता लगातार बढ़ती जा रही है।अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

$H_0$2:लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी में वृद्धि नहीं हो रही है।

H_a2:लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी में वृद्धि हो रही है।

तालिका क्रमांक3:One-Sample Statistics किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी

	N	Mean	Std. Deviation	Std. Error Mean
ऋण की नियमित अदायगी	400	1.7400	.43918	.02196

तालिका क्रमांक4:One-Sample Test किसान क्रेडिट कार्ड योजना

अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी

	Test Value = 0					
	t	df	Sig. (2-tailed)	Mean Difference	95% Confidence Interval of the Difference	
					Lower	Upper
ऋण की नियमित अदायगी	79.238	399	.000	1.74000	1.6968	1.7832

तालिका में परिकल्पना **लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी में वृद्धि हो रही है** की सत्यता को सिद्ध किया गया है। लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी में वृद्धि के सन्दर्भ में टी-टेस्ट का मान 79.238 जो कि सार्थकता मान .000 जो कि पी-वैल्यू 0.05 से कम है। अत: कहा जा सकता है कि लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत लिया ऋण की नियमित अदायगी में वृद्धि हो रहीहै।अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

$H_0$3:किसान क्रेडिट कार्ड तथा बैंकों की उपलब्धता के कारण लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा निजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी नहीं हो रही है।

H_a3:किसान क्रेडिट कार्ड तथा बैंकों की उपलब्धता के कारण लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा निजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी हो रही है।

तालिका क्रमांक5One-Sample Statisticsनिजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में कमी

	N	Mean	Std. Deviation	Std. Error Mean
(साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी	400	1.6450	.47911	.02396

तालिका क्रमांक6:One-Sample Testनिजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी

	Test Value = 0					
	t	df	Sig. (2-tailed)	Mean Difference	95% Confidence Interval of the Difference	
					Lower	Upper
ऋण लेने की प्रवृत्ति में कमी	68.669	399	.000	1.64500	1.5979	1.6921

तालिका में परिकल्पना **किसान क्रेडिट कार्ड तथा बैंकों की उपलब्धता के कारण लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा निजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी हो रही है** की सत्यता को सिद्ध किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड तथा बैंकों की उपलब्धता के कारण लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा निजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी के सन्दर्भ में टी-टेस्ट का मान 68.669 जो कि सार्थकता मान .000 जो कि पी-वैल्यू 0.05 से कम है। अत: कहा जा सकता है कि किसान क्रेडिट कार्ड तथा बैंकों की उपलब्धता के कारण लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा निजी व्यक्तियों (साहूकारों) से ऋण लेने की प्रवृत्ति में लगातार कमी हो रही है। अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध में प्राथमिक एवं द्वितीयक समंक को आधार मानते हुए इस निष्कर्ष पर उतरा जा सकता है कि लघु एवं सीमान्त कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, कारण रोजगार के अवसरों में लगातार वृद्धि। प्रस्तुत शोध के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं:

1. प्रदत्त अध्ययन तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के उपयोग के पश्चात लघु एवं सीमान्त कृषक अपनी सामाजिक व आर्थिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से संयोजित करने में सक्षम पाए गए। अत: स्पष्ट है कि अधिकतर लघु एवं सीमान्त कृषकों के परिवार गरीबी रेखा से ऊपर है।
2. प्रस्तुत शोध विश्लेषण से यह प्रदर्शित होता है कि लघु एवं सीमान्त कृषकों को शासकीय योजनाओं को लाभ उठाने हेतु कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।
3. अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके अंतर्गत अधिकांश लघु एवं सीमांत कृषकों ने अपने परिजन व मित्रों से या एजेंट/सलाहकारों से जानकारी प्राप्त की।
4. लघु एवं सीमान्त कृषकों को लाभ समय पर नहीं प्राप्त हुआ, इसका कारण था कि उन्हें जानकारी भी देर से प्राप्त हुई, आवेदन समय के पूर्व नहीं किया था, सभी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे, तथा उन्हें बैंक जाकर जानकारी प्राप्त करने का समय ही नहीं मिला।
5. अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि अधिकांश शासन द्वारा संचालित किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने विभिन्न कृषि संबंधी रोजगार के अवसरों का सृजन किया है। इससे लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहयोग मिला है।
6. अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि शासकीय कर्मचारियों को समस्या निवारण के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करना चाहता है और वे शासकीय कर्मचारियों पर ही अधिक विश्वास करता है। इसके लिए कर्मचारी को भी समझना होगा कि यह योजनाएँ इनके लिए कितनी आवश्यक हैं क्योंकि योजनाएँ तभी सफल होती हैं, जब प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ प्राप्त हो।
7. शोध अध्ययन से स्पष्ट है कि शासकीय योजनाओं की प्रक्रिया बहुत धीरे होती है तथा इसके अतिरिक्त लघु एवं सीमांत कृषकों को भी पूर्ण रूप से जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती है। अत: कभी-कभी उनके द्वारा दिए गए दस्तावेज स्वीकृत नहीं हो पाते है। अत: इस कारण उन्हें राशि का भुगतान समय पर नहीं हो पाता है।
8. शोध अध्ययन से स्पष्ट है कि अधिकतर शासकीय प्रक्रिया में समय बहुत लगता है तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की संख्या अधिक होने के कारण आवेदन की स्वीकृति में देरी हो जाती है।
9. शोध अध्ययन से स्पष्ट है कि अधिकतर लघु एवं सीमांत कृषकों की शिकायतों को लंबित किया जाता है तथा उन्हें किसी भी प्रकार का समाधान प्राप्त नहीं होता है। ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत पेटी की व्यवस्था भी नहीं होती है।

10. शोध अध्ययन से स्पष्ट है कि लघु एवं सीमांत कृषकों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने से उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा जिसके कारण उनके आत्मनिर्भरता में वृद्धि परिलक्षित होती है।

शोध सुझाव :

- बैंकों से ऋण प्राप्त की प्रक्रिया सरल होनी चाहिए तथा साथ ही ऋण प्राप्ति की लागत भी कम होनी चाहिए।
- व्यक्तिगत ऋण लेने वाले की ऋण सीमा आवश्यकता पर आधारित एवं उत्पादनोन्मुख होनी चाहिए।
- कृषि वित्तयन के साथ-साथ ऋण उपयोग से संबंधित जानकारियाँ कृषकों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
- कृषकों को क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिलनी चाहिए जिससे उन्हें आसानी से ऋण प्राप्त हो सके।
- प्राथमिक कृषि साख समितियों के वित्तीय स्रोतों में वृद्धि की जानी चाहिए। इससे कृषकों के अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति ग्राम स्तर पर ही हो जाएगी।
- कृषि साख समितियों तथा अन्य ग्रामीण बैंकों के बीच समन्वय स्थापित किया जाऐ। इनका प्रबंधकीय एवं प्रशासकीय व्यवस्था ठीक किया जाय तथा इन संस्थाओं में योग्य एवं प्रशिक्षत व्यक्तियों की नियुक्ति की जाऐ।
- क्षेत्रीय प्रयास सिद्धांत के आधार पर कृषि वितयन व्यवस्था को पुनर्संगठित किया जाऐ, जिससे कहीं-कहीं बैंकों की अधिकता तथा कहीं-कहीं बैंकों की शून्यता की समस्या समाप्त हो जाऐं।
- कृषकों को ऋण प्रक्रिया में से परिचित कराया जाऐ एवं इसके महत्व को बताया जाऐ।
- जनपद में कृषि वितयन में एक मुख्य समस्या उन योग्य कृषकों का चुनाव करना है,जिनको की वास्तव में रेट चाहिए। कुछ लोग अनावश्यक रूप से अपने राजनीतिक एवं सामाजिक पहुँत से ऋण प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए।
- कृषि विकास का समुचित लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए। कृषि ऋण समन्वित ग्राम विकास नीति के रूप में प्रारंभ की जानी चाहिए।
- बैंकों को अधिकृत इमानदार विक्रेताओं की सूची तैयार करना चाहिए जो विक्रय के समय एवं विक्रय के बाद भी कृषकों को अपनी सलाह दे।
- न्याय पंचायत स्तर पर कृषि वित्त अधिकारी की नियुक्ति की जानी चाहिए।
- बैंक कर्मचारियों को बजटिंग एवं फार्म नियोजन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
- ऋण वसूली के नियमों को सरल किंतु प्रभावी बनाया जाना चाहिए।
- उपज को बंधक रखकर ऋण देने की व्यवस्था की जानी चाहिए।
- ऋण मेला आदि का प्रबंध किया जाना चाहिए।
- वित्तीय संस्थाओं की कार्य क्षमता में सुधार के साथ-साथ कृषकों की अशिक्षा सामाजिक, कुरीतियों की तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Anjani Kumar at al " Performance of Rural Credit and Factors affecting the choice of Credit Sources". Indian Journal of Agricultural Economics. Voigime 62. No 3 July - Sept 2007
2. Dhanabhakyan.M. Malarvizhi.J, (2012),"A study on the awareness utilization and problem of using kisan Credit Card of Canara Bank", international journal of marketing, financial services & management research,vol.1,issue.10,
3. Dharmendra Mehta & Hitandra Trivedi, (2016),"India Kisan Credit Card Scheme: An Analytical study ", BRAND Broad research, vol.7.Issue.1.
4. Diwas Raj & Pramod kumar (2012),"progress and performance of Kisan Credit Card", agricultural economics research review, vol.25.pp125-135.
5. Dube, L. K. (1972) "Micro-Scale Agriculture Geographical studies as a basic for territory Analysis and Programming Agricultural Progress". The European Regional Conference Symposium of Agricultural Typology & Agricultural Settlement. 50-58.
6. Dutt, A. & Robin, S. G. (1969) "An Assessment of Agricultural development in West Bengal". The Journal of Tropical Geographer 28. 17-22.
7. Gulati, A. Kalra, G. T. (1992) Fertiliser Subsidy issued related to equality and efficiently. Economic and Political weekly. March 28, p. 48.
8. Gupta, R. (1977) Poverty and quality of life in Tribal areas. In Gupta ed. 'Planning for Tribal Development' Ankur Publishing House. New Delhi. P. 81-126.
9. Kalliir. M.S. 'Impact of KCC on flow of credit and repayment rate in a backward region. .A case of agricultural development bank in Shorapur Tali|ka, Gulbarga district Karnataka. : Summary: Indian Journal of Agricultural Economics. Vol. 60. No 3. July-September 2005
10. K.H, Vedini and P Kanaka Durga. 'Evaluation of Kisan Credit Card Scheme in t N State of Andhra Pradesh'. Indian Journal of Agricultural Economics. Vol. 62 July-Sept 2007)
11. Mahavir, S. A. (2010). An Economic Evaluation of Kisan Credit Card Scheme in Belgaum District of Karnataka and in Sangli District of Maharashtra (Thesis, University of Agriculture Sciences, Dharwad). Retrieved from www.etd.uasd.edu/abst/th9995.pdf.
12. Mehta, D., Trivedi, H., Mehta, N.K. (2016). Indian Kisan Credit Card Scheme: An Analytical Study .Brand, Broad research in Accounting, Negotiation and Distribution, 6(1), 23-27.
13. Mellor, J.W. & Johnston, B. (1961) "The Role of Agriculture in Economic Development". American Economic Review. (44), pp. 566-93.
14. Olekar, Ramesh. O. (2012). Effectiveness of Kisan Credit Card Scheme in Karnataka State International Journal of Research in Commerce & Management, 2(7),104-109
4. **स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण –** प्रशिक्षण स्थल जिले स्तर पर होने के साथ – साथ विकासखण्ड व ग्रामीण स्तर पर भी होना चाहिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों को श्रम, समय, धन आदि की बचत होगी। और अधिक से अधिक ग्रामीणजनों को इसका लाभ प्राप्त होगा।
5. **ऋण राशि में वृद्धि –** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार योजना के तहत् दी जाने वाली ऋण राशि में वृद्धि की जानी चाहिए ताकि उन्हें स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो और वे व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित कर सके।
6. **समयावधि में वृद्धि –** बैंको द्वारा हितग्राहियों को उनकी परियोजना के तहत् दी जाने वाली ऋण की पुनर्भुगतान अवधि में वृद्धि करना चाहिए। इस प्रकार हितग्राही बिना किसी दबाव के आसानी से ऋणों का पुनर्भुगतान कर सके।
7. **एक मुश्त भुगतान –** हितग्राहियों को स्वरोजगार के योजनांतर्गत ऋण राशि का भुगतान किश्त के बजाय एक साथ प्रदान करना चाहिए ताकि वे अपना व्यवसाय आसानी से प्रारंभ कर सके।
8. **स्थानीय स्तर पर सुविधाएँ –** हितग्राहियों को स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन जिला स्तर के साथ – साथ जनपद व ग्राम पंचायत में नि:शुल्क प्रदान करने की व्यवस्था करनी चाहिए साथ ही साथ उन्हें ऑनलाईन की प्रक्रिया उक्त जानकारी का ज्ञान प्रदान करना चाहिए जिससे ये ग्रामीण क्षेत्र के लोग स्वरोजगार योजनाओं से वंचित न हो। और इनका लाभ अधिक से अधिक प्राप्त कर सके।

9. औपचारिकता में कमी – हितग्राहियों को आवेदन प्रक्रिया में अनेक औपचारिकताओं की पूर्ति की जाती है और ये औपचारिकताएँ प्रत्येक ग्रामीणों के पास उपलब्ध नहीं हैं सरकार द्वारा इन औपचारिकताओं को सीमित करना चाहिए।

10. अशिक्षित युवाओं के लिए भी योजनाओं का संचालन – सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षित व्यक्तियों के अनुरूप ऐसी स्वरोजगार योजनाएँ प्रारंभ करनी चाहिए जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण बेराजगार लोग स्वरोजगार योजना का लाभ ले सके।

11. विपणन में सहयोग – सरकार को योजनाओं में उत्पादित वस्तुओं के विपणन में सहयोग करना चाहि।

12. प्रचार – प्रसार – स्वरोजगार योजनाओं के साथ – साथ हितग्राहियों की उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं का प्रचार – प्रसार किया जाना चाहिए। जिससे हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

निष्कर्ष – अनुसंधान के लिए चयनीत क्षेत्र धार जिला पूर्णत: कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाला जिला है। यहाँ की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषक एवं कृषि मजदूर है। कृषि क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएँ अधिक न होने तथा मौसमी एवं अदृश्य बेरोजगारी ने जिले में निर्धनता को बढ़ाया है। बढ़ती बेरोजगारी ने जिले के युवाओं को निराशाजनक परिस्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। जिले में औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र के बहुत अधिक मात्रा में पिछड़ेपन के कारण इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएँ लगभग शून्य स्थिति में है। रोजगार में वृद्धि की कोई संभावना है तो वह है स्वरोजगार की स्थापना। स्वरोजगार की स्थापना के लिए पूंजी की जरूरत होती है जो यहाँ के निवासियों के पास नहीं है। रोजगार वृद्धि के लिए एक मात्र आशा की किरण सरकारी स्वरोजगार योजनाएँ ही हैं।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:–

1. Ministry of Micro Small & Medium Enterprises 2007 Micro, Small and Medium Enterprises in India. An overview. Ministry of MSME GOI.
2. Annual Reports Ministry of commerce, Industry and Employment Govt. of M.P.
3. Journal of Madhya Pradesh Economic Association
4. The Indian Economic Journal
5. The Indian Journal of Labour Economics.
6. www.Census 2011
7. www.Cedmapindia.org
8. www.laghuudyog.com
9. www.ssiindia.org
10. www.smallindustryindia.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

जनजातीय विकास का विश्लेषणात्मक अध्ययन इतिहास व वर्तमान परिदृष्य में

डॉ. सखाराम मुजाल्दे* चेतना सिद्धड़ **

* वरिष्ठ व्याख्याता, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, शासकिय महाविद्यालय, मण्डलेश्वर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मानव सभ्यता के विकास चक्र की तरह ही जनजातियों का विकास भी हुआ है। प्राचीन अर्थव्यवस्था आखेट व फल फूल संग्रह पर आधारित थी। मानव ने विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए स्थानांतरित कृषि के स्थान पर स्थायी कृषि प्रारंभ कर तकनीकी विकास के साथ आधुनिक युग में प्रवेश किया। विकास के इस मार्ग पर जनजातियाँ पिछड़ गयी और नवीन आविष्कारों एवं तकनीकों से अनभिग्य प्राचीन तकनीकों से कृषि करती रही जिससे कम उत्पादन एवं आर्थिक रूप से पिछड़ी अवस्था में रही। जनजातियों की स्थिति समाज में धीरे–धीरे बिगड़ती गयी और विकास के मार्ग में वो पिछड़ते गए। सामान्यत: जनजातियाँ ग्रामीण इलाकों में वनों, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों पर्वतों तथा घाटियों में निवासरत रही है। प्रकृति की गोद में रहकर प्राकृतिक संसाधनों का पारंपरिक रूप से उपभोग करके अपना जीवन यापन करते आए हैं लेकिन आजादी के बाद व शिक्षा के प्रसार से जनजातियों ने एक नए युग में प्रवेश किया है। वर्तमान समय में आदिवासी या जनजाति समुदाय अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहा है वे बाबा साहब अम्बेडकर के दिखाए शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़कर हर क्षेत्र में चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो, अनुसन्धान हो, प्रौद्योगिकी व तकनीकी हो, कृषि हो, प्रशासनिक सेवा हो उद्योग हो या कला हो हर जगह तरक्की कर रहे है। ऐतिहासिक स्थिति एवं वर्तमान परिस्थितियों में जनजातियों के विकास के स्वरूप पर प्रकाश डालने का प्रयास इस शोध पत्र में किया गया है।

प्रस्तावना – जनजाति समुदाय – दुनिया के लगभग सभी देशो में आदिवासी निवासरत है इन जनजाति समुदाय के लिए बहुत से समानार्थी शब्दों का प्रयोग किया जाता है जैसे इंडिजिनस (देशज), एबार्जिनल (देशज), प्रिमिटिव (आदिम), नेटिव (मूल निवासी), बैंड(आदि समूह कबीला) सैवेज (जंगली) आदि। हिंदी में आदिवासी, वनवासी, जंगली, बर्बर गिरिजन शब्द भी लगभग समानार्थी में प्रयुक्त किए जाते हैं। भारतीय संविधान में जनजातियों के लिए अनुसूचित जनजाति शब्द का प्रयोग किया गया है।

अनुसूचित जनजातियों का उल्लेख भारतीय संविधान के अनु. 366 (25) में उन जनजातीय समुदायों के रूप में किया गया है जिन्हें संविधान के अनु. 342 के अधीन अनु. जनजाति समझा जाता है। अनु. 342 के अनुसार केवल उन समुदायों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में माना जाएगा जिन्हें प्रारंभिक लोक अधिसूचना के जरिए राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जनजातियों के रूप में घोषित किया गया है अथवा संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की आरंभिक सूची में शामिल करने अथवा उससे निकाला गया है।

इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया में जनजातियों को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि यह समान नाम धारण करने, समान बोली बोलने वाले, एक ही भूखण्ड पर अधिकार का दावा या दखल रखने वाले परिवारों का संकलन है जो साधारणतया अन्तर्विवाही न हो यद्यपि मूल रूप में चाहे वैसे रह रहें हों।

'उत्पत्ति के अनुसार Tribe शब्द की उत्पत्ति त्रिभुज शब्द से मानी जाती है जिसका अर्थ तीन अंग है रोम वासियों के लिए Tribe एक शब्द राजनीतिक संस्था के रूप में था। ऐसी मान्यता है कि भारत का नाम शक्तिशाली भरत जनजाति के नाम से लिया गया है। मानवशास्त्र के शब्दकोष में 'जनजाति' को एक सामाजिक समूह माना गया है जो प्राय: निश्चित भू–भाग में रहते है, जिनकी अपनी भाषा, सभ्यता तथा सामाजिक संगठन है। इनके कई उप समुदाय होते है। भारत की आदिम जनजातियों को विद्वानों ने अलग–अलग नामों से पुकारा है। प्रसिद्ध नेतृत्वशास्त्री एच.एच. रिजले, लेके, ग्रियर्सन, सोलर्ट, टेलेट्स से मार्टिन तथा भारतीय समाज सुधारक ठक्कर ने इन्हें आदिवासी शब्द से संबोधित किया। प्रसिद्ध समाजशास्त्री घुरये ने इन्हे तथाकथित आदिवासी अथवा पिछड़े हिंदू कहा है।

मजूमदार के अनुसार 'कोई जनजाति परिवारो तथा पारिवारिक वर्गो का एक ऐसा समूह है, जिसका सामान्य नाम है, जिनके सदस्य एक निश्चित भू–भाग पर निवास करते है तथा विवाह, व्यवसाय के विषयों में कुछ निषेधज्ञाओं का पालन करते है, जिन्होने आदान–प्रदान संबंधी तथा पारस्परिक कर्त्तव्य विषयक पर निश्चित व्यवस्था का विकास कर लिया हो।'

प्राचीन भारत मे जनजातियाँ – जनजातीय समुदाय जिन्हें आदिवासी भी कहा जाता है भारत के मूल निवासी (अबोरिजिन्स) हैं। भारत के मूल निवासी होने के बावजूद भी जनजातीय समुदाय सदियों सें शोषण व उत्पीडन का शिकार रहा है। 'अबोरिजिन' शब्द उन लोगों की ओर इंगित करता है जिसके पूर्वज अपने देश के सर्वप्रथम निवासी रहे हैं।

यह भारतीय इतिहास की विडम्बना ही है कि जो जनजातीय समुदाय (आदिवासी) इस देश के मूल निवासी रहे हैं वे बाद में आने वाली जातियों के शोषण व उत्पीडन का सदियों तक शिकार होते रहें हैं। बहुत अधिक समय

तक ये दुर्गम स्थानों, वनों एवं पर्वतों में त्रासदी पूर्ण अवस्था में अपना जीवनयापन कर रहे थे। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से अध्ययन करने पर भी यही पाया गया है कि आदिवासी भारत के मूल निवासियों के वंशज हैं।

वेरियन एल्विन ने आदिवासियों को भारतवर्ष की वास्तविक स्वदेशी उपज कहा है, उनकी प्राचीनता स्पष्ट करते हुए लिखा है 'आदिवासी भारतवर्ष की वास्तविक स्वदेशी उपज है, ये वे प्राचीन लोग हैं जिनके नैतिक आधार व दावें हजारों वर्ष पुराने हैं।'

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्वीकार्य किया है कि भारत के मूल निवासी द्रविड़ पूर्वोत्तर स्थानीय अबोरिजिन लोग थे यानी वर्तमान ट्राइबलों के पूर्वज या 'आदिवासी' (अनुसूचित जनजातियां)।

प्रागैतिहासिक युगीन लोग वैदिक पूर्वोत्तर जनजातीय लोग हैं जिनमें से अधिकतर वर्तमान समय में भी देश के विभिन्न भागों में पाये जाते हैं जिनका विवरण 1. 'मुण्डा' जनजाति 2. 'निषाद' जनजाति 3. 'गोण्ड' जनजाति 4. 'कोली' जनजाति 5. 'पाणि' जनजाति 6. 'त्रियार' जनजाति 'भील' (दमोर) जनजाति 8. 'पण्डिया' 'पण्डियन' जनजाति 9 'मत्स्य' जनजाति 10. 'संथाल' जनजाति 11. 'उराँव' जनजाति। प्राचीन काल व मध्यकाल में जनजातियों को उनके विशेष नाम जैसे– गौंड संथाल, भील इत्यादि नामों से जाना जाता था। प्राचीन ट्राइबल राज्यों का नामकरण जनजाति विशेष के नाम पर रखा जाता था जैसे निषाद जनजाति से संबंधित निषादराज्य, पण्डिया जनजाति से संबंधित पण्डिया साम्राज्य आदि।

जनजातीय समुदायों का वर्णन प्राचीन महाकाव्यों रामायण तथा महाभारत में भी मिलता है। सर्वाधिक सुपरिचित जिसके सबसे प्रारंभिक संदर्भ 'ऐरण ब्राह्मण में सीखे जा सकते हैं, वह है शबरी जिसने राम को फल भेंट दिए थे। महाभारत में एकलव्य नामक भील को आदर्श शिष्य के रूप में वर्णित किया गया है। महाभारत के युद्ध में नागा, पांडिया, गन्धर्व तथा निषाद जनजातियाँ सम्मिलित हुयी थी तथा महाभारत ग्रन्थ के रचयिता महर्षि वेदव्यास भी ट्राइब्स से सम्बंधित ही बताये गए है। सोलह जनपद एवं महाजनपदों का उल्लेख महाजनपद काल में आता है उनमे से बहुत से जनपद जनजातीय राजघरानों से संबंधित थे। जनजातीय साम्राज्यों के द्वारा अपने राज्य की सीमाओं के अन्दर अपने राजकीय सिक्के एवं मुद्रा जारी किये गए थे। इस तरह बहुत से उदाहरण हमे प्राचीन काल में आदिवासियों से सम्बंधित मिलते है ।

आधुनिक समाज में जनजातियाँ :– 'भारतीय समाज विभिन्न प्रजातीय समूहो का संगम स्थल रहा है। समय–समय पर भारत में विभिन्न समुदाय प्रवेश करते रहे हैं लेकिन कालान्तर में ऐसे सभी समूहों की सांस्कृतिक परंपराएँ भारतीय समाज का अंग बन गई। इसके पश्चात भी इनमें अनेक मानव समूह ऐसे थे जिन्होने बाह्य सभ्यता के कुछ तत्वों को ग्रहण करने के पश्चात भी अपनी मौलिक सांस्कृतिक विशेषताओं को नष्ट नहीं होने दिया। साधरणत: ऐसे समूहों को भी हम 'जनजाति' के नाम से संबोधित करते हैं। यह जनजातियाँ प्राय: शहरी सभ्यता से बहुत दूर गहन जंगलो के अंधेरे कौने में, पर्वतों की गगनचुम्बी चोटियो पर उनकी तलहटियों में एवं पठारी क्षेत्रो में निवास करती हैं और प्रत्येक अर्थ में अत्यधिक पिछड़ी हुई है। यही कारण है कि इनको 'आदिम' तथा 'खानाबदोश' मानकर इनकी लम्बे समय तक अवहेलना की जाती रही है। सामान्यत: लोग 'जनजाति तथा आदिवासी' शब्द का अर्थ 'पिछड़े हुए' और 'असभ्य मानव समूह' से समझते है जो कि एक सामान्य क्षेत्र में रहते हुए एक सामान्य भाषा बोलता है और सामान्य संस्कृति को प्रयोग में लाता है।'

सन् 1891 से लेकर जनजातियों के संबंध में विभिन्न जनगणनाओं में भिन्नता है। सन् 1891 की जनसंख्या रिपोर्ट में जनसंख्या आयुक्त श्री जे.एन. बेन्स ने जातियों को उनके परम्परागत व्यवसाय के आधार पर वर्गीकृत किया है। कृषक एवं चरवाह जातियों की श्रेणी के अंतर्गत उन्होने वन्य जनजातियों के नाम से एक पृथक उपशीर्ष बनाया। सन् 1901 की जनसंख्या रिपोर्ट में उन्हें प्रकृतिवादी कहा गया तथा सन् 1911 में उन्हें जनजातीय प्रकृतिवादी अथवा जनजातीय धर्म को मानने वाले लोग कहा गया। सन् 1921 की जनसंख्या रिपोर्ट में इन्हें पहाड़ी एवं वन्य जनजातियों का नाम दिया गया। सन् 1931 की जनसंख्या रिपोर्ट में उन्हें आदिम जनजाति कहा गया। भारत सरकार अधिनियम, सन् 1935 में जनजातीय जनसंख्या को पिछड़ी जनजातियों का नाम दिया गया। सन् 1941 की जनसंख्या रिपोर्ट में उन्हें केवल जनजातियाँ कहा गया।

ब्रिटिश शासन से पूर्व वनों पर सामुदायिक रूप से समाज का अधिकार होता था तथा जनजातीय लोग वनों में रहकर अपनी आवश्यकता अनुसार संसाधनों का उपयोग करते व वनों का संरक्षण करते थे। वनों एवं वनवासियों की परस्पर निर्भरता ही जनजातियों की एकान्तता का आधार थी जिसके साथ वनवासी दुनिया से अलग रहकर भी स्वतंत्र एवं उन्मुक्त जीवनयापन करता था । ब्रिटिश सरकार ने हमारी बहुमूल्य वनसंपदा का अपने हित में उपयोग करने एवं अधिक से अधिक प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर लाभ प्राप्त करने के लिए वनों पर अपना आधिपत्य स्थापित करने के द्रष्टिकोण से जनजातीय क्षेत्रों एवं वनों के लिए नियम कानून बनाये गए, जिनमे 1865 का वन कानून लागू किया गया जिसके द्वारा वनवासियों द्वारा वन की वस्तुओ को एकत्रित करने के कार्य को नियमित करने का प्रयास किया गया।

1878 का वन कानून, 1894 की पहली वन नीति तथा 1927 का भारतीय वन अधिनियम के माध्यम से ब्रिटिश सरकार ने वनों पर अपनी सत्ता स्थापित करने का प्रयास किया तथा वन अधिकारी के माध्यम से जंगलो पर राजकीय नियंत्रण बढाने के प्रयास किये गए वन संबंधित कानूनों को तोडना जुर्म घोषित किया गया एवं दंड की व्यवस्था भी की गयी। इस प्रकार स्वतंत्रता से सरकार द्वारा धीरे धीरे वनवासियों से उनके जल जंगल और जमीन पर उनके अधिकारों को सीमित करने का कार्य किया गया बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप एवं शोषण का परिणाम विभिन्न विद्रोहों के रूप में सामने आया मुख्य जनजातीय विद्रोह थे–संथाल विद्रोह, उराँव विद्रोह, बिरसा आन्दोलन, तानाभगत आन्दोलन, मुत्तारदार व ब्रिटिश के विरुद्ध कोया आन्दोलन, गोंड एवं कोलम विद्रोह, नागा विद्रोह इत्यादि। स्वतंत्रता के पश्चात लागू की गयी राष्ट्रीय वन नीति में भी जनजातियों को क़ानूनी अधिकार तो नहीं प्रदान किये गए पर कुछ रियायतें जरूर दी गयी। नयी राष्ट्रीय वन नीति 1988 में भी जनजातियों एवं वनों के संबंधो की बात की गयी तथा वनवासियों को उनके अधिकार, परम्पराएँ एवं हितो को सुरक्षित रखने पर बल दिया गया।

जनजातियों में शिक्षा का प्रकाश एवं विकास – भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार जनजातियों की संख्या कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। किसी भी जाति या मानव समूह की विकास स्थिति को उस समाज या जाति की शिक्षा की स्थिति से भी समझा जा सकता है। 1961 की जनगणना में भारत की साक्षरता दर 28.30 प्रतिशत थी और जनजातियों

की साक्षरता दर 8.53 प्रतिशत धीरे-धीरे भारत की कुल साक्षरता दर में वृद्धि हुई है और विकास की दर भी बड़ी है लेकिन जनजातियों में यह दर फिर भी कम रही 2011 की जनगणना में साक्षरता दर बढ़कर 73 प्रतिशत हो गयी वही जनजातियों की साक्षरता दर बढ़कर 59 प्रतिशत हुई यह वृद्धि कुल साक्षरता दर में वृद्धि से कम है जिसका अर्थ है जनजातियों में जागरूकता व शिक्षा का अभाव। लेकिन यदि देखा जाए तो समय के साथ जनजातियों में शिक्षा का तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है ।

जनजातीय अर्थव्यवस्था – जनजातीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख गुण यह है कि यह समुदाय प्राकृतिक वातावरण पर निर्भर रहता है। इनकी सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था वनों के चारों ओर घूमती रहती है। अपने सरलतम उपकरणों के माध्यम से तथा बिना किसी बाहरी तकनीकी सहायता के ये अपनी आवश्यकता की प्राय: सभी वस्तुएँ तथा खाद्योपयोगी मूल, फूल, फल, साग-सब्जियाँ, शहद, पशु, पक्षी तथा अन्य वन्य जीव जंतु इत्यादि प्राप्त करते हैं। कुछ भारतीय जनजातियाँ अभी तक आखेटक स्थिति में ही है। आदिवासी वनों पर निर्भर रहे है लेकिन सरकारी नीतियों, जंगलो के कम होने, जनसंख्या में वृद्धि तथा अन्य वर्गों के संपर्क में आने से अपनी आजीविका के लिए धीरे धीरे उन्होंने कृषि को अपनाया है तथा इसके साथ साथ पशुपालन, मजदूरी, चाय की दुकान, आटाचक्की, गराज, सिलाई कढाई का कार्य, सड़क निर्माण एवं भवन निर्माण कार्य में मजदूरी तथा अन्य उद्योग व्यवसाय भी करने लगे है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात जैसे जैसे शिक्षा का प्रचार प्रसार हुआ है जनजातीय लोगो में भी शिक्षित लोगो का अनुपात बढ़ा है कुछ लोग सरकारी एवं निजी नौकरियों में भी आगे आ रहे हैं। वही कुछ जनजाति अभी भी कृषि एवं पशुपालन पर पूरी तरह से अपनी आजीविका के लिए निर्भर है।

जनजातीय विकास एवं संवैधानिक व्यवस्था – भारत में जनजातियों के आर्थिक विकास और कल्याण की दृष्टि से संवैधानिक व्यवस्था भी की गई है। समाज के प्रत्येक वर्ग को सामाजिक, आर्थिक न्याय दिलाने व आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना के उद्देश्य से कमजोर एवं पिछड़े वर्गो की मदद के लिए हमारे संविधान में जनजातियों से सम्बंधित विभिन्न अनुच्छेदों को शामिल किया गया है जिनमें आर्थिक विकास सम्बंधित प्रावधानों का वर्णन मुख्य रूप से अनुच्छेद 275 (1) तथा 339 (2) में निहित है। सुरक्षोपयोगी तथा रक्षोपयोगी प्रावधानों के अंतर्गत अनुच्छेद 46 तथा 164,330,332 तथा 334,335,16 (4), 19 (5) महत्त्वपूर्ण है। भारतीय संविधान में महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक व शैक्षणिक अधिकार संबंधित प्रावधान अनुच्छेद 29 (2),अनुच्छेद 15 में निर्दिष्ट है। संविधान के अनुच्छेद 16 (4)तथा 335 में आरक्षण सम्बंधित प्रावधान है केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा उनके हित में विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

जनजातीय समुदाय एवं विकास की चुनौतियाँ – 'जनजातीय समुदाय की ये आम चुनौतियाँ है रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा की सुविधा और विकास के समान अवसर।

सर हर्षल रिसले ने लिखा है कि 'भारत में निवास करने वाले आदिवासियों की सात प्रजातियाँ है जिनमें कुछ प्रजातियाँ आर्थिक-सामाजिक रूप से अत्यंत पिछड़ी है। उनको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रजातियों द्वारा प्रयास किए जाने चाहिए।'

जनजातियों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से लेकर उनकी आज तक की विकासयात्रा, दशा और दिशा पर टिप्पणी करते हुए 'वनो पर आधारित समाज' नामक लेख में विद्वान लेखक ओंकार सिंह राणा ने कहा है कि 'शास्त्रों में वर्णन आता है कि वन पृथ्वी के रोम है। वनो में रहने वालो को वनवासी कहना तर्कसंगत है। वन और वनवासी का चोली-दामन का साथ है। वन और वनवासियों का सहस्त्राब्दियों से नजदीकी रिश्ता रहा है। बगैर वनवासियों के वनों का महत्तव अधूरा ही है। इसी प्रकार बगैर वनों के वनवासियों का निरन्तर अस्तित्व असंभव है। वनवासियों के परम्परागत विधाओं और कला-कौशल के संर्वधन का आजीविका के माध्यम से वन संवर्धान से जोड़ना आवश्यक और सम्भव है।

'विकास केवल सामाजिक, आर्थिक गतिशीलता का पैरामीटर नहीं है अपितु यह समुदाय के सतत् परिवर्तन की प्रक्रिया है। यह योजनात्मक ढंग से विकसित एवं विकासशील देशों के समाजों में परिवर्तन का महत्त्वपूर्ण प्रारूप बन चुका है। जिससे मुख्यत: आर्थिक एवं सामाजिक पिछडापन गरीबी, निरक्षरता एवं सामुदायिक अप्रगतिशीता दूर की जाती है। आदिवासी विकास के सिद्धांत पक्ष पर दो तत्वो पर ध्यान देना आवश्यक है। प्रथम विकास को हम सतत् प्रक्रिया के रूप में लेते है। द्वितीय विकास के लक्ष्य आदर्शात्मक न होकर व्यावहारिक एवं योजनात्मक होंगे।'

वर्तमान आदिवासियों को जिन मुख्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है इनमे ऋणग्रस्तता की समस्या बहुत बड़ी समस्या है भूमि तथा वनों पर जनजातीय अधिकारों का हनन, कृषि के पुराने तरीको को अपनाना सामाजिक उत्सवों में अधिक खर्च, तथा भाग्यवादी प्रवत्ति के कारण एवं शिक्षा के अभाव में जनजातीय लोग साहुकारो के शोषण का आसानी से शिकार हो जाते हैं। भूमि हस्तांतरण, वनों की कमी, गरीबी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, मदिरापान, आवास, शिक्षा का अभाव आदि भी ।

निष्कर्ष – भारतीय जनजातियों का अपना एक समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है उनकी प्राचीन परम्पराएँ, वेशभूषा, बोली, त्योहार सभी को उन्होंने संजोए रखा है। जनजातियों का निवास स्थान सुदूर जंगलो एवं पहाड़ो में होने के कारण लम्बे समय तक अन्य समुदायों से संपर्क में नहीं आ पाए जिससे ये जनजातियाँ विकास की राह में अन्य समुदायों तथा जातियों की तुलना में पिछड गयी है । वर्तमान में भी कुछ जनजातीय घने जंगलो में एकांत वास करती है तथा सामाजिक संपर्क में नहीं है तथा विलुप्ति की कगार पर है। लेकिन जो जनजातियाँ अन्य समाजों से सम्पर्क में आयी वे धीरे-धीरे विकास के मार्ग पर बढ़ती जा रही है। वर्तमान में भी बहुत सी चुनौतियाँ एवं बाधाएँ इन जनजातीय समुदायो के सामने है लेकिन शिक्षा रूपी अस्त्र से वे हर समस्या का सामना करके प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। जनजातियाँ अपनी मूल परम्पराओं, अपनी भाषा, वेशभूषा प्रकति प्रेम तथा वनों के साथ अपने परस्पर संबंधों को बनाये रखते हुए विकास की वर्तमान राह पर आगे बढ़े तो उनकी संस्कृति एवं मौलिकता को बनाये रखते हुए हम पर्यावरण संरक्षण की राह पर भी आगे बढ़ सकेंगे एवं जनजातियों का भी समग्र एवं समावेशी विकास कर पायेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भागवतपुराण, स्कन्द- 4, अध्याय - 14, श्लोक 45.
2. अरविन्द, जनक (1957) 'भारत के आदिवासी' दी इण्डियन पब्लिकेशन अम्बाला छावनी पृष्ठ 12-14, 64-44
3. मजूमदार, डी. एन. (1958) 'रेसेस एण्ड कल्चर, इम्पिरियल गजट ऑफ इण्डिया, एशिया पब्लिशिंग हाउस' मुम्बई पृ. क्र. 356
4. अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित जनजाति आयोग की रिपोर्ट (1961) भारत सरकार नई दिल्ली

5. हरिश्चन्द्र (1970) 'इण्डियन टाइम्स' सामाजिक विज्ञान, हिन्दी रचना केन्द्र राजस्थान विश्वविद्यालय पृ. क्र. .01
6. घुरये, जी.एस. (1980) 'द अबोरिजिन्स ऑफ सो बाल्ड एण्ड देयर फ्यूचर' पृ. क्र. 36
7. द वर्ल्ड इन्साइक्लोपीडिया (1996) भाग – 1 ऑस्ट्रेलियन अबोशिजिन्स पेज 834 वर्ड बुक इन्टरनेशनल
8. तिवारी, विजय (1998) 'भारत की जनजातियां' हिमालया पब्लिशिंग हाउस मुम्बई पृष्ठ 220. 1,
9. ढाकारिया, दिनेश एवं जयन्त जसवन्त (2004) 'जनजातीय विकास के विविध आयाम' एशियन प्रेस बुक्स कोलकाता
10. तिवारी, शिवकुमार (2005) 'भारत की जनजातीय संस्कृति' म.प्र.हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल पृ. क्र. 1, 255
11. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (दूसरा प्रतिवेदन) (2006–07) पेज. 39
12. सिंह, शंकरदयाल (2007) 'बीस सूत्रीय कार्यक्रम और ग्रामीण विश्राम' योजना जनवरी 2007 पृ. क्र. 42
13. उपाध्याय, विजय शर्मा विजय (2007) 'भारत की जनजातीय संस्कृति हिन्दी ग्रंथ अकादमी' भोपाल पृ. क्र. 1, 23, 24
14. सुभाष कश्यप (2008) 'हमारा संविधान' नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली, पृ. क्र. 301, 302
15. राणा, ओकार सिंह (2009) 'वनों पर आश्रित समाज' मध्य प्रदेश संदेश मासिक पत्रिका, म.प्र. शासन भोपाल, पृ. क्र. 32
16. द सुप्रीम कोर्ट (डी.बी) ऑफ इण्डियाज जजमेण्ट स्पेशियल पिटिशन (sip) नं. 11/2010 केलाश अदर्स बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र 5 जनवरी 2011
17. Census of India 2011
18. हुसैन, नदीम (2013) 'जनजातीय भारत' जवाहर पब्लिकेशन एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ 6
19. मीना, मंगलचन्द (2019) 'भारत का जनजातीय इतिहास' रावत पब्लिकेशन पृ. क्र. 12, 36, 54

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

नैतिक मूल्यों का ह्रास - एक अवलोकन

डॉ. ज्योति सिंह *

*** सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातक महाविद्यालय, नैनपुर, जिला-मण्डला (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – साधारण रूप से नैतिक मूल्यो को आदर्श संस्कार कहा जाता है। आदर्श संस्कार जिससे व्यक्ति की समाज और देश में पहचान बनती है , क्योकि नैतिक मूल्य संस्कार व्यक्ति की भावना से जुड़े होते है। नैतिक मूल्य को आदर्शवादी तत्वो का समूह माना जाता है, अर्थात नैतिक मूल्य वह है जो व्यक्ति के भावात्मक पहलुओ में निवास करती है। नैतिक मूल्य कर्तव्य की आंतरिक भावना है और उन आचरण प्रतिमानव का समन्वित रूप है जिसके आधार पर सत्य- असत्य , अच्छा - बुरा , उचित -अनुचित का निर्णय किया जा सकता है और यह विवेक के बल से संचालित होती है, नैतिकता नैतिकता अतंरआत्मा की अवाज है जो सही गलत को बताती है।

अंतर्मन से प्रेरित उचित आवश्यक व्याहार और समाजिक विचार का संकलन ही प्रमाणित है। नैतिक मूल्यों के अंतर्गत इमानदारी, सत्य निष्ठा , न्याय, प्रेम,दया, (करूणा) आदि आते है।

नैतिक मुल्य अच्छे और बुरे कार्यो के बीच अंतर पैदा करने वाले मानक है। इन मानको का समाज के विकास और पतन में महत्वपुर्ण स्थान होता है। नैतिक मुल्यो के बिना मनुष्य और पशुओं मे कोई भेद नहीं होता है। नैतिक मुल्यों का हमारे जीवन में एक विशेष नैतिक मुल्यो का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व है। क्योकि अनुशासन समानता, इमानदारी, दया भाव वह नैतिक मूल्य है जो किसी व्यक्ति को जीवन में सफल बनाने में अपना अहम योगदान देते है। नैतिक मुल्य लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा है क्योकि वे अपने व्यवहार को आकार देते है, और इसके परिणाम स्वारूप वे परिभाषित करते है कि विभिन्न स्थितियों के लिए कैसे कार्य करे और प्रतिक्रिया दें। नैतिक मुल्यों मे व्याक्तिगत हित ही नहीं बल्कि समूह का कल्याण भी निहित होता है और ये नैतिक मूल्य पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांरित होते है।

भारतीय समाज और संस्कृति नैतिक मूल्यों को बहुत महत्व देते है। बचपन से ही व्यक्ति से इस तरह के व्यवहार के उम्मीद की जाती है जो नैतिक रूप से सही हो, उन्हे सिखाया जाता है कि समाज के अनुसार सही और गलत क्या है, बडो के साथ सम्मान के साथ और धेर्य के साथ छोटों को प्यार करना यह हमारी संस्कृति का पहला पाठ है।भारतीय समाज की परंम्परा में महिलाओं के लिए शराब, धुम्रपान वर्जित है।

बदलता परिवेश ,पश्चिमी संस्कृति के प्रति आकर्षण, जीवन जीने की स्वतंत्रता ने नैतिकता के मानदण्डों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

नैतिक मूल्यों के ह्रास का कारण – अपने निजी स्वार्थ के लिए अपने कर्तव्यों से विश्वास घात करना नैतिक मूल्यों का पतन है। नैतिक मूल्य के अवमुल्यन के कारण ही हम आज समाज में भ्रष्टाचार, अनैतिक आचरण, महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ दुर्वव्यवहार की घटनाए दिख रही है।

औद्योगीकीकरण – आज स्वार्थपरता चरम पर है। दिखावे पर ज्यादा जोर दिया जाता है संबंधों में ओपचारिकता के कारण व्यक्ति उचित अनुचित का निर्धारण अपने अनुसार करता है।

व्यक्तिगत स्वार्थ वर्तमान युग में व्यक्ति की लालसा सिर्फ अपनी अवश्यकताओं की पुर्ति तक रह गई है । व्यक्तिगत लाभ के लिए व्यक्ति संबंधों को भी ताक पर रख देता है फिर वह चाहे माता-पिता या भाई-बहन का ही संबंध क्यो न हो। स्वार्थो के पुरा न होने पर व्यक्ति अपनी अवश्यकता की पुर्ति अनैतिक तरीकों से करने लगता है।

पश्चिमीकरण- पश्चिम की जीवनशैली को अब व्यक्ति अपना आदर्श मानने लगा है , जो कि हमारी भारतीय परंपरगत सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों के विरूद्ध है

आधुनिकता- व्यक्ति आज आधुनिकता का अंधानुकरण कर रहा है। नए विचार, फैशन संबंधो की स्वतंत्रता को महत्व देकर मानवीय मूल्य त्याग ओर सेवा की भावना को पीछे ढकेल दिया है।

अनैतिक आचरण में रूचि- व्यक्तियों को सही गलत मालूम होने के बाद भी खुद उन अनैतिक कार्यो के प्रति रूचि रखकर गलत कार्यो को करना पसंद करता है।

वर्तमान युग में व्यक्ति सुख की कामना जल्दी करता है सुख को प्राप्त करने के लिए वह किसी भी साधन का उपयोग करने लगता है, जो कि अक्सर अनैतिक होता है।

स्वतंत्र विचारधारा – व्यक्ति स्वंतत्रता को पहली प्राथमिकता दे रहा है वह प्रत्येक बंधनों से परंपरओं से अपने को मुक्त रख कर जीवन जीना चाहता है, ऐसे जीवन जीने में व्यक्ति के नैतिक मूल्यों का स्तर गिरता जा रहा है।

एकाकी परिवार और माता-पिता का अपने-अपने कामों में व्यास्त होना भी नैतिक मूल्यों में कमी के लिए जिम्मेदार है।

बचपन में जो समय बच्चों को मिलना चाहिए, जो संस्कार डाले जाने चाहिए वो उनको नही मिल पा रहे है। माता पिता से बच्चो का नियत्रण छुटता जा रहा है।

संचार के माध्यम जो एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने में मदद्गार साबित होते है वही इन माध्यमों से हिंसा, असलीलता का प्रभाव युवा में देखने को मिल रहा है।

भारतीय नैतिक मूल्यों के गिरते स्तर में कोई एक कारण नहीं बल्कि बहुत सारे कारण उतरदायी है, वर्तमान देखे तो हम पाते है कि व्यक्ति की

जीवनशैली, विचार ,रहनसहन सभी में परिवर्तन हो गया है यहॉ तक की समाजिक एवं नैतिक मूल्यों में परिवर्तन हो चुका है, परिवर्तन इतना अधिक हो गया कि नैतिक मूल्यो का ह्रास होने लगा है।

नैतिक मूल्य भारतीय संस्कृति की पहचान है जो कि हमें विरासत में मिली है, विश्व में भारत की पहचान नैतिकता से है किन्तु आज हमारे इन मूल्यों का ह्रास हो रहा है, भारत की इस धरती पर मर्यादा पुरूषोतम राम और अर्जुन जैसे धर्नुधर का जन्म हुआ है, इस पवित्र धरा पर नैतिक मूल्यों का ह्रास एक सोचनीय प्रश्न है ।

नैतिक मूल्यों के ह्रास के परिणाम:

- रिश्तो की मर्यादाएँ खोती जा रही है।
- परिवार और विवाह जैसी संस्थाए अपना महत्व खोती जा रही है।
- भ्रष्टाचार, चोरी,अपराध मे दिन प्रतिदिन बढोतरी होती जा रही है।
- हिंसा को अपनी मांगों को मनवाने का साधन मानकर आगजनी , लुटमार की घटनाएँ हो रही है।
- व्यक्ति आज अपने लक्ष्य में बदलाओं कर लिए है, पैसे की प्रमुखता ने नैतिक मूल्यो को गिराया है, व्यक्ति किसी भी प्रकार से पैसा कमाना चहता है और वहीं वह अपनी नैतिकता को खो देता है।

निष्कर्ष– भारतीय समाज की पहचान पूरे विश्व में नैतिकता के कारण है , भारतीय संस्कृति की पहचान हमारे नैतिक मूल्यों से है, किन्तु विडम्बना है कि आज हम अपने नैतिक मूल्यों को खोते जा रहे है। इसमें दोसी हम सब है।बच्चों को संस्करित करने में परिवार,समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योकि बच्चा कोरे कागज की तरह होता है उस पर संस्कार और नैतिक मूल्य को लिखना हम सब का फर्ज है, जिसे हमें पूरी निष्ठा के साथ निभाना होगा।

आज की युवा पीढ़ी में रूखा व्यवहार बड़ो के प्रति अनादर , कुतर्क व उनका स्वतंत्र परिवेश में जीवन जीना ये बताता है कि किस हद तक नैतिक मूल्यों का स्तर गिर गया है।

परिवार समाज, क्षेत्र देश व दुनिया का विकास व प्रगति नैतिक मूल्यों पर आधारित रहती है इनका आधार जितना मजबुत होगा उतना परिणाम अच्छा होगा। नैतिक मूल्यों को बचाने के लिए समाज को एक ऐसी क्रांति लानी होगी जिससे समाज एक नई दिशा में संस्कारित और नैतिक मूल्यों के साथ प्रतिष्ठित हो सकें।

सुंदर समाज के निर्माण के लिए हर व्यक्ति को अपनी आंतरिक उर्जा का उपयोग अच्छे कार्यो एवं जन कल्याण के लिए करना होगा।

परिवार समाज की रीढ़ की हड्डी है इसके लिए संस्कार समाज को मजबुती एंव संस्कारित बनाते है। प्रमुखता के साथ परिवार को एवं समाज को नैतिक मूल्यों को दृढता प्रदान करने हेतु हमेशा तत्पर रहना होगा तभी भारतीय समाज सुदृढ़ और सुसंस्कारित होगी ।

समाज में वैचारिक , तर्कशील और न्याय संगत क्रांति की अवश्यकता है। हमें साधन और साध्य दोनों में पवित्रता को अनिवार्यता मानना होगा। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था मुझे सौ युवा दो मै समाज में नई क्रांति भर दुंगा आज समाज में ऐसे की युवाओ की आवश्यकता है जो नैतिक मूल्यों को पून: स्थापित कर आने वाली पीढ़ी के लिए एक उचित मार्ग प्रशस्त कर सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. www.hindi100.com › naitik-mulya-slogan-in-hindi
2. www.vokal.in › question › 1RJPP-naitik-mulya-kya-hai
3. www.gkexams.com › ask › 48540-Naitik-Mulyon-Ka-Mahatva
4. sstmaster.com › moral-values-hindi
5. www.gkexams.com › ask › 48540-Naitik-Mulyon-Ka-Mahatva
6. www.vokal.in › question › 3VRSQ-naitik-mulya-ka
7. www.absolutestudy.com › hindi-essay-on-naitik
8. www.hindikiduniya.com › essay › moral-values-essay
9. www.vokal.in › question › 1TGEA-naitik-mulya-kya-hai
10. www.gkexams.com › ask › 48540-Naitik-Mulyon-Ka-Mahatva
11. www.jagran.com › uttarakhand › nainital-14083704
12. www.pravakta.com › naitik-mulya-manavta-k
13. www.jagran.com › uttarakhand › nainital-14083704
14. www.pravakta.com › naitik-mulya-manavta-k
15. www.amarujala.com › uttar-pradesh › aligarh
16. https://www.primarykamaster.com
17. https://www.Express morning .com
18. https://www.earlytimes.in>newsdet
19. https://www.Jagran.com>Mandi
20. https://www.shreedeshna.page>nait

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख आयाम

डॉ. जी. एल. मालवीय* डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर**

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा, जिला-विदिशा (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा, जिला-विदिशा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत प्राचीन समय से ही शिक्षा प्रणाली में अव्वल एवं विश्व गुरू के रूप में रहा है। भारत की प्राचीन शिक्षा में वैदिक कालीन शिक्षा, आश्रम शिक्षा, गुरूकुल शिक्षा, योग शिक्षा प्रमुख रही है। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात ही शिक्षा प्रणाली का विकास प्रारंभ हो गया था सर्वप्रथम 1948 में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग का गठन किया गया जिसको हम राधाकृष्णन कमीशन के नाम से भी जानते है। इसके पश्चात से वर्तमान तक कई आयोगों का गठन हो चुका है जिसमें माध्यमिक शिक्षा आयोग मुदलियार 1952, राष्ट्रीय शिक्षा आयोग कोठारी आयोग 1964, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 एवं राष्ट्रीय ज्ञान आयोग शामिल है।

देश के विकास में वहां के निवासियों की शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस देश में शिक्षा का स्तर मजबूत होगा, वह देश तेजी से विकास की दिशा में बढ़ेगा। आज भी भारत एक विकासशील देश बना हुआ है, इसका सबसे बड़ा कारण है शिक्षा नीति पर ध्यान नहीं देना। देश में अंतिम बार शिक्षा नीति वर्ष 1986 में बनाई गई थी।

देश की स्वतंत्रता के बाद यह तीसरी शिक्षा नीति है इससे पूर्व पहली शिक्षा नीति वर्ष 1968 में आई थी। भारतीय शिक्षा आयोग के प्रतिवेदन को कुछ संशोधनों के पश्चात इसी के आधार पर भारत सरकार ने 24 जुलाई 1968 को स्वतंत्र भारत की पहली **राष्ट्रीय शिक्षा नीति** की घोषणा की। इस शिक्षा नीति में शिक्षा को राष्ट्रीय विषय का महत्व माना गया है और यह स्वीकार किया गया है कि शिक्षा द्वारा ही लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। शिक्षा द्वारा ही **स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, न्याय, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता** आदि के मूल्यों का विकास भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय एकता को सबसे अधिक मजबूत करने के लिए उत्पादन, वृद्धि और राष्ट्र की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में इसका आधुनिकीकरण करने के लिए शिक्षा स्तर को सर्वप्रमुख माना गया है, इसलिए शिक्षा राष्ट्रीय महत्व का एक प्रमुख विषय कहा गया है। शिक्षा की व्यवस्था पर केन्द्र एवं राज्य सरकारों का संयुक्त उत्तरदायित्व, शिक्षा पर केन्द्रिय बजट का 6% व्यय किया जाएगा, सम्पूर्ण देश के लिए 10+2+3 शिक्षा संरचना, निशुल्क प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था, माध्यमिक शिक्षा का विस्तार एवं उन्नयन, भारतीय भाषाओं का विकास, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को बढ़ावा आदि विषयों पर इस शिक्षा नीति में विशेष बल दिया गया। इसके बाद दूसरी शिक्षा नीति वर्ष 1986 में आई थी, इस शिक्षा नीति के दस्तावेज को कुल 12 भागों में विभाजित किया है। प्रस्तावना, शिक्षा का सार, भूमिका, राष्ट्रीय प्रणाली, समानता के लिए शिक्षा, विभिन्न स्तरों पर शैक्षिक पुनर्गठन, तकनीकी तथा प्रबन्ध शिक्षा, शिक्षा व्यवस्था का क्रियान्वयन, शिक्षा की विषय-वस्तु तथा प्रक्रिया को नया मोड़ देना, अध्यापक, शिक्षा का प्रबन्ध, संसाधन और समीक्षा, भविष्य आदि एवं वर्ष 1992 में इसमें कुछ संशोधन किया गया था।

इन सभी आयोगों ने शिक्षा प्रणाली के विकास पर बल दिया है जिससे भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली को मजबूती मिली है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986/92 की पिछली नीति के बाद से एक बड़ा कदम निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 रहा जिसमें भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को शिक्षा का अधिकार (Right to Education-2009) प्रदान किया है। जिसमें सभी नागरिकों को शिक्षा के समान अवसर प्राप्त होने की बात कही गई है अत: साफ-साफ अक्षरों में लिखा है कि राज्य किसी भी स्थिति में शिक्षा के अवसर में कोई भेदभाव नहीं करेगा, अगर कोई राज्य ऐसा करता है तो उसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन माना जायेगा एवं कोर्ट को ऐसी स्थिति में सरकार के खिलाफ उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। भारतीय शिक्षा प्रणाली में समाज की वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए निरन्तर बदलाव किये जा रहे है और यह बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा लाभकारी सिद्ध हुआ है।

भारत की नई शिक्षा नीति के विजन को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन को स्पर्श करे। एक ओर यह देश की कई बढ़ती विकासात्मक आवश्यकताओं में योगदान करने में नागरिकों की क्षमता के अनुरूप हों और दूसरी ओर एक न्यायसंगत और निष्पक्ष समाज बनाने की दिशा में भी हो। हमने भारत की परम्पराओं और मूल्यों के अनुरूप रहते हुए 21वीं सदीं के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप एक नई प्रणाली बनाने के लिए शिक्षा के स्वरूप, इसके विनियमन और गवर्नेंस के सभी पहलुओं में संशोधन का प्रस्ताव किया है। -डॉ. के. कस्तूरीरंगन
(अध्यक्ष, प्रारूप समिति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत की नई शिक्षा नीति है जिसे सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया वर्ष 1986 में जारी हुई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में यह पहला नया परिवर्तन है। यह अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। यह शिक्षा नीति एक भारत केंद्रित शिक्षा प्रणाली की परिकल्पना करती है जो सीधे हमारे राष्ट्र के विकास में योगदान देती है और हमारी शिक्षा में उच्च श्रेणी की गुणवत्ता प्रदान करके एक समान और जीवंत ज्ञान समाज में स्थायी बनाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चार स्तंभों पर आधारित है जो **पहुँच, इक्विटी, गुणवत्ता और जवाबदेही** है। इस शिक्षा

नीति में 5+3+3+4 संरचना होगी जिसमें 12 साल स्कूल और 3 साल का आंगनबाड़ी/पूर्व-विद्यालय शामिल होगा, जो पुराने 10+2 ढाँचें को बदल देगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और सीखने पर ध्यान केंद्रित करना और भारत को वैश्विक स्तर पर शैक्षिक रूप से महाशक्ति बनाना तथा देश में शिक्षा का सार्वभौमीकरण कर शिक्षा की गुणवत्ता को उच्च करना है। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं है बल्कि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान भी देकर उनकी मानसिक बौद्धिक क्षमता को और भी ज्यादा प्रबल बनाना है। इस शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चों के मन में नई-नई चीजों को सीखनें के प्रति रूचि जगाना है ताकि बच्चें जीवन में अपनी योग्यताओं के आधार पर एक अच्छें भविष्य का निर्माण कर सके। इसके अतिरिक्त अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देना भी इस शिक्षा नीति का उद्देश्य है।

1. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात (GER) 100 प्रतिशत करना।
2. पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा मातृभाषा/स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय शषा में उपलब्ध करवाना।
3. मातृभाषा को कक्षा 8 और उससे आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।
4. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को विकसित करना।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख बातें:

1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदल कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा है।
3. भारतीय ज्ञान पंरपरा का पाठ्यक्रम में समावेश।
4. देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है।
5. शिक्षा नीति में यह पहला परिवर्तन बहुत पहले लिया गया था लेकिन अबकी बार 2020 में जारी किया गया।
6. राष्ट्रीय शिक्षा नीति चार स्तंभों पर आधारित है जो **एक्सेस, इक्विटी, क्वालिटी और एकाउंटेबिलिटी** है।
7. 2030 तक शिक्षण के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 4 साल का एकीकृत बीएड कोर्स होगा।
8. शिक्षा को लचीला बनाना।
9. राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों के समग्र विकास पर केन्द्रित है।
10. यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लीगल एवं मेडीकल एजुकेशन में शामिल नहीं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से उच्च शिक्षा में बदलाव:

1. उच्च शिक्षा में मल्टीपल एन्ट्री और एग्जिट का विकल्प।
2. कॉलेजों के एकेडिटेशन के आधार पर आटोनामी।
3. मेंटरिंग के लिए राष्ट्रीय मिशन।
4. यूजी प्रोग्राम 3 या 4 साल का हो सकता है, इस अवधि में उचित प्रमाणीकरण के साथ कई निकास विकल्पों के साथ जैसे 1 वर्ष बाद प्रमाण पत्र, 2 वर्ष बाद उन्नत डिप्लोमा, 3 वर्ष बाद डिग्री एवं 4 वर्ष बाद शोध के साथ स्नातक डिग्री प्रदान की जायेगी।
5. 4 वर्ष वाली डिग्री लेने वाले छात्र 1 वर्ष में स्नातकोत्तर डिग्री कर पायेगें।
6. अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) बनाया जाएगा जिसमें छात्रों द्वारा अर्जित डिजिटल अकादमिक क्रेडिट को विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से संग्रहीत किया जाएगा और इसे स्थानांतरित किया जायेगा और अंतिम डिग्री के लिए गिना जाएगा।
7. 2040 के अंत तक सभी उच्च शिक्षा संस्थान बहुआयामी संस्थान बन जाएंगे और उनमें से प्रत्येक में 3000 या अधिक छात्र होंगे।
8. हायर एजुकेशन के लिए एक ही रेग्युलेटर।
9. सरकारी और प्राइवेट शिक्षा मानक समान।
10. नेषनल रिसर्च फॉउन्डेशन (NRF) की स्थापना होगी।
11. शिक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग एवं आनलाइन शिक्षा।
12. 8 क्षेत्रीय भाषाओं में ई-कोर्सेस शुरू।
13. शिक्षक शिक्षा एवं शिक्षकों का सतत पेशेवर विकास।
14. रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
15. व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने हेतु प्रथम वर्ष से ही इन्टर्नशिप का प्रावधान।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से स्कूल शिक्षा में बदलाव:

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत पांचवीं कक्षा तक के छात्रों को मातृभाषा, स्थानीय भाषा और राष्ट्र भाषा में अध्ययन करवाया जाएगा।
2. भाषा के चुनाव के लिए छात्रों पर कोई बाध्यता नहीं होगी, उनके लिए संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं के पढ़ने के विकल्प भी मौजूद रहेंगे।
3. 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एवं एजुकेशन एनसीईआरटी द्वारा फॉउन्डेशन लिट्रेसी एवं न्यूमेरसी पर नेषनल मिशन शुरू।
4. 9 वीं से 12 वीं की पढ़ाई की रूपरेखा 5+3+3+4 के आधार पर।
5. कक्षा 10 बोर्ड की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है, अब छात्र को सिर्फ 12वी परीक्षा देनी होगी।
6. बच्चों के लिए नये कौशल कोडिंग कोर्स शुरू।
7. एक्ट्रा केरिकुलर एक्टिविटीज मेन करिकुलम में शामिल।
8. व्यवसायिक परीक्षण (शिक्षा) पर जोर कक्षा 6 से शुरू होगी पढ़ाई।
9. रिपोर्ट कार्ड में लाईफ स्किल्स शामिल।
10. नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क तैयार: बोर्ड एग्जाम दो भाग में।
11. स्कूली बच्चों को खेल-कूद, योग, नृत्य, मार्शल आर्ट, बागवानी समेत अन्य शारीरिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
12. शाला छोड़ चुके बच्चों को पुन: जोड़ना एवं सार्वभौमिक शिक्षा।
13. वर्ष 2030 तक हर बच्चें के लिए शिक्षा सुनिश्चित।

5+3+3+4 रूपरेखा

फाउंडेशन स्टेज- फाउंडेशन स्टेज के अन्तर्गत पहले 3 वर्ष बच्चों को आंगनबाड़ी में प्री-स्कूलिंग शिक्षा लेना होगा। इसके बाद बच्चे अगले 2 वर्ष कक्षा 1 एवं 2 स्कूल पढ़ेगें। इसमें 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों को कवर किया जाएगा। उनके लिए नया पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा और 5 वर्ष में उनका पहला चरण समाप्त हो जाएगा।

प्रीप्रेटरी स्टेज- प्रीप्रेटरी स्टेज में कक्षा 3 से 5 तक की पढ़ाई होगी, इसमें 8

से 11 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को कवर किया जाएगा। यह चरण 3 वर्ष में पूरा हो जाएगा। इस स्टेज मे बच्चों को विज्ञान, गणित, कला आदि की पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा।

मिडिल स्टेज– मिडिल स्टेज में कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई होगी, इसमें 11 से 14 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को कवर किया जाएगा। यह चरण 3 वर्ष में पूरा हो जाएगा। इस स्टेज में बच्चों के लिए के लिए खास कौषल विकास कोर्स भी शुरू हो जाएगें।

सेकेंडरी स्टेज– सेकेंडरी स्टेज में कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई होगी, जोकि, इसमें 14 से 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को कवर किया जाएगा। यह चरण 4 वर्ष में पूरा होगा। इस स्टेज में बच्चों को अपने विषय के चयन करने की आजादी होगी।

निष्कर्ष– यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 21वीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरी करना है। यह नीति भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार को बरकरार रखते हुए, 21वीं सदी की शिक्षा के लिए आंकांक्षात्मक लक्ष्यों, जिसमें सतत विकास लक्ष्य 4 (एसडीजी 4) शामिल है, के संयोजन में शिक्षा व्यवस्था, उसके नियमन और गवर्नेंस सहित, सभी पक्षों के सुधार और पुनर्गठन का प्रस्ताव रखती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर जोर देती है। यह नीति इस सिद्धान्त पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल साक्षरता और संख्याज्ञान जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ–साथ 'उच्चतर स्तर' की तार्किक और समस्या–समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास होना चाहिए बल्कि नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना आवश्यक है। अब राज्य सरकार की अनुमति से इसे राज्यों में लागू किया जाएगा। कर्नाटक और मध्यप्रदेश सरकार ने इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपने राज्यों में लागू कर दिया है, जल्द ही अन्य राज्य भी इसे अपने राज्यों में लागू कर देगें।

यह भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है जो सभी को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर भारत को एक जीवंत समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। इस नीति में परिकल्पित है हमारे संस्थानों की पाठ्य चर्चा और शिक्षा विधि जो छात्रों में अपने मौलिक दायित्व और संवैधानिक मूल्य देश के साथ जुड़ाव और बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका के उत्तरदायित्व की जागरूकता उत्पन्न करें। इस नीति का विजन है छात्रों में, भारतीय होने का गर्व, केवल विचार में नहीं बल्कि व्यवहार, बुद्धि और कार्यों में भी रहें, साथ ही ज्ञान, कौशल मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए। जो मानव अधिकार, स्थाई विकास और जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो ताकि वह सही मायने में एक योग्य नागरिक बन सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों के समग्र विकास पर केंद्रित है। इस नीति के तहत वर्ष 2030 तक अपने उद्देश्य को प्राप्त करने का लक्ष्य है। अत: नि:संदेह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बच्चों के चहुमुखी सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. एनईपी 2020, पृष्ठ 6
2. एनआईईपीए 2020, पृष्ठ 114, कस्तूरीरंगन, 2021
3. 2020 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
4. एनईपी 2020, पृष्ठ 24–25
5. https://www.m.bhaskarhindi.com
6. https://www.education.gov.in
7. https://www.hi.m.wikipedia.org
8. https://www.livehindustan.com
9. https://www.ndtv.in
10. एनईपी 2020, पैरा 4.1 पृष्ठ 17
11. एनआईईपीए 2020, पृष्ठ 152,
12. https://www.kisansuchna.com
13. https://www.techsingh123.com
14. https://www.nvshq.org
15. https://www.aryaexams.com/2021/06/1986-national-policy-on-education-1986.html
16. https://www.indipedagogue.com
17. https://www.pmmodiyojanayae.in
18. https://www.hindi.careerindia.com
19. https://www.zedhindi.com
20. https://www.amarujala.com
21. https://www.drishtiias.com
22. https://www.gkhub.in
23. https://www.successcds.net/hindi/essays/essay-on-new-education- policy-2020-in-hindi
24. कस्तूरीरंगन के 2021 लिबरल एजुकेशन – ए ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी इनीशिएटिव, पंद्रहवां स्थापना दिवस व्याख्यान, एनआईईपीए, नई दिल्ली, 11 अगस्त।
25. पुरोहित ऐश्वर्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, म. प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल
26. सिंह अविनाश कुमार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, पृष्ठ क्रं 7–10, योजना, फरवरी 2020, वर्ष 66, अंक 02

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

कुपोषण के कारण, प्रभाव और निदान (रतलाम जिले की भील महिलाओं के संदर्भ में)

डॉ. मालसिंह चौहान* डॉ. विजयसिंह मण्डलोई **

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, मंडलेश्वर (खरगोन) (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, मंडलेश्वर (खरगोन) (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – कुपोषण का अर्थ– कुपोषण शरीर की वह अवस्था होती है, जिसमें शरीर को पौष्टिक पदार्थ और भोजन अव्यवस्थित रूप से ग्रहण करने के कारण शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता है और इस कारण से वह कमजोर रह जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिये भोजन के जरिये आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करनी होती है और भोजन के माध्यम से वह पोषक तत्व जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन, तथा खनिज लवण सहित अनेक चीजें ग्रहण करता है। यही पोषक तत्व उसे कुपोषण से बचाते हैं। जो लोग पर्याप्त मात्रा में इन तत्वों को ग्रहण नहीं कर पाते हैं, वे कुपोषित रह जाते हैं। बच्चों और महिलाओं में आवश्यक रूप से इन तत्वों की सही मात्रा सही समय पर ग्रहण की जानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के अनुसार कुपोषण के तीन प्रमुख लक्षण हैं–

1. **नाटापन –** यदि किसी बच्चे का कद उसकी आयु के अनुपात में कम रह जाता है, तो उसे नाटापन कहते है।
2. **निर्बलता–** यदि किसी बच्चे की शारीरिक शक्ति उसकी आयु,कद और वनज की तुलना में कम होती है, तो उसे निर्बलता कहते हैं।
3. **कम वजन –** आयु के अनुपात में कम वजन वाले बच्चों को अंडरवेट कहा जाता है।

कुपोषण के प्रकार – कुपोषण सिर्फ पोषक तत्वों की कमी से ही नहीं होता, बल्कि इन पोषक तत्वों को अधिक मात्रा में ग्रहण करना भी इसका कारण हो सकता है। कुपोषण निम्न प्रकार के हो सकते हैं –

1. तीव्र कुपोषण
2. क्रोनिक कुपोषण
3. विकास अवरूद्ध कुपोषण
4. सूक्ष्म पोषक कुपोषण

तीव्र कुपोषण (एक्यूट मालन्यूट्रिशन) – जब वजन में बहुत ज्यादा कमी आती है, तब इस प्रकार का कुपोषण होता है। इस कुपोषण के कारण तीन अन्य प्रकार के कुपोषण का सामना करना पड़ता है –

1. **मरसेमस–** इस बीमारी में शरीर में वसा तेजी से कम होने लगती है और शरीर के उत्ताक (टिश्यू) भयंकर खराब होने लगते हैं। और इन सब के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।
2. **क्वाशियोरकोर–** इस बीमारी में बाडी फ्लूइड शरीर से बाहर नहीं निकल पाते, जिस कारण से स्किन और बालों के रंग में परिवर्तन आने लगता है। मोटापा, डायरिया, मसल मास का कम होना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना, वजन बढ़ना और शरीर का विकास अवरूद्ध होना साथ ही शरीर के नीचले हिस्से घुटने, पैर में सूजन होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।
3. **मर्सेमिक क्वाशियोरकोर–** यह मरसेमस और क्वाशियोकोर का मिश्रित रूप हैं और इस प्रकार के कुपोषण में दोनों के लक्षण दिखाई देते हैं।

क्रानिक कुपोषण – ये बीमारी उन लोगों में पाई जाती है, जो लम्बे समय तक कुपोषण से पीड़ित होते हैं और इसके परिणाम भी काफी लम्बे समय तक दिखाई देते हैं। उदाहरण के रूप में यदि गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण नहीं मिलता है, तो इसका प्रभाव उसकी होने वाली संतान पर पड़ेगा और वह भी कुपोषित ही होगी। इसका अर्थ यह है कि बच्चा जन्म से ही कमजोर पैदा होगा और उसके स्वस्थ होने में काफी समय लगेगा और यह भी संभव है कि वह जीवन भर उस कुपोषण से ग्रसित हो। इसके अलावा यदि नवजात को समय से माँ का दूध न मिले तो भी वह कमजोर रहेगा और इसका असर उसे काफी समय तक होगा जिससे वह कुपोषित बना रहेगा।

विकास अवरूद्ध कुपोषण (ग्रोथ फैलियर मालन्यूट्रिशन) – इसमें रोगी का वजन और लम्बाई उसके उम्र के हिसाब से बढ़ नहीं पाते हैं, जिसके कारण वह कुपोषित रह जाता है। शरीर का विकास ठीक ढंग से नहीं हो पाता।

सूक्ष्म पोषक कुपोषण – इस प्रकार के कुपोषण में शरीर में विटामिन, आयरन, जिंक और कैलशियम जैसे खनिज तत्वों की कमी हो जाती है। हम सभी जानते हैं, कि ये विटामिन्स और खनिज तत्व शरीर के विकास में बहुत आवश्यक होते हैं। आयरन की कमी से एनीमिया हो जाता है साथ ही दिमाग का विकास नहीं हो पाता और हृदय की गति पर भी विपरित प्रभाव पड़ता है। आयोडिन की कमी से थाईराईड ग्रंथी पर प्रभाव पड़ता है जिसके कारण मानसिक विकृति की संभावना बढ़ जाती है। इसी प्रकार विटामिन बी12 की कमी से लाल रक्त कणिकाओं का निर्माण कम हो जाता है और तंत्रिकाए भी विकृत होने लगती है। विटामिन ए की कमी से दृष्टि कमजोर होने लगती है। हड्डियों का विकास भी नहीं हो पाता और रोग–प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है। यदि शरीर में विटामिन–डी की कमी हो जाये तो रिकेट्स और अन्य हठी संबंधी समस्याए शुरू हो जाती है। जिंक की कमी से एनीमिया के साथ ही संवेदी बोध भी कम हो जाता है।

कुपोषण के कारण – कुपोषण के प्रमुख कारणों में निम्न कारण शामिल होते हैं :

1. गरीबी – देश में किये गये विभिन्न सर्वे एवं अनेक रिपोर्ट के आधार पर आंकडे बताते हैं कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली कुल जनसंख्या का लगभग 25.70 प्रतिशत हिस्सा अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता है, जबकि शहरी क्षेत्रों में इसका प्रतिशत लगभग 13.70 है। गरीब जनता अपने लिये दो वक्त का खाना तो जुटा लेती है, परन्तु उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें तथा परिवार को कुपोषण का सामना करना पड़ता है। गरीबी अकेले कुपोषण को जन्म तो नहीं देती लेकिन आम लोगों के लिये पौष्टिक आहार की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है।

2. पोषण संबंधी भोजन की कमी – भोजन में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों की कमी कुपोषण का प्रमुख कारण है। किसी भी व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए भोजन में कार्बोहाईड्रट, प्रोटीन, वसा, विटामिन आदि शरीर के अनुपात में होने चाहिए। जब इन सब की कमी होती है, तो शरीर कमजोर होता है और कुपोषण की स्थिति को जन्म देता है।

3. पीने योग्य स्वच्छ जल की कमी – जल जीवन का पर्याय है। पीने योग्य पानी की कमी, तथा गंदे पानी के उपयोग के कारण लोग जल जनित बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, जो कि कुपोषण के प्रत्यक्ष कारणों में से एक है।

4. डाक्टरों की कमी – हमारे देश में आकड़ों के अनुसार 1.3 बिलियन लोगों के लिए सिर्फ 10 लाख पंजीकृत डाक्टर हैं। इस हिसाब से भारत में प्रत्येक 13000 नागरिकों पर मात्र 1 डाक्टर मौजूद है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization) के अनुसार प्रत्येक 1000 व्यक्तियों पर 1 डाक्टर की आवश्यकता पर बल दिया है, जबकि 13000 नागरिकों पर 1 डाक्टर का होना स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को दर्शाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह आकड़ा और भी डरावना है। डाक्टरों की कमी होने से निश्चित रूप से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर होगा और कुपोषण की स्थिति निर्मित होगी।

5. प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि – बीते कुछ वर्षों में पूरे विश्व में तीव्र गति से जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप सूखा, चक्रवात, बाढ़, आदि की संख्या में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है। इन प्राकृतिक आपदाओं के कारण कहीं न कहीं कृषि उत्पादन पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। कृषि उत्पादों का जनसंख्या के अनुरूप उत्पादन न होना भी कुपोषण की स्थिति निर्मित करने का एक कारण हो सकता है।

कुपोषण के प्रभाव – कुपोषण स्वयं तो एक बीमारी है ही इसके कारण और भी कई तरह की बीमारिया हो सकती है। जिन लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिलता उनको ही नहीं, बल्कि उन्हें भी जिनके भोजन में पर्याप्त मात्रा में विटामिन, कार्बोहाईड्रट, प्रोटीन जैसे आवष्यक पोषक तत्व नहीं होते उन्हें भी कुपोषण का सामना करना होता है। कुपोषण के परिणामस्वरूप शरीर पर निम्नलिखित प्रभाव पड़ता है:

1. शरीर को लंबे समय तक संतुलित आहार न मिलने के फलस्वरूप व्यक्ति की रोग–प्रतिरोधक क्षमता का विकास नहीं हो पाता है, जिसके कारण उसके शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रोग–प्रतिरोधक क्षमता के अभाव में व्यक्ति आसानी से किसी भी बीमारी की चपेट में आ सकता है और जिसके कारण उसकी मृत्यु तक हो सकती है।
2. कुपोषण का सबसे गंभीर प्रभाव मानव उत्पादकता पर पड़ता है। इसके प्रभाव से मानव उत्पादकता लगभग 10–15 प्रतिशत तक कम हो जाती है और जो कि देश के आर्थिक विकास में बाधक होती है
3. कुपोषण का सबसे गंभीर असर महिलाओं और बच्चों पर देखा जा सकता है। आकड़े बताते हैं कि छोटी उम्र के बच्चों में मौत का सबसे बड़ा कारण कुपोषण ही है। महिलाओं में भी कुपोषण के कारण रक्त अल्पता और घेंघा रोग अथवा शरीर में अन्य पोषक तत्वों की कमी के कारण कई रोग उत्पन्न होते हैं। यह सब कुपोषण के कारण होता है।
4. कुपोषण के परिणामस्वरूप क्षय रोग उत्पन्न होने लगते हैं। इन रोगों में रोगी का शरीर कंकाल होने लगता है। विषम परिस्थितियों में यह बीमारी क्वाशियोरकोर नाम की बीमारी में बदल जाती है, जिसमें शरीर में सूजन आ जाती है और चेहरा भी काफी फूला हुआ दिखाई देता है इसे 'मून फेस' भी कहते हैं नामक बीमारी से शरीर ग्रसित हो जाता है और रोगी की मृत्यु भी हो जाती है।

रतलाम जिले की भील महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति को बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है। सामान्यत: भील महिलाओं में खून की कमी, कमजोरी, थकान, पौष्टिक भोजन न मिलना, कम उम्र में विवाह जिसके कारण माँ बन जाना, जैसी समस्याओं से उन्हें जीवन भर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का स्वस्थ रहना पूरे परिवार के लिये आवश्यक होता है। महिला के स्वास्थ्य के ऊपर परिवार के अन्य सदस्यों का भविष्य निर्भर करता है। यदि परिवार में महिला का स्वास्थ्य खराब होगा, तो इसका प्रभाव परिवार के अन्य सदस्यों पर भी पड़ेगा, क्योंकि महिला परिवार में कई भूमिकाओं का निर्वाह करती है। वह परिवार में एक पत्नी के रूप में, माँ के रूप में, बहन के रूप में, बेटी तथा अन्य रूपों में परिवार के दायित्व निभाती है। यदि माँ कमजोर होगी तो उससे उत्पन्न होने वाला बालक भी कमजोर होगा और उसे जीवन भर अपने स्वास्थ्य से समझौता करना पड़ेगा। स्वस्थ रहना व्यक्ति के खान–पान पर भी निर्भर करता है। यदि व्यक्ति को पौष्टिक आहार समय से प्राप्त होगा, तो उसे शरीर में होने वाली विभिन्न बीमारियों से लड़ने की ताकत प्राप्त होती है। भील महिलाओं को पौष्टिक भोजन प्राप्त होना तो बहुत दूर की बात है, उन्हें कई बार भरपेट भोजन भी नहीं मिल पाता है। शोध क्षेत्रान्तर्गत भील परिवारों को गरीबी, बेरोजगारी, ऋणग्रस्तता जैसी समस्याओं से सामना करना पड़ता है। शिक्षा की कमी के कारण भी उनमें प्राय: स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह देखा जा सकता है। पीने के पानी के स्त्रोतों की जगहों पर प्राय: गंदगी देखी जा सकती है। यद्यपि शासन की विभिन्न नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से जनजातीय लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, तथापि अभी और प्रयासों की आवश्यकता है।

शोध क्षेत्र में जनजातीय लोगों में गरीबी, अशिक्षा तथा ऋणग्रस्तता जैसी समस्याएँ होने के कारण अधिकांश भील परिवार मजदूरी का कार्य करते हैं। वे ज्यादातर गरीबी का जीवन व्यतीत करते हैं। गरीब होने के कारण उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है।

गरीबी की स्थिति में जीवन यापन करना एक अभिशाप के समान होता है। गरीबी अनेक समस्याओं को जन्म देती है। समाज की अधिकांश समस्याओं का जन्म गरीबी से होता है। शोध क्षेत्रान्तर्गत भील जनजातीय परिवारों में गरीबी व्याप्त है। भील परिवारों की आय व्यय की तुलना में न्यूनतम होती है, जिसके कारण उन्हें ऋण लेना पड़ता है और उनकी आर्थिक स्थिति और निम्नतम होती चली जाती है। गरीबी की दशा में जनजातीय परिवारों को अपना तथा अपने परिवार का भरण–पोषण करने में भी संघर्ष

करना पड़ता है। गरीबी की दशा को शोध क्षेत्र में जानने का प्रयास किय गया। अनुसूची में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को शामिल किया गया। उत्तरदाताओं से पूछा गया कि क्या आपका परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करता है ? 300 महिला उत्तरदाताओं में से 272 महिला उत्तरदाताओं ने बताया कि उनका परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता है। यह सब समस्याएँ कुपोषण को जन्म देती है।

भारत में कुपोषण की स्थिति एवं समाप्ती हेतु प्रयास – कुपोषण को लेकर भारत में काफी समय से चर्चाए की जाती रही है। समय पर सरकारों द्वारा अनेक योजनाओं और आयोगों का गठन कर इसे दूर करने का प्रयास भी किया है। परन्तु फिर भी इसमें अभूतपूर्व सफलता हाथ नहीं लगी। अक्टूबर 2019 में जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत 117 देशों में से 102 वें स्थान पर रहा था, जबकि वर्ष 2018 में 103 वें स्थान पर था। वर्ष 2017 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 जारी की गई थी, जिसमें नागरिकों की उत्पादकता पर कुपोषण के प्रभाव और देश में मृत्यु दर में इसके योगदान पर प्रकाश डाला गया था। हालाकि सरकार द्वारा इस सन्दर्भ में काफी प्रयास किये गये हैं और विभिन्न प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, किन्तु इन योजनाओं और प्रयासों के बावजूद हम देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने में पूर्णत: सफल नहीं हो पाए हैं। इससे न केवल भारत के आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की छवि भी नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही है। हाल ही में जारी 'द स्टेट आफ द वर्ल्ड चिल्ड्रन–2019' रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 5 वर्ष तक की उम्र के प्रत्येक 3 बच्चों में से एक बच्चा कुपोषण अथवा अल्पवजन की समस्या से ग्रस्त है। पूरे विश्व में लगभग 200 मिलियन तथा भारत में प्रत्येक दूसरा बच्चा कुपोषण के किसी न किसी रूप से ग्रसित है। रिपोर्ट से यह भी ज्ञात हुआ कि वर्ष 2018 में भारत में कुपोषण के कारण 5 वर्ष से कम उम्र के लगभग 8.8 लाख बच्चों की मृत्यु हुई जो कि नाइजीरिया (8.6लाख), पाकिस्तान (4.09 लाख), और कांगो गणराज्य (2.96 लाख) से भी अधिक है। केवल बच्चों में ही कुपोषण की समस्या है ऐसा नहीं है महिलाओं में भी इसकी स्थिति ठीक नहीं कही जा सकती है। अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता अमत्र्य सेन का कहना है कि देष में कुपोषण और भूख से पीड़ित बच्चों की स्थिति काफी चिंताजनक और खतरनाक है और इससे निपटने के लिए जल्द से जल्द नए विकल्पों को खोजा जाना चाहिए। यद्यपि संविधान के अनुच्छेद–21 और अनुच्छेद–47 भारत सरकार को सभी नागरिकों के लिए पोषण आहार उपलब्ध कराने संबंधी प्रावधान करता है। किन्तु भारतीय संविधान में भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता नहीं प्रदान की गई है। अनुच्छेद 21 के अनुसार किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन अथवा निजी स्वतन्त्रता से वंचित नहीं किया जा सकाता। वहीं संविधान के अनुच्छेद–47 के अनुसार राज्य अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को उॅचा करने तथा लोक स्वास्थ्य में सुधार को अपने प्राथमिक कर्त्तव्यों में शामिल करेगा। इस प्रकार संविधान के मूल अधिकारों से संबंधित प्रावधानों में अप्रत्यक्ष जबकि राज्य के नीति निर्देशक तत्वों से संबंधित प्रावधानों में प्रत्यक्ष रूप से कुपोषण को खत्म करने की बात कही गई है। इस प्रकार भारत को कुपोषण से मुक्ति हेतु संविधान के साथ साथ अनेक नीतियों, कार्यक्रमों एवं विभिन्न कोष का निर्माण कर इसे समाप्त करने हेतु प्रयास जारी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शशि बैराठी: ट्राईबल कल्चर, इकोनामी एण्ड हेल्थ, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर (राजस्थान)
2. डॉ.आशु रानी: महिला विकास कार्यक्रम, इना श्री पब्लिशर्स, जयपुर (राजस्थान)
3. एस गणेशन: स्टेटस आफ वुमेन, इन्टरप्रेनेर्स इन इण्डिया, कनिष्क पब्लिशर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, न्यू दिल्ली
4. दृष्टि: द विजन, दिल्ली
5. योजना पत्रिका।
6. नईदुनिया विविध पत्र।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

इंदौर : महानगर के रूप में सामाजिक एवं शिक्षा विकास का भौगोलिक केंद्र

अंकित दीक्षित* डॉ. आमिर एजाज **

*शोधार्थी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) भारत
** प्राधयापक, शासकीय महाविद्यालय, निवाड़ी, छतरपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – इस अध्ययन का लक्ष्य इंदौर महानगर के रूप में सामाजिक एवं शिक्षा विकास को भौगोलिक केंद्र के रूप में अध्ययन करना है। शोध हेतु सीमित प्राथमिक एवं मुख्यता द्वितीयक आंकड़ों का प्रयोग इसमें किया जो सरकार एवं उसकी एजेंसी राष्ट्रीय अखबार और प्रमुख संबंधित शोध पत्रों के द्वारा जारी किए गए थे। अध्ययन में खोज परिणाम पक्ष में महानगर इंदौर का मध्य प्रदेश के प्रमुख महानगर के रूप में 1901 के बाद से तेजी से वृद्धि दर्शाई गई जो आज 85.5% साक्षरता ,327, 6697 जनसंख्या वाले इस नगर में राज्य के कुल श्रम बाल का लगभग 42 प्रतिशत से अधिक कार्यरत हैं एवं रोजगार पाते हैं, जहां बेहतर शिक्षा व सामाजिक विचरण के विकल्पों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में मानव विकास उपागम दृष्टिगोचर होता है। इंदौर महानगर आदर्श जलवायु वाला प्राकृतिक वैभवशाली नगर है , जहां विभिन्न त्योहारों के आयोजन के साथ साथआधुनिक शिक्षण संस्थानों का स्थल है साथ ही वो नगर है, जहां स्वच्छता आदत बन चुकी है एवं स्वास्थ्य सुरक्षा जीवन जीने में सुधार की विभिन्न संभावनाएं व्याप्त है।आज के इंदौर में सुरक्षा दृष्टिकोण पर पुलिस आयुक्त प्रणाली का संचालन सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने और समाज के विभिन्न वर्गो के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगरनिगम द्वारा चिन्हित स्थानों पर क्लिनिक और सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव पर क्रिस्टलऔर अतुल्य आईटी पार्क स्थापित किए है ।अत: इंदौर महानगर एक उन्नत भौगोलिक केंद्र है, जहां शिक्षा और समाज के विकास द्वारा आधुनिक मानव पूंजी का सृजन करने में सक्षम है।

शब्द कुंजी – श्रमबल, आयुक्तप्राणली, सूचना प्रौद्योगिकी, आई.टी. पार्क , मानव पूंजी।

प्रस्तावना – सामाजिक बदलाव और चेतना के रूप में शिक्षा की भूमिका और इसके दखल से जीवन जीने में सुगमता के कई प्रतिमान दर्शन विद्यमान है, जो भौगोलिक विश्व में इजराइल, रूस, जापान आदि देशों में दृष्टिगोचर होते हैं। उसी क्रम में विश्व में उभरते भारत के संवरते मध्य प्रदेश का मिनी मुंबई उपनाम वाला महानगर इंदौर शिक्षा और सामाजिक विकास का भौगोलिक केंद्र के रूप में नए प्रतिमान स्थापित कर रहाहै ।

विश्व के समांतर विस्तार की होड़ और अपनी तरफ से योगदान के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर को विश्व में स्वच्छता, स्वाद ,सुरक्षा के लिए जाना जा रहा है ,जो इसको शिक्षा शिक्षण के विकास में तेजी से आगे आते नगर की संख्या में ठीक तरह से बिठाता है। मध्य प्रदेश का सर्वाधिक तेज गति से साक्षर होता जिला,जहां 81% से अधिक आबादी साक्षर है और सामाजिक गतिशील होता राज्य का एक महानगर है, इंदौर का सामाजिक एवं शिक्षा विकास के लिए भौगोलिक केंद्र के रूप में अध्ययन ,एक नए आयाम जो विद्यालय संस्कृति से विश्वविद्यालय समागम और सामाजिक सौहार्द से सामाजिक जुड़ाव के संदर्भ को सीखने सिखाने के परिपेक्ष्य महत्वपूर्ण एवं इस तरह से विकास के लिए नए नगरों की प्रेरणा भी है, सफलता के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य शिक्षा के लिए जरूरी इंदौर मध्य प्रदेश के लिए एकअहम पड़ाव बन कर उभरा है ।

इंदौर विद्यालय शिक्षा में भी अपनी खास उपस्थिति दर्ज करवा रहा है, जिसमें एक तरफ केंद्रीय विद्यालय, मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालयों की श्रंखला विद्यमान है। वहीं डेलीकॉलेज, चोइथराम, डीपीएस आदि जैसे देश के श्रेष्ठ विद्यालयों का समूह भी यहां कार्यरत है। उच्च शिक्षा में महाविद्यालय शिक्षा में प्रदेश की प्रमुख देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की स्थापना 1964 में की गई ,जहां आज 8 से अधिक विश्वविद्यालय (निजी) विद्यमान है ,जो कला, वाणिज्य ,विज्ञान प्रौद्योगिकी के साथ-साथ फैशन और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल करके सामाजिक ताने-बाने को बुनते हुए, आधुनिक विकल्पों से मानसिक संबंधों को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और महानगरीय भौगोलिक स्थल के रूप में इंदौर को सशक्तिकृत कर रहे है।

मध्य प्रदेश के विभिन्न समुदायों के लिए विभिन्न शिक्षा विकल्पों की उपलब्धता के साथ राज्य में बेहतर प्रतियोगी वातावरण का निर्माण भी इस रूप में हुआ है, कि रोजगार, स्वरोजगार, उद्योग विस्तार को गति देता इंदौर महानगर जहां प्रथम डेट्राइटमांगलिया के रूप में , उद्योग से सहकारिता की (सोयाबीन उद्योग से सांची दुग्ध संघ) ओर काम करने में प्रथम स्थान पर आ गया है। सामाजिक स्तर पर गरीबी उन्मूलन रोजगार विस्तार जहां राज्य का 47% श्रम बाल कार्यरत है। जो शहर 6 बार स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए , राष्ट्र का सबसे स्वच्छ शहर है, वही इसके साथ स्वाद की नगरी 56 दुकानों पर 56 से अधिक व्यंजन मध्यरात्रि में सराफा में चटोरो की भीड़, नए सामाजिक अनुभव के साथ इंदौर की भौगोलिक प्रगति को शिक्षा, संवेदना, जागरूकता, सुरक्षा , समाज से जोड़ते हुए वर्ष 2023 में प्रवासी भारतीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। जहां हमारी पहचान हिंदी भाषा की वैश्विक संगोष्ठी का गवाह इंदौर महानगर विश्व के पटल पर उभरकर सामने आएगा।

अध्ययन का उद्देश्य – तेजी से बदलते हैं, इस विश्व में शिक्षा और समाज का अनूठा संबंध सबके समक्ष आया है, गतिशील सामाजिक अर्थव्यवस्था का उपक्रम शिक्षा है, जो समाज में विकास के लिए उत्तरदायी है और शिक्षा के आधुनिक संदर्भ पर उभरते विकल्पों के साथ उसकी उपयोगिता में विस्तार भी प्रमुख नागरिक और सामाजिक पक्ष है, जो शिक्षित समाज को उत्कृष्ठ समाज, विविधता पूर्ण समाज,भेदभावमुक्त समाज, विकसित अर्थव्यवस्था वाला समाज गड़ने में अपनी भूमिका का निर्वाह करता है,इसी क्षेत्र में नई सूचना प्रौद्योगिकी वाले समाज को शिक्षा की स्थिति और समाज में उसके प्रभाव के बिंदु पर भी सभी का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ है , जहां इसी संदर्भ पर इस शोध पत्र के अध्ययन का उद्देश्य है :

1. इंदौर महानगरका सामाजिक और शिक्षा विकास के केंद्र के रूप स्थापितहोने का विश्लेषण करना।
2. इंदौर में शिक्षा विकास की संभावनाओं का अध्ययन।
3. सामाजिक बदलाव एवं प्रगति में इंदौर की स्थिति का अध्ययन।

अध्ययन का क्षेत्र – इंदौर महानगर मध्यप्रदेश के मालवा के पठार के दक्षिण भाग में समुद्र तल से 1814 औसत ऊंचाई पर स्थित है, जिसका भूमि क्षेत्र 38 98 वर्ग किलोमीटर है। जो 1950 से 1956 तक मध्य भारत की राजधानी के रूप में कार्य कर चुका है ,जो वर्तमान मध्य प्रदेश की



मानचित्र स्त्रोत: इंटरनेट

औद्योगिक राजधानी के रूप से विख्यात, इंदौर जहां साक्षरता दर 85.5% (2011 के जनगणना आंकड़ों के अनुसार) राज्य के सर्वाधिक साक्षर जिलों में से एक है। इसकी जनसंख्या आबादी 3 ,276,697 है, जिसमें से अधिकांश आबादी हिंदू 80.18%, जैन 3.27% और बौद्ध 0.51% आदि के लगभग है।

इंदौर महानगर के प्रमुख शिक्षा केंद्र आईआईटीआईआईएम कैट आईआईएसआर और 51 स्वास्थ्य संस्थानों, जिसमें निजी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भी शामिल है, को जोड़ा गया है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले संस्थानों और उनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों, साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले विभिन्न कंपनियों के कर्मचारियों को भी अध्ययन के क्षेत्र में शामिल किया गया है।

साहित्य की समीक्षा– किसी नगर , क्षेत्र के विकास और विस्तार में शिक्षा और समाज के विकास पर और उससे समंधित प्रभावों पर विभिन्नशोध और आलेखन किए गए है , जिसमे भौगोलिक स्तरपर किसी स्थान के अनुकूलन और भिन्नघटकों का चरण वारउल्लेख मिलता हैं,जिनमे से कुछ साहित्य की समीक्षा करने पर पाया कि–

इंडिया ईयर बुक (भारत 2021) भारत सरकार के खंड शिक्षा,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पर्यावरण खंड में समाज पर शिक्षा एवं प्रौद्योगिकीका प्रभाव उनके विकास गति में उत्प्रेरक है , जहां आदर्श पर्यावरण जो प्रदूषण मुक्त हो इसमें मानव विचरण के लिए सुलभ वातावरण का विकास करता है , जो स्वस्थ दिनचर्या में अहम है।

माध्यम–मध्यप्रदेश सरकार के 2022 के विभिन्न प्रिंट में आदिवासी समाजमें जागरूकता और सामाजिक उन्नति के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं (छात्रवृत्तिऔर परीक्षापूर्व प्रशिक्षण) और स्वास्थ सुरक्षा हेतु सरकारी पहलों(दीनदयाल स्वास्थ सुरक्षा)के साथ सामाजिक आर्थिक प्रगति के लिए स्वरोजगार और कोशल विकास के उपागम(मुख्यमंत्री स्टार्टअप सहयोग, मुख्य मंत्री मेधवी छात्र योजना) के संबध के चर्चा की गई है ।

फण्डाबाल्की (2012) विज्ञान और प्रोद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान की प्रकृति को पढ़ानें के लिए शैक्षणिक उपलब्धि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण। पर सीधे चिंतनशील दृष्टिकोण का प्रभाव । करिक्कालें विश्वविद्यालय, सूरत,जिसमे अध्ययन में पाया की छात्रों के वैज्ञानिक नजरिए और अकादमियों उपलब्धियों परउनका दृष्टिकोण शून्य उत्सर्जन और ऊर्जा विकास के घरेलू पर नवीकरणीय स्त्रोत पर विशेष केंद्रित था।

रंगानाथ (2012) विज्ञान की दिशा में आंध्रा प्रदेश के भावी विज्ञान शिक्षक के रचनात्मक, वैज्ञानिक अभिवृत्ति और उँचाई का एक अध्ययन। आचार्य नागरजिना विश्वविद्यालय,के अध्ययन में स्पष्ट हुआ की अभिवृत्ति एक संवेदनशील अवधारणा है और यह एक सटीक तरीका है, किसी एक उपन्यास या समस्याग्रस्तर स्थिति के लिए एक संक्षिप्त संख्या है, मानसिक आदत और प्रवृत्तियों पर लगातार प्रभाव को दर्शाने के लिए। सटीकता, बौद्धिक, ईमानदारी, ग्रहणशीलता, निलंबित निर्णय, समीक्षात्मक और सही कारण व रिश्तों का प्रभाव इन आदतों व प्रवृत्तियों के प्रदर्शन के लिए सही कारण है।

जोन्डर्फ, जुली (2004)'The teacher variance inventory (iv) and the teacher variance attitude scale'पर अध्ययन किया और यह निष्कर्ष निकाला कि शिक्षक की मान्यताएँ, अभिवृत्तियाँ अनुभव सीधे उसके अनुशासन सम्बन्धी नजरियें उनके कक्षा–कक्ष के अन्तर्गत व्यवधान को प्रभावित करता है। छात्र व्यवहार के प्रति शिक्षक अभिवृत्ति की अच्छी समझ मुख्य रूप से कक्षा–कक्ष अनुशासन के सम्बन्ध में बेहतर सामाजिक सोचऔर सीखने की आदत में सहायक है।

आंकड़े और प्रविधि– यह अध्ययन पेपर आंशिक/सीमित प्राथमिक आंकड़ों और मुख्यता द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है जिनका वर्णन इस प्रकार है:

प्राथमिक आंकड़े : इस अध्ययन के लिए प्राथमिक आंकड़ों के संग्रहण के लिए इंदौर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों जिसमें पलासिया, गीताभवन, भवरकुआं, अन्नपूर्णा, विजयनगर, मऊ, सपना संगीता आदि में जाकर

विभिन्न आयु वर्गों के लोगों से चर्चा की गई। आयु वर्ग मुख्यत: 4 बनाए गए,
(1) 10 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के लोग ,
(2) 19 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के लोग,
(3) 31 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के लोग और
(4) 45 से 65 वर्ष की आयु वर्ग के लोग। यहां 10 प्रश्नों की प्रश्नावली के आधार पर प्राथमिक आंकड़ों का विवरण तैयार हुआ। द्वितीय आंकड़ों को इस शोध पेपर में मुख्य आधार माना गया है, जो (2) प्रमुख समाचार पत्रों,
(1) दैनिक भास्कर ,
(2) पत्रिका का इंदौरप्रिंट ,
(2) जिला जनसंपर्क के द्वारा जारी सूचना,
(3) नगर निगम द्वारा जारी मासिक सूचना पत्र ,
(4) नीति आयोग की राज्यों के संबंध में विभिन्न रिपोर्ट,
(5) मध्य प्रदेश सूचना विभाग द्वारा जारी माध्यम और संदेश,
(6) पूर्व में जारी संबंधित शोधपत्र,
(7) वेबसाइट जिसमें विकिपीडिया और विकासपीडिया का प्रमुख योगदान इस शोध पेपर की प्रवृत्ति हेतु खोज, मुख्य शब्दों की सहायता, साहित्य का अध्ययन एवं विभिन्न चरणों में खोज के शब्दों को परिभाषित करना, डेटाबेस का चयन करना, खोज, परिणामों का मूल्यांकन आदि सूचना, प्रौद्योगिकी का प्रयोग आदि इसमें शामिल है।

चर्चा / खोज / परिणाम – महानगर के रूप में इंदौर मध्य प्रदेश का सामाजिक एवं शिक्षा विकास का प्रमुख केंद्र बनने के पीछे इंदौर की भौगोलिक दशा और इसके संबंध घटकों का प्रमुख योगदान है। प्रथम, इंदौर सम जलवायु वाला क्षेत्र है, जहां ठंड में मध्यम ठंड, ग्रीष्म ऋतु में मध्यम गर्मी के साथ, 80 से 100 सेंटीमीटर औसतन वर्षा होती है , काली मृदा का मालवा का क्षेत्र बेहतर कृषि उपज के लिए विख्यात है। द्वितीय, जलवायु के सम और अनुकूल प्रभाव से वर्षभर सामाजिक गतिविधियां संचालित होती रहती हैं ,साथ ही शिक्षा का आदर्श माहौल यहां बना रहता है। राज्य के प्रमुख संभागों से इंदौर का जुड़ाव जो सड़क राजमार्गों, रेल मार्गो एवं वायु मार्ग से होता है, ऐसी स्थिति में परिवहन सुगमता, इसके सामाजिक संचार और इसके जुड़ाव को सहज संबंध में बदल देती है। चौथा, बेहतर अवसंरचना का विकास , महाविद्यालय , विद्यालयों, विश्वविद्यालयों की श्रखला संख्या दूसरा स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर ढांचा, तीसरा, मांगलिया, पीथमपुर से कनेक्टिविटी, चौथा, सूचना प्रौद्योगिकी पार्कों की अवस्थिति , सहायक रोजगार हेतु ,कृषि उपज मंडी, बाजार प्रणाली की उन्नत दशा आदि, सामाजिक संपन्नता के सुअवसर स्पष्ट करते हैं।

उपरोक्त विवेचना, प्रथम उद्देश्य– भौगोलिक केंद्र के रूप में इंदौर सामाजिक शिक्षा विकास के रूप में स्थापित होना दिखाता है।

विद्यालय शिक्षा से विश्वविद्यालय शोध तक एवं रोजगार हेतु प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी का हब बन कर इंदौर उभरा है , जो (1) शासकीय नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं की तैयारी हेतु इंदौर का टंट्याभील चौराहा भवरकुआं, (2) चिकित्सा एवं अभियांत्रिकी शिक्षा के प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु गीता भवन चौराहा , (3) सर्वाधिक विद्यालय एवं महाविद्यालय राज्य के इस जिले इंदौर में अवस्थित है,(4) इंदौर देश का एकमात्र जिला जहां आईआईटी और आईएम दोनों अवस्थित है, (5) एक शासकीय एवं तीन निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की अवस्थिति एवं एक शासकीय (जीएसआईटीएस) एवं लगभग 17 अभ्यांत्रिकी महाविद्यालय का संचालन हो रहा है।

उपरोक्त चर्चा, द्वितीय उद्देश्य इंदौर महानगर में शिक्षा के विकास की संभावनाओं को दर्शाती है,अवसंरचना के साथ–साथ महानगर इंदौर का सामाजिक ताना–बाना, सौहार्द एवं प्रेम संबंधों पर गड़ा हुआ है। सुरक्षा मानदंडों पर बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा हितार्थ लक्ष्य पर मध्य प्रदेश गृह विभाग ने 2021 में इंदौर पुलिस में पुलिस आयुक्त प्रणाली की शुरुआत की है। इसके साथ ही ,लगातार छठी बार स्वच्छता सर्वेक्षण भारत सरकार के द्वारा आयोजित सर्वेक्षण में देश में अव्वल रहा है, इंदौर निरंतर स्वच्छता वाली आदत और संस्कृति का द्योतक बन गया है।

वर्ष 2023 जनवरी में आयोजित होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन की मेजबानी इंदौर शहर कर रहा है ,जहां विश्व के सामाजिक संबंध भी इंदौर से जुड़ेंगे और जिसका उपागम हिंदी भाषा के प्रति इंदौर का स्नेह विश्व के सामने प्रकट होगा।

इस स्तर पर इंदौर सर्वाधिक प्रति व्यक्ति आय वाला मध्य प्रदेश का जिला है, जहां 72758 रुपए प्रति व्यक्ति आय है, मध्य प्रदेश के सर्वाधिक साक्षर जिला इंदौर 82% अपनी साक्षरता के साथ सबसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता है , जहां 56 से अधिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों एवं एक शासकीय (एमजीएम) एवं तीन निजी स्वास्थ्य चिकित्सा महाविद्यालयों की अवस्थिति एवं शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर विकल्प वाला मध्यप्रदेश का अग्रणी जिला है।

उपरोक्त विवेचना,तृतीय उद्देश्य–सामाजिक बदलाव एवं प्रगति में इंदौर की वर्तमान दशा स्थिति का विवरण प्रदान करती है।

निष्कर्षऔर अनुशंसा – भारत विश्व में अपनी सामाजिक समरसता समृद्धि के लिए विख्यात है, जहां अनेकता में एकता वाला समाज निवास करता है। जिसमें इंदौर महानगर इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं ,जहां सफलता के लिए शिक्षा और सामाजिक संतुलन अपने उत्तम अवस्था में विद्यमान है, देश के केंद्र का शहर इंदौर आज हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। यह का सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा का काम करता है, जहां इंदौर शहर स्वच्छता के मामले में संपूर्ण देश में नंबर वन है ,यह बताता है ,कि यह देश का सबसे स्वच्छ शहर हर किसी की यहां पर एक पहचान और उसकी ओर इंदौर का प्रभाव और अपनी तरफ आकर्षित करता है। रोजगार, व्यापार,कौशल, शिक्षा का भौगोलिक केंद्र बनकर इंदौर नए कीर्तिमान रच रहा है , मध्य प्रदेश में इनोवेटिव इंदौर का समाज अपने सामाजिक सद्भावना का परिचय देते हुए, विभिन सामाजिक उत्सवों जिनमें पाटनीपुरा का दीपोत्सव, रजवाड़ा की होली गेयर, साकेत और अभिव्यक्ति का गरबा , खजराना पर ईदी और व्हाइटचर्च पर क्रिसमस का उल्लास और टंट्याभील चौराहा पर संघर्ष करता युवा अपने चहरे की चमक को इस महानगर से जोड़ देता है , इसी तरह इंदौर सामाजिक आर्थिक प्रगति के लिए शिक्षा के सेवा उपागम (अर्थव्यस्था का तृतीयक्षेत्रक) से रोजगार के अवसरों के साथ आय भी उपार्जित करता है।

इंदौर महानगर सामाजिक एवं शिक्षा विकास के भौगोलिक केंद्र के रूप में उत्तारोत्तर वृद्धि करते हुए, इसके विस्तार हेतु सुझावों एवं विमर्श में नई शिक्षा प्रसार के साथ–साथ स्वाध्याय संस्थानों की स्थापना, सुरक्षा दृष्टिकोण से मुख्य स्थलों से आंतरिक भागों तक सीसीटीवी कैमरे को लगाए जाने एवं मेट्रो परियोजना की पूर्ति में तेजी के साथ–साथ इसके विस्तार वादी क्षेत्र पर काम करने की दृष्टिकोण की आवश्कता को पाया है। साथ ही

शिक्षा विकास के लिए नए आधुनिक संस्थानों की स्थापना एवं पूर्व में स्थापित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों के संचालन के लिए आधारभूत सुविधा एवं छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का विस्तार एवं नए आवासीय विद्यालय महाविद्यालय की स्थापना का परामर्श प्रस्ताव का सुझाव प्रमुख है, स्थापना के साथ काम करते हुए इसके विस्तार की योजना को आगे बढ़ाने और इसे नए रूप में संतुलित विकास होने की संभावना को अपने अध्ययन मे पाने के बाद इंदौर महानगर के भौगोलिक समृद्धि के विभिन्न अनछुए क्षेत्रों, जिसमे शिल्प कला के साथ खाद्य प्रसंस्करण शिक्षा और उद्योग के विकास और आगे की राह पर काम करने वाले दृष्टिकोण के विकास को अनुभव किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यूएनडीपी (2021) मानव विकास रिपोर्ट 2018: एक चौराहे पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोगरू सहायता एक असमान दुनिया में व्यापार और सुरक्षा। न्यूयॉर्क: यूएनडीपी।
2. यूनेस्को (2021) ईएफए ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2021, जेंडर एंड एजुकेशनफॉर ऑल: द लीप टूइक्वालिटी। पेरिस: यूनेस्को।
3. नीति आयोग 2021/22 सतत धारणीय विकास लक्ष्य प्राप्ति पर रिपोर्ट।
4. यूनेस्को (2020) ईएफए वैश्विक निगरानी रिपोर्ट 2020, सभी के लिए शिक्षा, गुणवत्ता अनिवार्य।पेरिस: यूनेस्को।
5. यूएनडीपीके 17 सतत धारणीय लक्ष्य , कोपसम्मेलन 2015।
6. मार्टसिटी प्रोजेक्ट, भारत 2015 , भारत सरकार।
7. माध्यम : मध्यप्रदेश सरकार के 2022
8. नई शिक्षा नीति 2020 , भारत सरकार।
9. इंडिया ईयर बुक (भारत 2021) भारत सरकार के खंड शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पर्यावरण खंड।
10. रंगानाथ (2012). विज्ञान की दिशा में आंध्रा प्रदेश के भावी विज्ञान शिक्षक के रचनात्मक, वैज्ञानिक अभिवृत्ति और उँचाई का एक अध्ययन।
11. अमरीन, ए। और बर्लिनर, डी। (2002)। उच्च दांव परीक्षण, अनिश्चितता, और छात्र सीखने। शिक्षा नीति विश्लेषण अभिलेखागार, 10(18), 1-65। 18 जुलाई 2005 को से पुन:प्राप्त
12. अनवर, एस., और झेंग, एम. (2004)। में अनुसंधान और विकास और औद्योगिक उत्पादन पर सरकारी खर्च सिंगापुर। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एशियनमैनेजमेंट, 3, 53-65।
13. एश्टन, डी., ग्रीन, एफ., सुंग, जे., और जेम्स, डी. (2002)। में शिक्षा और प्रशिक्षण रणनीतियों का विकास।
14. सिंगापुर, ताइवान और दक्षिण कोरिया: कौशल निर्माण का एक विकास मॉडल। शिक्षा और कार्य जर्नल,
15. ऑबर्ट, जे.-ई., और रीफर्स, जे.-एल. (2003)। मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में ज्ञान अर्थव्यवस्थाएँ: नए की ओर विकास रणनीतियों। वाशिंगटन, डीसी: विश्व बैंक। बैरो, आर। (2000)। शिक्षा और आर्थिक विकास। पेरिस: यूनेस्को।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतीय जीवन बीमा निगम के व्यवसाय संवर्धन में विक्रय नियोजन, विज्ञापन तथा प्रचार की भूमिका का अध्ययन

नितेश ग्रेवाल *

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

विक्रय नियोजन – जीवन बीमा व्यवसाय में विक्रय नियोजन के अन्तर्गत जीवन बीमा व्यवसाय के विकास को ध्यान में रखकर उद्देश्यों तथा लक्ष्यों का निर्धारण, नीति तथा व्यूह रचना का निर्माण, विक्रय संगठन की स्थापना, विक्रय के लक्ष्यों का निर्धारण, विक्रय प्रोत्साहन तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन, अभिप्रेरण की कार्यवाही तथा निष्पादन की समीक्षा सम्मिलित है। यह उल्लेखनीय है कि जीवन बीमा व्यवसाय का विक्रय एक ऐसा कठिन कार्य है, जिसे विक्रय संगठन में लगे हुए कार्यकर्ता तभी सफलतापूर्वक सम्पादित कर सकते है जबकि उनके समक्ष व्यवसाय के सुनिश्चित लक्ष्य हों और उन्हें हासिल करने के लिए परिश्रम करने की प्रेरणा बराबर मिलती रहे। सम्भावित ग्राहकों की तलाश से लेकर बीमा पॉलिसी निर्गमित करने की प्रक्रिया तक कार्यकर्ता को अत्यधिक लगन तथा धैर्य से कार्य करना पड़ता है, क्योंकि बीमा कराने वाला व्यक्ति केवल बीमा पॉलिसी के रूप में प्राप्त होने वाले आश्वासन के बदले नियमित रूप से प्रीमियम चुकाने के लिए प्रतिबद्ध बनाया जाता है। इसलिए जीवन बीमा व्यवसाय में वृद्धि तभी सम्भव है जबकि बीमा विक्रय करने वाला व्यक्ति निरन्तर सक्रिय रहे। उसे निरन्तर सक्रिय रखने के लिए ऐसी नीति तथा कार्य प्रणाली अपनानी पड़ती है कि वह और अधिक कार्य करने के लिए लगातार प्रेरित होता रहे। सम्भावित ग्राहकों की तलाश कर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप पॉलिसियों का विक्रय करना निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जिससे नियोजन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। विक्रय नियोजन के माध्यम से ही विक्रय लक्ष्य तथा कार्यक्रम निर्धारित किये जाते है तथा उनकी उपलब्धि के लिए प्रभावी उपाय किए जाते है। जीवन बीमा व्यवसाय के क्षेत्र में निजी जीवन बीमा कम्पनियों के प्रवेश के पश्चात् विक्रय नियोजन का महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है।

भारतीय जीवन बीमा निगम को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए जीवन बीमा से सम्भावित ग्राहकों तक स्वयं ही बीमा पहुँचाने की कार्यवाही करना जरूरी है। सन् 1956 में इसकी स्थापना के पश्चात् जीवन बीमा निगम ने इस बात को ठीक से समझ लिया कि प्रत्येक बीमा योग्य व्यक्ति तक जीवन बीमा का संदेश पहुंचाने के लिए उसे नियोजित की कार्यवाही संचालित करनी पडेगी। सन् 1959 में भारतीय जीवन बीमा निगम ने विक्रय नियोजित की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर व्यवसाय के मासिक लक्ष्य निश्चित करना प्रारम्भ कर दिये। उदाहरण के लिए सन् 1959 में नवीन व्यवसाय का लक्ष्य 415 करोड रूपये रखा गया था। इसकी तुलना में वास्तविक व्यवसाय 429 करोड़ रूपये का हुआ। किन्तु सन् 1963 में 1,000 करोड़ रूपये व्यवसाय का लक्ष्य रखा गया था, जबकि वास्तविक व्यवसाय केवल 703 करोड़ रूपये का ही हुआ। सन् 1961 की जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया कि 14 करोड बीमा योग्य व्यक्तियों में से 2.50 करोड़ व्यक्तियों को बीमा विक्रय किया जा सकता है। इनमे से केवल 70 लाख लोगों के पास जीवन बीमा पॉलिसी होने का अनुमान लगाया गया था। शेष लोगों को जीवन बीमा की परिधि में लाने की दृष्टि से विक्रय प्रयास संगठित किये गये। भारतीय जीवन बीमा निगम ने मासिक लक्ष्य निश्चित करने और उनकी उपलब्धि की समीक्षा की कार्यवाही को न केवल प्रधान कार्यालय में लागू किया जाये वरन् उसे क्षेत्रीय कार्यालय, मण्डल कार्यालय शाखा तथा विकास अधिकारी के स्तर पर विकेन्द्रित किया। वर्तमान में निगम में 30 करोड़ से अधिक जीवन बीमा पॉलिसियाँ विक्रय की है।

विक्रय की व्यूह रचना – लक्ष्यों का निर्धारण हो जाने के बाद उनकी पूर्ति हेतु प्रत्येक प्रकार के बाजार के लिए पृथक व्यूह रचना तैयार की जाती है। बीमा के अधिक प्रचार और प्रसार के उद्देश्य से एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा का संदेश पहुँचाने के उद्देश्य से छोटी–छोटी राशि की पॉलिसियाँ भी बनाई गई है, ताकि बीमा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाकर लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ–साथ विपणन के सामाजिक उद्देश्य को भी पूरा किया जा सके। इसके लिए विशेषत: भारतीय जीवन बीमा निगम ने बन्दोबस्ती बीमा योजनाएँ, आजीवन बीमा योजनाएँ, धन वापसी योजनाएँ, अवधि बीमा योजनाएँ, पेंशन योजनाएँ एवं यूनिट लिंक्ड योजनाएँ प्रारम्भ की है।

सन् 1981–82 में भारतीय जीवन बीमा निगम के पुर्नगठन योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ हुआ। प्रथम चरण में इसे प्रयोग के आधार पर दिल्ली, बेंगलुरू और कुड्डपा मण्डलों में लागू किया गया। अगले वर्ष यह योजना 20 अन्य मण्डल कार्यालयों में लागू कर दी गई। तीसरे चरण में इसे शेष सभी मण्डलों में लागू कर दिया गया। इस पुर्नगठन की योजना के अन्तर्गत निष्पादन बजट तथा नियोजन की प्रणाली प्रत्येक कार्यालय स्तर पर प्रभावशाली ढंग से लागू की गई। इसे लागू करने के उद्देश्य से विपणन व्यूह रचना पर भी ध्यान दिया गया और बीमा व्यवसाय के बाजार को छ: भागों में विभाजित किया गया –

1. व्यावसायिक तथा प्रबन्धकीय समूह
2. नियमित आयवाला समूह
3. स्वरोजगार वाला समूह
4. वेतन बचत योजना वाला समूह
5. कृषि श्रमिक समूह
6. समूह एवं अधिवार्षिकी योजना का समूह

यह स्वीकार किया गया कि प्रत्येक प्रकार के बाजार समूह के लिए पृथक विपणन व्यूह रचना आवश्यक है और इनके लिए पृथक से सूचनाएँ उपलब्ध होनी चाहिए। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रत्येक समूह के लिए अलग से विपणन दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान दिया और इस दृष्टि से नवीन बीमा योजनाएँ प्रस्तावित की और विक्रय संगठन का विस्तार किया।

विक्रय नीति

भारतीय जीवन बीमा निगम की विपणन नीति का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विभिन्न व्यवसायों में लगे और विभिन्न स्त्रोंतों से आय प्राप्त करने वाले उच्च मध्यम तथा निम्न आय वाले वर्गो के अधिक से अधिक लोगों को जीवन बीमा के माध्यम से समुचित आर्थिक व्यवस्था प्रदान करना है। किन्तु इसके लिए यह आवश्यक है कि न्यूनतम सम्भव मूल्य पर सुरक्षा प्रदान करने, ग्राहक के संतुष्ट रखने, बचत को प्रोत्साहित करने, देश के आर्थिक सामाजिक परिवेश में होने वाले परिवर्तनों के अनुकूल तथा संगठन को स्थिर एवं विकासशील बनाए रखने के उद्देश्यों को ध्यान में रखा जाएगा। इस दृष्टि से यह प्रयत्न किया गया कि संगठन के प्रत्येक स्तर पर विपणन दृष्टि से महत्व दिया जाए तथा आवश्यकता पर आधारित विक्रय और नवीन बीमा समूह की तलाश पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा ऐसे नवीन उत्पाद विकसित किए जाए जो विशिष्ट वर्गो की आवश्यकताओं को पूरा करते हो। इसके साथ ही यह भी जरूरी समझा गया कि बीमा सेवाओं के प्रभाव निश्चित कर दिए जाए और अभिकर्ताओं तथा कर्मचारियों को उनके लिए प्रतिबद्ध बनाया जाए।

सारांश में भारतीय जीवन बीमा निगम की विक्रय नीति दोनों तत्वों पर विशेष ध्यान देती है–

1. अधिक से अधिक नवीन व्यक्तियों को बीमा व्यवसाय के क्षेत्र में लाना और
2. वर्तमान बीमित व्यक्तियों को बेहतर बीमा सेवाएँ प्रदान करते हुए बीमा संगठन की उपभोक्ता केन्द्रित विक्रय नीति की छबि बनाना।

विक्रय प्रोत्साहन तथा प्रतियोगिताएँ – जीवन बीमा व्यवसाय की प्रगति में विक्रय नियोजन के साथ–साथ यह बात भी महत्व रखती है कि लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन की क्या विधि अपनायी गई है और अधिकतम लक्ष्य प्राप्त करने वालों के बीच में प्रतियोगिता की परिस्थितियाँ किस प्रकार विकसित की गई है। वास्तव में नवीन बीमा व्यवसाय के आँकडे यह प्रकट करते है कि, अभिकर्ताओं और विकास अधिकारियों ने विक्रय करने के लिए प्रयत्न किए है और उन्हें प्रयत्न करने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा अधिकारियों, मण्डल अधिकारियों, क्षेत्रीय अधिकारियों और केन्द्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने कितना प्रोत्साहन दिया है। किसी एक स्तर पर प्रोत्साहन की कमी अन्ततः अभिकर्ता को शिथिल बना सकती है और बीमा व्यवसाय के विक्रय के लक्ष्य अधूरे रह जाते है। इसलिए यह कहना उचित ही होगा कि जीवन बीमा व्यवसाय में वृद्धि के आँकडे काफी हद तक विक्रय प्रोत्साहन के लिए अपनायी गई सूझबूझ और कोशिशों का परिणाम होते है। इसका आशय यह है कि जीवन बीमा स्वेच्छा से कोई ग्राहक क्रय नहीं करता और उसके लिए अभिकर्ता या विकास अधिकारी को लगातार प्रयत्न करने पड़ते है। इन प्रयत्नों में थोडी सी कमी करने पर बीमा व्यवसाय मिलने से रह जाता है। ये प्रयत्न लगातार चलते रहे इसके लिए जो उपाय किए जाते है, उन्हें मुख्यतः दो हिस्सों में विभाजित किया जा सकता है–

1. विक्रय प्रोत्साहन और
2. प्रतियोगिताएँ

विक्रय प्रोत्साहन में भारतीय जीवन बीमा निगम अनेक विधियों को अपनाता है। इन विधियों में प्रत्येक स्तर पर होने वाली चर्चा, भेंट, निरीक्षण बैठक, संगोष्ठी सभा तथा सम्मेलन को सर्वाधिक महत्व दिया जाता है। निगम के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष निर्देशक क्षेत्रीय प्रबंधकों से और मण्डल प्रबंधकों से मिलने के अवसर पर यह सुनिश्चित करते है कि प्रत्येक क्षेत्र तथा मण्डल अपने विक्रय लक्ष्य पूरे कर सके और विक्रय लक्ष्य पूरे होने में आने वाली कठिनाइयों का त्वरित निराकरण हो सके।

भारतीय जीवन बीमा निगम ने दो कारणों से प्रतियोगिता को विशेष महत्व दिया है। पहले तो जीवन बीमा निगम बीमा करने वाली एक मात्र संस्था नहीं है। 23 निजी जीवन बीमा कम्पनियों से उसे प्रतियोगिता करनी पड़ती है। दूसरे व्यावसायिक लक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया इतनी लम्बी और कठिन होती है कि व्यक्ति का शिथिल होना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से भारतीय जीवन बीमा निगम ने प्रत्येक स्तर पर प्रतियोगिता को औपचारिक और अनौपचारिक दोनों रूपों में मान्यता दी है। भारतीय जीवन बीमा निगम ने क्षेत्रों मण्डलों शाखाओं और विकास अधिकारियों तथा अभिकर्ताओं में एक प्रतियोगिता निर्माण करने पर विशेष ध्यान दिया है।

विज्ञापन तथा प्रचार – विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार का कार्य केन्द्रीय कार्यालय द्वारा सम्पादित होता है। क्षेत्रीय कार्यालय तथा मण्डल कार्यालय उसमें आवश्यकतानुसार सहयोग करते है। निगम द्वारा जन सम्पर्क एवं जन प्रसार के क्रियाकलापों को अधिक व्यापक बनाने हेतु पत्र पत्रिकाओं में विज्ञापन, पोस्टर, डायरी, कैलेन्डर और अन्य विज्ञापन सामग्री दी जाती है। दीवारों पर विज्ञापन, मेलों आदि में स्टॉल भी लगाये जाते है। शाखा स्तर पर एवं विकास अधिकारी के संगठन द्वारा भी स्टॉल आदि लगाए जाते है।

विज्ञापन तथा प्रचार माध्यम – भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए विज्ञापन, पोस्टर, डायरी, कैलेन्डर और अन्य विज्ञापन सामग्री विकास अधिकारियों को तथा अभिकर्ताओं को दी जाती है। दीवारों पर विज्ञापन, मेलों आदि में भी स्टॉल लगाये जाते है। इसके अलावा निगम के विकास अधिकारी एवं अभिकर्ता जनसम्पर्क के माध्यम से लोगों को पॉलिसियों की खूबियों से अवगत कराने का प्रयास करते है।

23 निजी जीवन बीमा कम्पनियों से प्रतिस्पर्धा के चलते निगम द्वारा विज्ञापन तथा प्रचार के लिए निम्न माध्यम अपनाए जाते है –

1. दूरदर्शन
2. आकाशवाणी
3. दीवारों पर विज्ञापन
4. पेम्पलेट
5. होर्डिंग्स
6. बेनर
7. मेले एवं प्रदर्शनियों पर स्टॉल
8. जनसम्पर्क

विज्ञापन तथा प्रचार का सन्देश – भारत में भारतीय जीवन बीमा निगम के विज्ञापन तथा प्रचार तीन प्रकार की सूचनाओं पर आधारित है –

1. भारतीय जीवन बीमा निगम के संगठन तथा महत्व को प्रतिपादित करने वाले।
2. भारतीय जीवन बीमा निगम की विशिष्ट योजनाओं की जानकारी देने वाले और

3. भारतीय जीवन बीमा का सन्देश देने वाले।

विज्ञापन तथा प्रचार की प्रभावोत्पादकता – भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया गया विज्ञापन उत्कृष्ट, कलात्मक तथा उच्च श्रेणी का होता है। उसके विज्ञापनों का अवलोकन करने से पता चलता है कि विज्ञापन कला के उपयोग में भारतीय जीवन बीमा निगम ने प्रमाणिकता, रचनात्मकता तथा उच्च नैतिक मूल्यों की स्थापना की है। कहीं भी लालच या हल्के स्तर की व्यावसायिक दृष्टि भारतीय जीवन बीमा निगम के विज्ञापनों में नही दिखलायी पड़ती। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रकाशन, अभिकल्पना तथा मुद्रण की दृष्टि से उत्कृष्ट स्तर के होते है। कहीं भी उनमें सरकारी विभाग या संस्था की झलक दिखलायी नही पड़ती, किन्तु यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारतीय जीवन बीमा निगम ने विज्ञापनों की उपयोगिता को समुचित रूप से अंगीकार नहीं किया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के व्यवसाय की अपरिमित सम्भावनाओं और बीमा सन्देश को जन–जन तक पहुँचाने की आवश्यकता की तुलना में विज्ञापन तथा प्रचार पर बहुत ही कम ध्यान दिया गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम को अपनी विज्ञापन नीति पर पुर्नविचार करना चाहिए और विज्ञापनों को बहुमुखी, सतत् तथा प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक उपाय करने चाहिए।

विज्ञापनो की तुलना में प्रचार के मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम का कार्य अधिक प्रभावशाली रहा है। समाचार पत्रों और जनसंचार माध्यमों ने भारतीय जीवन बीमा निगम की प्रगति और उपलब्धियों को पर्याप्त महत्व दिया है तथा समाचारों, टिप्पणियों, लेखों और समीक्षाओं में भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यो की सराहना की गई है। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 सितम्बर को स्थापना दिवस मनाया जाता है।

जीवन बीमा व्यवसाय के संवर्धन में विज्ञापन तथा प्रचार की भूमिका – कुल मिलाकर भारतीय जीवन बीमा निगम के विज्ञापन तथा प्रचार से सम्बन्धित कार्यो की सफलता इस तथ्य से देखी जा सकती है कि जीवन बीमा व्यवसाय को समाज में महत्वपूर्ण तथा सम्मानित स्थान दिया जाने लगा है। अब बहुत से लोग भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय तथा अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करने में किसी प्रकार का संकोच अनुभव नही करते है। राष्ट्रीयकरण से पूर्व ऐसी स्थिति नहीं थी। उस समय लोग जीवन बीमा कम्पनियों और अभिकर्ताओं से बचने का प्रयास करते थे तथा जीवन बीमा व्यवसाय में कार्यरत् लोगों के प्रति सम्मान तथा श्रद्धा की भावना नहीं थी। राष्ट्रीयकरण के पश्चात् भारतीय जीवन बीमा निगम को देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक संगठन माना जाने लगा और भारतीय जीवन बीमा के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव भी आया। इस दृष्टि से भारतीय जीवन बीमा निगम के विज्ञापन और प्रचार को सार्थक तथा प्रभावशाली माना जा सकता है, किन्तु जीवन बीमा व्यवसाय के संवर्धन में विज्ञापन तथा प्रचार की जो भूमिका होनी चाहिए उस पर भारतीय जीवन बीमा निगम समुचित रूप से ध्यान नहीं दे पाया है। जीवन लक्ष्य, आधार स्तम्भ तथा जीवन अक्षय बीमा योजनाओं के लिए किया गया विज्ञापन व्यवसाय संवर्धन में सहायक रहा। ठीक इसी प्रकार भारतीय जीवन बीमा निगम गृह वित्त योजनाओं का विज्ञापन भी कुछ अंशों में उपयोगी रहा, इसके कारण व्यवसाय में वृद्धि हुई। ऐसे विभिन्न विज्ञापन जीवन बीमा व्यवसाय के संवर्धन के लिए सहायक तथा उत्प्रेरक होते है। मगर अन्य मामलों में विज्ञापनों की भूमिका उतनी प्रभावोत्पादक नही रही। यह कहा जा सकता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम को अपनी विज्ञापन नीति इस प्रकार से बनानी चाहिए कि विज्ञापन भारतीय जीवन बीमा निगम की प्रतिष्ठा बढाने के साथ–साथ व्यवसाय संवर्धन में भी सहायक हो और उनके माध्यम से जीवन बीमा का संदेश सम्पूर्ण देश के कोने–कोने में फैलते हुए ग्रामीण तथा अर्द्धशहरी लोगों तक प्रभावशाली ढंग से पहुँच सके।

इन्दौर मण्डल कार्यालय में विपणन विभाग के अन्तर्गत एक जन सम्पर्क एवं प्रचार अधिकारी नियुक्त है। विपणन विभाग मेले और प्रदर्शनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से स्टॉल लगाने, फिल्म दिखाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के कार्य करता है। प्रतिवर्ष सितम्बर में बीमा सप्ताह भी मनाया जाता है। नवीन बीमा योजनाएँ और बोनस की घोषणाओं की जानकारी भी प्रसारित की जाती है। बीमा साधना शीर्षक नामक गृह पत्रिका भी प्रकाशित की जाती है। मण्डल कार्यालय की ओर से वह स्थानीय समाचार–पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित करता है, किन्तु ये विज्ञापन कार्यालयीन आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु होते है। आकाशवाणी, दूरदर्शन, फिल्मों और समाचार पत्रों में दिए जाने वाले विज्ञापनों में मण्डल कार्यालयों की कोई भूमिका नही होती है, वे केवल सुझाव भेज सकते है। किन्तु अभी तक मण्डल कार्यालय से ऐसा कोई सुझाव नहीं भेजा गया। इन्दौर मण्डल कार्यालय ने हिन्दी भाषा में कार्य करने को लोकप्रिय बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। हिन्दी भाषा में किए गए प्रकाशनों के अलावा औपचारिक तथा व्यावसायिक कार्य भी हिन्दी भाषा में सम्पादित हो रहा है। बीमा प्रस्ताव के प्रपत्र, समाचार तथा चेक आदि भी हिन्दी भाषा में लिखे जा रहे है।

अधिकांश बीमाधारी, अभिकर्ता, विकास अधिकारी और निगम कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम के जन सम्पर्क तथा प्रचार से पूरी तरह सन्तुष्ट नही है। वे इसे निरपेक्ष, तटस्थ तथा शिथिल मानते है। उनका मत है कि ऐसा जन सम्पर्क तथा प्रचार निगम को सम्मान तो दिला सकता है किन्तु न तो जन सामान्य को निकट लाता है और न व्यवसाय के अवसरों में वृद्धि करता है। विज्ञापन नीति पर पुर्नविचार कर इसे बहुमुखी, सतत् तथा प्रभावशाली बनाने हेतु आवश्यक उपायों की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. डॉ. एम.एन. मिश्रा, 'बीमा सिद्धांत एवं व्यवहार' लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, वर्ष 2006
2. बालचन्द्र श्रीवास्तव' बीमा के तत्व' साहित्य भवन, आगरा, वर्ष 2007
3. डॉ. कामेश्वर नाथ श्रीवास्तव'भारत में सामाजिक बीमा' बिहार, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, वर्ष 2009
4. डॉ. आर.एल. नौलखा 'बीमा के तत्व' रमेश बुक डिपो, जयपुर, वर्ष 2016

पत्रिकाएँ एवं वार्षिक प्रतिवेदन:–

1. बीमा अभिकर्ता निर्देशिका भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई
2. वार्षिक डायरी भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई
3. योगक्षेम भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई

समाचार–पत्र:–

1. बिजनेस भास्कर
2. बिजनेस स्टेण्डर्ड

वेबसाइट्स:–

1. http://www.licindia.in
2. http://www.irdai.gov.in
3. http://www.policybazaar.com

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

बनास नदी बेसिन (राजस्थान) का भौगोलिक परिवेश नगरीकरण के विशेष संदर्भ में

डॉ. काश्मीर कुमार भट्ट*

* सह आचार्य (भूगोल) राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

प्रस्तावना – कुल जनसंख्या में नगरीय केन्द्रों में निवसित (नगरीय) जनसंख्या का प्रतिशत अंश नगरीकरण तथा एक समयावधि में इस अंश में हुई वृद्धि नगरीकरण की दर कहलाती है। मिश्रा व मिश्रा (1998) के अनुसार नगरीकरण चतुर्आयामी– जनांकिकीय, पारिस्थितिकीय, सामाजिक–तकनीकि एवं आर्थिक–प्रक्रिया है। विश्व इतिहास में नगर चूंकि सभ्यता के केन्द्र रहे हैं। अत: इनमें निवसित (नगरीय) जनसंख्या के विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक स्तर को सुनिश्चित करने के साथ–साथ समीपस्थ ग्रामीण जनसंख्या के लिए प्रेरक का कार्य ये केन्द्र करते रहे हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से भारतवर्ष में विकसित सिन्धु–सारस्वत सभ्यता विश्व में विकसित हुई नगर सभ्यताओं में अग्रणी सिद्ध होती है और पश्चात्काल में दक्षिणी राजस्थान सहित देश के विभिन्न भागों में हुए नगरीकरण के पर्याप्त ऐतिह्य प्रमाण मिलते आये हैं।

विश्व रंगमंच पर सहस्रों वर्षों से जारी नगर केन्द्रों के उद्भव एवं उनमें आये उतार–चढ़ाव सम्बन्धी यात्रा औद्योगिक क्रान्तिकाल से पूर्व तक बहुत धीमी रही। मशीनों, नवीन तकनीकों एवं खोजों से औद्योगीकरण संभव हुआ और तब से यूरोप सहित विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में नगरीय केन्द्रों में तथा उनमें निवसित जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। विगत (बीसवीं) शताब्दी को 'नगरीकरण की शताब्दी' तथा इसके उत्तरार्द्ध (1951–2000) को 'नगरीय विस्फोट' काल के रूप में मान्य किया गया है। 'गांवों के देश' के रूप में ख्यात भारतवर्ष भी उक्त प्रक्रिया से अछूता नहीं रह सका और देश के विभिन्न भागों में नगरीकरण के स्तरों में अपेक्षाकृत उच्चता एवं दर में पर्याप्त वृद्धि दिखायी दी।

विशाल क्षेत्रफल, विराट जनसमूह, सुदीर्घ ऐतिहासिक यात्रा एवं भौगोलिक विविधताओं से युक्त भारतवर्ष के विभिन्न अंचलों में नगरीकरण के स्तर एवं प्रवृत्तियों की दृष्टि से भी विविधता पाई जाती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखकर बनास नदी बेसिन में नगरीकरण व भौगोलिक परिवेश का अध्ययन इस शोध पत्र में किया गया है।

बनास नदी बेसिन : आधारभूत एवं नगरीय तथ्य– बनास नदी बेसिन 24°15' उत्र से 27°उत्तरी अक्षांश तथा 73°30' पूर्व से 77° पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। बनास नदी बेसिन पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भाग को समाहित करता है। बेसिन के क्षेत्र को राजस्थान प्रशासनिक मानचित्र से समायोजित करने से ज्ञात होता है कि बेसिन क्षेत्र में राजस्थान की 53 तहसीलें तथा 10 जिलों का अधिकांश भाग समाहित है। इसमें समस्त राजसमन्द, भीलवाड़ा एवं टोंक जिला, ब्यावर तहसील को छोड़कर समस्त अजमेर जिला, जयपुर का दक्षिणी क्षेत्र, उदयपुर व चित्तौड़गढ़ जिलों के उत्तरी क्षेत्र, सवाईमाधोपुर व दौसा का दक्षिणी तथा करौली के पश्चिमी क्षेत्र आते हैं। बेसिन क्षेत्र का क्षेत्रफल 46020 वर्ग किमी, जनसंख्या 12127788 है। क्षेत्र में 2001 के अनुसार नगरीकरण 36.82 प्रतिशत है।

शोध उद्देश्य:

1. बनास नदी बेसिन में भौगोलिक परिवेश का अध्ययन।
2. बनास नदी बेसिन में नगरीकरण का अध्ययन।

अध्ययन सामग्री :

1. शोधकार्य की पृष्ठभूमि नगरीय भूगोल सम्बन्धी ग्रन्थों व शोधकार्यों पर तथा बनास नदी बेसिन के प्राकृतिक स्वरूप का निर्धारण–विवेचन भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण, भूसर्वेक्षण व मौसम विभाग द्वारा प्रकाशित मानचित्रों व प्रतिवेदनों तथा राजस्थान के भूगोल सम्बन्धी ग्रन्थों पर आधारित है।
2. जनगणना विभाग द्वारा प्रकाशित राजस्थान के प्राथमिक जनगणना सार (1951 से 1991); राजस्थान की सामाजिक सांस्कृतिक व आर्थिक सारणियों (1961–1991); तथा अन्तरताने पर उपलब्ध राजस्थान के प्राथमिक जनगणना सार (Cesus of India, 2001 : http://www.censusindia.net) के आधार पर आर्थिक एवं जनांकिकीय पक्षोपपक्षों का विवेचन किया गया है।

विधि तंत्र : प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण एवं क्षेत्र सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त प्राथमिक आँकड़ों तथा भारत की जनगणना, क्षेत्र के नगरनिकाय कार्यालयों से संकलित द्वितीयक आँकड़ों का परिष्कार विविध सांख्यिकीय विधियों द्वारा किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र का संक्षिप्त परिचय : बनास नदी बेसिन 24°15' उ. से 27° उत्तरी अक्षांश तथा 73°30' पूर्व से 77° पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। बेसिन का क्षेत्रफल 47000 वर्ग किमी है। बनास नदी बेसिन पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भाग को समाहित करता है। बेसिन के क्षेत्र को राजस्थान प्रशासनिक मानचित्र से समायोजित करने से ज्ञात होता है कि बेसिन क्षेत्र में राजस्थान की 53 तहसीलें तथा 10 जिलों का अधिकांश भाग समाहित है। इसमें समस्त राजसमन्द, भीलवाड़ा एवं टोंक जिला, ब्यावर तहसील को छोड़कर समस्त अजमेर जिला, जयपुर का दक्षिणी क्षेत्र, उदयपुर व चित्तौड़गढ़ जिलों के उत्तरी क्षेत्र, सवाईमाधोपुर व दौसा का दक्षिणी तथा करौली के पश्चिमी क्षेत्र आते हैं।



प्राकृतिक दशाएँ – भूगर्भीय संरचना की दृष्टि से क्षेत्र में विविधता दृष्टिगत होती है। दक्षिण पश्चिमी में प्रीकेम्बियन चट्टानी संरचना है तो वही उत्तर पूर्व में नवीन जलोढ़ की प्रधानता है। उच्चावच की दृष्टि से भी बेसिन में विविधता दृष्टिगोचर होती है। विश्व की सबसे प्राचीन अरावली श्रृंखला बेसिन की पश्चिमी सीमा बनाती है साथ ही ये पर्वत बनास बेसिन को पश्चिमी राजस्थान से पृथक करते हैं। सम्पूर्ण बनास बेसिन राजस्थान के दो तिहाई से अधिक पूर्वी मैदान को समाहित करता है। बेसिन की जलवायु, दशाएँ पश्चिमी राजस्थान की शुष्क एवं अर्द्धशुष्क दशाओं से अच्छी है। बेसिन में औसत वर्षा 75 सेमी है। क्षेत्र की मिट्टी मुख्यत: जलोढ़ एवं मध्यम काली प्रकार की है कहीं-कहीं लाल पीली मिट्टी सम्पूर्ण क्षेत्र को उर्वर तथा कृषि योग्य बनाती है। अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से देखे तो बनास मुख्य नदी है बेड़च, मेनाली, कोठारी मानसी ढुंढ़ तथा मोरेल इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ है। दक्षिणी भाग अपवाह तन्त्र की दृष्टि से अधिक समृद्ध है। प्राकृतिक वनस्पति की दृष्टि से यह क्षेत्र उपआर्द्र एवं अर्द्धशुष्क प्रकार की वनस्पति के अन्तर्गत आता है। मुख्य वृक्षों में टीक, पीपल, बरगद, नीम तथा बबूल प्रमुख है।

सांस्कृतिक तत्व – अनुकूल जलवायु तथा उपजाऊ मृदा के कारण कृषि इस क्षेत्र का मुख्य कार्य है। लगभग 45 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्य में संलग्न है। परन्तु विगत 30 वर्षो में इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास भी बहुत तीव्र गति से हुआ है। सीमेन्ट, सूती वस्त, चीनी, सीसा एवं जस्ता, रासायनिक उर्वरक, इन्जीनियरिंग, टेक्सटाईल आदि प्रमुख उद्योग है। जिनका इस क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हुआ है। खनिज संसाधनों की दृष्टि से भी यह क्षेत्र धनी है। सीसा-जस्ता, इमारती पत्थर, अभ्रक, चूना पत्थर तथा फेल्सपार आदि खनिज यहाँ प्रचूरता से पाये जाते हैं।

यातायात एवं परिवहन की दृष्टि से बनास नदी बेसिन राजस्थान के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अग्रणी है। दिल्ली से मुम्बई को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 8, जयपुर से कोटा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 इस क्षेत्र से गुजरते है स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना में दिल्ली से मुम्बई जाने वाला तथा पूर्व-पश्चिम गलियारे में असम को गुजरात से जोड़ने वाला फोरलेन मार्ग इस क्षेत्र में गुजरते हैं। साथ ही अनेक मेगा हाइवे तथा राज्य राजमार्ग इस क्षेत्र को अन्य क्षेत्रों से जोड़ते हैं। दिल्ली-मुम्बई विद्युतीकृत रेलमार्ग तथा दिल्ली-अहमदाबाद, दिल्ली-रतलाम, दिल्ली-उदयपुर रेलमार्ग इस क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। जयपुर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर प्रमुख जंक्शन है। जयपुर उदयपुर शहर हवाई यात्रा से भी जुड़े हैं। जयपुर का सांगानेर हवाई अव अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अव बन चुका है जबकि उदयपुर का डबोक हवाई अव देश के विभिन्न भागों से जोड़ता है।

जनसांख्यिकीय संरचना – 2001

जनसंख्या – जनसंख्या के उच्च (>30000) अंश मध्यवर्ती अजमेर व भीलवाड़ा, उत्तरी जयपुर व किशनगढ़ तथा दक्षिण पश्चिमी गिरवा तहसील में दृष्टिगत होते हैं। जबकि इसके न्यून अंश अधिकांश नवगठित तहसीलों में दिखते हैं इनमें माण्डलगढ़ से अलग हुयी बिजौलिया, सवाई माधोपुर से पृथक हुयी चौथ का बरवाड़ा, सवाई माधोपुर जिले की ही नवगठित मलारना डूंगर, सहाड़ा से पृथक हुयी रायपुर के अतिरिक्त देवगढ़, डूंगला, गंगरार, राशमी तहसीलों में एक लाख से कम जनसंख्यां निवास करती हैं। शेष तहसीलों में इसके मध्यम (100000-300000) मूल्य हैं।

क्षेत्रफल – क्षेत्रफल की दृष्टि से विशालकाय (>1200 वर्ग किमी) तहसीलें उत्तरी दुदु-किशनगढ़-मालपुरा समूह, मध्यवर्ती देवली तथा उत्तर पूर्वी सपोटरा हैं। जबकि इसके निम्न मूल्य (>600 वर्ग किमी) उत्तरपूर्वी चौथ का बरवाड़ा-मलारना डूंगर युग्म दक्षिण पश्चिमी आमेट-देवगढ़-रायपुर-रेलमगरा-राशमी समूह तथा दक्षिणी डूंगला व गंगरार-चित्तौड़गढ़ युग्म के रूप में दिखते हैं। शेष तहसीलों में इसके औसत मूल्य (600-1200) मिलते हैं।

बनास नदी बेसिन : (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

साक्षरता – शिक्षा साक्षरता आज के समय में विकास का सबसे मुख्य घटक है। बेसिन में इसके उच्चतर (>84%) मूल्य उत्तर पश्चिमी अजमेर-केकड़ी युग्म उत्तरी जयपुर, मध्यवर्ती आसीन्द व रेलमगरा-कपासन युग्म दक्षिण पश्चिमी गिरवा व राजसमन्द तहसीलों में मिलते हैं। उच्च मूल्य मध्यवर्ती भीलवाड़ा जिले की भीलवाड़ा, कोटड़ी, माण्डलगढ़, जहाजपुर, सहाड़ा, दक्षिणी चित्तौड़गढ़ जिले की निम्बाहेड़ा, राशमी, भदेसर, डूंगला, चित्तौड़गढ़, गंगरार उत्तर मध्यवर्ती टोंक जिले की देवली, जयपुर जिले की चाकसू, सांगानेर, अजमेर की किशनगढ़ तथा सवाईमाधोपुर जिले की बामनवास तहसीलों में मिलते हैं।

औसत मूल्य (80-82) टोंक जिले की निवाई, पीपलू, टोंक, उनियाय तथा मालपुरा, भीलवाड़ा जिले की बनेड़ा, हुरड़ा, बिजौलियां, माण्डल, जयपुर की दुदु, फागी, सवाईमाधोपुर की खंडार, मलारना डूंगर, चित्तौड़गढ़ जिले की देवगढ़ तहसील में मिलते हैं। निम्न मूल्य (>80%) सवाईमाधोपुर जिले की चौथ का बरवाड़ा, सपोटरा जयपुर की बस्सी, लालसोट तथ दक्षिण पश्चिमी भीम तहसील में मिलते हैं।

लिंगानुपात – प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या अर्थात् लिंगानुपात के उच्च मूल्य (>1000) दक्षिण पश्चिम आसीन्द-भीम-देवगढ़-रेलमगरा-रायपुर- राशमी-सहाड़ा-माण्डल तहसील समूह रूपी क्षेत्र तथा इसके प्रक्षिप्त अंश के रूप में डूंगला में दिखाई देते हैं। उच्च मूल्य (950-1000) का आधिक्य भी मुख्यत: मध्यवर्ती एवं दक्षिणी क्षेत्र में दिखते हैं। निम्बाहेड़ा, राजसमन्द, सरवाड़, शाहपुरा, आमेट बनेड़ा, भदेसर, भिनाय, गंगरार, कपासन, केकड़ी, कोटड़ी, मावली, नाथद्वारा तहसीलें इसके अन्तर्गत आती हैं। औसत मूल्य (900-950) युक्त तहसीलों का प्राधन्य उत्तरी क्षेत्र में हैं।









जबकि निम्न (<900) मूल्य उत्तरी जयपुर व सांगानेर उत्तर पूर्वी सवाई माधोपुर जिले की बामनवास, बोली, यंडार, सपोटरा एवं सवाई माधोपुर तहसीलों में दिखते हैं। सर्वाधिक नगरीकृत व उच्च शिक्षित जयपुर व सांगानेर में लिंगानुपात के सबसे कम मूल्य चिंताजनक स्थिती की और इंगित करते हैं और विकसित समाज की संवेदनशीलता पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हैं।

कार्यशील जनसंख्या – कार्यशील जनसंख्या के उच्च (>50%) अंश क्षेत्र के मध्य में स्थित बनेड़ा–कोटड़ी युग्म, दक्षिण में स्थित गंगरार–कपासन–भदेसर–डूंगला–राशमी तहसील समूह में मिलते हैं इसके प्रक्षिप्त अंश भिनाय एवं उत्तर पूर्वी खंडार तहसील में मिलते हैं।

उच्च अंश (45–50%) भीलवाड़ा जिले की बिजौलियां, जहाजपुर, माण्डल, माण्डलगढ़, सहाड़ा शाहपुरा, टोंक जिले की टोडारायसिंह, उनियारा, निवाई, पीपलू, देवली, चित्तौड़गढ़, की निम्बाहेड़ा, देवगढ़ तथा सवाई माधोपुर जिले की बोली तहसील में दिखते हैं।

औसत अंश (40–45%) का आधिक्य उत्तरी व मध्य भाग में दिखाई देता हैं। वही इसके न्यून अंश (<40%) अजमेर, आमेट, आसीन्द, गिरवा, जयपुर, किशनगढ़, नाथद्वारा, सांगानेर, सवाईमाधोपुर व टोंक तहसीलों में दृष्टिगोचर होते हैं।

अनुसूचित जाति – अनुसूचित जातीय जनसंख्या के उच्च अंश मुख्यत:

उत्तरी क्षेत्र की तहसीलों में पाये जाते हैं उत्तरी निवाई, चाकसू, फागी, मालपुरा, लालसोट, सपोटरा, खंडार, भिनाय, केकड़ी एवं दक्षिणी राशमी में इसके उच्च अंश हैं। जबकि इसके न्यून अंश मुख्यतया दक्षिणी क्षेत्र में केन्द्रित हैं। मध्य भाग में इसके औसत अंश युक्त तहसीलों का प्राधान्य हैं।

अनुसूचित जनजाति – अनुसूचित जनजातीय जनसंख्या के उच्च अंश उत्तरी पूर्वी सवाईमाधोपुर जिले की बामनवास, बोली, सपोटरा, उनियारा, चौथ का बरवाड़ा, जयपुर की लालसोट, बस्सी, मध्य पूर्व में भीलवाड़ा की जहाजपुर तथा दक्षिण में उदयपुर की गिरवा तहसील में मिलते हैं। उत्तर पूर्व व मध्य पूर्व की तहसीलों में मीणा तथा दक्षिण की गिरवा में भील व गरासिया जनजाति का आधिक्य हैं। इसके औसत मूल्यों का प्राधान्य दक्षिण की तहसीलों में मिलता हैं। शेष तहसीलों में इसके न्यून मूल्य पाये जाते हैं।

भारत, राजस्थान व बेसिन क्षेत्र का तुलनात्मक अध्ययन : प्रस्तुत सारणी में 1951 से 2001 के मध्य राष्ट्रीय, प्रादेशिक नगरीकरण की तुलना बेसिन क्षेत्र से करने पर निम्न तथ्य उभरते है –

नगरीकरण के स्तर

जनगणना वर्ष	राष्ट्रीय औसत	राज्य औसत	बेसिन औसत
1951	17.2	18.5	24.7
1961	18.0	16.3	23.1
1971	19.9	17.6	26.3
1981	23.3	20.9	30.79
1991	25.7	22.9	31.11
2001	27.8	23.4	36.82

1. समस्त विश्व के नगरीकरण (>50%) की तुलना में भारत में नगरीकरण के स्तर काफी कम है।
2. भारत में नगरीकरण की तुलना में राजस्थान में नगरीकरण के स्तर और भी कम है।
3. नदी बेसिन होने के कारण कृषि कार्य की अधिकता, कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार, मैदानी क्षेत्र होने के परिणामस्वरूप बनास नदी बेसिन में हुये विकास के कारण बेसिन में नगरीकरण के स्तर राजस्थान एवं राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। जो कि एक सुखद पहलु है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान –प्राथमिक जनगणना सार, II ख, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
2. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान –आर्थिक सारणियाँ, III.ख, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
3. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान –सामाजिक एवं सांस्कृतिक सारणियाँ, IV. क–ग, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
4. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका –उदयपुर, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
5. भारत की जनगणना 1991 : राजस्थान, जिला जनगणना पुस्तिका –चित्तौड़गढ़, जनगणना निदेशालय, जयपुर।
According to media and IT expert Satyaki Bhattacharya, there is a need to look at the issue of moonlighting according to the changes taking place in the current social and economic sector. In today's era, there are constant changes in the social values, now is not the time when a person keeps working in the same company for life and wants to retire from the same company. Today's youth choose such a field of work which is interesting for them and at the same time maximum money can be earned.

According to a report by the World Economic Forum, during covid-19, there has been a sharp decline in the dedication of people towards companies and with this the person wants to be financially capable. (6)

According to the news published in an English newspaper, today's young generation is continuously postponing the plans of marriage and family expansion, behind which the economic reason is responsible.

Why do today's youth do moonlighting? It is determined by the fact that what is his hob and his salary? If a person is a fresher then it is obvious that his salary is very less and he cannot support his family due to low salary in big cities.

In the era of Corona-virus people of have not only done side jobs but have also done two to three jobs at a time. Most examples of moonlighting were seen in the IT sector because of the past several years, there has been a huge difference in the salary of fresher and top executives of IT companies. (7)

Advantages of Moonlighting – The following are the advantages of moonlighting :

1. Increase Income:- Through moonlighting, the employee can change his lifestyle by increasing his income, fulfill all his and his family's unwanted desires and live a better life.

2. Financial Security:- Moonlighting increases the income of a person and strengthens his financial condition, he does not have to rely on only one job.

3. Promote Opportunism:- To increase the income, the person wants to do more than one job and looks for new opportunities. Because of this, he learns new skills, faces new challenges, this increases his talent.

4. Freedom from Monotony:- Working in the same company for a long time makes the employees feel bored and they are looking for a new opportunity in the form of a new job in search of more income as well as new work. (8)

Disadvantages of Moonlighting – The following are the disadvantages of moonlighting:

1. High probability of privacy theft.
2. The end of the fiduciary relationship between the company and the employees.
3. The biggest loss among the ill effects of moonlighting is the acute shortage of skilled workers due to the large number of employees being fired.
4. Economic loss to companies due to heavy business

competition and lack of traders.

5. Company binds employees to strict contracts, terms and conditions.
6. Many professionals in which most of the IT employees are earning their income from moonlighting or any other source along with job in a company, then they have to give this information while filing income tax return, otherwise they may have to face problems later. And such a person may have to face investigation as per IT section 148 A or may also be fined. (9)

Moonlighting: Legal or Illegal:

1. Is moonlighting legal or illegal? Experts have different arguments on this subject and different companies have different opinions. Although some companies consider it illegal, the famous IT Company Wipro has recently fired 300 employees because those employees were working for Wipro as well as other Wipro's competing companies. (Sharma)
2. While some companies have given warnings to employees doing moonlighting and some companies have accepted it with conditions, but most of the big IT companies have considered moonlighting as illegal and unethical.
3. According to experts, there is no law in India regarding moonlighting for IT professionals and employees working in the position of administrative or supervisor, nor is there any mention of it in law books.
4. Moonlighting is also the name given to people doing more than one job. Regarding which Indian law is silent, although according to section 60 of the Indian Factories Act, 1948 adult persons working in factories are prohibited from having more than one employment (duel employment).
5. Similarly, laws like section 65 of the Mumbai Shops and Establishment Act 1948 and the Delhi Shops and Establishment Act 1956 also prohibit double employment of an employee. (10)
6. While appointing any person as an employee in the company, according to the Industrial Employment Standing Order Act, 1946 a service letter is issued in which consent is obtained regarding the rules in the terms of the company from the first day of employment to the last date, and an agreement is made and a warning is given that if the employee violates the terms mentioned in the agreement, he may be dismissed i.e. these conditions may also include things like moonlighting and in such a situation the terminated employees may have to approach the court regarding his salary or job. (Mukhopadhyay)
7. However, many companies seem to be softening their stand regarding moonlighting. The argument of such a company is that they do not mind small tasks being done by their employees, but for this it is necessary for those employees to take approval from their manager. (11)

Conclusion- In essence, it can be said that moonlighting is not completely banned in India, but still, employees found guilty on the basis of moonlighting or violating the terms mentioned in the company's contracts can be fired from the company as a punishment. Apart from this, many companies are not considering moonlighting as illegal, unethical and are accepting it with certain conditions due to the economic need of the employee and the changing social environment. Government of India needs to think about moonlighting and there is a need to make new laws keeping in view the changing social and economic environment. It is necessary for all government or non-government IT companies to set such guidelines regarding the salary of employees so that their employees become financially capable and they do not have to resort to moonlighting.

References:–

Research Papers :-

1. Kaur, Dr.Hardeep and Ms.Kavita Saini. "A Review Study on the Concept of Moonlighting and it's Impact on Growth of Organisation." Journal of XI'an University of Architecture & Technology 12 (2020): 4406-4420.
2. Arora, Nidhi. "Analyzing moonlighting as HR retention policy: A new trend ." Journal of Commerce and Management Thought 4(2) (2013): 329-338.
3. Manzella, Pietro. "Working by the Light of the Moon: The Translation of 'Moonlighting' in Multilingual Official Documents. A Review." Comparative Legilinguistics 39 (2019): 5-20.
4. Banerjee, S. "EFFECT OF EMPLOYEE MOON-LIGHTING: A CHALLENGING TASK FOR MANAGERS AND ORGANIZATIONS." Int. J. Mgnt Res. & Bus. Start 1 (2012): 8.
5. George, A Shaji and AS Hovan George. "A Review of Moonlighting in the IT Sector And its Impact." Partners Universal International Research Journal 1(3) (2022): 64-73.
6. Ferrinho, Paulo and Wim Van Lerberghe. "Managing health profesionals in the context of limited resources: a fine line between corruption and the need for moonlighting." Unpublished manuscript (2002).
7. Geys, Benny and Karsten Mause. "Moonlighting politicians: a survey and research agenda." The Journal of Legislative Studies 19(1) (2013): 76-97.
8. Vyas, Muktak and Jyotsna Pareek. "A Study of Employee Moonlighting in Present Scenario." INROADS-An International Journal of Jaipur National University 4(1) (2015): 28-30.
9. Bhatt, Kaushal and Jeel Sheth. "A Comparative Study between Moonlighting and Non-Moonlighting Academicians' Involvement in their Respective Organisation's Development- A Pilot Study." HUMAN RESOURCE MANAGEMENT PRACTICES FOR INDUSTRY 4.0 (2021): 181.

10. Guariglia, Alessandra and Byung Yeon Kim. "Earnings uncertainty, precautionary saving, and moonlighting in Russia." Journal of Population Economics 17(2) (2004): 289-310.
11. Noronha, Ernesto and Premilla D'Cruz. "Seeking the future: After-hours telecommuters in India's medical transcription industry ." Labour and Management in Development Journal 8 (2008): 15-27.

Articles & websites :–

1. Sharma, Mamta. Moonlighting is an idea whose time has come, mindsets need to change. 26 September 2022. <http://www.peoplematters.in/article/employee-engagement/moonlighting-is-an-idea-whose-time-has-come-mindsets-need-to-change-35405>.
2. Mukhopadhyay, Sounak, Explained: What is moonlighting? Is it ethical if you do more than one job in India? <https://www.livemint.com/news/india/explained-what-is-moonlighting-is-it-ethical-to-do-more-than-one-job-in-india-11661748291458>
3. SHAHAGADKAR, RUCHI: Why young Indians are moonlighting – they need two jobs in this economy. https://theprint.in, October 4, 2022.
4. https://www.thehindu.com/business/watch-business-matters-what-does-the-law-say-on-moonlighting/article65972901.ece
5. www.outlookindia.com
6. https://www.hindi.news18.com, Last updated: Septem -ber 27, 2022, 19:37 IST
7. https://www.geeksforgeeks.org /what-is-moonlighting-is-moonlighting-legal-or-illegal/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Smog Effect on Health

Dr. Malti Dubey (Rawat)*

***Associate Professor (Chemistry) Govt. Auto. P.G. Girls College of Excellence, Sagar (M.P.) INDIA**

Abstract - Smog is air pollution that reduces visibility. The term "SMOG" was first used in the early 1900s to describe a mix of smoke and fog. The smoke usually come from burning coal. Smog was common in industrial areas and remains familiar sight in cities today. Today most of the most of the smog we see is photochemical smog.

Ground-level ozone (A key component of smog) is associated with many problems. Such as diminished lung function, increased asthama & increased in premature deaths.

Keywords – Smog, Ozone, Pollutants, Photochemical Smog.

Photochemical formation of Smog – Photochemical Smog was first described in the 1950s. this forms when sunlight hits various pollutants in the air and forms a mix of inimical chemicals that can be very dangerous. A photo-chemical smog is the chemical reaction of sunlight nitrogen oxides (NOx) and volatile organic compounds (VOCs) in the atmosphere, which leaves airbone particles called particular matter and ground-level ozone.

Nitrogen Oxides are released by nitrogen and oxygen in the air reacting together under high temperature such as in the exhaust of fossile fuel-burning engines in cars, trucks, coal power plants and industrial manufacturing factories. OVCs are released from manmade sources, such as pine and citrus tree emissions.

This noxion mixture of air pollutants can include the following :

Aldehyde, Nitrogen Oxides, Nitrogen dioxides, Peroxyacyl nitrates (PAN), Tropospheric Ozone, Volatile Organic-Compounds (VOCs)

All of these chemicals are usually highly reactive and oxidizing. Photochemical smog is therefore considered to be a problem of modern industrialization. It is present in all modern cities, but it is more common in cities with sunny, dry climates and a large number of motor vehicles. Because it travels with the wing, it can affect sparsely populated area as well.

Smog is a problem in a number of cities and continues to harm human health. Ozone, Sulfur dioxide, Nitrogen dioxide and carbon monoxide are especially harmful for senior citizens, children and people with heart and lung conditions such as emphysema, bronchitis and asthma. Respiratory deaths often increase during periods when ozone levels are high.

Smog can from in almost any climate where industries or cities release large amounts of air pollution such as smoke or gases. However it is worse during periods of warmer, summer weather when the upper air is warm enough to inhibit vertical circulations. It is especially prevalent in geologic basins encircled by hills or mountains. It often stays for air extended period of time over densely populated cities or urban areas.

Cause of Smog – Two distinct types of Smog are recognized-

(1) Sulfurous Smog
(2) Photochemical Smog

(i) Sulfurous Smog – Which also called "London Smog, results from a highly concentration of sulfur oxides in the air and is caused by the use of sulfur-burning fossil fuels particularly coal.

(ii) Photochemical Smog – Photochemical smog is a mixture of pollutants that are formed when nitrogen oxides and volatile organic components (VOCs) react to sunlight, creating a brawn haze above cities.

(iii) Reducing Smog – Clerical Smog is called reducing as it contains high concentration of sulfur dioxide, which is a reducing agent.

(iv) Oxidizing Smog – Photochemical smog is sometimes called oxidizing smog as it contains high concentration of oxidizing agent like ozone. HNO_3.

How smog harmful to health – When smog is inhaled, it may cause the following effect on humans-

(i) Coughing and Wheezing
(ii) Burning sensation in eyes and throat
(iii) Risk of serious heart diseases
(iv) Risk of Serious lung disease
(v) Dangerous for people suffering from asthama
(vi) Smog can also kill plants

How to Control Smog :

(i) Using renewable sources of energy
(ii) Reducing the number of vehicles, for this to happen there should be and efficient public transport system with last-mile connectivity
(iii) Increase in energy efficiency
(iv) Use smog towers. This has been used successfully in China.

References: –

1. Smog – causes. The Environment A Global Challenge. Archived from the original on 19 Jan. 2001. Retrieved 25 Oct. 2013.
2. Smog – United States Environmental – Protection agency. July 1999, Archived form the original PDF on 28 March 2008.
3. ESS Topic Smog. Amazing World of Science with Mr. Green. Retrieved 19 Sept. 2019.
4. Smog, Organic Photochemistry. Page No 93, 2013, NBS, New Delhi.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति की विकास योजनाऐं : एक परिदृश्य

डॉ. जितेन्द्र सेन *

*सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) पंडित एस एन शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत की सभ्यता और संस्कृति विश्व में अनूठी है। भारत में विभिन्न प्रजातियों का उद्भव और विकास हुआ। भारत की कई प्रजातियां पर्वतों व वन प्रदेशों के निकट निवास करने के कारण तथा भौगोलिक दुरूहता के कारण विकास की दृष्टि से काफी पीछे रह गई। इन्हीं समुदाय के लोगों को विकसित क्षेत्र के नागरिकों ने वनवासी, वन्य जाति, जनजाति, आदिम जाति तथा आदिवासी की संज्ञा दी है। देश की सर्वाधिक जनजातीय आबादी मध्य प्रदेश में निवास करती है। मध्य प्रदेश का इंद्रधनुषी आदिवासी जगत अपनी विशिष्टताओं के कारण मानव वैज्ञानिकों को विशेष रूप से आकर्षित करता रहा है। मध्यप्रदेश में कुल 43 अनुसूचित जनजाति समूह मे अधिसूचित है। अनुसचित जनजातियाँ पद सर्वप्रथम भारत के संविधान में प्रकट हुआ। अनुच्छेद 366 (25) में अनुसूचित जनजातियों को ऐसी आदिवासी जाति या आदिवासी समुदाय या इन आदिवासी समुदाय का भाग या उनके समूह के रूप में, जिन्हें इस संविधान के उद्देश्य के लिये अनुच्छेद 342 में अनुसूचित जनजातियाँ माना गया है, परिभाषित किया गया है।

भारत के महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा मध्यप्रदेश के लिये जारी अनुसूचित जनजातियों की सूची संशोधन (1976) में इन्हें 46 समुदाय के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया था। भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 8 जनवरी 2003 द्वारा म.प्र. की अनुसूचित जनजातियों की सूची में अंकित क्रमश: कीर, मीना एवं पारधी जनजातियों को सूची से विलोपित किया गया है। इस प्रकार मध्यप्रदेश राज्य में वर्तमान में 43 जनजातीय समूह निवासरत हैं, ये समूह एक या एक से अधिक उपजातियों में पृथक-पृथक सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूपों में विभक्त है। अनुसूचित जनजाति देश की कुल आबादी का 8.14 प्रतिशत है। क्षेत्रफल की दृष्टि से लगभग 15 प्रतिशत भू-भाग पर अनुसूचित जनजातियाँ निवासरत हैं। मध्यप्रदेश भारत की संपूर्ण जनजातीय जनसंख्या का सर्वाधिक जनसंख्या (14.65 प्रतिशत) वाला प्रदेश है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 7,26,26,809 में जनजातीय जनसंख्या 1,53,16,784 है। यह प्रदेश की कुल जनसंख्या का 21.09 प्रतिशत है।

मध्यप्रदेश मे जनजातियों का वितरण

क्र	जनजाति का नाम	उपसमूह	जिले
1	गोंड	प्रधान,अगरिया, ओझा,नगरची, सोलहास	मध्यप्रदेश के सभी जिले नर्मदा के दोनो किनारों विंध्य सतपुड़ा
2	भील	बरेला ,भिलाला, पटेलिया	धार झाबुआ खंडवा बुरहानपुर
3	बैगा	बिझवार ,नरेटिया, नाहर ,राय ,भैना, कथ ,भैना	मंडला , शहडोल बालाघाट
4	कोरकू	मवेसिरुया नाहला बाबरी बेदोयन	खंडवा बुरहानपुर होशंगाबाद बैतूल छिंदवाड़ा
5	भरिया	भूटिया मुई नहार पंडो	छिंदवाड़ा जबलपुर बालाघाट हल्ला हल्बी बस्तरीया छत्तीसगढ़िया बालाघाट
6	कोल	श्रेहिया राथेल	रीवा सतना शहडोल छिंदवाड़ा
7	मारिया	अबूझ मारिया दंडभी भरिया मेटा ओयातुर	पन्ना शहडोल छिंदवाड़ा
8	सहारिया		गुना शिवपुरी मुरैना ग्वालियर विदिशा राजगढ़

स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275 एवं 339 में अनुसूचित जनजातियों के लिए आर्थिक विकास एवं अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन की व्यवस्था की गई। अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास हेतु पांचवी पंचवर्षीय योजनाकाल से आदिवासी उपयोजना की रणनीति अपनायी गयी हैं। जनजातियों के विकास हेतु विभिन्न विकास विभागों के माध्यम से आर्थिक, शैक्षणिक, मानव संसाधन क्षेत्र विकास एवं अन्य विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

म.प्र. की जनजातियाँ हेतु विकास परियोजनाएँ – मध्यप्रदेश, भारत का सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या वाला राज्य है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 7,26,26,809 तथा जनजाति जनसंख्या 1,53, 16,784 है। यह प्रदेश की कुल जनसंख्या का 21.09 प्रतिशत है। संविधान में आदिवासी समाज को सुदृढ़ता की श्रंखला में बाँधने का प्रयास सुरक्षा और संरक्षण प्रदान कर किया है। भारत सरकार द्वारा योजना के प्रारंभ में आदिवासी उपयोजना की रणनीति स्वीकार करने के पश्चात् मध्यप्रदेश में अनुसूचित क्षेत्र तथा 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले जिले, तहसीलों एवं विकास खंडों को इकाई मानकर आदिवासी उपयोजना क्षेत्र का निर्धारण किया गया व विभिन्न परियोजना क्षेत्र चिन्हित किये गये। प्रदेश की जनजातियों के विकास हेतु राज्य एवं

केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न विकास विभागों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास संबंधी अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

आदिवासी उपयोजनाएँ– प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र 3.08 लाख वर्ग किलोमीटर का 3.18 प्रतिशत (0.98 लाख वर्ग किलो मीटर) क्षेत्र आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में आदिवासी उपयोजना क्षेत्रांतर्गत 31 एकीकृत आदिवासी परियोजनाएँ (जिनमें 26 वृहद, 05 मध्यम), 30 माडा पॉकेट (मॉडीफाइड एरिया डव्हलपमेंट एजेंसी) एवं 06 लघु अंचल संचालित है,जिनके द्वारा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में अधोसंरचना विकास कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है ताकि जनजातीय क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सके।

शैक्षणिक योजनाएँ – शिक्षा किसी भी योजना की सफलता के लिये प्रथम आवश्यकता है। जनजातियों के लिये शिक्षा की महत्ता को समझते हुये संविधान के अनुच्छेद 15 (4) एवं धारा 46 में अनुसूचित जनजातियों में शिक्षा के विकास के लिये विशेष उपबन्धों का उल्लेख किया गया है। इसी के परिणाम स्वरूप आदिवासियों के लिये स्कूल तथा कालेज स्तर पर योजनाएँ बनी है। विभाग द्वारा प्राथमिक शाला से उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के संचालन के साथ–साथ जनजातीय विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ भी दी जाती है। अनुसूचित जनजातियों के उत्थान हेतु म.प्र. शासन के जनजातीय कार्य विभाग के कार्यक्रमों में शैक्षणिक कार्यक्रम प्रमुख है। प्रदेश के 89 विकास खण्डों में विभाग द्वारा प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक शालाएँ संचालित की जा रही है। शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिये उक्त शालाओं के अतिरिक्त विशिष्ट आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन भी किया जा रहा है। वर्तमान में 2629 छात्रावास/आश्रम एवं 139 अन्य आवासीय संस्थाओं सहित कुल 2768 आवासीय संस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की स्वीकृति एवं वितरण का दायित्व भी है। इस प्रकार विभाग जनजातियों के विकासार्थ शैक्षणिक, आर्थिक एवं अन्य विकास योजनाएँ जो उनके विकास में सहायक है, संचालित कर जनजातीय विकास की दिशा में सतत् प्रयासरत है।

आवासीय विद्यालय योजना – जनजातीय विकास हेतु परियोजनाओं की लागत को पूरा करने तथा अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन स्तर को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 275(1) के पहले प्रावधान के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को भी अनुदान दिया जाता है। जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने हेतु निधियों के कुछ हिस्से का प्रयोग किया जाता है।

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजनाएँ– मध्यप्रदेश में आदिवासी उपयोजना क्षेत्र अंतर्गत, योजनाओं के निर्माण, बजट प्रबंधन, पर्यवेक्ष अनुश्रवण तथा संबंधित विभिन्न विकास विभागों के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित करने के लिए 26 वृहद परियोजनाएँ, 05 मध्यम परियोजनाएँ, 30 माडा पाकेट्स (मॉडीफाइड ऐरिया डव्हलपमे एजेसी) एवं 06 लघु अंचल अस्तित्व में हैं।

विशेष पिछड़ी जनजाति समूह प्राधिकरण– भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश की 03 जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति में अनुसूचि अधिसूचित किया गया है ये हैं :– बैगा, भारिया एवं सहरिया। बैगा, भारिया एवं सहरिया विशे पिछड़ी जनजाति के लिये राज्य स्तरीय अभिकरणों का गठन किया गया है। प्रत्येक अभिकरण इन्हीं जातियों के एक अध्यक्ष तथा तीन अशासकीय सदस्य मनोनीत रहेगें।

जनजातियों के विकास अभिकरण– विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास हेतु योजनाएँ बनाने व क्रियान्वयन करने हेतु 11 अभिकरण कार्यरत हैं, जिनका कार्य क्षेत्र 15 जिलों में है।

क्र.	मुख्यालय	कार्यक्षेत्र
	सहरिया विकास अभिकरण :	
1	श्योपुरकलां	श्योपुरकलां/मुरैना/भिण्ड
2	शिवपुरी	शिवपुरी जिला
3	गुना	गुना एवं अशोकनगर जिला
4	ग्वालियर	ग्वालियर /दतिया जिला
	बैगा विकास अभिकरण:	
5	मंडला	मंडला जिला
6	शहडोल	शहडोल जिला
7	बालाघाट	बालाघाट जिला
8	उमरिया	उमरिया जिला
9	डिण्डोरी	डिण्डोरी जिला
10	अनूपपूर	अनूपपूर जिला
	भारिया विकास अभिकरण (पातालकोट)	
12	तमिया	तमिया

आदिम जनजातीय समूह (पी.टी.जी) के विकास की योजना – 17 राज्यों तथा 1 संघ राज्य क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कृषि हेतु पूर्व तकनीक, कम साक्षरता दर तथा घट रही या स्थिर आबादी के आधार पर 75 आदिम जनजातीय समूह (पीटीजी) के रुप में पहचाना गया है। इन समूहों की असुरक्षा को देखते हुए, पी.टी.जी के संपूर्ण विकास के लिए एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना वर्ष 1998–99 में शुरु की गई थी। यह योजना बहुत लचीली है और इसमें आवास, बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि संवितरण विकास, कृषि विकास, पशु विकास, सामाजिक सुरक्षा, बीमा, आदि शामिल हैं। 2007–08 के दौरान, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए संबंधित राज्य सरकारोंध्संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए गए आधारभूत सर्वेक्षणों के माध्यम से व्यापक दीर्घकालिक 'संरक्षण एवं विकास (सीसीडी) योजना' पी.टी.जी हेतु तैयार की गई। इन योजनाओं में राज्य सरकारों तथा गैर–सरकारी संगठनों के प्रयासों के बीच तालमेल हेतु की परिकल्पना की गई थी।

जनजातीय अनुंसधान संस्थान– आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु,पश्चिम बंगाल, उत्तारप्रदेश, मणिपुर तथा त्रिपुरा में चौदह जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) स्थापित किए गए हैं। ये संस्थान राज्य सरकारों को योजना संबंधी जानकारियां जैसे– अनुसंधान एंव मूल्यांकन अध्ययन, आंकड़ों का संग्रह, प्रथागत कानून का संहिताकरण तथा प्रशिक्षण, संगोष्ठियां तथा कार्यशालाओं का आयोजन में संलग्न है। इनमें से कुछ संस्थानों का संग्रहालय भी है जिसमें जनजातीय कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाता है।

अनुसूचित जनजाति के छात्रों की प्रतिभा उन्नयन – इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के छात्रों को विशेष तथा सुधारात्मक प्रशिक्षण देकर इनकी प्रतिभा का उन्नयन करना है। सुधारात्मक प्रशिक्षण का प्रयोजन

विभिन्न विषयों में कमियों को दूर करना है जबकि विशेष प्रशिक्षणों में इंजीनियरिंग तथा चिकित्सा विषयों जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त करने हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार करना शामिल है। यह योजना राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को 100% केंद्रीय सहायता प्रदान करती है। प्रति छात्र प्रति वर्ष 15,000 रूपये का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को कोई भी वित्तीय बोझ का वहन करने की आवश्यकता नहीं होती है।

निष्कर्ष – संविधान में अनुसूची 5 में अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण का प्रावधान है साथ ही अनुच्छेद 17 समाज में किसी भी तरह की अस्पृश्यता का निषेध करता है तो नीति निदेशक तत्त्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 46 के तहत राज्य को यह आदेश दिया गया है कि वह अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य दुर्बल वर्गों की शिक्षा और उनके अर्थ संबंधी हितों की रक्षा करे। संविधान में जनजातियों के राजनीतिक हितों की भी रक्षा के लिए उनकी संख्या के अनुपात में राज्यों की विधानसभाओं तथा पंचायतों में स्थान सुरक्षित रखे गए हैं। जनजातियों की साक्षरता दर जो 1961 में लगभग 10.3% थी वह 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 66.1% तक बढ़ गई। सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सुविधा देने की दृष्टि से अनुसूचित जातियों के सदस्यों की आयु सीमा तथा उनके योग्यता मानदंड में भी विशेष छूट की व्यवस्था की गई है।

जनजातियों के उत्थान की दिशा में महत्तवपूर्ण कार्य किये गए हैं। इन सराहनीय कदमों के बावजूद देश भर में जनजातीय विकास को और मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके अलावा शिक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने है कि आदिवासियों के लिये सामान्य शिक्षा तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। स्कूलों में उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाए जिससे कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्हें बेकारी की समस्या से न जूझना पड़े। कृषि, पशु-पालन, मुर्गी-पालन, मत्स्य-पालन, मधुमक्खी-पालन एवं अन्य प्रकार की हस्तकलाओं का भी उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है सरकार अपने स्तर पर जनजातियों की स्थिति को सुधारने की दिशा में बेहतर प्रयास कर रही है लेकिन शासन के कार्यों में और अधिक बदलाव की जरुरत है। योजनाओं का लाभ जनजातियों तक नहीं पहुँच पाता है। इस रुकावट को दूर करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्टेटिस्टीकल प्रोफाइल ऑफ शेड्यूल्ड ट्राइब्स, जनजातीय मंत्रालय का सांख्यिकी विभाग, भारत सरकार, 2013
2. जैन, कल्पना, बैगा जनजाति द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले उपकरण, आदिम जाति अनुसन्धान एवं विकास संस्थान, भोपाल, 2007
3. एल्विन, वैरियर, द बैगा, जॉन मुर्रय अलबेमार्ले स्ट्रीट, डब्लू लंदन, 1939
4. फोरसिथ, कैप्टन जे., द हाइलैंड ऑफ सेंट्रल इंडिया, चौपमैन एंड हॉल, 193, लंदन, 1872।
5. रसेल, आर. वी., हीरालाल, द ट्राइब्स एंड कास्ट ऑफ सेन्ट्रल प्रोविसन ऑफ इंडिया, वाल्युम दो, लन्दन, 1916
6. शूबर्ट, डब्लू.एच., सुपरीटेंडेंट ऑफ सेंसेस ऑपरेशान सेन्ट्रल प्रोविसन एंड बरार, नागपुर, 1931
7. एल्विन, वैरियर, द बैगा, जॉन मुर्रय अलबेमार्ले स्ट्रीट, डब्लू लंदन, 1939
8. रसेल, आर.वी., हीरालाल, द ट्राइब्स एंड कास्ट ऑफ सेन्ट्रल प्रोविसन ऑफ इंडिया, वाल्युम दो, लन्दन, 1916
9. एस.एल. दोषी, भील्स, स्टेशलिंग पब्लिसर्स, प्रा.लि. नई दिल्ली, 1961
10. महेश कुमार मेहता, मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्र में सामुदायिक विकास योजनाओं की प्रगति, रानी दुर्गावती वि.वि. जबलपुर, 1976
11. डॉ. नेमीचंद जैन, भीली का भाषा शास्त्रीय अध्ययन, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, 1991
12. डॉ. शुक्ला महेश एवं डॉ. रफीक मोहम्मद खैरवार जनजाति की सामाजिक आर्थिक एवं संस्कृतिक समस्या अर्जुन पब्लिकेशन दरियागंज नई दिल्ली।
13. निरपुणे बसंत , सहारिया , मध्यप्रदेश आदिवासी लोककला परिषद भोपाल प्रकाशन।
14. रसेल एंड हीरालाल द ट्राइव एंड कास्ट्स ऑफ द सेंट्रल प्रविंश।
15. अखिलेश डॉ. एस सामाजिक मानव शास्त्र साहित्य भवन पब्लिशर्स।
16. गधेर ए विलेज सर्वे ऑफ इंडिया 1961
17. भानु व्यास उदय सहरिया विकास अभिकरण एक मूल्यांकन।
18. गुप्ता डॉ. जगदीश प्रागैतिहासिक भारतीय चित्रकला मध्यप्रदेश ग्रंथ अकादमी भोपाल।
19. मजूमदार डी एन रेस एंड कल्चर ऑफ इंडिया एशिया पब्लिशिंग हाउस बांबे 1958।
20. https://tribal.nic.in/Statistics.aspx.
21. https://en.wikipedia.org/wiki/Tribe

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतीय जीवन बीमा निगम की विभिन्न बीमा योजनाएँ एवं जीवन बीमा प्रक्रिया का अध्ययन

नितेश ग्रेवाल *

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – जीवन बीमा के सम्बन्ध में भारत में विविध प्रकार की बीमा योजनाएँ प्रचलन में है। इस विविधता के पीछे मूल आधार यह है कि विभिन्न व्यक्तियों की जीवन सम्बन्धी विभिन्न आवश्यकताएँ होती है। इन्हीं आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए वह जीवन बीमा पॉलिसी का चयन करता है। एक व्यक्ति की भावी आवश्यकताएँ – बच्चों की शिक्षा एवं विवाह, सेवानिवृत्ति पश्चात् तथा वृद्धावस्था एवं असमर्थता की दशा में नियमित आय एवं आकस्मिक मृत्यु की दशा में परिवार के सदस्यों की आर्थिक सुरक्षा आदि हो सकती है। भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा बीमा कराने वालों के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार की बीमा योजनाओं का निर्धारण किया गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय जीवन बीमा निगम समय–समय पर परिस्थितियों को दृष्टि में रखकर नवीन जीवन बीमा योजनाएँ जारी करता है, जो बीमा योग्य व्यक्तियों की आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप होती है।

बीमा योजनाएँ– भारतीय जीवन बीमा निगम के पास देश के प्रत्येक वर्ग के लिए उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनेकों बीमा योजनाएँ उपलब्ध है। निगम के विभिन्न बीमा योजनाएँ निम्न प्रकार है –

(1) बन्दोबस्ती बीमा योजनाएँ – बन्दोबस्ती बीमा योजना से आशय ऐसी योजना से है, जिसके अन्तर्गत बीमाकर्ता पक्षकार बीमित धन का भुगतान निर्धारित अवधि अथवा बीमित की मृत्यु, जो भी पहले हो, करता है। यदि बीमित निर्धारित अवधि तक जीवित रहता है तो इस अवधि के पूरा होने पर बीमित धनराशि का भुगतान उसे कर दिया जाता है। यदि निर्धारित अवधि के पूर्व बीमित की मृत्यु हो जाती है, तो ऐसी दशा में बीमित धन का भुगतान उसके नामांकिती अथवा वैधानिक उत्तराधिकारी को कर दिया जाता है।

हमारे देश में यह योजना बहुत लोकप्रिय है, क्योंकि बीमें की यह एक सरल योजना है, जो बचत की प्रोत्साहित करती है। इसके अतिरिक्त, इस बीमा योजना में आर्थिक सुरक्षा एवं बचत दोनों के ही तत्व विद्यमान होते है। इसके अन्तर्गत जोखिम से भी सुरक्षा प्राप्त होती है। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा निम्नांकित प्रकार की बन्दोबस्ती बीमा योजना का संचालन किया जाता है, जो कि निम्न प्रकार है –

(1) बीमा ज्योति (तालिका संख्या 860)
(2) बीमा रत्न (तालिका संख्या 864)
(3) धन संचय (तालिका संख्या 865)
(4) नई बन्दोबस्ती योजना (तालिका संख्या 914)
(5) नई जीवन आनंद (तालिका संख्या 915)
(6) एकल प्रीमियम बन्दोबस्ती योजना (तालिका संख्या 917)
(7) जीवन लक्ष्य (तालिका संख्या 933)
(8) जीवन लाभ (तालिका संख्या 936)
(9) आधार स्तम्भ (तालिका संख्या 943)
(10)आधार शिला (तालिका संख्या 944)

(2) आजीवन बीमा योजनाएँ – आजीवन बीमा योजना में एक निर्धारित अवधि तक प्रीमियम जमा करने के बदले भारतीय जीवन बीमा निगम बीम धारक की मृत्यु पर एक निश्चित धन राशि उसके उत्तराधिकारियों को देने का वचन प्रदान करता है। इस योजना के अन्तर्गत बीमा राशि का भुगतान केवल बीमित की मृत्यु के पश्चात् ही होता है। अत: यह अकाल मृत्यु की अवस्था में आश्रितों को आर्थिक सुरक्षा का एक सरल एवं सुविधाजनक उपाय है।

इस योजना के अन्तर्गत भारतीय जीवन बीमा निगम ने **जीवन उमंग (तालिका संख्या 945) पॉलिसी जारी की है।**

(3) धन वापसी योजनाएँ – धन वापसी बीमा पॉलिसी में प्रीमियम का भुगतान निर्धारित बीमा अवधि या इस अवधि में बीमित की मत्यु पर होता है। इस बीमा पॉलिसी में पॉलिसी अवधि के दौरान समय–समय पर धन की वापसी एवं पॉलिसी अवधि के अंत तक पूर्ण सुरक्षा होने के कारण इस प्रकार की बीमा पॉलिसी को धन वापसी बीमा पॉलिसी की संज्ञा दी जाती है। इस तरह की पॉलिसी में पूर्व निर्धारित शर्तो के अनुसार निश्चित अंतराल पर बीमा धन का कुछ प्रतिशत भाग बीमा धारक को प्राप्त होता है एवं शेष बीमा धन बोनस सहित पॉलिसी की परिपक्वता पर बीमा धारक को प्राप्त होता है। भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा जारी की गई धन वापसी योजनाएँ निम्न प्रकार है :–

(1) धन रेखा (तालिका संख्या 863)
(2) नई बीमा बचत (तालिका संख्या 916)
(3) नई धन वापसी योजना – 20 वर्ष (तालिका संख्या 920)
(4) नई धन वापसी योजना – 25 वर्ष (तालिका संख्या 921)
(5) नई चिल्ड्रन्स मनी बैक योजना (तालिका संख्या 932)
(6) जीवन तरूण (तालिका संख्या 934)
(7) जीवन शिरोमणि (तालिका संख्या 947)
(8) बीमा श्री (तालिका संख्या 948)

(4) अवधि बीमा योजनाएँ – अवधि बीमा से तात्पर्य भारतीय जीवन बीमा निगम की एक ऐसी योजना से है, जिसके अंतर्गत बीमित धन का

भुगतान तब ही किया जाता है, जब कि बीमित की मृत्यु बीमा अवधि के अन्तर्गत होती है। उल्लेखनीय है कि यदि वह बीमा अवधि के पश्चात् जीवित रहता है तो उसे बीमित राशि का भुगतान प्राप्त नहीं होता है। इस बीमा पॉलिसी के माध्यम से बीमित व्यक्ति को न तो वृद्धावस्था में सहायता मिलती है और न ही उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा। भारतीय जीवन बीमा निगम ने इस योजना के अन्तर्गत निम्न प्रकार की बीमा पॉलिसियों का निर्गमन किया है–

(1) टेक अवधि योजना (तालिका संख्या 854)
(2) जीवन अमर (तालिका संख्या 855)
(3) सरल योजना (तालिका संख्या 859)

(5) पेंशन योजनाएँ – पेंशन बीमा योजनाओं के अन्तर्गत, बीमाधारी (बीमित) को उसके जीवन काल में एक निश्चित उम्र के बाद मासिक रूप से एक निश्चित धनराशि जो उसकी मृत्यु तक उसे तथा उसके पश्चात् उसके जीवन साथी (पति की मृत्यु पर पत्नी को तथा पत्नी की मृत्यु पर पति) को प्राप्त होती रहती है। बीमा कम्पनी, कुछ निश्चित शर्तों का पालन करने के उपरान्त, कुछ समय तक आश्रितों को भी इसका लाभ प्रदान करती है। निगम के द्वारा निर्गमित विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएँ निम्न प्रकार है –

(1) प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (तालिका संख्या 856)
(2) जीवन अक्षय (तालिका संख्या 857)
(3) नई जीवन शांति (तालिका संख्या 858)
(4) सरल पेंशन (तालिका संख्या 862)

(6) यूनिट लिंक्ड योजनाएँ – यूनिट लिंक्ड योजनाएं, जिने यूलिप के नाम से भी जाना जाता है। पारम्परिक और आधुनिक निवेश विकल्पों का एक बेहतरीन संयोजन है। इस प्रकार की योजनाओं में आर्थिक सुरक्षा के साथ बचत एवं निवेश के अच्छे अवसर प्राप्त होते है। इस योजना में जीवन बीमा के लाभ के साथ–साथ शेयर बाजार से जुडे प्रतिफल भी बीमा धारक को प्राप्त होते है। मर्त्यता शुल्क, प्रशासनिक एवं प्रबन्धकीय ०तथा रखरखाव शुल्क का भुगतान करने के बाद शुद्ध प्रीमियम को बीमा धारक के द्वारा चुने गये फण्ड में निवेश किया जाता है। ये फण्ड इक्विटी, डेट या बैलेंस्ड फण्ड आदि हो सकते है। परिपक्वता पर फण्ड वेल्यु का भुगतान किया जाता है। मृत्यु दावा की दशा में फण्ड वेल्यु या बीमित राशि जो दोनों में अधिक हो का भुगतान किया जाता है। यूलिप में पॉलिसीधारक योजना की निरन्तरता को बाधित किए बिना किसी भी वित्तीय आवश्यकता के समय आंशिक रूप से धन की निकासी कर सकता है। निगम द्वारा जारी वर्तमान में प्रचलित यूलिप पॉलिसियाँ निम्न प्रकार है –

(1) निवेश प्लस (तालिका संख्या 849)
(2) व्यवस्थित निवेश बीमा योजना (प्प्द) (तालिका संख्या 852)
(3) नई बन्दोबस्ती प्लस (तालिका संख्या 935)

(7) समूह बीमा योजनाएँ – भारतीय जीवन बीमा निगम सेवा योजक–कर्मचारी, व्यवसायियों, सहकारी संस्थाओं, समाज के विभिन्न निर्बल वर्गों को विभिन्न समूहों बीमा पॉलिसियों के अन्तर्गत जीवन बीमा संरक्षण देता है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अन्तर्गत, यह लोगों को रियायती दरों पर बीमा पॉलिसी जारी कर आर्थिक सुरक्षा भी उपलब्ध कराता है। बीमा पॉलिसी के द्वारा आर्थिक सुरक्षा देने के अतिरिक्त, निगम सेवायोजकों को समूह योजनाएँ भी उपलब्ध कराता है। जिनसे सेवायोजकों को ग्रेच्युटी तथा पेंशन देयताओं के लिये निधि का सृजन होता है। सेवायोजक कर्मचारी समूहों को एक समान जीवन बीमा संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से समूह बीमा योजनाएँ जारी की जाती है। एक समान या श्रेणी कृत संरक्षण प्रदान करने वाली एक समान संरक्षण प्रदान करने वाली समूह बीमा योजनाएँ व्यवसायिकों के संघों, सहकारी बैंकों, कल्याण निधियों, साख समितियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के सदस्यों को भी दी जा सकती है।

(8) सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ – वित्तीय समावेशन के रूप में दो ऐतिहासिक बीमा योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना संचालित है। इन दोनों योजनाओं का मुख्य उद्देश्य कम लागत पर बैंको के खाताधारकों को बीमा संरक्षण उपलब्ध कराना है। सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ आर्थिक ताकत बनकर लोगों की जीवन की अनिश्चितताओं का सामना करने और परिवार को वित्तीय संकटों से उबरने में सक्षम बनाती है।

जीवन बीमा कराने की कार्यविधि – किसी व्यक्ति का जीवन बीमा करने से पूर्व निगम द्वारा कुछ औपचारिकताएँ पूर्ण कराई जाती है। इन औपचारिकताओं का सम्बन्ध उन सूचनाओं एवं कार्यवाहियों से है, जिनके आधार पर निगम प्रस्तावक का बीमा करने का निर्णय लेता है तथा बीमा पॉलिसी निर्गमित करता है। इस प्रकार जीवन बीमा कराने की एक सम्पूर्ण प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को संयुक्त रूप में बीमा कराने की कार्यविधि या बीमा पत्र निर्गमन की कार्यविधि के नाम से सम्बोधित किया जाता है।

भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता बीमा कराने की कार्यविधि में सूत्रधार का कार्य करते है। जीवन बीमा अभिकर्ता स्वयं लोगों से मिलते रहते है तथा जीवन बीमा के विभिन्न स्वरूपों से उन्हें परिचित कराकर बीमा कराने को प्रोत्साहित करते है। बीमा कराने के इच्छुक व्यक्ति को बीमा अभिकर्ता बीमा कराने सम्बन्धी कार्यवाही पूरी करने में सहायता करते है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं जीवन बीमा कराने का इच्छुक होता है तो उसे भी किसी जीवन बीमा अभिकर्ता से सम्पर्क स्थापित करना होता है, ताकि बीमा लेने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा सके।

जीवन बीमा कराने की कार्यवाही निम्नलिखित क्रम से होती है –

(1) प्रस्तावक द्वारा **'प्रस्ताव–प्रपत्र'** का फॉर्म तैयार करना।
(2) डॉक्टरी जाँच करवाना और इसकी रिपोर्ट तैयार करना।
(3) अभिकर्ता की रिपोर्ट तैयार करना और उसके प्रस्ताव–प्रपत्र, डॉक्टरी रिपोर्ट के साथ निगम के कार्यालय में भेजना।
(4) निगम द्वारा प्रस्ताव पर विचार करना।
(5) यदि प्रस्ताव स्वीकार करने योग्य हुआ तब निगम द्वारा स्वीकृति–पत्र का भेजा जाना, बीमा का आरम्भ तथा बीमा पॉलिसी का जारी किया जाना।

जीवन बीमा कराने या जीवन बीमा पॉलिसी निर्गमन सम्बन्धी कार्यविधि के विभिन्न चरण निम्नांकित चार्ट में दर्शाये गये है।

जीवन बीमा की कार्यविधि को दर्शाने वाला चार्ट

1. प्रस्ताव पत्र – बीमा कराने वाले को बीमाकर्ता के छपे हुए प्रस्ताव पत्र में अपना प्रस्ताव भेजना होता है। यह प्रस्ताव पत्र अभिकर्ता से प्राप्त किया जाता है। बीमा के लिए प्रस्ताव करने वाले व्यक्ति को प्रस्तावक कहा जाता है। प्रस्तावक को अपने बारे में विस्तृत विवरण (जैसे – नाम, जन्म की तारीख, पता, व्यवसाय) बीमित व्यक्ति का नाम, बीमा की राशि, अपनी पसंद की योजना और अवधि, प्रीमियम भुगतान का ढंग, नामांकित व्यक्ति आदि की जानकारी देने की आवश्यकता होती है। साधारणत: प्रस्ताव–प्रपत्र को स्वास्थ्य और आदत के बारे में व्यक्तिगत कथन तथा अभिकर्ता की रिपोर्ट के साथ बीमाकर्ता को देना होता है। यदि डॉक्टरी परीक्षा की आवश्यकता होती है, तब डॉक्टरी परीक्षण की गुप्त रिपोर्ट अलग से बीमाकर्ता के पास भेजनी होती है।

अभिकर्ता और विकास अधिकारी की रिपोर्ट से दो उद्देश्य पूरे होते है –

1. यह प्रस्तावक की आय और उसकी आर्थिक स्थिति के स्त्रोत और राशि के सम्बन्ध में सूचना देती है जो बीमाकर्ता की आय की पर्याप्त तथा प्रस्तावित बीमा की राशि और आवश्यकता को निश्चित करने में सहायता करती है।
2. यह वह सूचना देती है जो बीमा अभिकर्ता अपने पूछताछ के द्वारा या व्यक्तिगत ज्ञान से प्राप्त करता है, जिससे उन सूचनाओं की जाँच होती है जो प्रस्तावक प्रस्ताव पत्र और व्यक्तिगत कथन विशेषकर बीमा लेने के उद्देश्य के बारे में देता है।

प्रस्ताव के फार्म भिन्न–भिन्न होते है, यह इस तथ्य पर निर्भर करते है कि बीमा की योजना क्या है, किस प्रकार का बीमा है जैसे – डॉक्टरी जाँच का बीमा है या बिना डॉक्टरी जाँच का बीमा, अपने जीवन का कराया जा रहा है या दूसरे के जीवन का आदि। इसी प्रकार अतिरिक्त फॉर्म और रिपोर्ट की आवश्यकता हो सकती है। यह इस पर निर्भर करेगा कि बीमा का आकार, जोखिम की प्रकृति तथा बीमा धारक की आयु कितनी है।

प्रस्ताव प्रपत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज न केवल इसलिए होता है कि उसमें मूल्यवान सूचनायें होती है, बल्कि इसलिए भी होता है कि प्रस्तावक प्रस्ताव पत्र के अंत में घोषणा करता है कि प्रश्नों को अच्छी तरह समझने के बाद दिये गये जवाब तथा वक्तव्य सही तथा पूर्ण है। वास्तव में प्रस्ताव प्रपत्र का यही कथन संविदा का आधार बनता है। यदि कोई भी घोषणा असत्य पायी गयी तो संविदा शून्य हो जायेगी।

प्रस्ताव प्रपत्र में यह भी लिखा जाता है कि यदि फार्म ऐसी भाषा में भरा गया है जिससे प्रस्तावक परिचित नहीं है या यदि प्रस्तावक अनपढ़ है और हस्ताक्षर के स्थान पर केवल अंगूठा ही लगा सकता है तब किसी ऐसे व्यक्ति को जो उस भाषा से परिचित है को यह घोषणा करनी होती है कि उसने फार्म के सभी विषय प्रस्तावक को समझा दिये है और उसने उन्हें समझ लिया है। इस प्रकार वह तब भी प्रस्ताव पत्र के कथनों को सत्यता तथा परिणामों से बंधा होता है। वास्तव में इस प्रकार की आवश्यकता भारत जैसे देशों में होती है। जहाँ बीमाकर्ता की व्यवसायिक भाषा के अलावा और भी कई भाषायें बोली जाती है और पढ़े लिखे लोग बहुत कम है।

2. आयु का प्रमाण – प्रस्ताव पत्र के साथ ही प्रस्तावित जीवन की आयु का साक्ष्य भी देना होता है। आयु प्रमाणित करने के लिए निम्नलिखित में से कोई भी साक्ष्य दिया जा सकता है –

1. स्कूल या कॉलेज का परीक्षा सम्बन्धी प्रमाण–पत्र या अन्य अभिलेखों से प्रमाणित उद्धरण, जिसमें जन्म तिथि या आयु का उल्लेख किया गया हो।
2. निम्नलिखित वर्गों के कर्मचारियों के बारे में उनकी सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) से आयु के बारे में प्रमाणित उद्धरण –

(अ) सरकारी या अर्द्ध सरकारी सेवा के कर्मचारी, तथा

(ब) व्यवसायिक और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारी, यदि सम्बन्धित प्रमाणित उद्धरण में यह स्पष्टतया बताया गया है कि सेवा में भर्ती होते समय कर्मचारी की आयु का निश्चायक साक्ष्य प्रस्तुत किया गया था।

3. नगर पालिका की जन्म–पंजीका या अन्य अभिलेखों से जन्म सम्बन्धी प्रमाणित उद्धरण,
4. पासपोर्ट में अंकित जन्म तिथि या आयु
5. बप्तिस्मा अर्थात् ईसाइयत का प्रमाण पत्र या पारिवारिक बाईविल से प्रमाणित उद्धरण यदि उसमें जन्म तिथि या आयु का उल्लेख हो, रोमन कैथलिकों के सम्बन्ध में उनके चर्च द्वारा दिया गया विवाह सम्बन्धी प्रमाण पत्र,
6. प्रतिरक्षा कर्मचारियों के प्रसंग में प्रतिरक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया परिचय कार्ड, जिसमें जन्म तिथि या आयु अंकित हो,
7. अधिवासी प्रमाण–पत्र, जिसमें स्कूल प्रमाण–पत्र या जन्म प्रमाण–पत्र के आधार पर आयु प्रमाणित की गयी हो।
8. अन्य कोई दूसरा दस्तावेज जिसमें बीमा कम्पनियों को स्वीकार्य आयु को दूसरे मानक सबूतों में से एक के आधार पर जन्मतिथि ज्ञात होती है।

3. डॉक्टरी रिपोर्ट – यदि प्रस्तावित बीमे के लिए डॉक्टरी जाँच अनिवार्य हो तब बीमा का प्रस्ताव तैयार कराने के बाद प्रस्तावक की डाक्टरी जाँच होती है। इसके लिये प्रत्येक स्थान पर निगम द्वारा अनेक डॉक्टरों को प्राधिकृत किया गया है जिनके यहाँ प्रस्ताव को डाक्टरी जाँच कराने के लिए जाना होता है।

डॉक्टरी परीक्षा करने के उपरांत डॉक्टरी रिपोर्ट के अंत में डॉक्टर को यह भी बताना होता है कि उसकी राय में प्रस्तावित जीवन प्रथम श्रेणी का है या नही, और यदि नहीं तो किन कारणों से।

डॉक्टरी रिपोर्ट एक गोपनीय दस्तावेज होता है जिसके विवरणों की जानकारी प्रस्तावक या अभिकर्ता को नहीं होना चाहिए। इसलिए प्राधिकृत डॉक्टर रिपोर्ट निगम से सम्बन्धित शाखा कार्यालय को सीधे भेजता है।

4. अभिकर्ता की रिपोर्ट – प्रस्तावक के सम्बन्ध में अभिकर्ता को भी छपे हुए फार्म में अपनी रिपोर्ट देनी होती है। इस रिपोर्ट में अभिकर्ता को यह लिखना होता है कि वह प्रस्तावक को कब से जानता है, प्रस्तावक उसका सम्बन्धी है या नहीं, प्रस्तावक के स्वास्थ्य की दशा कैसी है प्रस्तावक की सम्पूर्ण आय क्या है, प्रस्ताव के शरीर में कोई विकृति या कोई विशेषता है, क्या वह प्रस्ताव के सम्बन्ध में कोई ऐसा तथ्य जानता है जिससे जोखिम में वृद्धि होने की सम्भावना हो आदि। अंत में अभिकर्ता को अपनी राय देनी होती है कि वह प्रस्तावक को बीमा के योग्य समझता है या नहीं।

5. प्रस्ताव पर विचार – प्रस्ताव–पत्र डॉक्टरी रिपोर्ट और अभिकर्ता की रिपोर्ट के बाद बीमा के प्रस्ताव पर विचार किया जाता है। उसमें यह निर्धारित करना होता है कि प्रस्तावित जोखिम किस कोटि का है और इसका जीवन बीमा किया जाये या नही। इस विचार–प्रक्रिया को जोखिम का चयन कहा जाता है।

6. स्वीकृत–पत्र, जोखिम का प्रारंभ तथा बीमा पॉलिसी

(क) स्वीकृत पत्र – यदि प्रस्ताव स्वीकार करने के योग्य पाया गया तब एक पत्र भेजा जाता है जिसे 'स्वीकृति–पत्र' कहते है। इसमें प्राय: अनेक शर्तें लिखी जाती है और निर्धारित समय में प्रस्तावक से प्रथम प्रीमियम चुकाने को कहा जाता है। इन शर्तो के कारण स्वीकृति–पत्र संविदा के दृष्टिकोण से प्रस्ताव की स्वीकृति नहीं मानी जानी चाहिए वरन् 'प्रतिप्रस्ताव' माना जाना चाहिए। अत: स्वीकृति–पत्र के कारण ही संविदा पूर्ण नही हो जाती है। संविदा तब पूर्ण होती है जब प्रस्तावक स्वीकृति–पत्र की शर्तो को पूरी कर लेता है।

(ब) जोखिम का प्रारम्भ – प्राय: स्वीकृति पत्र में यह लिखा होता है कि जब तक प्रथम प्रीमियम न चुका दिया जाये तब तक जोखिम प्रारम्भ न होगा। अत: वैधानिक दृष्टिकोण से जोखिम का प्रारम्भ तब माना जाता है, जब प्रस्तावक प्रथम प्रीमियम जमा कर दे। किन्तु व्यवहार में बीमा प्रस्ताव–पत्र के साथ ही प्रथम प्रीमियम की धनराशि भी अग्रिम जमा करा दी जाती है अत: ऐसी दशा में प्रस्ताव स्वीकृत होते ही जोखिम का प्रारम्भ प्रस्ताव–पत्र में इंगित तिथि से हो जाता है। प्रथम प्रीमियम पाने पर एक रसीद भेजी जाती है जिसे 'प्रथम प्रीमियम रसीद' कहते है। इसके बाद बीमा बीमा पॉलिसी तैयार की जाती है जिसमें कुछ समय लगता है। बीमा पालिसी पाने के पूर्व तक यही प्रथम प्रीमियम रसीद जीवन बीमा की संविदा का साक्ष्य होती है।

(ग) बीमा का पूर्व–तिथिकरण – यदि प्रस्तावक चाहे तो जोखिम के प्रारम्भ होने की तिथि किसी पूर्व तिथि में रखवा सकता है। इसके लिए प्रस्ताव पत्र में ही इस बात का स्पष्ट उल्लेख कर दिया जाता है कि प्रस्तावक किस पूर्व तिथि से बीमा का प्रारम्भ चाहता है। बीमा स्वीकृत होने पर और प्रीमियम अदा होने पर बीमा का प्रारम्भ इस पूर्व तिथि से हो जाता है। इसे 'बीमा का पूर्व तिथिकरण' कहा जाता है।

पूर्व–तिथिकरण मुख्यतया इस उद्देश्य से कराया जाता है कि बीमाधारक को एक वर्ष नीचे के आयु के अनुसार अपेक्षाकृत कम दर पर बीमा की सुविधा मिल सके। यदि एक माह तक की पूर्व तिथिकरण कराया जाय तब कोई अतिरिक्त रकम नहीं देनी होती, किन्तु उससे अधिक अवधि का पूर्व–तिथिकरण कराने के लिए निगम अतिरिक्त ब्याज भी वसूल करती है।

(घ) जीवन बीमा पॉलिसी – यह एक दस्तावेज होता है जिसमें बीमाधारक और बीमाकर्ता के बीच स्वीकृत संविदा का पूरा विवरण होता है। इसमें उल्लिखित शर्तो के अनुसार ही दोनों पक्षकारों के अधिकारों और दायित्वों को ज्ञात किया जा सकता है। इसमें बीमाधारक का नाम, पता, बीमा का प्रकार, बीमित रकम, बीमा अवधि, प्रीमियम भुगतान का ढंग, आदि का विवरण दिया जाता है। पालिसी के पीछे इसकी शर्तो एवं सुविधाओं का उल्लेख रहता है।

एक जीवन बीमा पॉलिसी में अनेक तथ्यों का उल्लेख होता है, जिनका वर्णन निम्नांकित रूप में किया जा सकता है, यथा – बीमा धारक का नाम, पॉलिसी संख्या तथा जोखिम प्रारम्भ की तिथि, बीमा योजना का नाम एवं तालिका संख्या, बीमित धन, प्रीमियम भुगतान का तरीका, प्रीमियम की देय किश्त, प्रीमियम भुगतान की अवधि एवं नामिति का नाम आदि।

मूल रूप से जीवन बीमा आर्थिक सुरक्षा, बचत, निवेश और स्वास्थ्य के उद्देश्य से बीमा धारक के जीवन के लक्ष्यों को पूरा करता है। इसलिए जीवन बीमा पॉलिसी का चयन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक करना चाहिए। जीवन बीमा, बीमा धारक की मृत्यु की स्थिति में परिवार के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच होता है। अनुभवसिद्ध नियम यह है कि जीवन बीमा कवर व्यक्ति की वर्तमान आय के 10 गुना के बराबर होना चाहिए और इसमें देनदारी को भी शामिल करना चाहिए, ताकि सटीक तरीके से आय का वैकल्पिक स्त्रोत तैयार किया जा सके, जैसे–जैसे जिम्मेदारियाँ बढ़ती है, वैसे–वैसे बीमा धारक का जीवन बीमा कवर भी बढ़ना चाहिये।

सदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. डॉ. एम.एन. मिश्रा: **'बीमा सिद्धांत एवं व्यवहार'** लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद वर्ष 2006
2. बालचन्द्र श्रीवास्तव: **'बीमा के तत्व'** साहित्य भवन आगरा वर्ष 2007
3. डॉ. कामेश्वर नाथ श्रीवास्तव:**'भारत में सामाजिक बीमा'** बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पटना वर्ष 2009
4. डॉ. आर.एल. नौलखा: **'बीमा के तत्व'** रमेश बुक डिपो जयपुर वर्ष 2016

पत्रिकाएँ एवं वार्षिक प्रतिवेदन:–

1. बीमा अभिकर्ता निर्देशिका,भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई
2. वार्षिक डायरी, भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई
3. योगक्षेम, भारतीय जीवन बीमा निगम, मुम्बई

समाचार–पत्र:–

1. बिजनेस भास्कर
2. बिजनेस स्टेण्डर्ड

वेबसाइट्स:–

1. http://www.licindia.in
2. http://www.irdai.gov.in
3. http://www.policybazaar.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में उद्यमशीलता हेतु प्रावधान – चुनौतियां और संभावनाएं

डॉ. जया कैथवास *

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कुसुम महाविद्यालय, सिवनी मालवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – शिक्षा एक ऐसी विस्तृत प्रक्रिया है, जो मानव के व्यक्तित्व के सभी पक्षों– शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक तथा आध्यात्मिक का विकास करते हुए उसे साधन सम्पन्न तथा देश के प्रति एक कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। वर्तमान में शिक्षा और उद्यमशीलता के मध्य एक सह–सम्बंध स्थापित हो चुका है। प्राचीनकाल से चली आ रही उद्यमिता की अवधारणा विगत् कुछ वर्षों में एक नई खोज के रूप में प्रकट हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में उद्यमिता को आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत माना जा सकता है। उद्यमशीलता में विकास की गति को अक्षुण्ण बनाए रखने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सकारात्मक पक्ष तथा इस नीति में उद्यमशीलता के महत्व को रेखांकित करते हुए आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं का अध्ययन करना है।

शब्द कुंजी – नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 – आवश्यकता, उद्देश्य, महत्वपूर्ण बिन्दु, उद्यमशीलता हेतु प्रावधान, चुनौतियां और संभावनाएं।

प्रस्तावना – शिक्षा और मानव जाति का सम्बंध मानव के अस्तित्व जितना ही पुराना है। शिक्षा मानव के विकास का मूल साधन है, जो मानव को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायता करती है। मानव की जन्मजात षक्तियां शिक्षा के माध्यम से ही विकसित होती हैं। शिक्षा ही मानव को सभ्य, सुषिक्षित तथा योग्य नागरिक बनाती है। शिक्षा के माध्यम से प्राप्त मानव–जीवन के बौद्धिक व सांस्कृतिक पक्ष मानव को पशुओं से भिन्न बनाते हैं। प्लेटो (427–347 बीसी), के अनुसार शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य मनुष्य को सामुदायिक जीवन में व्यवस्थित कर उसके मस्तिष्क में छिपी हुई प्रतिभाओं को प्रकाशवान करना है।

उद्यमशीलता जीवन का एक आवश्यक अंग है। यह मानव जीवन का एक आधारभूत दर्शन एवं स्वभाव है जो जो कि व्यक्ति को स्वभावत: यकर्म करने हेतु प्रेरित करता है। यह मात्र धन सुजन करने का एक तरीका ही नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास एवं समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास का एक महामंत्र है जो आत्मनिर्भरता एवं आत्मसहायता के साथ बेहतर तरीके से मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उद्यमिता की अवधारणा इस बात का द्योतक है कि आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति के बल पर स्वयं के व्यवसाय का सृजन करके उसे न केवल आय का माध्यम बनाया जा सकता है अपितु नेतृत्वशीलता का गुण विकसित करके अन्य लोगों को भी स्वरोजगार की दिशा में अभिप्रेरित किया जा सकता है।

किसी भी देश के भावी नागरिकों के शैक्षणिक स्तर को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिये शिक्षा से सम्बंधित नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें पुरानी शिक्षा नीतियों की कमियों को दूर करने का प्रयास किया गया है।

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, 21वीं सदी की प्रथम शिक्षा नीति है, जो लगभग 34 वर्ष पश्चात बनाई गई है। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात स्वतंत्र भारत की प्रथम शिक्षा नीति वर्ष 1968 में लागू की गई थी, जो डॉ. डी. एस. कोठारी की अध्यक्षता में गठित आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित थी। वर्ष 1985 में 'शिक्षा की चुनौतियां' दस्तावेज की अनुशंसाओं पर आधारित वर्ष 1986 में दूसरी शिक्षा नीति बनाई गई, जिसमें सम्पूर्ण देश के लिये एक समान शैक्षणिक संरचना की अवधारणा को अपनाने का प्रावधान रखा गया था। इस नीति को वर्ष 1992 में संशोधित भी किया गया था। वर्तमान नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य भारत को वैश्विक स्तर पर शैक्षिक रूप से महाशक्ति बनाना तथा भारत में शिक्षा का सार्वभौमिकरण कर शिक्षा की गुणवत्ता को उच्चतम करना है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 हेतु गठित समिति के अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन हैं, जिनके नाम पर इस समिति का नाम 'कस्तूरीरंगन समिति' रख गया है, जिसकी अनुशंसाओं के आधार पर नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में शिक्षा से सम्बन्धित कई नियमों में परिवर्तन किये गये हैं तथा वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कई महत्वपूर्ण प्रावधान भी किये गये हैं।

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की आवश्यकता – वर्ष 2015 से प्रारंभ संयुक्त राष्ट्र महासभा की 70वीं बैठक में अगले 15 वर्षों के लिये सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किये गए थे। भारत द्वारा वर्ष 2015 में अपनाए गए सतत विकास एजेंडा 2030 के लक्ष्य 4 (एसडीजी 4) में परिलक्षित वैश्विक शिक्षा विकास एजेंडा के अनुसार समावेशी और न्यायसंगत गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही सभी को सीखने का अवसर देने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके अतिरिक्त लक्ष्य 6 (एसडीजी 6) में सभी के लिये निरंतर समावेशी और सतत आर्थिक विकास, पूर्ण और उत्पादक रोजगार, और सभ्य काम को बढ़ावा देने का लक्ष्य भी निर्धारित है। भारत के लिये इन लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा अपने उत्तरदायित्व को पूर्ण करने के लिये पुरानी शिक्षा नीति में सकारात्मक परिवर्तन करने की आवश्यकता होगी। नवीन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक सार्थक कदम है। केन्द्र सरकार ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ उद्यमशीलता की अवधारणा को भी नवीन शिक्षा नीति में स्थान दिया है।

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उद्यमशीलता से सम्बंधित प्रमुख प्रावधान – नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उद्यमशीलता को ध्यान मे रखते हुए निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं :

1. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत वर्ष 2030 तक शैक्षिक प्रणाली को निश्चित किया गया है और वर्तमान में चल रहे 10+2 के मॉडल के स्थान पर पाठ्यक्रम में 5+3+3+4 की शैक्षिक प्रणाली के आधार पर पाठ्यक्रम को विभाजित करने की अनुशंसा की गई है।
2. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में केंद्र तथा राज्य सरकार के निवेश का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत केंद्र तथा राज्य सरकारें देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6 प्रतिशत के बराबर शिक्षा क्षेत्र में निवेश करेंगी। पहले यह निवेश 4.43 प्रतिशत था।
3. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के छात्रों के व्यावसायिक अध्ययन पर ध्यान दिये जाने का प्रावधान है, इसके अंतर्गत बागबानी, लकड़ी का काम, मिट्टी के बर्तन, बिजली का काम आदि शामिल है।
4. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत वर्ष 2025 के अंत तक कम से कम 50 प्रतिशत छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
5. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया गया है। इसके लिये छठवीं कक्षा से ही बच्चों को व्यवसायिक प्रषिक्षण (इंटर्नशिप) से जोड़ने का प्रावधान किया गया है।
6. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छात्रों को मूल्य आधारित समावेशी शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान रख गया है, जिससे उनके वैज्ञानिक स्वभाव को विकसित किया जा सके।
7. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा प्रदान करने के लिए तकनीक का उपयोग तथा ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी (एनईटीएफ) की भी स्थापना करने का प्रावधान है।
8. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करने तथा विज्ञान, तकनीकी, अकादमिक क्षेत्र और उद्योगों में कुशल व्यक्तियों की कमी को दूर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
9. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत को ज्ञान आधारित सुपर पॉवर के रूप में स्थापित करने हेतु स्नातक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, थ्री-डी मशीन, डेटा-विश्लेषण, जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन हेतु विशेष प्रावधान किये गये हैं,
10. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों से यह अपेक्षा रखी गई है कि वह स्वयं पेशे से सम्बंधित आधुनिक विचार, नवाचार और स्वयं में सुधार करने के लिये स्वेच्छा से प्रतिवर्ष 50 घण्टों के सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में सहभागिता करें।

चुनौतियां – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा पद्धति में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय इन परिवर्तनों को लागू करने के लिये शिक्षा नीति में निहित प्रावधानों के अनुसार पूर्ण प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों में इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों का भी पालन किया जा सके। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के अनुसार स्नातक स्तर के डिग्री प्रोग्राम के लिये कुल क्रेडिट का कम से कम 20 प्रतिशत अप्रेंटिसशिप अथवा इंटर्नशिप के लिये आवंटित किया जाना चाहिये। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत तीन वर्षीय स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम में प्रति वर्ष इसके लिये प्रावधान है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और नेषनल काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन को समाप्त करके नियामक बॉडी बनाएं जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें अत्यधिक समय लगने की संभावना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत किये गये प्रावधानों को लागू करने तथा नये परिवर्तनों को प्रारंभ करने के लिये मध्यप्रदेश के किसी भी सरकारी विश्वविद्यालय में कोई रणनीति नहीं बनाई जा सकी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने भारतीय और विदेशी संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से ज्वाइंट और ड्यूल डिग्री प्रोग्राम के लिये मई 2022 में रेग्यूलेशन जारी किया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालय पात्र ही नहीं हैं, क्योंकि उनके पास नैक का ए ग्रेड ही नहीं है।

संभावनाएं – नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के पष्चात् अब भारत के छात्र भी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रोजगारोन्मुखी शिक्षा को एक कदम आगे बढ़ाते हुए, व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर देती है। इस नीति में यह परिकल्पना की गई है कि व्यावसायिक शिक्षा को अगले दशक में चरणबद्ध तरीके से सभी माध्यमिक विद्यालयों के शैक्षिक प्रस्तावों में एकीकृत किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक विद्यालय, व्यावसायिक पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्थानीय उद्योग आदि के साथ सहयोग करेंगे। इस नीति में प्रस्तावित सुधारों के अनुसार, कला और विज्ञान, व्यावसायिक तथा शैक्षणिक विषयों एवं पाठ्यक्रम व पाठ्येत्तर गतिविधियों के बीच बहुत अधिक अंतर नहीं होगा। कक्षा-6 से ही शैक्षिक पाठ्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा को शामिल कर दिया जाएगा और इसमें इंटर्नशिप की व्यवस्था भी की जाएगी।

सभी विद्यार्थी कक्षा 6-8 के दौरान 10-दिवसीय बस्ता रहित कक्षा में भाग लेंगे, जहां वे स्थानीय व्यावसायिक विशेषज्ञों के साथ इंटर्न करेंगे। कक्षा 9-12 में विद्यार्थियों को व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई के लिए समान इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे, यह स्कूल छोड़ने वाले उन लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो असंगठित क्षेत्र में नौकरी की तलाश करते हैं, या स्वरोजगार का विकल्प चुनते हैं।

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा को अगले दशक में चरणबद्ध तरीके से सभी स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों में एकीकृत किया जाएगा। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर वित्तीय साक्षरता, कोडिंग डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे वैकल्पिक विषयों की शुरुआत उन विषयों को लाने की इच्छा के संकेत हैं जिनका रोजगार पर सीधा प्रभाव पड़ता है और जो छात्रों को रोजगार बाजार के लिए रचनात्मक बदलावों के लिए तैयार करते हैं।

निष्कर्ष – नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 व्यावसायिक शिक्षा को अकादमिक पाठ्यक्रमों की तुलना में कम महत्व देने वाली और मुख्यधारा की शिक्षा की कठोरता का सामना करने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए अंतिम उपाय के रूप में देखी जाने वाली पुरानी प्रणाली के विपरीत, मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली के साथ एकीकृत करती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21वीं सदी के भारत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भारतीय शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन हेतु जिस नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को स्वीकृति प्रदान की है, यदि उसका क्रियान्वयन सफल तरीके से होता है तो यह नवीन प्रणाली भारत को विश्व के अग्रणी देशों के समकक्ष ले आएगी। स्नातक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, थ्री-डी मशीन, डेटा-विश्लेषण, जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन से अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी कुशल पेशेवर तैयार होंगे और युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020, रोजगार समाचार, नई दिल्ली, ई-संस्करण।
2. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020, व्यावसायिक शिक्षा की पुनर्कल्पना।
3. दैनिक भास्कर, ई-समाचार पत्र।
4. दैनिक जागरण, ई-समाचार पत्र।
5. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020, दृष्टि आईएएस।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. मीना कीर *

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय संसद द्वारा 6 अगस्त 2019 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक के पारित होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पश्चात् उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू हो गया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 107 के द्वारा पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को निरस्त कर दिया गया है। नया अधिनियम जम्मू एवं कश्मीर राज्य को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू होगा। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 देश के उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु एक ऐसा कानून है, जिसमें उत्पाद दायित्व, उपभोक्ता संरक्षण अभिकरण और मध्यस्थता जैसी अवधारणाओं को प्रथम बार शामिल किया गया है। पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की कई अवधारणाओं को भी नये अधिनियम में कुछ संशोधनों के साथ लागू किया गया है। उपभोक्ता विवादों के निराकरण हेतु केन्द्र, राज्य और जिला स्तर पर स्थापित की गई त्रिस्तरीय व्यवस्था देश के उपभोक्ताओं के मन में आषा की एक नई किरण का प्रादुर्भाव करती है।

शब्द कुंजी – उपभोक्ता अधिकार, उपभोक्ता संरक्षण हेतु त्रिस्तरीय निकाय, उत्पाद दायित्व, मध्यस्थता एवं नवीन प्रावधान।

प्रस्तावना – उपभोक्ताओं एवं व्यवसायियों में अपने-अपने उत्तरदायित्वों के प्रति चेतना जागृत करने के लिये वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 अस्तित्व में आया, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की श्रेष्ठ रीति से सुरक्षा करना तथा इस हेतु उपभोक्ता विवादों तथा अन्य सम्बंधित मामलों का निवारण करने के लिये उपभोक्ता परिषदों एवं अन्य निकायों की स्थापना करना था। यह अधिनियम अपने उद्देश्यों में काफी हद तक सफल रहा, किन्तु अनेक अवरोधों के कारण इस अधिनियम में उपभोक्ता मामलों का निपटारा त्वरित गति से नहीं हो सका। इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, अत: वर्ष 2019 में उपभोक्ता संरक्षण बिल लाकर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को निरस्त कर दिया गया। उपभोक्ता संरक्षण बिल 2019 लोकसभा में 8 जुलाई 2019 को पेश किया गया था जिसे 30 जुलाई 2019 को लोकसभा ने और 06 अगस्त 2019 को राज्य सभा ने पारित कर दिया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के पश्चात् वर्तमान में भारत में उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू है।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य नये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 और पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की तुलना करते हुए उन प्रमुख कारकों का विश्लेषण करना है, जो भविष्य में उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण और उपभोक्ता विवादों के निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रमुख प्रावधान

1. **कार्यक्षेत्र –** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में सभी उत्पादों और सेवाओं (निशुल्क और व्यक्तिगत सेवाओं को छोड़कर) पर विचार किया जाता था, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में सभी उत्पादों और सेवाओं (निशुल्क और व्यक्तिगत सेवाओं को छोड़कर) के साथ ही टेलीकॉम, आवास निर्माण और समस्त लेनदेन (ऑनलाइन, टेलीशॉपिंग) पर विचार किये जाने का प्रावधान किया गया है।
2. **अनुचित व्यापार व्यवहार –** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में झूठा प्रदर्शन, मिथ्या एवं भ्रामक विज्ञापन जैसे प्रावधान लागू थे, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उक्त प्रावधानों के अतिरिक्त विक्रेता अथवा सेवा प्रदाता द्वारा बिल या रसीद प्रदान न करना, 30 दिनों के अंदर उत्पाद वापस लेने से इंकार करना, क्रेता की व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक करना आदि जैसे प्रावधानों को भी शामिल किया गया है।
3. **उत्पाद दायित्व –** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में उत्पाद दायित्व के लिये कोई प्रावधान नहीं था, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उत्पाद दायित्व का प्रावधान किया गया है, जिसके अनुसार निर्माता, विक्रेता अथवा सेवा प्रदाता के विरूद्ध बिल में उल्लेखित स्पष्ट शर्तों के उल्लंघन पर मुआवजा प्राप्त करने का प्रावधान है।
4. **अनुचित अनुबंध –** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में अनुचित अनुबंध के लिये कोई प्रावधान नहीं था, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में अनुचित अनुबंध को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिसके अनुसार किसी उत्पादक, व्यापारी या सेवा प्रदाता एवं उपभोक्ता के मध्य ऐसी शर्तों के अधीन किया गया अनुबंध जिससे उपभोक्ता के अधिकार नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हों, अनुचित अनुबंध कहलायेगा।
5. **उपभोक्ता संरक्षण अभिकरण –** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में उपभोक्ता अभिकरण की स्थापना के लिये कोई प्रावधान नहीं था, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा, उनमें वृद्धि, संरक्षण व प्रोत्साहन हेतु केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण अभिकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इस अभिकरण के प्रमुख कार्यों में सुरक्षा नोटिस जारी करना, उत्पादों को री-कॉल करने के लिये आदेश देना, अनुचित और प्रतिबंधित व्यापार व्यवहार को रोकना, भुगतान किये गये क्रय मूल्य को वापस कराना, झूठे और भ्रामक विज्ञापनों के लिये अर्थदण्ड

लगाना आदि षामिल हैं।

6. आयोगों का आर्थिक क्षेत्राधिकार – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में गठित आयोगों के आर्थिक क्षेत्राधिकार में व्यापक परिवर्तन किये गये हैं, जो निम्न तालिकानुसार हैं –

तालिका –1: आयोगों के आर्थिक क्षेत्राधिकार में परिवर्तन

आर्थिक क्षेत्राधिकार	उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986	उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019
जिला स्तर	20 लाख रूपये तक	1 करोड़ रूपये तक
राज्य स्तर	20 लाख रूपये से 1 करोड़ रूपये	1 करोड़ रूपये से 10 करोड़ रूपये
राष्ट्रीय स्तर	1 करोड़ रूपये से अधिक	10 करोड़ रूपये से अधिक

7. उपभोक्ता संरक्षण परिषदें – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा, उनमें वृद्धि, संरक्षण व प्रोत्साहन हेतु केन्द्र, राज्य एवं जिला स्तर पर त्रिस्तरीय व्यवस्था बनाई गई है और उन्हें सलाहकारी संस्था के रूप में स्थापित किया गया है, जबकि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में केन्द्र, राज्य एवं जिला स्तर पर गठित उपभोक्ता संरक्षण परिषदें केवल उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण एवं संवर्धन करती थीं, उन्हें परामर्ष देने का अधिकार नहीं था।

8. आयोगों की संरचना – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में गठित आयोगों की संरचना में पूर्व के अधिनियम की तुलना में परिवर्तन किये गये हैं, जो निम्न तालिकानुसार हैं –

तालिका –2: आयोगों की संरचना में परिवर्तन

आयोग	उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986	उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019
जिला आयोग	वर्तमान या पूर्व जिला न्यायाधीष द्वारा नेतृत्व और न्यूनतम दो सदस्य	अध्यक्ष द्वारा नेतृत्व और न्यूनतम दो सदस्य
राज्य आयोग	वर्तमान या पूर्व उच्च न्यायालय के न्यायाधीष द्वारा नेतृत्व और न्यूनतम दो सदस्य	अध्यक्ष द्वारा नेतृत्व और न्यूनतम दो सदस्य
राष्ट्रीय आयोग	वर्तमान या पूर्व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीष द्वारा नेतृत्व और न्यूनतम चार सदस्य	अध्यक्ष द्वारा नेतृत्व और न्यूनतम चार सदस्य

9. आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति हेतु चयन समिति – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति हेतु चयन समिति का प्रावधान था, जिसमें न्यायिक सदस्य और अन्य अधिकारी शामिल होकर सुझाव देते थे, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में चयन समिति के गठन का कोई प्रावधान नहीं है। नये अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करके आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की जायेगी।

10. मध्यस्थता – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में उपभोक्ता विवादों के त्वरित निराकरण हेतु मध्यस्थता का कोई प्रावधान नहीं था, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में पक्षकारों के मध्य समझौता हेतु मध्यस्थता इकाई का प्रावधान रखा गया है, जो जिला, राज्य और राष्ट्रीय आयोगों से सम्बद्ध होगी।

11. दण्ड एवं सजाएं – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में विभिन्न अपराधों के लिये जो दण्ड एवं सजाओं से सम्बंधित प्रावधान किये गये थे, नये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उन सभी दण्ड एवं सजाओं में वृद्धि की गई है। आयोग के आदेशों की अवहेलना करने पर नये अधिनियम में तीन वर्ष तक के कारावास अथवा न्यूनतम 25 हजार रूपये जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

12. ई–कॉमर्स – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में ई–कॉमर्स के लिये कोई प्रावधान नहीं था, किन्तु उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में प्रत्यक्ष विक्रय, ई–कामर्स एवं इलेक्ट्रानिक सेवा प्रदाता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है और केन्द्र सरकार को ई–कॉमर्स के अंतर्गत अनुचित व्यापार को रोकने हेतु नियम बनाने का अधिकार भी प्रदान किया गया है।

निष्कर्ष – उपभोक्ताओं एवं व्यवसायियों में अपने–अपने उत्तरदायित्वों के प्रति चेतना जागृत करने के लिये वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 अस्तित्व में आया, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की श्रेष्ठ रीति से सुरक्षा करना तथा इस हेतु उपभोक्ता विवादों तथा अन्य सम्बंधित मामलों का निवारण करने के लिये उपभोक्ता परिषदों एवं अन्य निकायों की स्थापना करना था। यह अधिनियम अपने उद्देश्यों में काफी हद तक सफल रहा, किन्तु अनेक अवरोधों के कारण इस अधिनियम में उपभोक्ता मामलों का निपटारा त्वरित गति से नहीं हो सका। कालांतर में ई–कॉमर्स और ऑन लाइन भुगतान जैसी कई व्यावसायिक परिस्थितियां भी विद्यमान हुई, जिनका प्रावधान पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 में नहीं था। नये उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में केन्द्रीय स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण अभिकरण का गठन उपभोक्ता संरक्षण हेतु एक संवैधानिक निकाय की कमी को पूरा करता है तथा उत्पाद दायित्व सम्बंधी प्रावधान मिथ्या एवं भ्रामक विज्ञापनों पर नियंत्रण स्थापित करते हुए उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण करता है। नये अधिनियम में मध्यस्थता सम्बंधी प्रावधान भी उपभोक्ता विवादों के निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। यह सभी प्रावधान पुराने अधिनियम में शामिल नहीं थे। अत: समग्र विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि वर्तमान परिवर्तित परिस्थितियों में नये उपभोक्ता संरक्षण 2019 में किये गये प्रावधान निष्चित ही उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण एवं उपभोक्ता विवादों का त्वरित गति से निवारण करने में सक्षम हो सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986
2. उपभोक्ता संरक्षण बिल, 2015 एवं 2018

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

कृषि क्षेत्र – भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास स्तंभ

डॉ. मोहन सिंह गुर्जर *

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कुसुम महाविद्यालय, सिवनी-मालवा, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय में जब विश्व की अनेक विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अनिश्चितता के वातावरण में रहकर गंभीर आर्थिक दुष्परिणामों से बचने का प्रयास करती हुई नजर आ रही हैं, वहीं भारत एक बडी अर्थव्यवस्था की संभावनाओं के साथ उभर कर सामने आया है। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों का योगदान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में कृषि क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले प्रमुख विकास कारकों का अध्ययन करना तथा उनमें भावी संभावनाओं का विश्लेषण करना इस शोधपत्र का उद्देश्य है।

शब्द कुंजी – भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र के विकास कारक – रोजगार, दुग्ध क्षेत्र, खाद्यान्न, बागवानी, चाय, मत्स्य आदि, कृषि क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियां एवं संभावनाएं।

प्रस्तावना – कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड है। जहां एक ओर यह प्रमुख रोजगार प्रदाता क्षेत्र है, वहीं सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या अपनी आजीविका हेतु कृषि पर ही निर्भर है। कृषि की सकल घरेलू उत्पादन में भागीदारी लगभग 22 प्रतिशत है। कृषि क्षेत्र भारत का सर्वाधिक उत्पादकता वाला क्षेत्र है, जिस पर देश की लगभग 60 प्रतिषत जनसंख्या निर्भर करती है। यदि कृषि क्षेत्र के विकास में गिरावट आती है, तो न केवल कृषि पर निर्भर देश के लगभग 14 करोड परिवार प्रभावित होते हैं, बल्कि मंहगाई बढ़ने से आम आदमी भी परेशान हो जाता है। चूंकि देश की आबादी का एक बहुत बडा हिस्सा रोजगार के लिये कृषि क्षेत्र से जुडा हुआ है, अत: कृषि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गिरावट रोजगार संकट को भी बढावा देती है। कृषि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख कारकों का विश्लेषण अग्र प्रकार है –

(1) कृषि क्षेत्र में रोजगार – यह एक सुखद संकेत है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान कृषि क्षेत्र के रोजगार में अनुमानित 4.5 मिलियन की वृद्धि देखी गई है। महामारी से ग्रसित वित्तीय वर्ष 2020–21 में कुल रोजगार में 21.7 मिलियन की गिरावट आने के बावजूद कृषि रोजगार ने 3.4 मिलियन लोगों को पर्याप्त रोजगार प्रदान किया है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में भी कृषि ने अपने नियोजित लोगों की संख्या में 3.1 मिलियन की वृद्धि दिखाई है। देश के कोरोना महामारी से ग्रसित होने के बावजूद विगत् तीन वर्षों में कृषि क्षेत्र ने 11 मिलियन नौकरियों को जोड़कर रोजगार बढ़ाया है जबकि इसी समय में देश की शेष अर्थव्यवस्था में 15 मिलियन का नुकसान हुआ है। एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में भारत में संगठित क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी, अर्द्ध–सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरियां केवल 6–7 प्रतिशत ही उपलब्ध हैं तथा असंगठित क्षेत्र में कच्ची, ठेके पर, दिहाड़ी पर एवं अन्य सभी क्षेत्रों की मिलाकर नौकरियां केवल 20–21 प्रतिशत तक ही उपलब्ध हैं। इस प्रकार देश में शेष 79–80 प्रतिशत लोग कृषि, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा स्वरोजगार जैसे क्षेत्रों में अपना रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें कृषि क्षेत्र का विशेष योगदान देखा जा रहा है।

(2) दुग्ध उत्पादन – भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के साथ–साथ निर्यात की बेहतर स्थिति में आ गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध उत्पादन होता है। वर्ष 1974 में भारत सिर्फ 2.3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू आवश्यकताओं से भी कम था। वर्तमान में भारत 23 प्रतिशत दूध उत्पादन के साथ दुनिया का नंबर एक उत्पादक बन गया है। विगत् 8 वर्षों के दौरान भारतीय डेयरी उद्योग ने 44 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। भारत में दूध उत्पादन वर्ष 2014–15 में 14.63 करोड़ टन था, जो कि बढ़कर वर्ष 2021–22 में 22 करोड़ टन हो गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र से डेयरी उद्योग आज 4 प्रतिशत का योगदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र की विभिन्न मदों में सबसे अधिक है। लगभग 7 करोड़ कृषक आज सीधे ही डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

(3) चाय उत्पादन – भारत वर्ष 2022 में चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा चाय उत्पादक देश बन गया है। भारत का उत्तरी भाग वित्तीय वर्ष 2021–22 में देश के वार्षिक चाय उत्पादन का लगभग 83 प्रतिषत के साथ सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसमें अधिकांश उत्पादन असम में होता है तथा उसके बाद पश्चिम बंगाल का स्थान है। असम घाटी और कछार असम के दो चाय उत्पादक क्षेत्र हैं। भारत कृषि क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों के उत्पादन के मामले में वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति में लगातार सुधार कर रहा है। आज भारत प्रति वर्ष 13 लाख टन चाय का उत्पादन कर रहा है। विश्व के चाय उत्पादन का 27 प्रतिशत और विश्व के चाय निर्यात का 11 प्रतिशत भारत से प्राप्त होता है।

(4) मत्स्य उत्पादन – भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश बन गया है जिसका योगदान वैश्विक उत्पादन में 7.56 प्रतिषत है।

मछली का उत्पादन करने वाले किसानों और मछुआरों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 10 सितंबर 2020 में 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा' योजना प्रारंभ की थी। मत्स्य पालन के क्षेत्र में वर्ष 2019-20 से लेकर 2021-22 तक 14.3 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि देखी गई है। वर्तमान में भारत 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की मछलियों का निर्यात करता है। वर्ष 2020-21 में भारत का सी-फूड निर्यात 11.50 लाख मीट्रिक टन का रहा है।

(5) खाद्यान्न उत्पादन – आज जहां पूरी दुनिया में खाद्यान्न का संकट गहराता जा रहा है, वहीं भारत खाद्यान्न उत्पादन में नए-नए कीर्तिमान बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वर्ष 2021-22 के लिए मुख्य कृषि फसलों के उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार भारत में 31.451 करोड़ टन खाद्यान के उत्पादन का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है। वर्ष 2021-22 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन विगत् 5 वर्षों के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 2.38 करोड़ टन अधिक है। केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में 32.8 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 3.8 प्रतिशत अधिक है।

(6) बागवानी क्षेत्र – फलों, सब्जियों एवं अन्य शाकीय पौधों का उत्पादन करना ही बागवानी हैं। बागवानी विभाग फलों, सब्जियों और फूलों के उत्पादन और रखरखाव के साथ-साथ मसालों, औषधीय और सुगंधित पौधों का प्रबंधन करता है। बागवानी उत्पादन का कुल उत्पादन और आर्थिक मूल्य, जैसे कि फल, सब्जियां और नट 10 साल की अवधि में भारत में दोगुना हो गया है। एक अनुमान के अनुसार भारत में वर्ष 2021-22 में बागवानी का उत्पादन 34.2 करोड़ टन होने जा रहा है। यह 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 70.3 लाख टन से बढ़ने जा रहा है, जो कि वर्ष 2020-21 में 33.46 करोड़ टन पर रहा था। फलों का उत्पादन वर्ष 2020-21 के 10.25 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 10.71 करोड़ टन पर पहुंचने की सम्भावना है और सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2020-21 के 2.66 करोड़ टन से बढ़कर 3.17 करोड़ टन पर पहुंचने की सम्भावना है। बागवानी के तेजी से बढ़ रहे उत्पादन से किसानों की आय में अधिक वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही है।

कृषि क्षेत्र में विकास का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव – भारतीय अर्थव्यवस्था में विशेषत: कृषि क्षेत्र में उक्त वर्णित संवर्धनों के कारण भारत के किसान अब तेजी से सम्पन्न हो रहे हैं एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गया है। हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारत में कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी वर्ष 2014 के बाद से 1.5 से 2.3 गुना तक की वृद्धि दर्ज हुई है, इससे किसान अधिक समर्थन मूल्य वाली फसलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं एवं अपनी आय में तेज गति से वृद्धि करने में सफल हो रहे हैं। इसी प्रकार भारत से अनाज का निर्यात भी वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर 5000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक हो गया है।

कृषि क्षेत्र में उक्त वर्णित संवर्धनों के चलते हाल ही के वर्षों में भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे व्यक्तियों की संख्या में भी महत्वपूर्ण कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2011-12 में भारत में गरीबी का अनुपात 21.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2020-21 में घटकर 17.9 प्रतिशत हो गया है। गरीबी के अनुपात में लगातार आ रही कमी मुख्य रूप से भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में लगातार हो रही तेज वृद्धि के कारण सम्भव हो सकी है। भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय वर्ष 2001-02 में केवल 18,118 रुपए थी जो एक दशक पश्चात अर्थात् वर्ष 2011-12 में बढ़कर 68,845 रुपए हो गई। इसके बाद के 10 वर्षों में तो और अधिक तेज गति से वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2021-22 में यह 174,024 रुपए हो गई है। भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में वृद्धि, गरीब वर्ग की औसत आय में हो रही तेज वृद्धि के कारण भी सम्भव हो पा रही है।

कृषि क्षेत्र के शासकीय प्रतिवेदनों के अनुसार बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में वर्ष 2013 और वर्ष 2019 के बीच 10 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है। भारत में वित्तीय वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य 232.15 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) रहा है जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 197.46 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) से बहुत अधिक है। इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों की आय में 17.6 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान रही है।

निष्कर्ष – भारत में आर्थिक विकास की दर तीव्र होने के बावजूद भी अर्थव्यवस्था के विकास के मार्ग में कई चुनौतियां विद्यमान हैं। कृषि की समस्याएं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की निराशाजनक स्थिति, रोजगार सृजन की समस्याएं और कई आर्थिक क्षेत्रों में निराशाजनक प्रदर्षन भारत की प्रमुख समस्याएं हैं, जिनका समाधान शीघ्रता से किया जाना आवश्यक है। अर्थव्यवस्था, कृषि और रोजगार एक दूसरे से इस प्रकार संलग्न हैं कि एक में किया गया बदलाव दूसरे को प्रभावित करता है, अत: अर्थव्यवस्था के विकास के लिये सभी अंगों का संतुलित कार्य निष्पादन आवश्यक है। भारत की अर्थव्यवस्था के विकास की गति बनाये रखने के लिये कार्य निष्पादन के प्रचलित तरीकों में बदलाव के साथ ही ऐसी व्यवस्था के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिये, जिससे अर्थव्यवस्था के विकास को प्रभावित करने वाले सभी कारकों को एक दूसरे के प्रति उत्तरदायी बनाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वार्षिक प्रतिवेदन, भारतीय रिजर्व बैंक, भारत सरकार, 2019-20. 2020-21, 2021-22
2. हिंदुस्तान टाइम्स, नई दिल्ली

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

राजसमंद जिले के कुंभलगढ़ उपखंड के स्थानीय जन समुदाय पर खनन गतिविधियों के पर्यावरणीय एवं सामाजिक आर्थिक प्रभाव

डॉ. शगुफ्ता सैफी* डॉ. प्रमोद कुमार श्रीमाली**

* सहायक आचार्य (भूगोल) मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा (राज.) भारत
** सहायक आचार्य (भूगोल) मथुरादास बिनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाथद्वारा (राज.) भारत

शोध सारांश – विभिन्न प्राथमिक आर्थिक क्रियाकलापों में खनन एक प्रमुख आर्थिक क्रिया है एवं साथ ही विकास के लिए यह एक अपरिहार्य आर्थिक क्रिया है किंतु खनन गतिविधियों के द्वारा कई पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती है एवं साथ ही खनन गतिविधियों के संबंधित क्षेत्र में सामाजिक–आर्थिक प्रभाव भी घटित होते है।उक्त शोध अध्ययन का क्षेत्र राजसमंद जिले का कुंभलगढ़ उपखंड है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र में खनन कार्य द्वारा प्रभावित सामाजिक एवं आर्थिक क्रियाओं की पहचान एवं उनका मूल्यांकन करना हैं।प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। प्राथमिक समंको का संकलन साक्षात्कार एवं अनुसूची के माध्यम से अध्ययन क्षेत्र के 5 गांवों से किया गया है। उक्त गांवों के चयन के लिए अध्ययन कर्ता ने अध्ययन क्षेत्र का पूर्व सर्वेक्षण कर खनन गतिविधि वाले गांवों की जानकारी जुटाई। तत्पश्चात इन खनन वाले गांवों में से यादृच्छिक प्रतिचयन द्वारा 5 गांव का चयन किया गया।द्वितीयक आंकड़ों के अंतर्गत जिला जनगणना प्रतिवेदन, सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी पत्र–पत्रिकाओं एवं इंटरनेट के माध्यम से आंकड़े जुटाए गए।अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि जहां एक ओर अध्ययन क्षेत्र के लोगों का आर्थिक स्तर खनन गतिविधियों के कारण उच्च हुआ है ,उन्हें रोजगार मिला है एवं उनकी आय में वृद्धि हुई है साथ ही अध्ययन क्षेत्र की आर्थिक आधारभूत संरचना जैसे सड़के, विद्युत, दूरसंचार एवं सामाजिक आधारभूत संरचना जैसे विद्यालय चिकित्सालय आदि का विकास हुआ है। वहीं दूसरी ओर खनन गतिविधियों के कारण पर्यावरण प्रदूषण, प्राकृतिक अपवाह तंत्र में अवरोध, कृषि भूमि की उत्पादकता में कमी, कृषि कार्य में संलग्न लोगों की आय में कमी, लोगों का भूमिहीन होना एवं स्वास्थ्य पर दुष्परिणाम जैसे कई नकारात्मक प्रभाव भी घटित हुए हैं।

शब्द कुंजी – खनन, पर्यावरण, सामाजिक– आर्थिक, प्रतिचयन , अपवाह तंत्र ।

प्रस्तावना – वर्तमान युग में खनिजों का विदोहन किसी देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए अति आवश्यक है। खनिज देश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ माने गए हैं। बढ़ते हुए औद्योगिकरण के फल स्वरुप जैसे जैसे खनिजों की मांग बढ़ती जा रही है वैसे–वैसे खनिजों का अनियोजित तरीके से निरंतर विदोहन किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप गंभीर पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो रहे हैं। खनन गतिविधियों जहां एक ओर प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हुआ है वहीं दूसरी ओर खनन गतिविधियों के सामाजिक आर्थिक प्रभाव भी घटित हुए हैं।

अध्ययन क्षेत्र की शत प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण है। यह आर्थिक क्रियाकलापों के लिए पूर्णतया प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है जिसके कारण संसाधनों का अविवेकपूर्ण तरीके से दोहन बढ़ा है।

उद्देश्य :

1. अध्ययन क्षेत्र में खनन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में खनन कार्य द्वारा प्रभावित सामाजिक आर्थिक क्रियाओं की पहचान एवं उनका मूल्यांकन करना।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है। प्राथमिक समंको का संकलन साक्षात्कार एवं अनुसूची के माध्यम से अध्ययन क्षेत्र के 5 गांवों से किया गया है। उक्त गांवों के चयन के लिए अध्ययन कर्ता ने अध्ययन क्षेत्र का पूर्व सर्वेक्षण कर खनन गतिविधि वाले गांवों की जानकारी जुटाई। तत्पश्चात इन खनन वाले गांवों में से यादृच्छिक प्रतिचयन द्वारा 5 गांव का चयन किया गया।

द्वितीयक आंकड़ों के अंतर्गत जिला जनगणना प्रतिवेदन, सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी पत्र–पत्रिकाओं एवं इंटरनेट के माध्यम से आंकड़े जुटाए गए।

साहित्य समीक्षा

Kitula A.G.N.(2010) नेअपने शोध पत्र में यह स्पष्ट किया है कि खनन गतिविधियों के कारण तंजानिया के गेटे जिले सहित कई क्षेत्रों में गंभीर सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव हुए हैं जिनमें भूमि अवनयन, जल गुणवत्ता की कमी ,प्रदूषण, पशुधन एवं जैव विविधता को क्षति प्रमुख है ।यद्यपि खनन मालिकों एवं सरकारी अधिकारियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता है किंतु राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में पर्यावरण अवनयन के प्रभावों को कम करने की व्यूह रचनाएं सफल नहीं हो पा रही है।

Saviour,M-Naveen,(2010) के शोध पत्र के अनुसार हाल के वर्षों में बजरी खनन एक बड़ा पर्यावरणीय मुद्दा बनकर उभरी है ।इसके कारण बड़े स्तर पर अवनयन हुआ है ।अध्ययन के महत्वपूर्ण निष्कर्ष में मुख्यत: कमजोर सरकार के कारण अवैधानिक खनन बढा है जिससे जल स्रोतों का अवनयन हुआ है ।मृदा और बजरी खनन के पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव हुए हैं सरकार को उचित नीतियां बनाकर प्रभावी नियंत्रण कर इसे रोकना चाहिए।

भूषण चंद्रा (2004) ने अपने शोध अध्ययन में बताया कि भारत

प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से विश्व के समृद्ध देशों में एक है। भारत का खनन व्यवसाय प्रमुख रोजगार प्रदाता है किंतु और नियोजित खनन के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और श्रमिकों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हुए हैं ।खनन श्रमिकों एवं खनन व्यवसाय में संलग्न अन्य लोगों के आर्थिक स्तर में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है।

मेनारिया केएल (2003) ने अपने अध्ययन में जनसंख्या बढ़ने के साथ खाद्यान्न के अधिक उत्पादन के लिए फास्फोरस उर्वरक की मांग भी बढ़ती जा रही है। अत: राजस्थान में रॉक फास्फेट के खनन और प्रोसेसिंग में भी बढ़ोतरी हो रही है। जिससे अनेक हानिकारक पदार्थ पर्यावरण में मुक्त होकर भूमि जलवायु वनस्पति आदि को प्रदूषित कर रहे हैं और इसका सीधा प्रभाव जीव जंतुओं के स्वास्थ्य पर पड रहा है।

अध्ययन क्षेत्र – उक्त शोध अध्ययन का क्षेत्र राजसमंद जिले के दक्षिणी पश्चिमी भाग में स्थित कुंभलगढ़ उपखंड है। कुंभलगढ़ उपखंड का कुल क्षेत्रफल 771.5 वर्ग किलोमीटर है और यह क्षेत्रफल की दृष्टि से जिले का नाथद्वारा के बाद दूसरा बड़ा उपखंड है। कुंभलगढ़ उपखंड उत्तर में आमेट तहसील, पश्चिम में राजसमंद तहसील,दक्षिण पूर्व में नाथद्वारा तहसील,दक्षिण में उदयपुर जिला एवं पश्चिम में पाली जिला से घिरा हुआ है। उपखंड का अधिकांश उच्चावच स्वरूप पर्वतीय एवं पठारी है।अध्ययन क्षेत्र की प्रमुख नदी बनास है। इसके अतिरिक्त लाखेला तालाब से निकलने वाली खारी नदी एवं कोद्दार पहाड़ी से आने वाली बनास की सहायक नदी प्रमुख है।

अध्ययन क्षेत्र की जलवायु उपोष्ण उप आर्द्र है। ग्रीष्मकालीन औसत तापमान 28^{0}सेल्सियस एवं शीतकालीन औसत तापमान 12^0 सेल्सियस पाया जाता है। क्षेत्र की औसत वार्षिक वर्षा 70 सेंटीमीटर है जो मुख्यत: दक्षिण पश्चिम मानसून से मध्य जून से सितंबर के बीच होती है। कुंभलगढ़ क्षेत्र मेवाड़ का माउंट आबू कहा जाता है। अध्ययन क्षेत्र में मुख्यत लाल दोमट मृदा पाई जाती है। अध्ययन क्षेत्र की वनस्पति उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझडी प्रकार की है जिसमें आम,महुआ,जामुन,सेमल,पलाश,अमलतास एवं शिरीष के वृक्ष बहुतायत में पाए जाते हैं। अध्ययन क्षेत्र का प्रमुख वन्य जीव तेंदुआ एवं भेड़िया है।

अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या 1,44,231 है जो शत-प्रतिशत ग्रामीण है। क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व 189 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है जो जिले के सभी उपखण्डों में न्यूनतम है। क्षेत्र का लिंगानुपात 1050 महिलाएं प्रति हजार पुरुष है जो जिले में सर्वाधिक है जबकि साक्षरता 43.73 प्रतिशत है जो जिले में न्यूनतम है। अनुसूचित जनजाति जनसंख्या सर्वाधिक जिले की 29.85 प्रतिशत कुंभलगढ़ उपखंड में निवासरत है जबकि अनुसूचित जाति जनसंख्या 9.03 प्रतिशत है। कार्यशील जनसंख्या दर 51.23 प्रतिशत है जो जिले में सर्वाधिक है।

अध्ययन क्षेत्र में कुंभलगढ़ दुर्ग, परशुराम महादेव मंदिर, सूरजकुंड एवं जरगाजी जैसे भौगोलिक-सांस्कृतिक दर्शनीय स्थल है।

शोध अध्ययन के परिणाम

(अ) खनन के पर्यावरणीय प्रभाव- निर्वनीकरण एवं भूमि अवनयन

(ब) खनन के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

(अ) खनन से पर्यावरणीय प्रभाव – निर्वनीकरण एवं भूमि अवनयन

शोधकर्ता ने खनन प्रक्रिया के सम्बन्ध में उत्तरदाताओं से जानकारी प्राप्त की,उत्तरदाताओं से खनन गतिविधियों से पर्यावरण को किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उत्तरदाता इस बात से सहमत है कि खनन गतिविधियों से नुकसान होता है परन्तु वे इस बात को भी नहीं नकारते है कि खनन गतिविधियों से रोजगार उपलब्ध होने से उनका आर्थिक स्तर में सुधार हो रहा है। इस सम्बन्ध उनका कहना है कि कुछ पाने के लिये कुछ खोना पड़ता है वे भविष्य में होने वाले पर्यावरणीय प्रभावों से अनभिज्ञ है।

98 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि खनन गतिविधियों से पर्यावरण प्रभावित होता है उनमें मुख्यत: भूमि अवनयन, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि है जबकि 2 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि खनन से कोई पर्यावरणीय प्रभाव नहीं होता है।

सारणी 1 : खनन से होने वाले पर्यावरणीय प्रभावों की जानकारी

पर्यावरणीय प्रभाव	प्रतिशत
भूमि अवनयन	54.00
वायु प्रदूषण	16.00
जल प्रदूषण	18.00
ध्वनि प्रदूषण	10.00
कोई प्रभाव नहीं	2.00
कुल	**100.0**



54.00 प्रतिशत उत्तरदाता का मानना है कि खनन गतिविधियों से भूमि अवनयन प्रमुख पर्यावरणीय प्रभाव है अर्थात् खनन गतिविधियों से सभी प्रकार के पर्यावरणीय प्रभावों में भू अवनयन की समस्या सर्व प्रमुख है, जबकि 16.00 प्रतिशत उत्तरदाता का मानना है कि वायु प्रदूषण तथा 18.00 प्रतिशत का मानना है कि खनन गतिविधियों से जल प्रदूषण सर्व प्रमुख पर्यावरणीय प्रभाव है, जबकि 10.00 प्रतिशत उत्तरदाता का मानना है कि ध्वनि प्रदूषण होता है।

सारणी 2 : खनन के कारण भूमि अवनयन

कारण	प्रतिशत
खनन हेतु विशाक्त साग्रमी का प्रयोग	4.00
खनन हेतु भारी मशीनों का प्रयोग	6.00
खनन हेतु ब्लास्टिंग किया जाना	40.00
खनन हेतु वनस्पतियों की कटाई (वनोन्मूलन)	10.00
लम्बी अवधि तक खनन कार्य	40.00
कुल	**100.0**



जब उत्तरदाताओं से भूमि अवनयन का मुख्य कारण पूछा गया तो अधिकांश उत्तरदाताओं ने इसके पीछे कई कारणों को बताया जिसमें प्रमुख रूप से खनन में विशाक्त सामग्री का प्रयोग, भारी मशीनों का प्रयोग, ब्लास्टिंग प्रक्रिया द्वारा खनन, लम्बी अवधि तक खनन, वनोंन्मूलन, मिट्टी का बहाव आदि कारणों से भूमि अवनयन हो रहा है।

पर्यावरण अवनयन के प्रमुख कारणों में सबसे अधिक उत्तरदाताओं (40-40 प्रतिशत) का मानना है लम्बी अवधि तक खनन कार्य एवं खनन हेतु ब्लास्टिंग का प्रयोग किये जाने से भूमि अवनयन की संभावनाएँ बढ़ रही है, 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि खनन हेतु वनस्पतियों की कटाई से भूमि अवनयन होता है। जबकि 6 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि खनन हेतु भारी मशीनों का प्रयोग से भूमि अवनयन पर प्रभाव पड़ता है जबकि 4 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि खनन हेतु विषाक्त साग्रमी के प्रयोग से भूमि अवनयन पर प्रभाव पड़ता है जबकि 12 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि खदानों पर ब्लास्टिंग का उपयोग न कर आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाता है, जो अपेक्षाकृत सुरक्षात्मक खनन प्रक्रिया है। अत: कहा जा सकता है खनन गतिविधियां पर्यावरण अवनयन का प्रमुख कारण है जिनमें लम्बी अवधि तक खनन कार्य एवं ब्लास्टिंग द्वारा किया गया खनन कार्य है।

अधिकांश उत्तरदाताओं का कहना है कि भूमि अवनयन की परिस्थितियों से बचा जा सकता है। इसके लिये खदान मालिकों तथा सरकार को इस समस्या के समाधान के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाये जाने चाहिए जैसे - (अ) वैज्ञानिक पद्धति से खनन, (ब) प्रदूषण नियंत्रक उपायों का प्रयोग, (स) संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग, (द) सतत् विकास आदि। वर्तमान में खनिजों के दोहन (संगमरमर, सोप स्टोन,इमारती पत्थर आदि) के लिए अत्याधुनिक मशीनों से खनन कार्य इतनी तेजी से किया जा रहा है कि वन क्षेत्र पूर्णतया नष्ट होने जा रहे हैं। उत्तरदाताओं से इस सम्बन्ध में पूछा गया तो 76.00 प्रतिशत का मानना है कि वन्य जीवों एवं पौधों के आवास नष्ट हो जाते हैं जिससे वन्य जीवों एवं पौधों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वे नष्ट होते जो रहे है। लगभग 66.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि वनों की कटाई से पर्यावरण असन्तुलन के कारण वर्षा में कमी हो रही है। 16.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं को कहना है कि वनों की कटाई से बाढ़ तथा मृदा अपरदन होने की संभावनाओं में तेजी आ रही है।

सारणी 3 : वनों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान

पर्यावरणी नुकसान	**प्रतिशत**
वन्य जीवों एवं पौधों के आवासों का नष्ट होना	76.00
पर्यावरण असन्तुलन से वर्षा में कमी	66.00
मृदा अपरदन	16.00
बाढ़	16.00
भू-अवनयन	68.00
अकाल, सूखा पड़ना	60.00



वनों की कटाई से भू अवनयन को मानने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 68.00 प्रतिशत तथा अकाल तथा सूखा पड़ने जैसे संभावनाओं को मानने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत 60.00 है।

क्षेत्रीय सर्वेक्षण के दौरान उत्तरदाताओं से वनों की कटाई को रोकने हेतु क्या-क्या प्रयास किये जाने चाहिये तो उत्तरदाताओं के सुझावों निम्न है-

1. सुरक्षित वन क्षेत्रों में खनन की अनुमति नहीं देना।
2. जितने वृक्ष काटे जाये उनसे कई गुना अधिक संख्या में वृक्ष लगाये जाए।
3. इमारती लकड़ी के स्थान पर लोहे व अन्य निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए।
4. जिन कानूनों की अनुपालना आवश्यक है उनमें किसी भी परिस्थिति में ढील नहीं देना।
5. पौधों के औषधीय महत्व की जानकारी उपलब्ध करवाना ताकि व्यक्ति उनकी कटाई न करें।
6. जलाऊ लकड़ी के लिए तीव्र गति से बढ़ने वाले वृक्षों का रोपण करना तथा रसोई गैस के उपयोग को बढ़ावा देना।
7. वनों के क्षेत्र 33 प्रतिशत कम नहीं हो इस हेतु कानून बना उसका कठोरता से पालन करना चाहिये।

शोधकर्ता द्वारा उत्तरदाताओं से खनन प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण नुकसान को बचाया जा सकता है तो 100 प्रतिशत लोगों का कहना है कि पर्यावरणीय नुकसान को बचाया जा सकता है। पर्यावरणीय नुकसान को बचाने हेतु निम्न उपाय सुझावे गये (क) वनीकरण करके, (ख) खनन से प्रभावित समुदायों का पुनर्वास करके, (ग) प्रभावित समुदाय को उचित मुआवजा देकर, (घ) पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करके, (च) खनन के तरीकों में बदलाव करके आदि।

उत्तरदाताओं से अन्य प्रभावों के बारे में जानकारी के अनुसार 100 प्रतिशत लोगों का कहना है खनन व मार्बल अपशिष्टों का निस्तारण सही तरीकों से नहीं किया जाता है कि मृदा/नदियों के स्तर में परिवर्तन हो रहे है। खनन से वन्य जीवों/पशु-पक्षियों तथा मानव पर कई विपरीत प्रभाव हुए है।

उत्तरदाताओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु कई सुझावों दिये जिसमें खदान प्रबन्धकों द्वारा स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न हो इस और ध्यान देना चाहिये। खदानों से खनन अत्यधिक गहराई तक नहीं किया जाना चाहिये। जहां खनन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी हो उन स्थानों को मिट्टीयों द्वारा पुनर्भरण कर वृक्षारोपण किया जाना चाहिये। प्राथमिक उपचार की सुविधाओं में वृद्धि करनी चाहिये।

(ब) खनन के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव – किसी भी क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक कारकों द्वारा उस प्रदेश की विकास की दिशा का निर्धारण होता है। क्षेत्र में विकास का आधार वहां उपलब्ध भौतिक पर्यावरण पर निर्भर करता है। जिस प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता है, वहाँ कृषि उत्पादन, औद्योगिक विकास की संभावनायें प्रबल होती है। आवासित जनसंख्या को सामाजिक सुविधाओं की अधिक आवश्यक होती है दूसरी तरफ वहाँ कृषि उत्पादन, जल की उपलब्धता, परिवहन मार्गों की भी आवश्यकता रहती है। प्रस्तुत शोध कार्य में उन भौगोलिक कारकों का विश्लेषण किया गया है जिनमें उस प्रदेश का विकास प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है।

सारणी 4 : सामाजिक-आर्थिक जानकारी

विवरण	प्रतिशत	विवरण	प्रतिशत
शैक्षणिक सुविधाओं का स्तर		**विद्युत आपूर्ति**	
सन्तुष्ट	72	हाँ	40
असन्तुष्ट	28	नहीं	60
चिकित्सीय सुविधाओं का स्तर		**सार्वजनिक परिवहन साधन**	
सन्तुष्ट	46	हाँ	94.0
असन्तुष्ट	54	नहीं	6.0
पेयजल सुविधा		**कृषिगत सहायता एवं सुविधाएं**	
हाँ	74	सन्तुष्ट	36
नहीं	26	असन्तुष्ट	64
सिंचाई सुविधा		**साख सुविधाएं**	
हाँ	30	सन्तुष्ट	68
नहीं	70	असन्तुष्ट	32
सामुदायिक केन्दों		**रोजगार प्रशिक्षण सुविधाएं**	
हाँ	90.0	सन्तुष्ट	20
नहीं	10.0	असन्तुष्ट	80

शोधकर्ता ने क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक स्तर की जानकारी जिले की पांच तहसीलों से प्राप्त की तो निष्कर्ष शिक्षा के स्तर, पेयजल सुविधा, सामुदायिक केन्द्रों, सड़क सुविधा, परिवहन साधनों आदि से अधिकांश उत्तरदाता सन्तुष्ट थे। इन सुविधाओं से सन्तुष्ट उत्तरदाता खनन क्षेत्रों के आस-पास निवास करने वाले पाये गये हैं उनका कहना है खनन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में सड़क सुविधाओं, शिक्षण संस्थाओं तथा सामुदायिक केन्द्रों में आंगनवाड़ी केन्द्र, पोषाहार वितरण केन्द्र तथा पूरक पोषाहार केन्द्रों की स्थापना।

इन केन्द्रों में कई खदानों के मालिकों द्वारा इन गतिविधियों में आर्थिक योगदान भी किया जा रहा है जिससे इन सुविधाओं का लाभ यहां के आम ग्रामीणों को मिल रहा है, जबकि स्वास्थ्य सुविधाओं, सिंचाई सुविधा, विद्युत आपूर्ति, कृषिगत सहायता एवं सुविधाओं,साख सुविधाओं,रोजगार प्रशिक्षण सुविधाओं आदि से अधिकांश उत्तरदाता असन्तुष्ट पाए गए।

स्वास्थ्य सुविधाओं के सम्बन्ध में उत्तरदाताओं का कहना है कि मौसमी बीमारियों का इलाज तो प्राथमिक स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर हो जाता है लेकिन गंभीर बीमारियों हेतु शहर या दूसरे शहरों में जाकर इलाज करवाना पड़ता है स्वास्थ्य की जिला मुख्यालय पर सुविधा है परन्तु उसे अच्छी सुविधा नहीं कहा जा सकता है। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक आज भी विद्युत सुविधा अपनी पहुँच से बहुत दूर है इस और सरकारी तंत्र नाकाम ही रहती है।साथ ही कुछ उत्तरदाताओं का कहना है कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के स्तर को भी बढ़ाया जाना चाहिये।कृषिगत सहायता एवं सुविधाओं के संदर्भ में उत्तार दाताओं का कहना है कि बीज, कीटनाशक एवं उर्वरक आदि की उचित आपूर्ति क्षेत्र में नहीं है एवं कृषिगत सुविधाएं जैसे भंडार गृह, विक्रय केंद्र आदि सुविधाओं की क्षेत्र में कोई उपलब्धता नहीं है। इसी प्रकार उत्तार दाताओं का कहना है कि क्षेत्र में प्रशिक्षण सुविधाओं की भी कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

संक्षेप में कहा जा सकता है जहां खनन क्षेत्रों में रोजगार मिलने के पश्चात लोगों की आय बढ़ी एवं उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। पलायन में कमी आई। साथ ही सड़कों एवं आवागमन की सुविधाओं के विस्तार के कारण क्षेत्र में व्यापार की गतिविधियों में तेजी आ रही है। खनन क्षेत्रों में स्कूल खुलने से ग्रामीणों के बच्चे भी शिक्षित होने लगे हैं। इस प्रकार खनन उद्योगों का विकास होने से क्षेत्रों का भी विकास हो रहा है जो कि पहले आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से कमजोर एवं पिछड़े हुए थे।

खनन तथा स्वास्थ्य – खनन गतिविधियों से उत्पन्न कई पर्यावरणीय प्रभाव के साथ-साथ आम जन-जीवन के स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएँ भी उत्पन्न हो रही है। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न समुदायों के अधिकांश उत्तरदाताओं ने स्वास्थ्य सम्बन्धी बीमारियों की हकीकत के बारे में अवगत करवाया। शोधकर्ता ने साक्षात्कार के दौरान उत्तरदाताओं से खनन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव से स्वास्थ्य पर होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की तो अधिकांश उत्तरदाताओं स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों में एक-दो से अधिक बीमारियों से ग्रसित होना बताया।

सारणी 5 : स्वयं या परिवार के सदस्य कौनसी बीमारी से पीड़ित रहते है

बीमारियाँ	प्रतिशत
सीलिकोसीस	32.00
मेलेरिया/बुखार	90.00
चर्म रोग	44.00
सर्दी एवं जुकाम	84.00
खांसी/टी.बी. (क्षय रोग)	58.00
अन्य	32.00



सीलिकोसीस/एस्बेस्टोसीस बीमारी के बारे में कई उत्तरदाता जानकारी नहीं होना बताया। क्षेत्र में 32.00 प्रतिशत व्यक्ति इस बीमारी से ग्रसित है। अधिकांश उत्तरदाता मलेरिया/बुखार – सर्दी एवं जुकाम जैसी बीमारी से पीड़ित रहते हैं जिनका प्रतिशत 90.00 है। उत्तरदाताओं को यह भी मानना है यह बीमारी खनन गतिविधि एवं मौसमी प्रकोप दोनों से होती है। 58.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार के सदस्य खांसी/ टी.बी. (क्षय रोग) से ग्रसित है क्योंकि खनन प्रक्रियाओं के दौरान उड़ने वाली धूल/मिट्टी के कणों के कारण यह रोग उत्पन्न हो जाता है जो उचित इलाज नहीं मिलने पर मृत्यु तक हो जाती है। कुछ उत्तरदाताओं ने अन्य बीमारियां भी खनन गतिविधियों से होती है जिनका प्रतिशत 32.00 प्रतिशत है।

शोध सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि लगभग 100 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि स्वास्थ्य सम्बन्धी अधिकांश बीमारियां खनन प्रक्रिया के दौरान होने वाले विभिन्न पर्यावरणीय प्रभावों में परिवर्तन के कारण होती है।

निष्कर्ष – खनन एवं खनन विकास से उत्पन्न विभिन्न पर्यावरण समस्याओं के आधार पर हम कह सकते हैं कि **अध्ययन क्षेत्र में खनन कार्य व्यवसायियों के लिए वरदान, श्रमिकों के लिए रोजगार एवं कृषकों के लिए अभिशाप** साबित हुआ है। वर्तमान परिदृश्य में औद्योगिक विकास को नकारा नहीं जा सकता अत: हमें खनन गतिविधियों को निरंतर जारी रखना जरूरी है एवं साथ ही पर्यावरण को भी संरक्षित करना है। अत: हमें सतत विकास की अवधारणा अपनाते हुए इस प्रकार खनन कार्य जारी रखना है कि पर्यावरण को न्यूनतम से न्यूनतम क्षति हो एवं विनाश रहित विकास संभव हो सके। अत: चालू खनन का विवेकपूर्ण एवं नियमात्मक संचालन, अवैध खनन पर रोक, खनन प्रविधियां को दक्ष बनाना, उथली एवं निष्क्रिय खदानों का भराव कर वृक्षारोपण करना, खनन से संबंधित पर्यावरणीय, सामाजिक एवं श्रम कानूनों का प्रभावी अनुपालन, हरित फील्ड खोलने के बजाय ब्राउन फील्ड में ज्यादा संसाधन पैदा करना,जल वाहिकाओं की मानसून पूर्व सफाई, खदानों में भरे जल का उचित प्रबंधन आदि प्रयासों द्वारा खनन गतिविधियों के द्वारा हो रहे पर्यावरण अवनयन को न्यूनतम किया जा सकेगा एवं खदान मालिकों द्वारा अपने सामाजिक उत्तारदायित्व को समझते हुए क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं,कृषि गत सुविधाओं एवं रोजगार– प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार किया जाए जिससे स्थानीय जन समुदाय को भी अधिक सामाजिक –आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Aawaar, G. (2006), *The Economic Impact of Mining Sector Investment in Ghana*, Undergraduate Dissertation, Faculty of Social Sciences, Kwame Nkrumah University of Science and Technology.
2. Agrawal, V. (2004), Eco-Environmental Impact and Necessity of Environmental Management in Mining Area, *Ecological Indicators*, Vol. 11 (6), pp. 1466-1472.
3. Bhushan Chandra (2004),Rich Lands, Poor People:The Socio- Environmental Challenges of Mining In India, State of Indian Environment: Mining.
4. Chauhan, N.K., Sharma Anju and Sharma Veena (2004), A Study on Impact of Green Marble Mining on Environment near Gogunda District Udaipur (Raj.), Unpublished Ph.D. Thesis, Department of Geology, MLSU, Udaipur.
5. Chouhan, Surendra Singh (2008), Mining Development and Environment : A Case Study of Bijolia Mining Area in Rajasthan, Unpublished Ph.D. Thesis, Department of Environment Science, University of Rajasthan Jaipur.
6. Das, B.K., (1998), Environmental Pollution of Udaisagar Lake and Impact of Phosphate Mine, Udaipur (Raj.), Ph.D. Thesis, Punjab University, Chandigarh.
7. Drake, P. L., Rojas, M., Reh, C.M., Mueller, C.A., Jenkins, F.M. (2001). "Occupational exposure to airborne mercury during gold mining operations near El Callao, Venezuela." *International Archive of Occupational and Environmental Health* 74(3): 206-12.
8. Government of Rajasthan. (2015). *Rajasthan Mineral Policy.* Retrieved July 20, 2015, from Department of Mines and Geology: http://www.dmgraj.
9. Gyani, K.C. (2005), Environmental Scenario of Mineral Sector Activities, National Seminar : Environmental Planning and Management in Mining and Mineral Industries.
10. Jain, Anil Kumar (1998), South Aravali Region : A Remote Sensing Analysis of Natural Resources and Environment Degradation, Dissertation, JRN Rajasthan Vidyapeeth, Udaipur.
11. Kachhava, M. (2004), Environmental & Socio-Economic Impact of Mining Activities, Meenakshi Publications, New Delhi.
12. Kitula A.G.N. (2010), The Environmental and Socio Economic Impacts of Mining on Local Livelihoods in Tanzania : A Case Study of Geita District, *Journal of Cleaner Production*, Vol. 14, pp. 405-414, www.sciencedirect.com.
13. Menaria K.L.(2003)"Phosphoric Fertilizers and Chemical Industries at Crossroads-current Indian Scenario" Mines Environment Mineral Conservation Week.
14. Saviour, M.Naveen (2010) "Environmental Impact of Soil and Sand Mining" Department of Soil Science and Agricultural Chemistry,Tamil Nadu Agricultural University, Coimbatore.


100
90
80
70
60
50
40
30
20
10
0
शैक्षणिक सुविधाओं का स्तर
चिकित्सीय सुविधाओं का स्तर
पेयजल सुविधा
सिंचाई सुविधा
सामुदायिक केन्द्रों
सार्वजनिक परिवहन साधन
कृषिगत सहायता एवं सुविधाएं
साख सुविधाएं
रोजगार प्रशिक्षण सुविधाएं
विद्युत आपूर्ति
सन्तुष्ट
असन्तुष्ट

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

A Literary Review on Tourism & Tourism Industry in India with Special Emphasis on Punjab

Nishi* **Dr. Jaspreet Singh****

*Assistant Professor, SUSPUC College, Ferozepur (PB) INDIA
** Research Supervisor, Ex-Associate Professor, Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

Abstract - World's fastest expanding economic industry is tourism. It touches and impacts several industries, religious tourism, heritage/cultural tourism, adventure tourism, eco-tourism, and medical tourism are all popular types of tourism in India. The Punjab has a wide variety of savors for almost all kinds of visitors like heritage of world-class religious shrines, ancient monuments, historical forts, palaces, beautiful wetlands and much more. Punjab's border, rural areas, heritage properties and wetlands have attracted little research so far. For responsible and sustainable tourism growth, a purposeful and concerted effort is required. Punjab possesses all of the characteristics that make it a desirable location.

Keywords- Tourism, Tourism industry, Tourists, Employment, Punjab.

झरना का कला पक्ष भी सवाल है यहां भाषा की श्रेष्ठता के साथ चित्रात्मकता, अलंकारिता, प्रतीकात्मकता का संप्रेषण आदि दृष्टि है। यह प्रसाद की काव्य यात्रा का अगला पड़ाव है अत: यहां पहले की अपेक्षा भाव व कला पक्ष दिखाई पड़ रहा हैं।

'हृदय ही तुम्हें दान कर दिया,
क्षुद्र था उसने गर्व किया।
तुम्हें पाया अगाध गंभीर,
कहां जलबिंदु कहां निधिक्षीर।।'

आँसू (1925)– जयशंकर प्रसाद की रचना को छायावाद का 'मेघदूत' कहा जाता हैं। रचना वेदना, पीड़ा और विरह का काव्य है। यह व्यक्तिगत वेदना को विश्व- वेदना से जोड़ने का काव्य है। यह रचना पूर्ण आवेग, भावनात्मकता, मार्मिकता, संगीतात्मकता के साथ अभिव्यक्ति देती है। 'आँसू' का आरंभ इस वेदना से होता है 133 प्रकार के छंद है, यह एक लंबी मानवीय कविता है, यह 'सखी छंद' में लिखा गया जो प्रसाद का एक प्रिय छंद है। इसकी पहली और अंतिम पंक्ति इस प्रकार है–

'इस करुणा कलित हृदय में क्यों अब, विकल रागिनी बजती।
क्यों हाहाकार स्वरों में, वेदना असीम गरजती ?'

इस रचना का अंत भी इसी वेदना से ही होता है।

'सबका निचोड़ लेकर तुम, सुख से सुखी जीवन में।
बरसों प्रभात हिमकण - सा, आँसू इस विश्व- सदन में।।'

अपने जीवन संघर्ष और पीडाओं के बावजूद 'आँसू' के माध्यम से कभी अपनी वेदना के उदात्त स्वरूप को व्यक्त करता है। कितनी वेदना कवि ने अपने व्यक्तिगत जीवन में भोगी, बचपन में पिता को खोया फिर मां और बड़ा भाई फिर प्रथम पत्नी फिर दूसरी पत्नी व उनकी संतान इतना सहन करने वाला कभी अपनी उच्चता, उदारता व विशालता से वेदना को उदात्त स्वरूप देता है। 'आँसू'में कभी सुख व दुख पर विचार करते हुए कहता है कि–

'मानव जीवन वेदी पर, परिणाम हो विरह मिलन,
का सुख दुरूख दोनों नाचेंगे, है खेल आँख का मनका'

लहर (1933) :- प्रसाद के गीतों का एक श्रेष्ठ संग्रह है। यहां प्रेम, प्रकृति,सौंदर्य के गीतों के साथ-साथ संघर्ष व अंतर्द्वंद को अभिव्यक्ति देने वाले गीत संग्रहीत हैं। यहां प्रबंधात्मक ऐतिहासिक रचनाएं भी है। इस संग्रह में 29 आत्मपरक गीत तथा चार ऐतिहासिक प्रबंधात्मक रचनाएं हैं। यदि हम इन सभी गीतों को विषय आधारित विभाजन करना चाहे तो पाते हैं।कि यहां प्रेम व विरह, प्रकृति सौंदर्य,अतीत की मधुर स्मृतियां, संघर्ष व अंतर्द्वंद तथा सारनाथ केंद्रित गीत है। संग्रह की रचनाएं छायावादी प्रकृति चित्रण को वाणी प्रदान करती है

बीती विभावरी जाग री।
अंबर पनघट में डुबो रही
तारा - घट उषा नागरी।

लहर के गीत दैनिक जीवन के संघर्षों का अंतर्द्वंद को भी वाणी प्रदान करते हैं।

ले चल मुझे भुलावा देकर
मेरे नाविक! धीरे -धीरे।

ऐतिहासिक विषयों पर आधारित चार गीत भी है

1. अशोक की चिंता

2. शेर सिंह का शास्त्र समर्पण
3. पेशोला की प्रतिध्वनि
4. प्रलय की छाया

कामायनी (1935) :- कामायनी प्रसाद जी के काव्य संसार की चरम परिणीति है इस महाकाव्य के माध्यम से प्रसाद जी के चिंताग्रस्त मनुष्य को आनंद की प्राप्ति का मार्ग सुझाया है। कामायनी में शैव दर्शन की अभिव्यक्ति हुई है। कामायनी की मूल संवेदना आनंदवाद स्थापना है। कामायनी में कुल 15 सर्ग है चिंता, आशा, श्रद्धा, काम, वासना, लज्जा, कर्म, ईर्ष्या, इड़ा, स्वप्न, संघर्ष, निर्वेद, दर्शन रहस्य, और आनंद। इसमें प्रमुख पात्र मानव श्रद्धा और इडा के सहारे प्रसाद जी ने इस ग्रंथ की कथा का ताना-बाना रचा है।

यह सभी पात्र प्रतीकात्मक रूप में उपस्थित हुए हैं, यहां मनु-मन का, श्रद्धा-हृदयवासिनी बुद्धि तथा इडा-सांसारिक बुद्धि का प्रतीक रूप में है। कामायनी की रचना पूर्ण करने में प्रसाद जी को कई वर्ष लगे इसका प्रथम सर्ग चिंता 1928 ईस्वी में सुधा पत्रिका के अक्टूबर अंक में प्रकाशित हुआ था। कामायनी की कथा का आरंभ ऋग्वेद, शतपथ ब्राह्मण, छांदोग्य उपनिषद और श्रीमद्भागवत है। कामायनी का आरंभ चिंता सर्ग में जल प्रलय की घटना क्रम से होता है जहां मनु हिमगिरि की उत्तुंग शिखर पर बैठकर प्रलय का दृश्य देखकर चिंतित है।

हिमगिरि के उत्तुंग शिखर पर, बैठ शिला की शीतल छांह,
एक पुरुष, भीगे नयनों से देख रहा था प्रलय प्रवाह।
नीचे जल था ऊपर हिम था, एक तरल था एक सघन,
एक तत्व की ही प्रधानताहकहो उसे जड़ या चेतन।

जब धीरे-धीरे पर ले के पानी का स्तर कम होता है और सृष्टि कुछ कुछ दिखाई पड़ने लगती है, तो मनु में आशा के भाव संचारित होते हैं। श्रद्धा मनु का मिलन उसमे परिर्वतन लाता है। निराश मनु ने श्रद्धा, आशा का संचार करती है और संदेश देती है कि-

'दु:ख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात,
एक परदा यह झीना नील छुपाे; है जिसमें सुख गात।'

कामायनी हिंदी जगत की एक महत्वपूर्ण रचना है। कामायनी की संपूर्ण कथा 15 सर्गो में वर्णित है। प्रथम सर्ग में जल प्लावन की घटना का वर्णन है। चिंता सर्ग में वर्णन है कि जब चारों और जल प्रलय हो गया तब एक नाव मनु को बचाकर हिमालय की ऊंची चोटी पर ले जाती है।वह वहां चिंतामग्न स्थिति में बैठे हैं।उन्हें स्मरण आ रहा है कि प्रलय का कारण देवजाति का अपार विलास में डूब जाना है। इसके महाकाव्य पर विचार करने के से पहले विभिन्न विद्धानों द्धारा प्रदत्त महाकाव्य के काव्य लक्षणों के विषय में जान लेना जरूरी है। महाकाव्य सर्ग पर आधारित रचना होती है, जिसमें आठ या आठ से अधिक सर्ग होते हैं, उसका नायक देव या उच्च कुल का व्यक्ति, राजा आदि होता है। उसमें श्रृंगार, शांत और करुण रसों में से कोई एक प्रधान रस होता है। तथा शेष अन्य रसों की योजना होती है।

उसकी कथा विस्तृत होती है, और जीवन का व्यापक चित्रण होता है। कामायनी में रूपक तत्व मिलते हैं रूपक के तीन अर्थ निकलते हैं पहला नाटक के अर्थ में दूसरा अलंकार के अर्थ में तथा तीसरा रूपक काव्य के अर्थ में किया गया है।

निष्कर्ष – छायावाद का प्रदुर्भाव तत्कालीन युग की राष्ट्रीय चेतना एवं सांस्कृतिक पुनरूत्थान की महती आवश्यकता स्वरूप हुआ। इसके अलावा अंग्रेजी साहित्य के अध्ययन देश में घटित परिवर्तन, प्रेम के बदलते हुए स्वरूप और रस के प्रति आसक्ति ने छायावादी रचनाओं को बढावा दिया गया है। जयशंकर प्रसाद ने अपनी काव्य रचनाओं को ब्रजभाषा में लिखना शुरू किया धीरे-धीरे इन्होंने खड़ी बोली को अपना लिया इनकी काव्य रचनाओं को दो वर्ग में विभक्त है।

काव्य पंथ अनुसंधान की रचनाएं और रससिद्ध रचनाएं आंसू, लहर, कानन कुसुम, महाराणा का महत्व, झरना कामायनी और प्रेम पथिक इनकी लोकप्रिय रचनाएं है। इनकी विभिन्न काव्य रचनाओं में कामायनी इनकी सर्वश्रेष्ठ कृति रही है, जो छायावाद और खड़ी बोली की काव्य गरिमा का उदाहरण है। यह कथा काव्य भी है, जिसमें मन श्रद्धा और बुद्धि के योग से अखंड आनंद की उपलब्धि का रूपक प्रत्यभिज्ञ दर्शन के आधार पर संयोजित किया गया है। हिंदी साहित्य में प्रसाद जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहे। उन्होंने, हिंदी काव्य में एक तरह से छायावाद की स्थापना की जिसके द्धारा खड़ी बोली काव्य में न केवल कमनी; माधुर्य की रससिद्ध धारा प्रभावित हुई, बल्कि जीवन के सूक्ष्म एवं व्यापक आयामों के चित्रण की शक्ति भी संचित हुई है और कामायनी तक पहुंचकर वह काव्य प्रेरक शक्ति काव्य के रूप में भी प्रतिष्ठित हो गए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, 'हिंदी साहित्य का इतिहास', नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
2. नामवर सिंह, 'छायावाद', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
3. डॉ. नगेंद्र एवं डॉ. हरदयाल, 'हिंदी साहित्य का इतिहास' नेशनल पब्लिशिंग हाउस
4. डॉ. नवीन नंदवाना, 'छायावाद एक पुनर्विचार',मलिक बुक कंपनी, जयपुर
5. जयशंकर प्रसाद, 'कामायनी' प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली
6. जयशंकर प्रसाद, 'आँसू' साहित्य सदन प्रकाशन, झाँसी, उ.प्र.
7. जयशंकर प्रसाद, 'झरना' वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली
8. जयशंकर प्रसाद, 'लहर' कला मंदिर प्रकाशन, नई दिल्ली

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

नदी संरक्षण की आवश्यकता एवं अवसंरचना

डॉ. पंकज कुमार जायसवाल*

* अध्यक्ष (भूगोल विभाग) साई पी.जी. कॉलेज, फतेहपुर, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – **नमामि गंगे तव पादपंकजं**
सुर सुरैर्वन्दिव्य रूपम्।
भुक्तिं च मुक्तिं च ददासि निप्यम्
भावानु सारेण सदानराणाम्

भावार्थ,

'हे गंगा मैया आपके चरण कमलों को नमस्कार। सुरो और असुरों द्वारा आपके के द्विव्य रूप की पूजा की जाती है। आप पुरूषों की भक्ति के स्तर और दृष्टिकोण के आधार पर प्रतिदिन भोग और मोक्ष की वस्तुएं देते है।'

नदियों को हमारी सभ्यता को जीवत रहने का साधन कहा जाता है। नदियों को भारत की एक शक्तिशाली और कीमती राष्ट्रीय सम्पत्ति माना जाता है। नदी पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण अब अहस्तांतारणीय है। नदियों की सुरक्षा के लिए मौजूदा कानूनों के साथ मिलकर काम करने वाला एक उचित कानूनी संरक्षण तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए। वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए मानवता और पारिस्थितिकी बनाए रखने के लिए नदियो की बहाली और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। नदी संरक्षण एक नियोजित गतिविध है। जो विभिन्न आवास सुविधाओं से जुड़ी है और यह रेखांकित करती है कि भारत भर मे फैली सभी नदियों का संरक्षण कैसे किया जाये इसी क्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी का यह वक्तव्य, उत्तर प्रदेश में गंगा के तट पर स्थित वाराणसी से संसद के लिए मई 2014 में निर्वाचित होने के बाद प्रधानमंत्री से कहा था–'माँ गंगा की सेवा करना मेरे भाग्य मे है।'गंगा नदी का सिर्फ सांस्कृतिक और अध्यात्मिक महात्व है बल्कि देश की 40 प्रतिशत आबादी गंगा नदी पर निर्भर है। 2014 में न्युयार्क मैडिशन स्क्वायर गार्डन मे भारतीय समुदाय को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था, 'अगर हम इसे साफ करने में सक्षम होते तो यह देश की 40 फीसदी आबादी के लिए मदद साबित होती। अत: गंगा की सफाई एक आर्थिक एजेन्डा भी है।'

इस सोच को कार्यान्वित करने के लिए सरकार ने गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 'नमामि गंगे' नामक एक एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन का शुभारम्भ किया गया। नमामि गंगे का शुभारंभ 2014–15 में गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण (सफाई) के लिए केन्द्रिय मंत्री मंडल ने बजट को चार गुना करते हुए (2019–20) तक नदी की सफाई पर 20,000 करोड़ रूपये की धनराशि के आश्वासन से किया गया यद्यपि बाद में इसे बढ़ाकर इसे 30,000 करोड़ रूपये कर दिया गया इसे 100 प्रतिशत केन्द्रिय हिस्सेदारी के साथ एक केन्द्रिय योजना का रूप दिया। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा– एनएमसीजी) नमामि गंगे मिशन को लागू करने वाली एजेंसी है। सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आई.आई.टीज.) के संघ के सहयोग से इस मिशन में मोटे तौर पर चार श्रेणियो में बहुक्षेत्रीय, बहु–एजेंसी और बहु–स्तरीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है ये श्रेणियां प्रदूषण में कमी लाना (निर्मल गंगा); नदी के प्रवाह और पारिस्थितिकी में सुधार (अविरल गंगा); नदी और लोगों के बीच सम्बन्ध को सुदृढ़ करने (जन गंगा); और अनुसंधान व ज्ञान प्रबंधन (ज्ञान गंगा); पर जोर दिया जाता है। पहले के प्रयासों से अलग नमामि गंगे नदी की सफाई या कुछ चुने शहरों में नदी की सफाई तक सीमित नही है बल्कि इसमें नदी केन्द्रित और समूचे नदी थाले पर आधारित दृष्टिकोण को अपनाकर नदी के समग्र संरक्षण पर जो दिया जाता है।

गंगा महासभा– गंगा महासभा गंगा नदी के सरंक्षण के लिए काम करने वाली एक भारतीय संस्था है, जिसकी स्थापना 1905 में **मदन मोहन मालवीय** ने की थी। राष्ट्रीय नदी गंगा का अधिनियम 2012– गंगा नदी में प्रदूषण को सम्बोधित करने के उद्देश्य से महासभा द्वारा प्रस्तावित किया गया था, लेकिन इसका मसौदा तैयार नही किया गया था।

अभिशासन में सुधार और संस्थाओं का सशक्तीकरण – एक महत्वपूर्ण नीतिगण निर्णय में सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम , 1986 के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की अधिसूचना जारी की और अधिकार प्राप्त संस्थाओं का गठन किया। गंगा थाले की नदियों के संरक्षरण के लिए समग्र ढ़ाचे के विकास के साथ ही कुछ मूल सिद्धांत निर्धारित किये गये। इस दृष्टिकोंण को देश की अन्य नदियों के संरक्षण के लिए लागू किया जाने वाला आदर्श बुनियादी सिद्धांत माना जाता है यह नदियों, उनकी सहायक नदियों, आर्द्र क्षेत्र, बाढ़ के मैदान, धाराओं और छोटी–छोटी नदियों को एक ही प्रणाली के अंतर्गत लाता है। राष्ट्रीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक समन्वित प्रशासनिक ढ़ांचा होने से साझा दृष्टिकोण अपनाने तालमेल कायम करने, कारगर क्रियान्वयन और लोगों की सहभगिता हासिल करने में सुविधा होती है।

नमामि गंगे के अंतर्गत 30853.53 करोड़ रूपये लागत की कुल 364 परियोजनाओं को आकार देने के लिए मंजूर की गयी हैं। इनमें से 21 मार्च 2022 तक 183 परियोजनाएं ही पूरी की जा सकी। जबकि बाकी परियोजनाओं को किसी न किसी स्तर पर काम जारी है। क्रियान्वयन की रफ्तार कई गुना बढ़ गयी है जिसका पता 2014 से फरवरी 2021 तक हुए 9,795.62 करोड़ के कुल खर्च से भी स्पष्ट हो जाता है यह राशि 1985–2014 तक हुए खर्च की तुलना में दो–गुने से भी अधिक है।

प्रदूषण में कमी (निर्मल गंगा) – गंगा थाले में 4856 एम.एल.डी. शोध क्षमता का सृजन करने के लिए कुल 156 मलजल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। 2014 में केवल 28 शोधन संयंत्र थे जिनकी क्षमता केवल 462.85 एम0एन0डी0 थी और उसके शोधन की क्षमता के बीच के अंतर को कम करने के प्रयासों में तेजी और 15 साल के लिए पर्याप्त क्षमता के सृजन का संकेत मिलता है।

नमामि गंगे ने भारत में पहली बार मलजन अवसंरचना के लिए पीपीपी (सार्वजनिक–निजी भागीदारी) मॉडल की शुरूआत की। हाईब्रिड एन्युइटी मोड (हैम) के जरिए 40 प्रतिशत पूंजीगत खर्च निर्माण के दौरान 60 प्रतिशत ब्याज के साथ 15 साल की एन्युइटी पर ब्याज का रूप में दिया जाता है और संचालन व रखरखाव के लिए अलग से भुगतान किया जाता है। इस मॉडल को अपनाने से निर्माण वाले तरीके मे आमूल परिवर्तन आ गया है और भुगतान को कार्यनिष्पादन से जोड़ दिया गया है। एक शहर–एक ऑपरेटर वाले तरीके में पुराने का पुनर्वास और नयी परिसम्पत्तियों के सृजन का विलय कर दिया गया है और उन सबके लिए हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर संचालन और रखरखाव कर कार्य किया जा रहा है ताकि अभिशासन में सुधार हो। नीति आयोग ने भी हैम को स्वीकार कर लिया है और गंगा थाले के बाहर के राज्यों ने भी इसे अपनाना शुरू कर दिया है।

गंगा के किनारे के सभी 15 शहरों और 132 कस्बों के लिए विस्तृत योजना के अनुसार परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है जिसमें पुनर्वास पुराने संयंत्रों की हालत को आकलन करने के बाद उनके उच्चीकरण भी शामिल है। इसके बाद सहायक नदियों के लिए भी परियोजनाएं शुरू की गयी है। गंगा में गिरने वाले प्रमुख गंदे नाले को रोककर उन्हें जलमल शोधन संयंत्रों की तरफ मोड़ दिया है उत्तराखण्ड और झारखण्ड में गंगा नदी पर परियोजनाएं पूरी की जा चुकी है। कानपुर मे 14 प्रोजेक्ट के साथ–साथ प्रयागराज और वाराणसी की परियोजनाओं को मिला करके उत्तर प्रदेश मे 32 परियोजनाएं क्रियान्वित है। उत्तर प्रदेश के अन्य गंगा शहरों में ज्यादातर परियोजनाएं भी पूरी कर ली गयी है। नमामि गंगे से सम्बन्ति उत्तराखण्ड में 32, उत्तर प्रदेश में 32 बिहार में 28, झारखण्ड में 2 एवं पश्चिमी बंगाल में 19 परियोजनाएं शामिल है जिसमें से क्रमश: 27,18,2,1 एवं 3 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है पानी की गुणवत्ता से सुधार की पुष्टि निगरानी केन्द्रो के जरिए हो चुकी है और आम लोगो को भी साफ सफाई दिखाई देती है। इसका एक उदाहरण कुंभ मेला है।

विशेषज्ञ संस्थाओं द्वारा अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगो की वार्षिक जांच ऑनलाइन निगरानी प्रक्रिया में सुधार संयुक्त अवजल उपचार संयंत्र (सीईटीपी) से औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम में मदद मिलती है। घाटों की स्वच्छता में सुधार, ठोस अपशिष्ट को नदी में मिलने से रोकने, सतही जल की सफाई और शहरी स्थानीय निकायों की सफाई करने की क्षमता में सुधार से नदियों की सफाई में बड़ी मदद मिली है आज 4,500 गंगा ग्राम खुले में शौच की बुराई से मुक्त हो चुके है।

नदी के बहाव और पारिस्थितिकी मे सुधार (अविरल गंगा) – अक्टूबर 2018 में गंगा नदी में पारिस्थितिकी प्रवाह के बारे में ऐतिहासिक अधिसूचना गंगा के प्रवाह को अविरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नदियों के खादर और बांगर भूमि का चिन्हांकन और संरक्षण, आर्द्र भूमि, खास तौर पर खादर और बांगर क्षेत्र की आर्द्र भूमियों, शहरी आर्द्र भूमियों, जल स्रोतों और छोटी नदियों के संरक्षण की परियोजनाओं पर अमल किया जा रहा है। जैव खेती, इको–कृषि, औषधीय पौधारोपण और पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार लाकर सतत कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। मांग पक्ष के प्रबंधान, वर्षा जल संचयन, जलसंभर मानचित्रण और भूमिगत जल स्रोतों का पुनर्भरण प्रगति पर है। वन अनुसंधान संस्थान की वैज्ञानिक योजना के अनुसार गंगा नदी के तटों के आस–पास वनीकरण का कार्य ऐसा मॉडल है जिसे 13 अन्य नदियों में भी अपनाया जाएगा। मात्स्यिकी और जैव विविधाता के संरक्षण के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम के अंतर्गत आधार रेखा सर्वेक्षण, पर्यावास और प्रजाति सुधार और गंगा के जैव–विविधता की अधिकता वाले स्थानों पर सामुदायिक भागीदारी शामिल हैं। गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिनों (राष्ट्रीय जलचर) के संरक्षण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। **जनता और नदी के बीच संपर्क सेतु (जन गंगा)**

पिछले प्रयासों के भिन्न, जन भागीदारी इस मिशन का केन्द्रीय विषय है। नदी तटों का सुधार किया गया है, उन्हें साफ–सुथरा बनाया गया है। 150 से अधिाक घाट और शवदाह गृह बनाए गये हैं या उनमें सुधार किया गया है। जनता की भागीदारी से घाटों को गंदगी से भरे स्थान से सुंदर नदी तटों का रूप दिया जा रहा है। गंगा उद्धार के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं के समूह जनसमुदाय में जाकर जागरूकता बढ़ाने के कार्य में लगे हैं। इन लोगों को कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें अपनी आजीविका सुधारने में भी मदद दी जाती है जिसके लिए उन्हें नदी और जैय विविधता के संरक्षण के कार्य से जोड़ा जाता है। लोक संपर्क की कई अभिनव गतिविधियों, जैसे गंगा क्वेस्ट क्विज़ (www.gangaquest.com,) राफ्टिंग अभियान, गंगा दौड़, गंगा उत्सव आदि आयोजन पूरे साल चलते रहते हैं ताकि सामुदायिक स्वयंसेवकों और आम लोगों को इनसे प्रेरणा तथा प्रोत्साहन मिले जिससे व्यवहार परिवर्तन हो और यह अभियान एक जनांदोलन का रूप ले सके।

नमामि गंगा योजना की मुख्य विशेषताएं

1. **खुले में शौच के मुद्दों को रोकना–** जागरूकता की कमी और उचित शौचालयों के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग नदी के किनारे शौच करते है। कचरा नदी मे बह जाता है और उसे प्रदूषित करता है।
2. **अनुपचारित तरल कचरें को डंप करने से रोकना–** ठोस अपशिष्ट के अलावा, गंगा के मुख्य प्रवाह में गंदे तरल के डंपिंग से नदी का पानी भी प्रदूषित हो रहा है तरल अपशिष्ट उपचार संयंत्रो का निर्माण नदी के किनारों पर तरल अपशिष्ट का ठीक से उपचार करने के लिए किया जाएगा।
3. **श्मशान के स्थलों को विकसित करना–** गंगा के घाटों, विशेष रूप से की कमी और उचित शौचालयों के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग नदी के किनारे शौच करने का सहारा लेते हैं। कचरा नदी में बह जाता है और उसे प्रदूषित करता है। इसे रोकने के लिए, सरकार ग्रामीणों द्वारा नदी के तट पर खुले में शौच की समस्याओं को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।
4. **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सुविधा का विकास** – तरल अपशिष्ट के अलावा, ठोस अपशिष्ट को नदी में डंप करना, इसका ठीक से उपचार किए बिना, पानी को प्रदूषित करता है। इस समस्या को खत्म करने के लिए, केंद्र सरकार इन क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्रों का निर्माण करेगी।
5. **ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता को बढ़ावा देना –** उपर्युक्त बिंदुओं के साथ, सरकार गंगा नदी के किनारे स्थित गांवों के लोगों में भी जागरूकता पैदा करेगी। वे लोगों को शौचालय का उपयोग करने और खुले में शौच करने के नुकसान के बारे में सिखाएंगे। केंद्र सरकार स्थाई शौचालयों के

निर्माण में ग्रामीणों की सहायता भी करेगी।

अनुसंधान, नीति और ज्ञान प्रबंधन (ज्ञान गंगा)

नदी थाले के दीर्घावधि अध्ययन और टेक्नोलॉजी संबंधी – विकास के लिए आई.आई.टी. कानपुर में गंगा प्रबंधन और अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई थी। वैज्ञानिक मानचित्रण के विभिन्न पक्षों जैसे उच्च रिजॉल्यूशन वाले डीईएम और जीआईएस सक्षम डेटाबेस के लिए लिडार मानचित्रण से जल स्रोतों के मानचित्रण, सूक्ष्म जीवाणुओं संबंधी विविधता, मात्स्यिकी, जैव विविधता और जलक्षेत्रों के हेली–सर्वेक्षण से प्राप्त प्रमाणों पर आधारित निर्णय करने मदद मिलती है। प्राकृतिक, निर्मित और अमूर्त धरोहर के लिए अनोखा सांस्कृतिक मानचित्रण के जरिए पर्यटन, धारोहर और रोज़गार के परम्परागत अवसरों का विकास किया जा सकता है। नदियों की स्थिति को शहरी नियोजन की मुख्य धारा में लाने के लिए नदी नगर नियोजन के रूप में एक नया आयाम जुड़ा है और शहरों के उपचारित अवजल को फिर से उपयोग में लाने के लिए नयी रूपरेखा तैयार की जा रही है। नमामि गंगे अब अर्थ–गंगा मॉडल के विकास की ओर अग्रसर हो रहा है जिसके अंतर्गत गंगा थाले के आर्थिक विकास को पारिस्थितिकीय सुधार और गंगा संरक्षण के साथ जोड़ा जाएगा।

निष्कर्ष– मानव प्रभुत्व वाली दुनिया में नदियॉ बड़े जल निकाय है जो विभिन्न कारकों के कारण खतरे में है, इसलिए नदियों के संरक्षण के लिए नीतियों की आवश्यकता है। भारत में नदियों का वर्तमान परिदृश्य सरकारी नीतियों, विधायी साधनों की कमी और समग्र नीति के बारे में कोई निष्कार्ष न होने के कारण अपमानजनक स्थित मे है। हालाकि नदी संरक्षण को सभी मनुष्यों द्वारा व्यक्तियों के रूप मे एक संयुक्त प्रयास माना जाता है, और न केवल सरकारी नियामक बल्कि एक नियामक संस्था के साथ यह अधिक प्रभावी हैं। ऐसी नीतियों को शासन को सभी परामर्श सशक्तिकरण और जुड़ाव के माध्यम से मजबूत किया जाना चाहिए। यदि हमारे देश की सभी नदी के पारिस्थितिकी तंत्र खराब हो जाते है तो यह एक राष्ट्रीय चिंता है जिस पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। ऐसे नदियों का पुनरूद्धार, नदी प्रबन्धन, अनुभव और संरक्षण ज्ञान की जागरूकता से किया जा सकता है। इस संदर्भ में नमामि गंगे मिशन सराहनीय एवं स्वागत योग्य कदम है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. कुरूक्षेत्र, अंक–7, मई 2007
2. भूगोल और आप, अंक–7 संख्या–2, मार्च–अप्रैल 2008
3. योजना, अंक–7, जुलाई 2010
4. योजना, अंक–4, अप्रैल 2021
5. पर्यावरण भूगोल, प्रोफेसर सविन्द्र सिंह, 2013
6. कीट स्कूल ऑफ लॉ भुवनेश्वर–चंद्रस्मिता प्रिदर्शनी का लेख
7. डाउन टू अर्थ
8. गंगा की शुद्धता और जैव विवधता को बहाल करना– इंडियन एक्सप्रेस 17 अप्रैल 2021।
9. गंगा मंथन राष्ट्रीय संम्मेलन।
10. कृषि जागरण डाट काम।
11. www.gangaquest.com

नमामि गंगे मिशन की श्रेणियाँ

निर्मल गंगा	अविरल गंगा	जन गंगा	ज्ञान गंगा
प्रदूषण उन्मूलन	**परिस्थितिकी और बहाब में सुधान**	**जनता से नदी का जुड़ाव**	**विमिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान, वैज्ञानिक मानचित्र और प्रमाण आधारित नीतियों का निर्माण**
• प्रदूषण की कमी • मलजल अवसंरचना • उद्योगों में फिर से उपयोग और पुनर्चक्रण • ग्रामीण स्वच्छता • ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन	• ई–बहाब • आर्द क्षेत्र मानचित्रण और संरक्षण • वनीकरण और जैव विविधता संरक्षण • छोटी नदियों को फिर से जलमय बनाना	• रिवरफ्रंट, घाट और श्मशान • सामुदायिक जुड़ाव • गंगा दौड़ • गंगा आमंत्रण • (राफ्टिंग अभियान) • गंगा उत्सव • (राष्ट्रीय नदी आयोजन) • गंगा क्वेस्ट • (ऑनलाइन क्विन)	• पानी की गुणवत्ता की निगरानी • गंगा का उच्च रिजाल्यूशन पर मानचित्रण • जल क्षेत्र का मानचित्रण और जल स्रोतो को फिर से जलमय करना • सांस्कृतिक मानचित्राण और जलवायु परिदृश्य मानचित्रण • माइक्रोवियल विविधता • शहरी नदी प्रबंधन योजना

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

सरबंसदानी गुरू गोविंद सिंह

डॉ. अनिल पाटीदार *

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, पाटी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – गुरू गोविंद सिंह एक महान योद्धा, चिंतक, कवि, भक्त, अध्यात्मिक और दार्शनिक थे। इनका जन्म नौवें सिख गुरू श्री तेग बहादुर जी और माता गुजरी के घर पटना में पौष शुक्ल सप्तमी संवत् 1723 विक्रमी अर्थात 22 दिसंबर, 1666 को हुआ था, उनके जन्म के समय उनके पिता गुरू तेग बहादुर जी असम में धर्म उपदेश दे रहे थे। गुरू की इच्छा अनुसार पुत्र का नाम गोविंद राय रखा गया। गोविंद राय ने जन्म स्थान में प्रारंभिक 4 वर्ष बिताएं। इस स्थान को वर्तमान में तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के नाम से जाना जाता है। फिर परिवार पंजाब आ गया, शिवालिक की पहाड़ियों में चक नानकी नामक स्थान पर रहे, जिसे आनंदपुर साहिब कहा जाता है, यहीं पर इनकी शिक्षा दीक्षा हुई। आनंदपुर वास्तव में आनंद धाम ही था। यहां पर गुरू गोविंद आध्यात्मिक आनंद बांटते, नैतिकता, निडरता और आध्यात्मिकता की शिक्षा से प्राणी मात्र को जागृत करने का उपदेश देते। यहां सभी वर्ण, जाति, संप्रदाय के लोगों के लिए बिना भेदभाव के समता, समानता और समरसता का अलौकिक ज्ञान का स्थल था। गोविंद राय क्षमा, शांति, सहनशीलता की मूर्ति थे। गोविंद राय को संस्कृत, फारसी, पंजाबी और अरबी भाषाएं आती थी साथ ही साथ धनुष– बाण, भाला चलाने में निपुणता प्राप्त की। गोविंद राय अपने पिता श्री गुरू तेग बहादुर के बलिदान के पश्चात दसवें गुरू बने। कश्मीरी पंडितों को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए बाध्य कर रहे गवर्नर इफ्तियार खान ने कहा था कि कोई महापुरुष है जो इस्लाम न अपनाने के बदले अपने प्राणों की बलि दे सकता है, तब 1675 में औरंगजेब की क्रूरता के विरुद्ध और कश्मीरी पंडितों की सहायता के लिए गुरू गोविंदसिंह गए। औरंगजेब ने 11 नवंबर, 1675 को गुरू तेग बहादुर को उनके साथियों के सहित दिल्ली बुलाया और चांदनी चौक में सार्वजनिक रूप से गुरू का सिर काट दिया। गुरू तेग बहादुर के इस बलिदान के पश्चात गोविंद राय ने 29 मार्च, 1676 को बैसाखी के दिन केवल 9 वर्ष की अवस्था में अपने पिता का पद ग्रहण किया और सिखों के दसवें गुरू बने। गुरू गोविंद सिंह की आंखों में दृढ़ संकल्प था उन्होंने बुनियादी मानवाधिकारों की और सिख समुदाय के गौरव के लिए रक्षा के लिए यह पद ग्रहण किया। 1685 तक गुरू गोविंद सिंह पाओंटा नामक स्थान पर रहे यहां पर उन्होंने घुड़सवारी, तलवारबाजी, लिखना पढ़ना, सैन्य कौशल और आवश्यक शिक्षा जारी रखी।

गुरू गोविन्द सिंह जी ने अपने जीवनकाल में तीन विवाह किए। जिसमे पहला विवाह 10 साल की उम्र में 21 जून, 1677 को आनंदपुर से 10 किमी उत्तार में बसंतगढ़ में माता जीतो से हुआ। विवाह के बाद गुरू गोविन्द सिंह जी एवं माता जीतो के तीन पुत्र हुए जिनके नाम जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह था। गुरू गोविन्द सिंह जी का दूसरा विवाह 17 साल की उम्र में 4 अप्रैल, 1684 को आनंदपुर में माता सुंदरी से हुआ। विवाह के बाद गुरू गोविन्द सिंह जी एवं माता सुंदरी के यहाँ एक पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम अजीत सिंह था। गुरू गोविन्द सिंह जी का तीसरा विवाह 33 साल की उम्र में 15 अप्रैल, 1700 को आनंदपुर में माता साहिब देवं से हुआ। उनकी कोई संतान नहीं थी, लेकिन सिख धर्म में उनकी प्रभावशाली भूमिका थी। गुरू गोबिंद सिंह ने उन्हें खालसा की माता के रूप में घोषित किया था।

खालसा पंथ की स्थापना – 30 मार्च, 1699 को, गुरू गोबिंद सिंह ने अपने अनुयार्ीि को आनंदपुर में अपने घर पर इकट्ठा किया। गुरू ने अपनी तलवार खींची और गरजते हुए स्वर में कहा, 'मुझे एक सिर चाहिए, क्या कोई है जो मुझे चढ़ा सकता है?' गुरू गोविन्द की इस बात ने सभा में कुछ डर का माहौल पैदा कर दिया था और लोग दंग रह गए। गुरू ने दूसरी पुकार की। कोई सामने नहीं आया। अभी चारों और सन्नाटा था। तीसरे आह्वान पर लाहौर के एक खत्री दयाराम ने कहा, 'हे सच्चे राजा, मेरा सिर आपकी सेवा में है।' गुरू ने दया राम का हाथ पकड़ लिया और उन्हें एक तंबू के अंदर ले गए। एक झटका और गड़गड़ाहट सुनाई दी। तब गुरू अपनी तलवार से खून टपका कर बाहर आये और बोले, 'मुझे एक और सिर चाहिए, क्या कोई है जो चढ़ा सकता है?' जब गुरू ने एक बार फिर से कहा तो धर्मदास जो दिल्ली का रहने वाला एक जाट था, वह आगे आया और कहा, 'हे सच्चे राजा ! मेरा सिर आपके निपटान में है।' गुरू धर्मदास को तम्बू के अंदर ले गए, फिर से एक झटका और गड़गड़ाहट सुनाई दी, और वह खून से लथपथ अपनी तलवार के साथ बाहर आये और दोहराया, 'मुझे एक और सिर चाहिए, क्या कोई प्रिय सिख है जो इसे चढ़ा सकता है?' गुरू के दो बार ऐसा करने पर और तीसरी बार फिर से वही काम दोहराये जाने पर सभा में शामिल लोग तरह तरह की बातें करने लगे की गुरूजी अपना आपा खो चुके है और कुछ लोग उनकी शिकायत करने उनकी माता के पास भी चले गए। तीसरी बार अपना बलिदान देने के लिए द्वारका के निवासी एवं एक दर्जी मोहकम चंद ने खुद को एक बलिदान के रूप में पेश किया। गुरू उसे तंबू के अंदर ले गए और उसी प्रक्रिया से गुजरे। जब गुरू वापस से बाहर आये और उन्होंने जैसे ही चौथे सिर के लिए लोगो को कहा तो वहॉ खड़े ज्यादातर सिखों को लगने लगा की गुरू आज उन सभी को मार डालेंगे । चौथी बार गुरू के द्वारा फिर से बलिदान मांगे जानें की बात सुनकर सभा में मौजूद कुछ लोग भाग खड़े हुए और दूसरों ने अविश्वास में अपना सिर नीचे कर लिया। गुरू के कहे

अनुसार चौथे सिर के बलिदान के लिए जगन नाथ पुरी के रसोइया हिम्मत चंद ने खुद को चौथे बलिदान के रूप में पेश किया। फिर गुरू ने पाँचवाँ सिर के लिए आखिरी पुकार की। साहिब चंद, बीदर (मध्य भारत में) का एक नाई आगे आया और गुरू उसे तंबू के अंदर ले गए। एक झटका और गड़गड़ाहट सुनाई दी। अंत में, गुरू उन सभी पाँच स्वयंसेवकों के साथ तम्बू से निकले जिनका सिर उन्होंने बलिदान के लिए माँगा था और बार बार अपने तम्बू से बाहर आके यह दिखाया था की उनकी गर्दन काट दी गई है।

दरअसल गुरू ने पांच बार जो गर्दन काटी थी वो पांच बकरियाँ थी जिनके सिर कटने की आवाज से ऐसा महसूस हो रहा था, की गुरू गोविन्द सच में अपने सेवको की गर्दन काट रहे है। अंत में इन पांच सिख स्वयंसेवकों को गुरू ने पंज प्यारे या 'पांच प्यारे' के रूप में नामित किया था। इस तरह 30 मार्च 1699 में बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पंथ (पन्थ) की स्थापना की जो सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है।

गुरू गोविन्द राय से गुरू गोविन्द सिंह बनना गुरू गोविन्द सिंह ने खालसा की स्थापना करने से पहले लोगों के विश्वास की परीक्षा लेने के लिए ऐसा किया। गुरू गोबिंद सिंह ने जो स्वयंसेवकों के लिए अमृत (अमृत) तैयार किया था उस अमृत को 'पंज प्याला' भी कहा जाता है। अमृत प्राप्त करने के बाद सभी पांचो खालसों को गुरू गोविन्द जी ने एक उपनाम 'सिंह' दिया जिसका मतलब था अब आगे चलकर सभी पांचो खालसे अपने नाम के आगे 'सिंह' शब्द लगाएंगे जिसका मतलब होता था शेर।

उन पांच खालसा सेवको ने गुरू गोविन्द जी से छठा खालसा बनने के लिए कहा जिसका मतलब था शेर की तरह दिखने वाले गुरू गोविन्द राय को भी अपने नाम के साथ सिंह शब्द जोड़ना था और इस तरह उनका नाम गुरू गोबिंद राय से बदलकर 'गुरू गोबिंद सिंह' कर दिया गया और गुरू गोविन्द जी सिंह उपनाम के साथ सिखो के छटे खालसे के रूप में पहचाने जाने लगे।

गुरू गोबिंद सिंह के पांच 'क' –गुरू गोबिंद सिंह ने सिखों को हर समय पांच वस्तुओं को पहनने की आज्ञा दी, जिसमें केश, कंघा, कारा, कचेरा और कृपाण शामिल हैं। जिनका पालन एक खालसा को करना होता है।

खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगलों से गुरूजी का संघर्ष और तेज हो गया। जब आनंदपुर किले में गोविंदसिंह जी थे मुगलों ने किले को घेर लिया था। रसद की पूर्ति अपनी जान पर खेल कर करना पड़ रही थी, फिर भी हार नहीं मानी, जब मुगल सरदार सैन्य बल से असफल रहे, तो छल का सहारा लिया। औरंगजेब ने वचन दिया कि गोविंदसिंह जी ये किले छोड़ दे तो हम जाने देंगे। पंज प्यारों के कहने पर गुरूजी बाहर निकले तो धोखेबाज मुगलों ने आक्रमण कर दिया। इस संघर्ष में पूरा दल दो भागों में विभक्त हो गया। भयानक वर्षा और सिरसा नदी में बाढ़ ने बड़ी कठिन स्थिति निर्मित की। गुरूजी के दो पुत्र और माता गुजरी गुरूजी से बिछड़ गए। गुरूजी ने अपने बड़े पुत्रों अजितसिंह और जुझारसिंह तथा खालसा सैनिकों के साथ चमकौर में एक किले में शरण ली।इस किले को मुगल सेना ने चारों और से घेर लिया था।जब खालसा सैनिकों के पास गोला बारूद समाप्त हो गया तो पाँच पाँच सैनिक का दल मुगलों पर टूट पड़े।

गुरू गोबिंद सिंह के पुत्रों का बलिदान– चमकौर का युद्ध 22 दिसंबर 1704 को सिरसा नदी किनारे हुआ था। इस युद्ध में गुरू गोविंद सिंह और उनके दो पुत्रों सहित 43 सिख थे ,इन्होंने ने 10 हजार मुगल सेना का सामना किया और गुरू गोविंद सिंह यहाँ से सुरक्षित निकाल भी गए थे। औरंगजेब गुरू को जिंदा पकड़ने के लिए अनेक प्रयास कर चुका था। इस युद्ध का वर्णन गोविंद सिंह जी ने जफरनामा में किया है। गुरू गोविंद सिंह ने अपने दो पुत्रों को आशीष देकर जंग में भेजा। चमकौर के युद्ध में गुरू पुत्रों ने जिस वीरता और साहस के साथ संघर्ष किया उसका इतिहास में दूजा उदाहरण नहीं है।

साहिबजादा अजीत सिंह – गुरू के सबसे बड़े पुत्र अजीत सिंह का जन्म 26 जनवरी, 1687 को पाओंटा में माता सुंदरी के गर्भ से हुआ था। इनका नाम अजीत था, जिसका अर्थ है 'अपराजेय'। जब उन्हें 12 साल की कम उम्र में खालसा में दीक्षित किया गया था तो उन्हें सिंह नाम दिया गया और आनंदपुर साहिब में पहले वैसाखी दिवस 13 अप्रैल, 1699 को अपने परिवार के साथ अमर अमृत पिया था। अजितसिंह ने चमकौर के युद्ध में अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए रणभूमि में मुगल सेना के छक्के छुड़ा दिए हजारों की मुगल सेना अजितसिंह के प्रहार से भाग खड़ी हुई। तलवारबाजी में अजेय योद्धा की भांति लड़ते थे। अंतिम सांस तक लड़ने वाले अजितसिंह की जब तलवार टूट गई तो म्यान से लड़े। 18 साल की अवस्था में, 22 दिसंबर, 1704 को चमकौर के युद्ध में बलिदान हो गए।

साहिबजादा जुझार सिंह – साहिबजादा जुझार सिंह का जन्म रविवार, 14 मार्च, 1691 में हुआ था। जुझारसिंह गुरू गोबिंद राय के दूसरे सबसे बड़े पुत्र थे, उनका जन्म आनंदपुर में माता जीतो के गर्भ से हुआ था। इनका नाम जुझार, जिसका अर्थ है 'लड़ाकू' रखा गया था। उन्हें अपने परिवार के साथ आनंदपुर साहिब में आठ साल की उम्र में दीक्षा दी गई थी। 13 अप्रैल, 1699 को वैसाखी के दिन आनंदपुर साहिब में सिंह नाम दिया गया था, जब उनके पिता गुरू गोबिंद सिंह ने योद्धा संतों के खालसा आदेश का निर्माण किया था। वह 14 साल की बहुत कम उम्र में, 22 दिसंबर, 1704 को चमकौर में बलिदान हो गए। अजितसिंह के साथ ही जुझारसिंह को भी पंच प्यारों ने समझाया कि वे युद्ध में न जाए किन्तु अपने भाई की तरह अडिग रहे और युद्ध में अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन किया इनकी वीरता देखकर गोविंद सिंह जी ने जयकारा 'जो बोले सो निहाल लगाया।' जहां उन्होंने लड़ाई में अपनी उग्रता के लिए एक मगरमच्छ की तुलना की जाने वाली प्रतिष्ठा अर्जित की।

सिरसा नदी क्षेत्र में गुरूजी से बिछड़ने के बाद दो छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह अपनी दादी माता गुजरी के साथ चल पड़े। वे अकेले ही अपने रास्तों पर निकले थे ना कोई उनके साथ संबंधी था और न तो उनकी रक्षा के लिए कोई सैनिक था। परिवार के फिर से मिलने की उम्मीद दूर–दूर तक नहीं थी। ऐसी हालत में भी पूरा परिवार आत्मविश्वास से भरा हुआ था। वे चलते–चलते एक गांव की ओर गए, जहां पर उन्हें गंगू नामक एक पुराना नौकर मिला जो किसी समय गुरू महल में सेवा किया करता था। उसने माता गुजरी को विश्वास दिलाया कि वह उन्हें बिछड़े परिवार से मिलायेगा और इसी विश्वास के साथ माता गुजरी दोनों साहिबजादों को लेकर उसके साथ के गांव मोरिंडा चले गए। नौकर गंगू ने माता गुजरी के पास स्वर्ण सिक्के देखे तो वह लालच में आ गया और उसने स्वर्ण मोहरे चुरा ली और अधिक धन पाने के लालच में उसने मोरिंडा के कोतवाल को सूचना दी, इसके बदले वजीर खान ने उसे स्वर्ण मोहरे दी। सूचना पाते ही मुगल सैनिकों ने माता गुजरी, बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह को गिरफ्तार कर लिया। सरहिन्द किले में दिसंबर की सर्द रात में ठंडे बुर्ज में कैद कर के रखा। इस ठंडे बुर्ज में 3 दिन तक माता गुजरी ने दोनों साहिबजादो को धर्म

की रक्षा के लिए शीश न झुकाने और धर्म न बदलने की शिक्षा दी। भूखे प्यासे कोमल सुकुमारों को मुगल शासकों के जुल्म की परवाह न करते हुए भाई मोती राम मेहरा ने निर्भय और साहसी शूरवीरों को दूध पानी से सेवा की। इसकी कीमत मोती राम को परिवार सहित जान देकर चुकाना पड़ी। अगले दिन सरहिंद के नवाब वजीर खान के यहां कोतवाली ले जाया गया तो प्रवेश द्वार छोटा रखा गया ताकि इनको झुक कर आना पड़े लेकिन दोनों साहिबजादो ने पहले पैर आगे करा और फिर अंदर आए। दोनों साहिबजादों ने वजीर खान के सामने 'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' का जयकारा लगाया। जब उन्हें इस्लाम कबूल करने के लिए कहा गया तो उन्होंने ना ही अपना सिर झुकाया और ना ही धर्म बदला, जो साहस दोनों साहिबजादो ने वजीर खान के सामने दिखाया वैसा उस समय कोई अन्य हिम्मत नहीं कर सकता था दोनों ने सिर ऊंचा कर कहा कि हम अकाल पुरख और अपने गुरू पिता के अलावा किसी और के आगे शीश नहीं झुकाते। वजीर खान ने डराया, धमकाया, लालच दिया। इस्लाम कबूल करने के लिए बहलाने की कोशिश की, लेकिन दोनों साहिबजादे अपने पथ से नहीं डिगे। जब वजीर खान दोनों साहिबजादो को इस्लाम धर्म स्वीकार कराने में असफल रहा तो उसने क्रूरता का सहारा लिया और कहा दोनों का कत्ल कर दिया जाए। काजी ने इन्हें दीवार में जिंदा चुनवा देने का फतवा दिया। जब दीवार में दोनों साहिबजादा को चुनवाया जा रहा था तो वे 'जपुजी साहिब' का पाठ कर रहे थे। दीवार पूरी होने के बाद अंदर से जयकारा लगाया बाद में जब दीवार तोड़ कर देखा तो दोनों साहिबजादों की सांसे चल रही थी। वजीर खान की क्रूरता यहीं नहीं रुकी उसने समाना के दो जल्लादों साशल बेग और बाशल बेग को बुलाया। दोनों ने साहिबजादों को घुटनों के नीचे दबाकर शीश धड़ से अलग कर दिया। मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले गुरू पुत्र के बारे में माता गुजरी को पता चला तो उन्होंने अकाल पुरख को धन्यवाद कहा और कहा जाता है माता को ऊंचाई से धक्का देकर उनकी भी हत्या कर दी गई। साहिबजादो की शहादत के बाद सरहिंद शहर में कोई अंतिम संस्कार करने के लिए जमीन देने के लिए तैयार नहीं हुआ क्योंकि वजीर खान ने संस्कार हेतु जमीन की कीमत रखी तो दीवान टोडरमल नामक एक हिंदू व्यापारी ने 7800 सोने के सिक्कों के साथ जमीन का एक छोटा टुकड़ा खरीदा और उस पर गुरू पुत्रों का अंतिम संस्कार किया। माता गुजरी और दोनों साहिबजादो के बलिदान की सूचना जब गुरू गोविंद सिंह जी को मिली तो उन्होंने औरंगजेब को एक जफरनामा अर्थात विजय पत्र लिखा और कहा कि तेरा साम्राज्य नष्ट करने के लिए खालसा पंथ तैयार हो गया है।

साहिबजादा जोरावर सिंह– जोरावर सिंह का जन्म बुधवार, 17 नवंबर, 1696 को हुआ था। गुरू गोबिंद सिंह के तीसरे पुत्र थे। उनका जन्म माता जीतो के गर्भ से आनंदपुर में हुआ था। इनके जोरावर नाम का अर्थ है 'निडर'। उन्हें पांच साल की उम्र में सिंह नाम दिया गया था और 13 अप्रैल, 1699 को वैसाखी के दिन आयोजित पहले अमृत संचार समारोह में उनके परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपुर साहिब में दीक्षा दी गई थी।

साहिबजादा फतेह सिंह (1699–1705) फतेह सिंह का जन्म बुधवार, 25 फरवरी,1699 में हुआ था। गुरू गोबिंद राय के सबसे छोटे बेटे फतेहसिंह का जन्म गुरू की पहली पत्नी जीतो से आनंदपुर में हुआ था। जन्म के समय फतेह नाम दिया गया था, जिसका अर्थ है 'जीत'। 13 अप्रैल को वैसाखी के दिन आनंदपुर साहिब में अपने परिवार के सदस्यों के साथ दीक्षित होने पर उन्हें सिंह नाम दिया गया था।

श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने अपने जीवन में आनंदपुर, भंगानी, नंदौन, गुलेर, निर्मोहगढ़, बसोली, चमकौर, सिरसा व मुक्तसर सहित 14 युद्ध किए। सन 1687 में नादौन की लड़ाई में, गुरू गोबिंद सिंह, भीम चंद, और अन्य मित्र देशों की पहाड़ी राजाओं की सेनाओं ने अलिफ खान और उनके सहयोगियों की सेनाओ को हरा दिया था। इन जंगों में पहाड़ी राजाओं एवं मुगल सूबेदारों ने हर बार मुंह की खाई। 8 मई सन 1705 में 'मुक्तसर' नाम की जगह पर गुरू गोविन्द की सेना एवं मुगलों के बीच बहुत भयानक युद्ध छिड़ गया था जिसमें गुरू गोविन्द जी को जीत प्राप्त हुई। श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने कभी स्वार्थ व निज–हित के लिए नहीं, बल्कि उत्पीडन व अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इस कारण हिन्दू व मुस्लिम धर्मों के लोग उनके अनुयायी थे।

गुरू गोविन्द सिंह जी द्वारा लिखा गया जफरनामा पत्र मुगल सेना से मुक्तसर की लड़ाई तथा गुरू गोबिंद सिंह के सभी पुत्रों के बलिदान हो जाने के बाद, गुरू ने औरंगजेब को फारसी में पत्र लिखा, जिसका शीर्षक था जफरनामा (शाब्दिक रूप से, 'जीत का पत्र') 'जफरनामा' जिसे बाद में जफरनामा या विजय पत्र के रूप में प्रसिद्ध किया गया, जो उन्हें मुगलों द्वारा सिखों के साथ किए गए कुकर्मों की याद दिलाता है। गुरू का पत्र औरंगजेब के लिए कठोर होने के साथ–साथ सुलह करने वाला भी था। इस पत्र में भविष्यवाणी की गई थी कि मुगल साम्राज्य जल्द ही समाप्त हो जाएगा, क्योंकि यह उत्पीड़न, झूठ और अनैतिकता से भरा है।

साल 1706 में जब गुरू गोविन्द भारत के दक्षिण में गए जहाँ पर उनको मालूम चला की उनके पिता का हत्यारा एवं मुगल सम्राट औरंगजेब की मृत्यु हो चुकी है। मुगल सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद उनके बेटो में आपस में ही युद्द छिड़ गया और एक दूसरे पर हमले करने शुरू कर दिए गए जिसमे गुरू गोविन्द जी ने औरंगजेब के बेटे बहादुर शाह जफर को बादशाह बनने में मदद की थी। औरंगजेब की मृत्यु के बाद, गुरू गोबिंद सिंह अब मुगलों के विरोधी नहीं रहे थे। अगले मुगल सम्राट, बहादुर शाह की पहले गुरू गोबिंद के साथ मित्रता थी। उन्होंने गुरू को हिंद का पीर या भारत का संत भी नाम दिया था।

गुरू गोविन्द सिंह जी की मृत्यु – गुरू गोबिंद सिंह की दोस्ती देख कर सरहिंद का नवाब वजीर खाँ घबरा गया। नवाब वजीर खाँ ने दो पठान हत्यारों जमशेद खान और वसील बेग को गुरू के विश्राम स्थल नांदेड़ में अपनी नींद के दौरान गुरू पर हमला करने के लिए भेजा। उन्होंने गुरू गोबिंद सिंह को उनकी नींद में चाकू मार दिया। गुरू गोविन्द जी ने हमलावर जमशेद को अपनी तलवार से मार डाला, जबकि अन्य सिख भाइयों ने बेग को मार डाला। इन पठानों ने गुरूजी पर धोखे से घातक वार किया, जिससे 7 अक्टूबर, 1708 में गुरूजी (गुरू गोबिन्द सिंह जी) नांदेड साहिब में दिव्य ज्योति में लीन हो गए और इस दुनिया को छोड़ कर हमेशा हमेशा के लिए चले गए। अपने अंत समय में गुरू गोविन्द सिंह जी ने सिखो को गुरू ग्रंथ साहिब को अपना गुरू मानने को कहा व खुद भी माथा टेका। भारत में अनेक महापुरुष हुए जो मातृभूमि के लिए बलिदान हो गए उनमे गुरू गोविन्द सिंह अद्वितीय थे, वहीं वे एक कलमकार, महान विचारक, मौलिक चिन्तक तथा पंजाबी, संस्कृत, फारसी कई भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने ग्रन्थों अनेक की रचना की। वे विद्वानों के आश्रयदाता एवं संरक्षक थे। उनके दरबार में अनेक कवियों तथा विद्वानों व लेखकों की उपस्थिति रहती थी, इसीलिए उन्हें

संत सिपाही' भी कहा जाता था। वे भक्ति तथा शक्ति के अनुपम समन्वयकारी थे। गुरूजी ने सदैव सत्य, प्रेम, सदआचरण और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। उनकी वाणी में मधुरता, सादगी, सौजन्यता एवं वैराग्य की भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनके जीवन का प्रथम दर्शन ही था कि धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एक विलक्षण व्यक्तित्व -सरदार गुरचरन सिंह गिल
2. सिख धर्म का विश्व कोष -हरबंस सिंह पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला
3. दैनिक जागरण 20/01/2021
4. https://nedricknews.com
5. https://hi.wikipedia.org
6. https://shubhamsirohi.com/guru-govind-singh-ji-history-in-hindi/
7. https://bharatdiscovery.org/india

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

राजस्थान भील जनजाति : विस्थापन की एक समस्या एवं समाधान

डॉ. रणजीत कुमार मीणा *

* सहायक आचार्य (समाज शास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, खेरवाडा (राज.) भारत

शोध सारांश – भील जनजाति राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, कर्नाटक, नागालैण्ड, आसाम, मिजोरम एवं त्रिपुरा आदि राज्यों में निवासरत है। यह अरावली की पहाड़ियों व सतपुड़ा के जंगलों से लेकर सुदूर समुद्र तक आदिकाल से निवास कर रहे है। इनकी भाषा भीली है, यह क्षेत्र 'भीलांचल' या 'भीलखण्ड' के नाम से विख्यात है। इनका इतिहास समाज एवं संस्कृति के बीच में गहरा जुड़ाव रहा है। भील जनजाति भाषा, कला, संस्कृति के साथ–साथ विस्थापन का विमर्श करना आज समीचीन होगा।

भील जनजाति की सांस्कृतिक विरासत के रूप में ऋषि वाल्मीकि का पवित्र त्रिवेणी संगम बेणेश्वर धाम, पाण्डवों का वास स्थल घोटिया आम्बा, गौतम ऋषि की तपस्थली गौतमेश्वर धाम, जनजातियों का जलियावालाबाग शहीद स्थल मानगढ़ धाम एवं मेवाड़ के वीर शिरोमणि राजा पूंजा भील के नेतृत्व ने महाराणा प्रताप को आन–बान–शान के प्रतीक को शिरमोर बनाया और विश्व इतिहास में अपना स्थान बनाया। इस क्षेत्र के लोकसंतों की वाणी में नव सुधार, नवजागरण, नव शिक्षण को त्रिआयामी दिशा प्रदान की गई। इसमें संत सुरमालदास, गोगा गमेती, संत मावजी, मामा बालेश्वर दयाल, गवरी बाई और स्वतंत्रता के बीज बोने वाले अनेक स्वतन्त्रता सैनानियों एवं मार्ग दर्शकों में नानक भाई भील, नानाभाई खांट, वीर बाला कालीबाई, गोविन्द गुरु, माणिक्य लाल वर्मा एवं मोतीलाल तेजावत आदि प्रेरणा दायक रहे हैं।

शब्द कुंजी –कला संस्कृति, विस्थापन, भाषा, भूमण्डलीकरण, नदी घाटी परियोजनाएँ।

प्रस्तावना – आज भील जनजाति के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती विस्थापन की है। जल, जंगल व जमीन पर जनजातियों का सदियों से अधिकार रहा है। केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा विकास के नाम पर उनकी जमीनों को जबरन छीना जा रहा है। जनजाति किसानों के पास जमीन है अपनी भाषा व संस्कृति है, विस्थापन से उनकी भाषा व संस्कृति नष्ट हो रही है। इसे संरक्षित करना ही सबसे बड़ी चुनौती है।

भील शब्द संस्कृत भाषा के भिद् धातु से उद्भव हुआ है जिसका अर्थ भेदना एवं छेदना, निशान लगाना है। ये अचूक निशानेबाज व तीरंदाज होते हैं अत: पहले बीद, भीद व बाद में भील कहलाये।

द्रविड़ भाषा में भील शब्द का अर्थ कमान, तीर कमान इसका प्रतीक है तथा ग्रीक भाषा में भील या बिल शब्द का अर्थ धनुष है । धनुर्विधा में यह जनजाति आदिकालसे अभी तक कुशल है जिनमें अन्तरराष्ट्रीय तिरंदाज कोच लिम्बाराम राज्यकोच जयन्तीलाल ननोमा आदि सेवारत है।

क़र्नल जेम्स टॉड ने प्रकृति की गोद में पल्लवित होने के कारण इन्हें वन या प्रकृति पुत्र कहा और भारत के मूल निवासी के रूप में आदिम जाति माना है। भारतीय –संविधान में प्रशासनिक दृष्टि से इन्हें अनुसूचित जनजाति के रूप में परिभाषित किया है।

'भील जनजाति के अतीत में अनेक आदि पुरुष हुए है जिन्होंने भील जनजाति का गौरव बढ़ाया है। ऋषि वाल्मीकि, एकलव्य, माता शबरी व भगवान कृष्ण का वध भी एक भील के बाण से हुआ था।'

आदिवासी साहित्यकार हरिराम मीणा अपनी कविता के माध्यम से आदिवासी समस्याओं को अभिव्यक्ति प्रदान की है जिसमें बाजारवाद एवं भूमण्डलीकरण के फलस्वरूप जनजातियों को जल, जंगल, जमीन से बेदखल करने और उनके विकास के नाम पर विस्थापन मुख्य समस्या बन कर उभरी है ।

जंगलों के कटने और उनमें स्थानीय जनजातियों की जमीन पर गैर जनजातियों के कब्जे के कारण जंगलों का क्षेत्रफल निरन्तर घटता जा रहा है, जिससे उनके वन आधारित रोजगार खत्म हो रहे हैं। इसी कारण लोग पलायन करने को मजबूर है।

जनजातियाँ जो जल, जंगल, जमीन एवं नदी–नालों पर निर्भर रहने वाली है उसे पुनर्वास रुपी उपहार देकर उनकी जमीन से उखाड़ कर अन्यत्र स्थान पर रोपने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे कवयित्री निर्मला पुतुल ने अपनी कविता में सशक्त अभिव्यक्ति प्रदान करते हुए लिखा है कि–

इस युग में तकनीकी व औद्योगिकीकरण की सर्वव्यापी बाजारीकरण व्यवस्था के विरूद्ध विद्रोह के रूप में जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण व अस्मिता की संस्कृति के संरक्षण की तलाश में संघर्ष व विस्थापन के दर्द से आधुनिक सभ्यता व संस्कृति से बेखबर नक्सलवादी व्यवस्था के पनपने का एहसास इस कविता में रेखांकित हुआ है।

भारतीय स्वतंत्रता के पश्चात् लम्बे समय से विकास योजनाओं में नदी परियोजनाओं के फलस्वरूप विस्थापन की समस्या का आज भी समाधान नहीं हुआ है। जिसे निम्न कविता के माध्यम से अभिव्यक्त प्रदान की गई है–

जनजाति क्षेत्र में बड़े–बड़े बांधों के निर्माण से विस्थापन एवं पलायन की समस्या उत्पन्न होने से जनजातियों को अपनी जमीनों से बेदखल होना

पड़ा है। जहाँ यह लोग शताब्दियों से रहते आये हैं वहीं से बेदखल होना इनकी मजबूरी हो गई हैं। सरदार सरोवर, माही बजाज सागर, कड़ाणा बाँध, सोम – कमला – अम्बा बाँध, कागदर बाँध आदि से इनका विस्थापन एवं पलायन तीव्र गति से हुआ है और परमाणु बिजलीघर पावर प्लान्ट, रेल्वे लाईन आदि के कारण विस्थापन एवं पुनर्वास भी वर्तमान परिस्थितियों का परिणाम है। एक तरफ नदी घाटी परियोजनाएँ हमारे लिए वरदान और विकास की और बढ़ते कदम हैं तो दूसरी तरफ वे विस्थापन एवं पुनर्वास का भी अहम प्रश्न है।

निष्कर्ष– जनजाति पलायन व विस्थापन की गूँज जल, जंगल जमीन से शुरू होकर गरीबी, भुखमरी, मजदूरी, वर्गसंघर्ष, नक्सलवाद, बेरोजगारी आदि देखने व सुनने को मिलती है। शोषण, उत्पीड़न, दमन के खिलाफ विद्रोह के रूप में विकास की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार परक कौशल विकास के साथ–साथ स्थानीय समस्याओं के स्थायी समाधान का प्रयत्न सरकार के जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के बीच की कड़ी के रूप में किया जाना चाहिए। साथ ही जनजाति इतिहास, भाषा, कला, साहित्य एवं संस्कृति का संरक्षण कर उसे विश्व पटल पर सांस्कृतिक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए। जनजाति परम्परागत अधिकारों की रक्षा के साथ–साथ दूरदर्शन, समाचार पत्रों, इन्टरनेट के द्वारा शिक्षा का प्रचार–प्रसार व जनजातिय क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि उनके विस्थापन, पलायन को रोका जा सके। भौतिकवादी, तकनीकी युग में पलायन परम्परा पर अंकुश लगाने का यह प्रयास न केवल सरकारी की जिम्मेदारी है, अपितु साहित्य की कलात्मक चेतना व उत्प्रेरित लेखन कार्य कर उसे एक साहित्यकार भी रोक सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शरद कुमार यादव: आदिवासियों की कीमत पर विकास, समयांतर (पत्रिका), नई दिल्ली, जुलाई 2014
2. अंबरीश कुमार के लेख : सिंगरौली से मिट जाऐंगें बैगा आदिवासी, नवभारत टाईम्स (समाचार पत्र), नई दिल्ली, 17 अक्टूबर, 2013
3. रमणिका गुप्ता : आदिवासी लेखन : एक उभरती चेतना, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2013
4. ट्राईब : माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान अशोक नगर, उदयपुर (राज.) 2017
5. आदिवासी समाज, संस्कृति और साहित्य : समकालीन आदिवासी विमर्श सामाजिक–सांस्कृतिक परिदृश्य विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के आलेख, 2016

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

A Critical Survey of Golding's Free Fall, The Spire and The Pyramid

Pradeep Sharma* **Dr. Purwa Kanoongo****

* **Research Scholar, SAGE University, Indore (M.P.) INDIA**
** **Associate Professor, SAGE University, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - William Golding's novel go through moral dilemmas as the core of human existence and he repeatedly puts his characters in extreme conditions to show a 'mythological' proportions to their lives. Free Fall analyses human dissolution. It embodies a ceaseless sum of conflicts hostilities and chances. The Spire is an account of spirited human mulishness to a summit. There is a representation of the clash between the good and evil with medieval setting. The Pyramid is a blending of three pragmatic events with the display of a heavenly think developing in a fight between myth and reason.
Keywords- Human dissolution, Myth, Cosmic.

Introduction-Golding has diligently and naively put together his works and has packed them with meaning. Golding prefers his novels to be viewed as myths, and one of the outcomes of this deliberate mythical status of his novels is that every occurrence and character has been intentionally picked to carry a certain meaning. Since Golding is a religious man he sees the formation of his universe to be more neat and coherent than most of his contemporaries perhaps do. An analytical survey of Free Fall, The Spire and The Pyramid asserts the point.

Freefall is an evaluation of human breakdown. this novel is a very futuristic query of Samuel mountjoy, the protagonist who provides meaning on his presence, explicates his past and apprehends the happenings of his life into forms of importance. He is often satirically compared with Dante searching for a Beatrice that he made a mess of. The narrative is narrated in Sammy's own words as he tries, in middle life, to detect his fall from grace. In the course he recollects with precision the disturbing episodes of his childhood, youth and adulthood he is exposed by a phobic parson after the demise of his mother. There are studies in a school and becomes a part of the Communist Party. He depraves. the pious and acquiescent Beatrice for whom he rejects when he falls in love and marrying with Tatty, a colleague. He is seized by the Germans in the course of the war and is grilled by the ominous Dr. Halle, regarding a probable hostage breakout from the POW camp. On his denial for the talk, he is fastened in a broom-chest. He considers his imprisonment in the closet as a blender. The war being completed, he comes back to home and discovers Beatrice in an asylum because of her nervous breakdown. She is psychotic paying off the price not just of Sammy's lack in 'vital morality', but of the faulty education too, that shaped him.

A human fondness is an unpredictable thing. Golding very gingerly deals with the love affair of Sammy's and Beatrice. It is absorbing for its distinct mingling of of the two strands, religious and rational, each striving to excel the other but never succeeding.

A critical investigation of Free Fall surveys the issue that the novel holds a ceaseless sum of conflicts hostility and scope. The various human beings of the current age will not experience any problem regarding the identification with a protagonist such as Sammy Mountjoy with his absurdities and good things. "Sammy's failure is then compounded he has not only failed to find the bridge between matter and spirit but he cannot make the vital connection between past and future which seems to form the essence of his auto biological quest for identity."(O'Donnel, Patrick 1980)

The Spire appraises the spirited human obstinacy to a peek with the tale of Jocelyn, Dean of Cathedral. The Spire of the title is the Spire of Salisbury Cathedral and the main action is the construction of the Spire. In spite of the inadequate footing the Spire stays for a long duration of time. It is believed to be 'built on faith' aspire like this symbolises enthralling capabilities; it extends to the heaven; it is constructed by men in the reverence of God.

Joceline, the Dean of Barchester Cathedral, holds himself to be picked by God for the construction of the Spire opposed to the verdict of the clergy and also of the constructors.

The thrust of the novel is neither on the character nor on the action but on the figurative shape that is rendered to

moral sense. Joceline controls the novel as an expanding moral awareness, not as a character.

The Spire is the story about perception; perception that drives Jociline in his compulsive move to his goal and the goal itself symbolises in stone men's potential for creating the perception real.

Dean Joceline has a sexual deficiency within him including a false belief that steer him. His frailty for Goody Pangall is revealed during the book. He doesn't bother in attaining his perceptive task even by the unfair ways. His spiritual truths can be matched with Pogar Mason's rational truths whose wisdom urges him not to construct the Spire on such a shaky footing. Pangall can be compared with Simon of Lord of the Flies, One more blameless character who is murdered. For finding the footing shake the host of employees treat Pangall as a scapegoat and his ritual killing is applied for the reinforcement of the frail foundation. They use of the ill obtained money of aunt Alison for the construction of the Spire poses the questio "weather bad money can ever be put to good use and that too by a man who owes his position to devious and corrupt practices" (Crompton, D.W., 1967) Joceline aims cannot be considered to be as divine as he proclaims, especially being the dean.

The novel has a medieval environment that uses the narrative of good and evil In strife to make Joceline soul apt and functional. The imagery and the measured study of the psychotic state of Joceline have a footing in Christian tradition.

The Pyramid for its portrayal of the pre-war English childhood has an additional distinctive punch. There is a blending of three pragmatic occurrences.

अलङ्कारों का वर्गीकरण शब्द और अर्थ के आधार पर हुआ है। शब्द जहाँ परिवृत्यसह रहते हैं वहाँ शब्दालङ्कार और जहाँ परिवृत्तिसह होते हैं वहाँ अर्थालङ्कार अथ च दोनों की स्थिति में उभयालङ्कार माना जाता है।

पाणिनीयशिक्षा का वैशिष्ट्य- षट् वेदाङ्गों में शिक्षा का महत्तवपूर्ण स्थान है। 'शिक्ष्यते यया सा शिक्षा' व्युत्पत्ति के अनुसार जिसके द्वारा अभ्यास किया जाये, शक्ति प्राप्त करने की इच्छा की जाये तथा उच्चारण के गुणों की सहिष्णुता की इच्छा की जाये तो वह विद्या 'शिक्षा' है[7]। सर्वथा उच्चारण के दोषों का परिहार कर गुणों का सन्निवेश ही शिक्षाशास्त्र का परम प्रयोजन है। शिक्षा को वेदपुरुष की नासिका कहा गया है-'शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य'[8]। यदि वह न हो तो वर्णनिष्पत्ति रूप गन्ध का ग्रहण भी नहीं हो सकता।

शिक्षाशास्त्रों में पाणिनीयशिक्षा को सर्वाधिक प्रामाणिक माना जाता है। महर्षिपाणिनिकृत पाणिनीयशिक्षा कुल 61 श्लोकों में निबद्ध है। इस ग्रन्थ के अध्ययन से ज्ञात होता है कि शिक्षा के आदि गुरु शंकर हैं। उन्होंने यह वाक्स्वरूपा विद्या, वेद-वाङ्मय से सञ्चित कर ज्ञानसम्पन्न दाक्षीपुत्र पाणिनि को प्रदान की थी-

शङ्कर: शाङ्करीं प्रादाद् दाक्षीपुत्राय धीमते।
वाङ्मयेभ्य: समाहृत्य देवीं वाचमिति स्थिति:।।[9]

पाणिनीयशिक्षा में वर्णसमाम्नाय, वर्णोच्चारण की प्रक्रिया, वर्णविभाग, वर्णों के उच्चारणस्थान, प्रयत्न, पाठ के गुण-दोष, वेदपुरुष के अङ्ग आदि विषयों का विवेचन किया गया है।

पाणिनीयशिक्षा का अलङ्कार-लावण्य - वस्तुत: अलङ्कार अलङ्कार्य का

केवल उत्कर्षाधायक तत्तव है, जीवनाधायक तत्तव नहीं। जो नर-नारी अलङ्कार (आभूषण)-विहीन हैं वे भी मानव हैं। किन्तु जो अलङ्कारयुक्त हैं वे अधिक सुन्दर लगते हैं। इस प्रकार अलङ्कार्य में अलङ्कारों की स्थिति अपरिहार्य नहीं है। यदि वे हैं तो अलङ्कार्य के उत्कर्षाधायक होंगे। इसलिए ध्वनिवादी आचार्यों के द्वारा अलङ्कारों को काव्य का अस्थिर धर्म माना गया है।[10]

पाणिनीयशिक्षा शिक्षावेदाङ्ग का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें अलङ्कारों का स्वाभाविक प्रयोग हुआ है। आचार्य पाणिनि ने वर्ण्यविषय को सम्प्रेषणीय, सुस्पष्ट और प्रभावोत्पादक बनाने के लिए अलङ्कारसज्जा के साथ अपनी बात कही है। फलत: सहज रूप से अनेक अलङ्कारों की सृष्टि हुई है। इस प्रकार समीक्ष्य कृति में अलङ्कारों का प्रयोग सर्वथा अयत्नसाध्य है। प्रस्तुति कृति में प्रयुक्त विविध अलङ्कार अलङ्कार्य की श्रीवृद्धि करते हैं गूढ से गूढ भाव को सुग्राह्य बनाते हैं और विषय को स्पष्ट करते हैं।

इस कृति में उपमा, रूपक, काव्यलिङ्ग आदि अर्थालंङ्कारों के साथ ही अनुप्रास शब्दालङ्कार का उचित प्रयोग हुआ है। पाणिनीयशिक्षा का यह अलङ्कारलावण्य कृतिकार की बहुमुखी प्रतिभा को भलीभाँति रेखाङ्कित करता है। यहाँ प्रथमत: समीक्ष्य कृति में प्रयुक्त शब्दालङ्कारों की समीक्षा की जा रही है, तदनन्तर अर्थालङ्कारों का निरूपण किया जायेगा।

(क) शब्दालंङ्कार

अनुप्रास – अनुप्रास शब्द अनु+ प्र+ आस से मिलकर निष्पन्न है। अनु का अर्थ अनुगत, प्र का प्रकृष्ट तथा आस का अर्थ न्यास है। इस प्रकार रस-भाव आदि के अनुकूल प्रकृष्ट न्यास को अनुप्रास कहा जाता है। आचार्य विश्वनाथ के अनुसार स्वर की विषमता होने पर भी जो शब्दसाम्य (व्यञ्जनसाम्य) होता है वह अनुप्रास अलङ्कार कहलाता है-

अनुप्रास: शब्दसाम्यं वैषम्येऽपि स्वरस्य यत्।[11]

अनेक व्यञ्जनों का एक बार साम्य छेकानुप्रास कहलाता है जब कि एक या अनेक व्यञ्जनों का एक बार या अनेक बार सादृश्य होने पर वृत्यनुप्रास अलंकार होता है।[12] पाणिनीयशिक्षा में अनुप्रास अलंकार के सौन्दर्य से मण्डित कतिपय शास्त्रांश उदाहरणार्थ प्रस्तुत हैं-

छेकानुप्रास-

- त्रिषष्टिष्चतुष्षाष्टिर्वा ..... शम्भुमते मता:।
  प्राकृते संस्कृते चापि स्वयं प्रोक्ता: स्वयम्भुवा।।[13]
  (षट्, म्त्, क्त्, स्व्य्म्भ की आवृत्ति)
- तारं तार्तीयसवनं .....।
  हृदये चैकमात्रस्तु अर्धमात्रस्तु .....।।[14]
  (त्र्, म्त्र्स् की आवृत्ति)
- हृदये चैकमात्रस्तु अर्धमात्रस्तु .....।।[15]
  (म्त्र्स्त की आवृत्ति)
- सरङ्गं कम्पयेत् कम्पं .....।।[16]
  (क्म्प्, की आवृत्ति)
- शङ्कर: शाङ्करीं .....।।[17]
  (श्ङ्कर् की आवृत्ति)

वृत्यनुप्रास –

- स्वरत: कालत: स्थानात् प्रयत्नानुप्रदानत:।।[18]
  (त् की आवृत्ति)
- उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च .....।।[19]
  (त्ष्च्, की आवृत्ति)
- .....स्थानानि वर्णानामुर: .....।।[20]
  (न् की आवृत्ति)
- ओभावश्च विवृत्तिश्च शषसा रेफ एव च।
  जिह्वामूलमुपध्मा च .....।।[21]
  (च् की आवृत्ति)
- ..... तादृषं विद्याद् यदन्यद् .....[22]।।
  (द् की आवृत्ति)
- ..... त्वरितं निरस्तं .....
  विलम्बितं गद्गदितं प्रगतीम्।[23]
  निष्पीडितं .....।
  (त् की आवृत्ति)
- तारं तु विद्यात् सवनं तृतीयं।
  शिरोगतं तच्च .....
  तुल्येन पादेन शिर:स्थितेन।।[24]
  (त्, न् की आवृत्ति)
- मन्त्रो हीन: स्वरतो वर्णतो वा
  मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।।[25]
  (त् की आवृत्ति)

(ख) अर्थालंङ्कार

उपमा – उपमा सादृष्यमूलक अलङ्कारों का आधार है। आचार्य मम्मट के अनुसार उपमान तथा उपमेय का भेद होने पर उनके साधर्म्य का वर्णन उपमा अलङ्कार कहलाता है-

'साधर्म्यमुपमा भेदे'।[26]

पाणिनीयशिक्षा में उपमा अलङ्कार का प्रयोग अनेकत्र दृष्टिगोचर होता है। कुछ स्थल अवलोकनीय हैं।

(1) पूर्णोपमा – उपमान, उपमेय, साधारण धर्म और उपमावाचक इन चारों अवयवों का ग्रहण होने पर पूर्णोपमा अलङ्कार होता है। पाणिनीयशिक्षा में पूर्णोपमा का सौन्दर्य अनेकत्र देखा जा सकता है, यथा-

व्याघ्री यथा हरेत् पुत्रान् दंष्ट्रायां न च पीडयेत्।
भीता पतनभेदाभ्यां तद्वद् वर्णान् प्रयोजयेत्।।[27]

जिस प्रकार बाघिन (अथवा बिल्ली) तीखे दाँतों से पकड़ कर अपने बच्चों को ले जाने में इतनी सावधानी रखती है कि न वह गिरे और न ही उसे क्षत लगे। उसी प्रकार यह आवश्यक है कि उच्चारणकर्ता न तो वर्णों को पीडित करे और न गिराये और न ही तोड़ दे। यहाँ सुन्दर उपमा का प्रयोग करके वर्णोच्चारण की विधि को स्पष्ट किया गया है। उपमा के समस्त अवयवों के विद्यमान होने से यहाँ पूर्णोपमा अलंकार है।

हृदयादुत्करे तिष्ठन् कांस्येन समनुस्वरन्।[28]

अर्थात् काँसे के पात्र के समान अनुरणन करता हुआ रङ्ग नासिका द्वारा उच्चारित किया जाता है। यहाँ भी पूर्णोपमा अलंकार का प्रयोग हुआ है।

कुतीर्थादागतं दग्धमपवर्णं च भक्षितम्।
न तस्य पाठे मोक्षोऽस्ति पापाहेरिव किल्बिषात्।।[29]

दोषपूर्ण वेदपाठ करने वाले की निन्दा तथा उसके फल का निर्देश करते हुए भगवान् पाणिनि ने उक्त श्लोक में कहा है कि कुतीर्थ से आए हुए दग्ध, अपवर्ण और भक्षित वैदिक शब्द का पाठ करने पर पाठक का मोक्ष सम्भव नहीं है। जैसे दुष्ट सर्प यदि गला पकड़ ले तो उससे छुटकारा सम्भव नहीं होता। यहाँ असाधु पाठ की उपमा दुष्ट सर्प से दी गई है।

मन्त्रो हीन: स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रु: स्वरतोऽपराधात्।।[30]

वर्ण अथवा शब्द के उच्चारण में दोष आ जाने पर क्या हानि होती है इसका निर्देश करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है कि स्वर या वर्ण से हीन मन्त्र मिथ्याप्रयुक्त होने के कारण अभीष्ट अर्थ को नहीं कहता। वह मन्त्र वाणीरूपी वज्र बनकर यजमान का नाष उसी प्रकार करता है जिस प्रकार स्वरदोष से युक्त 'इन्द्रशत्रु:' शब्द ने वृत्र का ही नाश कर दिया था। यहाँ यजमान की उपमा वृत्र से तथा वाग्वज्र की उपमा दोषयुक्त 'इन्द्रशत्रु:' शब्द से दी गई है। सभी उपमाङ्गों के विद्यमान होने से इस श्लोक में पूर्णोपमा अलङ्कार है।

(2) लुप्तोपमा – उपमान, उपमेय, साधारण धर्म तथा उपमावाचक – इन चारों अवयवों में से एक, दो या तीन का लोप होने पर लुप्तोपमा अलंकार होता है। समीक्ष्य कृति में लुप्तोपमा का प्रयोग अनेक श्लोकों में दृष्टिगोचर होता है। यथा–

अलाबुवीणानिर्घोषो दन्तमूल्य: स्वराननु।
अनुस्वारस्तु कर्त्तव्यो ..... ।।[31]

अर्थात् अलाबु (तुमड़ी) से निर्मित वीणा के स्वर के समान, दन्तमूल से उत्पन्न होने वाले अनुस्वार का उच्चारण किया जाना चाहिए। यहाँ वाचक शब्द एवं साधारण धर्म का लोप होने से लुप्तोपमा अलंकार है।

यथा सौराष्ट्रिका नारी तक्रँ इत्यभिभाषते।
एवं रङ्गा: प्रयोक्तव्या: खे अराँ इव खेदया।।[32]

अर्थात् जिस प्रकार सौराष्ट्र में रहने वाली स्त्री 'तक्रँ' उच्चारण करती है, उसी प्रकार रङ्ग वर्णों का प्रयोग किया जाना चाहिए। यहाँ भी लुप्तोपमा अलंकार प्रयुक्त है। एक कारिका में कहा गया है कि प्रात: सवन के समय सदैव वक्ष:-स्थल में स्थित, बाघ की ध्वनि के समान हुंकार जैसे स्वर से पाठ करना चाहिए। मध्याह्न सवन के समय चकवे की कूक के तुल्य कण्ठगत स्वर से पाठ करना चाहिए। यहाँ वेदपाठ की उपमा बाघ की हुंकार तथा चकवे की कूक से दी गई है–

प्रात: पठेन्नित्यमुर:स्थितेन
स्वरेण शार्दूलरुतोपमेन।
मध्यन्दिने कण्ठगतेन चैव
चक्राह्वसंकूजितसन्निभेन।।[33]

पाणिनीयशिक्षा में लुप्तोपमा अलंकार का प्रयोग अन्यत्र [34] भी देखा जा सकता है।

रूपक – जिनके स्वरूप स्पष्टत: भिन्न-भिन्न हैं, ऐसे उपमेय और उपमान के अत्यधिक साम्य को दिखलाने के लिए जो काल्पनिक अभेदारोप किया जाता है, वह रूपक अलङ्कार कहलाता है। आचार्य मम्मट के अनुसार उपमेय और उपमान का अभेदवर्णन ही रूपक है–

तद्रूपकमभेदो य उपमानोपमेययो:।[35]

जहाँ एक रूपक प्रधान (अङ्गी) होता है तथा अन्य रूपक अङ्गरूप से आकर प्रधान रूपक के सहायक होते हैं वहाँ साङ्गरूपक होता है।

पाणिनीयशिक्षा में वेदपुरुष के अंगों का विवेचन करते हुए कहा गया है कि छन्द:शास्त्र वेद के चरण हैं। कल्प को वेद के दोनों हाथ माना गया है। ज्योतिष को वेद का नेत्र कहा गया है। निरुक्त वेद का कान है। शिक्षा वेद की नासिका है। व्याकरण वेद का मुख है–

छन्द: पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।।
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्।[36]

यहाँ वेद और पुरुष का अभेदवर्णन प्रधान रूपक है। छन्द:शास्त्र पर वेद के चरण का, कल्प पर हाथ का, ज्यातिष पर नेत्र का, निरुक्त पर कान का, शिक्षाशास्त्र पर नासिका का तथा व्याकरण पर वेद के मुख का अभेदारोप किया गया है। ये सभी सहायक रूपक हैं। इस प्रकार प्रस्तुत शास्त्रांश में साङ्गरूपक अलंकार का उचित प्रयोग हुआ है।

निरङ्गरूपक वह है जहाँ अङ्गाङ्गिभाव से शून्य एक ही रूपक होता है। उसमें अन्य रूपकों का मिश्रण नहीं होता। पाणिनीयशिक्षा में निरङ्गरूपक अलङ्कार का भी सुन्दर उपयोग किया गया है। यथा–

अनक्षरमनायुष्यं विस्वरं व्याधिपीडितम्।
अक्षता शस्त्ररूपेण वज्रं पतति मस्तके।।[37]

अर्थात् अक्षरविकलरूप से उच्चरित वेद उच्चारयिता को आयुहीन कर देता है। स्वरविकलरूप से उच्चरित वेद उच्चारयिता को रोगपीडित करता है। (सदोष वेद) अकुण्ठित शस्त्ररूपी वज्र बनकर उच्चारयिता के सिर पर गिरता है। यहाँ सदोष वेदपाठ पर वज्र का अभेदारोप होने से निरङ्गरूपक अलंकार है।

'जिस पाणिनि ने पुरुषों की वाणी का विमल शब्दरूपी जल से प्रक्षालन किया है'[38] यहाँ शब्द पर जल का अभेदारोप हुआ है। अथ च 'जिस महर्षि पाणिनि ने अज्ञानान्ध लोक के नेत्रों को ज्ञानरूपी काजल की सलाई से उन्मीलित किया है'[39] इस वाक्य में ज्ञान पर अञ्जन-शलाका का अभेदारोप हुआ है। उक्त दोनों शास्त्रांशों में निरङ्गरूपक अलंकार की अलंकृति है। पाणिनीयशिक्षा में अन्यत्र[40] भी निरङ्गरूपक अलंकार की शोभा देखी जा सकती है।

काव्यलिङ्ग – आचार्य विश्वनाथ के अनुसार वाक्यार्थ अथवा पदार्थ जहाँ किसी का हेतु हो वहाँ काव्यलिङ्ग अलंकार होता है–**हेतोर्वाक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्गं निगद्यते।**[41] वस्तुत: कविकल्पित अर्थ के उपपादन के लिए हेतुकथन ही काव्यलिङ्ग अलंकार है।

पाणिनीयशिक्षा में शिक्षाशास्त्र के प्रयोजन को स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है–

प्रसिद्धमपि शब्दार्थमविज्ञातमबुद्धिभि:।
पुनर्व्यक्तीकरिश्यामि वाच उच्चारणे विधिम्।।[42]

अर्थात् साधु शब्द जिसका प्रयोजन है, जो प्रसिद्ध है, किन्तु मन्दबुद्धि लोगों द्वारा नहीं जाना गया है, ऐसे साधु शब्द के उच्चारण को बतलाने वाले शिक्षाशास्त्र को मैं (पाणिनि) पुन: व्यक्त करूँगा। यहाँ पूर्वार्द्ध का वाक्यार्थ उत्तरार्द्ध के वाक्यार्थ का हेतु है। अत: यहाँ काव्यलिङ्ग अलंकार की चमत्कृति है।

निष्कर्ष – निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि बहुमुखी प्रतिभा से सम्पन्न आचार्य पाणिनि ने वर्ण्यविषय को सम्प्रेषणीय बनाने के लिये अलङ्कारसज्जा के साथ अपनी बात कही है। पाणिनीयशिक्षा में अलङ्कारों का प्रयोग सर्वथा अयत्नसाध्य किंवा स्वाभाविक है। समीक्ष्य कृति में अनुप्रास, उपमा, रूपक, काव्यलिङ्ग आदि अलङ्कारों की सज्जा स्पष्टत: परिलक्षित होती है। महर्षि पाणिनि ने स्वकृति में जिन उपमाओं का प्रयोग किया है वे बेजोड़ हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. काव्यालंकारसूत्र –वामन (व्याख्याकार – हरगोविन्द शास्त्री, चौखम्बा

सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, तृतीय संस्करण, 1999) 1/1/2 पर वृत्ति, पृष्ठ 6
2. तत्रैव, 1/1/1
3. तत्रैव, 1/1/2 पर वृत्ति, पृष्ठ 6
4. निरुक्त, यास्क (सम्पादक-लक्ष्मण सरूप, मोतीलाल बनारसीलाल, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1967) 6/19
5. काव्यालङ्कार-भामह (व्याख्याकार-डॉ. रामानन्द शर्मा, चौखम्बा, संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी, प्रथम, संस्करण, 2002), 1/13
6. चन्द्रालोक-जयदेव (व्याख्याकार-श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2003) 1/7
7. पाणिनीयाशिक्षा पाणिनि (भाष्यकार-बच्चूलाल अवस्थी, कालिदास अकादमी, उज्जैन, विक्रम संवत् 2050) पृष्ठ 3
8. तत्रैव, 42
9. तत्रैव, 56
10. उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्।
हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादय:।। काव्यप्रकाश-मम्मट (व्याख्याकार-आचार्य विश्वेश्वर, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, वि. संवत् 2031) 8/87
11. साहित्यदर्पण-विश्वनाथ (व्याख्याकार-शालग्राम शास्त्री मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली-1986), 10/3
12. सोऽनेकस्य सकृत्पूर्व: एकस्याप्यसकृत्पर:।। काव्यप्रकाश-मम्मट, 9/79
13. पाणिनीयशिक्षा, 3
14 तत्रैव, 8.
15. तत्रैव, 28
16. तत्रैव, 30
17. तत्रैव, 56
18. तत्रैव, 10
19. तत्रैव, 11
20. तत्रैव, 13
21. तत्रैव, 14
22. तत्रैव, 15
23. तत्रैव, 35
24. तत्रैव, 37
25. तत्रैव, 52
26. काव्य प्रकाश-मम्मट, 10/87
27. पाणिनीयशिक्षा, 25
28. तत्रैव, 29
29. तत्रैव, 50
30. तत्रैव, 52
31. तत्रैव, 23
32. तत्रैव, 26
33. तत्रैव, 36
34. तत्रैव, 8, 37
35. काव्यप्रकाश-मम्मट, 10/93
36. पाणिनीयशिक्षा, 41-42
37. पाणिनीयशिक्षा, 53
38. तत्रैव, 58
39. तत्रैव, 59
40. तत्रैव, 54, 56
41. साहित्यदर्पण-विश्वनाथ, 10/63
42. पाणिनीयशिक्षा, 2

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

भारतीय पुलिस प्रणाली में सुधार : एक अध्ययन

प्रभाकर सिंह *

* शोधार्थी (विधि) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर(म.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह शोध पत्रभारत में पुलिस प्रणाली में सुधार के बारे में एक विस्तृत अध्ययन करता है। भारत में पुलिस की वृद्धि और विकास के लिए भारत में पुलिस की श्रेणियां, कार्य, समस्याएं, सिद्धांत और विफलता और समय-समय पर सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सुधारों की समीक्षा करने का वर्णन इस पत्र में किया गया है। मूल रूप से, पुलिस समाज का एक अनिवार्य हिस्सा है। पुलिस समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस आपराधिक न्याय प्रणाली का पहला और महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व है। पुलिस को केवल एक प्रहरी एजेंसी के रूप में माना जाता है। उनका मुख्य प्राथमिक कर्तव्य समाज में अपराधा को रोकना है। पुलिस को सरकार और लोगों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी भी माना जाता है। लेकिन आज के परिदृश्य में पुलिस व्यवस्था बदल दी गई है और उन्हें अपनी ड्यूटी के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और दूसरी ओर भ्रष्ट आचरण के कारण पुलिस की आलोचना भी होती है। इस प्रकार, इस शोध पत्र के द्वारा भारत में पुलिस प्रणाली में सुधारों पर पर्याप्त प्रकाश डाला है।

शब्द कुंजी – पुलिस, पुलिस सुधार समितियां, पुलिसिंग के सिद्धांत, शक्तियां और कार्य।

प्रस्तावना – भारत में पुलिस की अवधारणा अंग्रेजों द्वारा पेश की गई थी। देश में पुलिस कार्य के क्षेत्र से संबंधित कानूनों को अब तक ठीक से बढ़ाया नहीं गया है। भारतीय पुलिस अधिनियम, 1861 ब्रिटिश भारत में अधिनियमित किया गया था जो पुलिस की भूमिका, कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों को प्रदान करता है। इसके अलावा, आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 में समय-समय पर संशोधन किया गया है जो पुलिस को गिरफ्तारी, जांच, तलाशी और जब्ती करने की शक्ति प्रदान करता है। समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य का प्राथमिक कर्तव्य है। समाज के लिए खतरे के दो स्रोत हो सकते हैं या तो यह आंतरिक या बाहरी हो सकता है इसलिए दोनों ही दृष्टि से राज्य का कर्तव्य है कि वह समाज की रक्षा करे इसलिए इस उद्देश्य के लिए राज्य ने उपयुक्त क्षेत्रों के लिए विभिन्न पुलिस बलों की स्थापना की है। पुलिस समाज का अहम हिस्सा है। समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक अच्छी पुलिस व्यवस्था की आवश्यकता है। पुलिस भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली का एक कार्यकर्ता है इसलिए इसे अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में शांति बनाए रखने और कानून और व्यवस्था लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इसका प्राथमिक कर्तव्य लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना और उन्हें हिंसा, धमकी, उत्पीड़न और अव्यवस्था से बचाना है। मूल रूप से, पुलिस राज्य द्वारा सशक्त व्यक्तियों का एक गठित निकाय है, जो कानून को लागू करने, लोगों और संपत्ति की रक्षा करने और अपराध और नागरिक अव्यवस्था को रोकने के लिए है।

पुलिस को आपराधिक न्याय प्रणाली का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। उनका मुख्य कर्तव्य अभियोजन पक्ष के लिए समाज से अपराधी को चुनना और उन्हें उनके अपराध के लिए दंडित करना है। पुलिस को सरकार और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी भी माना जाता है। आपराधिक न्याय प्रणाली के तहत पुलिस अभियोजन और न्यायपालिका से भी जुड़ी हुई है। चूंकि पुलिस आपराधिक न्याय प्रणाली का पहला आवश्यक तत्व है, इसलिए इसे सभी आवश्यक कार्य करने होते हैं जैसे कि इसे अपराध की जांच करना, अपराधियों को गिरफ्तार करना, अपराध के दृश्य से सभी सबूत इकट्ठा करना, इकबालिया बयान दर्ज करना और अपराधी को पेश करना है। मजिस्ट्रेट के सामने गिरफ्तारी और तलाशी और जब्ती, आदि, ये बुनियादी कार्य हैं जो पुलिस को बढ़ते अपराध दर के कारण अपने दैनिक कामकाज में करने पड़ते हैं।इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि पुलिस को आपराधिक न्याय के प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

1947 में जब तक भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई; पुलिस प्रशासन भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों में से एक के रूप में विकसित हुआ था। भारत के संविधान का अनुच्छेद 246 राज्य की सूची में पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अदालतों, जेलों और अन्य संबद्ध संस्थानों को रखता है। यह निर्दिष्ट करता है कि पुलिस प्रशासन एक राज्य की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार उन नियमों और विनियमों को बनाती है जो प्रत्येक राज्य के पुलिस बल को नियंत्रित करते हैं। हालांकि, यह पुलिस प्रशासन में केंद्र सरकार की भूमिका को कम नहीं करता है। केंद्र सरकार की भूमिका पुलिस प्रशासन के लिए कानून बनाने और बुनियादी पुलिस कानूनों में संशोधन करने से संबंधित है। पुलिस सरकारी संगठन है, जो दुनिया के लगभग सभी नागरिक समाजों में कानून और व्यवस्था, सुरक्षा, शांति बनाए रखने और आम जनता को नुकसान से बचाने के लिए जिम्मेदार है। भारत में पुलिस का मुख्य कार्य अपराध की रोकथाम, सार्वजनिक व्यवस्था का रखरखाव, देश में कानून व्यवस्था को

लागू करना, नागरिकों की रक्षा करना और उनकी संपत्ति की रक्षा करना है।

पुलिस पदानुक्रम: राज्य पुलिस बल में कार्यरत पुलिस अधिकारियों के पदानुक्रम में पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, मंडल निरीक्षक, उप-निरीक्षक, प्रमुख शामिल हैं। कांस्टेबल और भर्ती कांस्टेबल, आदि। प्रशासनिक सुविधा के लिए, एक या एक से अधिक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक क्षेत्र में पूरे पुलिस बल के लिए जवाबदेह है और जहां तक कानून और व्यवस्था का सवाल है, वह जिला मजिस्ट्रेट के प्रति जिम्मेदार है। किसी भी मामले में, बॉम्बे, कलकत्ता, मद्रास, हैदराबाद आदि जैसे महानगरीय शहरों में, पुलिस अधीक्षक और जिला मजिस्ट्रेट की शक्तियाँ एक ही अधिकारी में शामिल होती हैं जिसे पुलिस आयुक्त कहा जाता है। संविधान राज्य को पुलिस के कामकाज को नियंत्रित और विनियमित करने की विशेष शक्ति देता है क्योंकि सार्वजनिक व्यवस्था और पुलिस, रेलवे और ग्राम पुलिस सहित, राज्य के विषय हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार केवल केंद्रीय पुलिस रिजर्व बल, सीमा सुरक्षा बल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया और जांच ब्यूरो के प्रशासन से संबंधित है। हालांकि भारत के संविधान में पुलिस को सूची में एक राज्य विषय के रूप में शामिल किया गया है, इसमें संघ सूची में संबद्ध और अर्ध-पुलिस विषयों की एक लंबी सूची शामिल है। उदाहरण के लिए, रोकथाम निरोधा, हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, प्रत्यर्पण, पासपोर्ट आदि केंद्र सरकार की एकमात्र जिम्मेदारी है। निचले रैंकों की सेवा की चयन और शर्तें राज्य सरकार की शक्ति के भीतर हैं।

आधुनिक भारत में पुलिस की श्रेणियाँ – पुलिसिंग के लिए आधुनिक भारत में पुलिस की श्रेणियां निम्नलिखित हैं :-

सामान्य पुलिस : भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 में प्रावधान है कि 'पुलिस' 'राज्य विषय' है (राज्य सूची -2, प्रविष्टि 2)। यह राज्य के लिए है कि वे अपने संबंधित क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने स्वयं के पुलिस बल को बनाए रखें। सामान्य पुलिस अपराधों की रोकथाम और समाज में रोजमर्रा की कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए होती है। इसका मुख्य संबंध आम लोगों के दैनिक क्रियाकलापों से है। सामान्य पुलिस आमतौर पर पुलिस लाइन, पुलिस चौकी और उसके बाद के रूप में रहती है। इसे जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल किया जाता है। सामान्य पुलिस में, पुलिस महानिरीक्षक (राज्य के) से लेकर एक कांस्टेबल तक प्रत्येक पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं।

यातायात पुलिस : यातायात पुलिस यातायात नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए होती है। यातायात पुलिस का मुख्य कार्य सड़क नियमों का उल्लंघन करने वालों को दंडित करने के लिए जनता पर यातायात नियमों को लागू करना है।

महिला पुलिस : महिला पुलिस का काम महिला अपराधियों की तलाश करना और उन्हें गिरफ्तार करना है। इसका मुख्य कार्य महिलाओं में होने वाले अपराधों को रोकना और उन्हें अपराधियों से बचाना है।

होमगार्ड पुलिस : वे बाढ़, अकाल या अन्य आपदाओं के समय पुलिस की सहायता करते हैं। कानून और व्यवस्था को बहाल करने में पुलिस की मदद करने के लिए आपातकाल के समय उनकी सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

पुलिस की आपराधिक जांच शाखा: पुलिस की आपराधिक जांच शाखा गंभीर अपराधों के बारे में गोपनीय रूप से जांच करने के लिए होती है। इनका मुख्य कार्य गंभीर अपराधों की जांच करना और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। ये शाखाएं वास्तव में सामान्य पुलिस की मदद के लिए हैं जो किसी मामले की गोपनीय जांच की रिपोर्ट मिलने पर आगे बढ़ती हैं।

रेलवे पुलिस : रेलवे पुलिस रेलवे में कानून व्यवस्था बनाए रखती है। यह रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और रेलवे के किसी भी अन्य परिसर और रेलवे पटरियों पर होने वाले अपराधों को रोकता है। इसका मुख्य कार्य रेलवे संपत्ति की चोरी को रोकना, रेलवे कर्मचारियों को उनके कर्तव्य के प्रदर्शन में सहायता करना और ट्रेनों या रेलवे परिसरों में पाए जाने वाले सभी अपराधियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करना है।

मिलिट्री पुलिस : मिलिट्री पुलिस सैनिकों पर नियंत्रण रखने के लिए होती है। यह सैन्य क्षेत्रों और बैरकों में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखता है। सैन्य पुलिस सेना, नौसेना और वायु सेना में एक दूसरे के हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से कार्य करती है।

सीमा सुरक्षा बल : यह देश की सीमाओं पर तैनात है। यह विदेशियों की घुसपैठ को रोकता है। यह भूमि को सीमावर्ती राज्यों के कब्जे से बचाता है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस : वे अपने कार्यों को करने में सामान्य पुलिस की सहायता करते हैं।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल : इसकी स्थापना 10 मार्च, 1969 से हुई थी। शुरुआत में इसे दुर्गापुर स्टील प्लांट में शुरू किया गया था और अब इसे भारत के लगभग सभी प्रमुख सार्वजनिक उद्योगों में शामिल कर लिया गया है।

भारत में पुलिस सुधार समितियाँ

(1) गोर समिति (1971-1973) : राज्य पुलिस बल में कांस्टेबुलरी स्तर से आईपीएस स्तर तक पुलिस प्रशिक्षण प्रणाली की समीक्षा के लिए 1971 में गोर समिति का गठन किया गया था। समिति ने कुल 186 सिफारिशें कीं जिनमें से केवल 45 पुलिस सुधारों से संबंधित थीं। पुलिस प्रशिक्षण प्रणाली से संबंधित अधिकांश सुधार लागू किए जा चुके हैं।

(2) राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1982): भारत में पुलिस संगठन की संपूर्ण प्रणाली और कार्यप्रणाली की जांच के लिए 1977 मंस राष्ट्रीय पुलिस आयोग (एनपीसी) की स्थापना की गई थी। आयोग ने पुलिस सुधारों पर 291 सिफारिशों के साथ आठ रिपोर्ट प्रस्तुत की और एक मॉडल पुलिस अधिनियम की भी सिफारिश की। इन रिपोर्टों में कांस्टेबुलरी के काम करने और रहने की स्थिति, पुलिस की भूमिका, कर्तव्यों, शक्तियों और जिम्मेदारियों, उनके वेतन ढांचे, आवास सुविधाओं और उनके कैरियर की योजना, पुलिस परिवारों के कल्याण, पुलिस में भ्रष्टाचार, आधुनिकीकरण से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पुलिस, ग्राम पुलिस, महिला पुलिस, राज्य और नागरिक पुलिस का संगठन और ढांचा, उनकी जवाबदेही और प्रदर्शन।

(3) रिबेरो कमेटी (1998): इस कमेटी का गठन 1998 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री जूलियस रिबेरो की अध्यक्षता में किया गया था। समिति ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के चयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पांच प्रमुख सिफारिशें प्रस्तावित कीं और स्थानांतरण, पदोन्नति, पुरस्कार, दंड, निलंबन और नीचे के अधिकारियों के सभी सेवा संबंधी मामलों पर निर्णय लेने के लिए बोर्ड के निर्माण का सुझाव दिया। पुलिस उपाधीक्षक का पद। समिति ने राज्य सुरक्षा आयोग की स्थापना

से संबंधित सिफारिशों को भी अंतिम रूप दिया। इस समिति द्वारा की गई सिफारिशों को अभी तक लागू नहीं किया गया है।

(4) आपराधिक न्याय प्रणाली पर मालिमथ समिति (2001- 2003) : मालिमथ समिति ने आपराधिक न्याय प्रणाली के सिद्धांतों, जांच, अभियोजन, न्यायपालिका, अपराध और दंड जैसे मुद्दों पर कुल 158 प्रमुख सिफारिशें दी। इस समिति की प्रमुख सिफारिश 'द राइट टू साइलेंस' थी। यह संविधान के अनुच्छेद 20(3) के तहत नागरिक को दिया गया एक मौलिक अधिकार है, जो कहता है कि किसी भी अपराध के आरोपी व्यक्ति को अपने खिलाफ गवाह बनने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। समिति ने यह भी सिफारिश की कि पीड़ित को स्वयं आपराधिक मुकदमों में भाग लेने का अधिकार मिलना चाहिए।

(5) पुलिस अधिनियम मसौदा समिति (पीएडीसी) (2005-2006): पुलिस अधिनियम, 1861 को बदलने के लिए एक नए पुलिस अधिनियम का मसौदा तैयार करने के लिए श्री सोली सोराबजी की अध्यक्षता में पीएडीसी की स्थापना की गई थी। 11 सदस्य, जिन्होंने 16 अध्यायों और 221 धाराओं के साथ एक व्यापक अधिनियम की सिफारिश की। इस समिति का मुख्य उद्देश्य एनपीसी द्वारा तैयार किए गए मॉडल पुलिस अधिनियम और अन्य मसौदा मॉडल पुलिस अधिनियमों की जांच करना और पुलिस की बदलती भूमिका और जिम्मेदारियों के अनुसार संशोधनों का सुझाव देना और एक मॉडल अधिनियम का मसौदा तैयार करना था जो राज्यों को अपने स्वयं के अपनाने के दौरान मार्गदर्शन कर सके। समिति ने कार्य पद्धति सहित पुलिस के व्यवहार में बदलाव के उपाय भी सुझाए।

पुलिसिंग के सिद्धांत: सरकार के लोकतांत्रिक ढांचे में पुलिस बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें लोगों का विश्वास जीतना चाहिए। एक स्वतंत्र, अनुज्ञेय और सहभागी लोकतंत्र में अंतर्निहित पुलिसिंग के सिद्धांतों को संक्षेप में निम्नानुसार किया जा सकता है:-

मानव मामलों में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की दिशा में योगदान करने के लिए;

1. सुरक्षा के साथ स्वतंत्रता की सहायता और सामंजस्य स्थापित करना, और कानून के शासन को बनाए रखना;
2. मानवाधिकारों को बनाए रखना और उनकी रक्षा करना;
3. लोगों का विश्वास जीतने में योगदान देना;
4. व्यक्तियों और संपत्ति की सुरक्षा को मजबूत करना;
5. अपराधों की जांच, पता लगाने और अभियोजन को सक्रिय करने के लिए;
6. राजमार्गों पर आवाजाही को सुगम बनाना और सार्वजनिक अव्यवस्था को रोकना;
7. बड़े और छोटे संकटों से निपटने के लिए और हर महीने समय-समय पर जन शिकायत निवारण बैठकें आयोजित करके संकट में पड़े लोगों की मदद करना।

सभ्य समाज में पुलिस का महत्व: एक सभ्य समाज में विशेष रूप से आपराधिक न्याय के प्रशासन के क्षेत्र में पुलिस की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। पुलिस कानून को लागू करने और समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। आधुनिक काल में पुलिस न केवल अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की पहचान का कार्य करती है बल्कि कल्याणकारी कार्य जैसे यातायात नियमों के पालन में सहायता, सार्वजनिक सभाओं और मेलों में भीड़ को नियंत्रित करना, फायर ब्रिगेड और बाढ़ बचाव दलों की मदद करना और जनता की मदद करना भी करती है। छोटे-मोटे विवाद निपटाने में। इस प्रकार, पुलिस को 'समाज के विवेक रक्षक' के रूप में देखा जाता है।

पुलिस की शक्तियां और कार्य: पुलिस निम्नलिखित कार्य करके समाज में एक प्रमुख भूमिका निभाती है:-

अपराध की रोकथाम: पुलिस का मुख्य कार्य अपराध की रोकथाम करना है। पुलिस का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वह अपराध होने पर मौके पर पहुंचे, उसे जल्द से जल्द सूचना दी जाए और उसकी घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

गश्त और निगरानी: पुलिस के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक विशेष रूप से निगरानी के तहत शहरी क्षेत्र में निगरानी और निगरानी ड्यूटी के रूप में गश्त करना है, प्रत्येक पुलिस स्टेशन में डोजियर और वॉच चार्ट रखे जाते हैं

अपराधियों की गिरफ्तारी: पुलिस किसी व्यक्ति को संज्ञेय अपराधों में वारंट के बिना और गैर-संज्ञेय अपराधों में वारंट के साथ गिरफ्तार कर सकती है। यह समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की मदद के लिए है।

अपराधियों की जांच और पूछताछ एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच और पूछताछ भी पुलिस के बुनियादी कर्तव्यों में से एक है। सभी जांच और पूछताछ पुलिस की नौकरी के हिस्से से काम करती है चाहे आईपीसी या किसी अन्य विशेष कानून के तहत अपराध किया जाता है, जहां पुलिस को ऐसी जिम्मेदारी लेने का अधिकार है।

अपराधियों या संदिग्धों से पूछताछ मामले के तथ्य का पता लगाने के लिए पुलिस उन सभी व्यक्तियों से पूछताछ कर सकती है जिन पर वह अपराध करने से जुड़ा है। वे संदिग्धा की तलाशी ले सकते हैं। तलाशी का अर्थ सामाजिक सुरक्षा के उपाय के रूप में किसी संदिग्धा व्यक्ति की जेब और कपड़ों की जांच करना है।

खोज और जब्ती: तलाशी और जब्ती पुलिस द्वारा की जाने वाली जांच का एक हिस्सा है। ऐसी तलाशी और जब्ती अनुचित नहीं होनी चाहिए और इसे कानून के अनुसार किया जाना चाहिए। तलाशी और जब्ती पुलिस द्वारा वारंट के साथ या उसके बिना की जा सकती है।

पुलिस के सामने समस्याएं:

1. पुलिस अधिकारियों के कहने पर संभावित उत्पीड़न के डर से अपराध का पता लगाने और अपराधी को पकड़ने में लोगों के सहयोग का अभाव।
2. लोगों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का अभाव अपराधों को नियंत्रित करने में पुलिस की विफलता के लिए उत्तरदायी है।
3. राजनेताओं का अपराधीकरण पेशेवर अपराधियों को अवांछनीय संरक्षण प्रदान करता है और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही बंद करने के लिए पुलिस पर बहुत दबाव डालता है।
4. यहां तक कि अदालतें भी पुलिस द्वारा पेश किए गए सबूतों को शक की निगाह से देखती हैं।
5. उच्च पुलिस अधिकारी अपने व्यक्तिगत और घरेलू कार्यों के लिए निम्न संवर्ग की पुलिस की सेवाओं का उपयोग करते हैं। भारत में पुलिस अपनी विविध गतिविधियों से प्रभावी ढंग से समाज के विकास की समस्याओं से नहीं निपट सकती है। कानून और व्यवस्था की बढ़ती समस्याओं और हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की दक्षता

को बुरी तरह से छिन्न-भिन्न कर दिया है।

पुलिस की आलोचना: अपराधियों को पकडना, अपराधों की जांच, यातायात पर नियंत्रण, अश्लील साहित्य या फिल्मों के खिलाफ कार्रवाई, नागरिक सुरक्षा के साथ-साथ अग्निशमन सेवाओं की सहायता करना, राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कार्यों के कारण जबरदस्त काम को देखते हुए निजी संपत्ति, व्यक्ति का व्यक्ति आदि उस पर थोपा गया और जनता के साथ पुलिस अधिकारियों के उत्पीड़न के रवैये ने पुलिस के खिलाफ और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में बहुत आलोचना की है। भारत में पुलिस के खिलाफ कुछ मुख्य आलोचनाएँ इस प्रकार हैं:

1. आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा जांच कार्य ठीक से नहीं किया जाता है। आपराधिक मामलों की जांच व्यापक रूप से विकलांग है और वैज्ञानिक उपकरणों के बड़े पैमाने पर उपयोग के अभाव में दुरुपयोग प्रदान करती है।
2. व्यापक विवेकाधीन शक्तियाँ पुलिस में निहित हैं।
3. पुलिस कभी-कभी अपराधों की जांच के दौरान अतिरिक्त-कानूनी तरीकों का सहारा लेती है।
4. पुलिस द्वारा अपराधों को रोकने के लिए किए गए रोकथाम के उपाय कभी-कभी बहुत परेशान करने वाले हो जाते हैं।
5. पुलिस द्वारा घटना स्थल पर पहुंचने में देरी से स्थिति बिगड़ जाती है।
6. आम जनता के बीच पुलिस की छवि इतनी खराब है कि आम आदमी इसके साथ कोई सहयोग करने के लिए आगे नहीं आता है।

भारत में पुलिस की विफलता के कारण- पुलिस अपने मकसद में पूरी तरह विफल रही है। पुलिस की नाकामी के ये हैं कारण:

1. अपने कर्तव्य के दौरान पुलिस द्वारा विवेकाधीन शक्ति का दुरुपयोग जैसे वारंट के बिना गिरफ्तारी, बिना किसी आदेश के घर या जगह की तलाशी आदि।
2. दमनकारी रवैया भारत में पुलिस प्रणाली की विफलता का एक अन्य कारण है। अपनी ड्यूटी के दौरान जनता के प्रति जो रवैया दिखाया गया जैसे कैदियों पर अत्याचार करना, भीड़ पर गोली चलाना, पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करते समय दिखाया गया रवैया पुलिस के दमनकारी रवैये के कुछ उदाहरण हैं।
3. पुलिस व्यवस्था की विफलता का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार भी है क्योंकि पुलिस विभाग में अवैधा रूप से पैसा कमाने या रिश्वत लेने की प्रवृत्ति चरम पर है।
4. जनता द्वारा सहयोग की कमी पुलिस प्रणाली की विफलता का एक अन्य प्रमुख कारण है। इसके पीछे कारण यह है कि पुलिस और जनता के संबंध कुछ हद तक दागदार हैं और लोग आमतौर पर पुलिस से डरते हैं। वे हमेशा पुलिस से संपर्क से बचना पसंद करते हैं।
5. मानवीय कमजोरी को भी पुलिस की असफलता का एक कारण माना जाता है क्योंकि पुलिस भी मनुष्य ही होती है। वे भी मानवीय कमजोरियों से पीड़ित हैं। उनमें भी पक्षपात और पक्षपात है। वे भी लालची हैं और पैसे के लिए काम करते हैं।

निष्कर्ष- समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत में पुलिस प्रणाली की शुरुआत की गई थी। इनका मुख्य उद्देश्य जनता को अपराध मुक्त वातावरण प्रदान करना है। पुलिस समाज के सबसे महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। पुलिस का सीधा संबंध जनता और सरकार से होता है। पुलिस आपराधिक न्याय प्रणाली के लिए पहला कदम है। उनका प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना, अपराधियों से समाज की रक्षा करना, अपराधियों को पकड़ना और उन्हें दंडित करना और उन्हें सलाखों के पीछे डालना है। पहले पुलिस को एक सम्मानित पेशा माना जाता था और समाज की नज़रों में उसकी अच्छी छवि भी थी लेकिन अब पुलिस अपनी विवेकाधीन शक्ति, दमनकारी नीति, भ्रष्टाचार के दुरुपयोग के कारण अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रही है।

इस प्रकार पुलिस की विफलता को दूर करने के लिए पुलिस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. बसंतीलाल बघेल, पुलिस गाइड, (द लॉयर्स होम, इंदौर, संस्करण 2013)
2. एस.एम.ए. कादरी, क्रिमिनोलॉजी, पेनोलॉजी एंड विक्टिमोलॉजी (ईस्टर्न बुक कंपनी, चंडीगढ़, सातवां संस्करण, 2016)
3. आर.के. राघवन, पोलिसिंग इन डेमोक्रेसी, ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ इंडिया एंड यूएसए पृष्ठ. 9 (मनोहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, 1999)
4. http://www.academia.edu/6671505/Problems_by_police
5. डॉ. एस.आर. माइनेनी, क्राइम एंड क्रिमिनोलॉजी (इलाहाबाद लॉ एजेंसी, फरीदाबाद, पहला संस्करण, 2017)
6. एन.वी.प्रांजपे, क्रिमिनोलॉजी, पेनोलॉजी एंड विक्टिमोलॉजी (सिएलपी, इलाहाबाद 17वां संस्करण 2017)
7. डॉ. एस.आर. माइनेनी, पेनोलॉजी एंड विक्टिमोलॉजी (इलाहाबाद लॉ एजेंसी, फरीदाबाद, पहला संस्करण, 2017)
8. डॉ. मुरलीधर चतुर्वेदी, दंड प्रक्रिया संहिता, (इलाहाबाद विधि एजेंसी प्रकाशन, 2009)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मेवाड़ महाराणा प्रताप से सम्बंधित ऐतिहासिक स्थल

हुकुम जोशी *

* शोधार्थी, इतिहास विभाग सामाजिक एवं मानविकी महाविद्यालय, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – मेवाड़ शासक महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में अपने सम्पूर्ण जीवन काल में मुगल शासक अकबर से संघर्ष करते रहे लेकिन उसकी अधीनता स्वीकार नहीं की। प्रताप ने अपने यौद्धा जीवन में प्राकृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का चयन अपनी राजधानी व सैनिक छावनी के रूप में किया जिनमें से कुम्भलगढ़,गोगुन्दा,मायरा गुफा शस्त्रागार,मचीन,कमलनाथ आवरगढ़ उनकी सैन्य रणनीति के परिचायक रहे। वही दूसरी ओर झरनों की सराय स्थल उनकी स्थापत्य सृजनत्माकता को दर्शाता हैं।
शब्द कुंजी – मेवाड़,महाराणा प्रताप,स्वतंत्रता,मायरा गुफा,झरनों की सराय।

प्रस्तावना – आत्महवि से स्वातंर्त्यदीप को सतत् प्रज्वलित रखने वाले भारतीय सभ्यता संस्कृति–संरक्षक, संर्वधक एवं अजस्र वीरता की साक्षात् प्रतिमूर्ति सिसोदिया कुलावंतस महाराणा प्रताप का सम्पूर्ण जीवनवृत राष्ट्राराधन परम्परा प्रवाह के सातत्य एवं स्वाभिमान, संघर्ष, राष्ट्राभिमान, की भावनाओ के स्फुरणार्थ अपने आप में अद्धितीय आदर्श है।

सबल यवन मुगल सम्राट अकबर के विरूद्ध सवल्प संसाधनो से किन्तु उच्चमनोबल, कुषल संगठन एवं प्रषासनिक क्षमताओं से पुष्ट प्रणवीर प्रताप का सतत संघर्षमय जीवन अपने आप में शाष्वत अभियान है, जो युगो युगो तक घोर संकट में भी राष्ट्राभिमान युक्त जीवन निर्वहन के साथ–साथ भारत की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाये रखते हुये उसके प्रतिफल को कश्मीर से कन्याकुमारी, अटक से कटक पर्यन्त निवासरत भारतीय प्रजा के लिये सार्थक करने हेतु प्रेरणापुंज है।

मेदपाट/मेवाड़ का प्राच्यऐतिह्य गौरव और महत्व यहा प्रवहामाण सरितातटों पर अवस्थित बागौर, गिलुण्ड, ईसवाल, आहड़ इत्यादि मेसोलिथिक, ताम्रयुगीन सभ्यताओं के प्रकाशन से स्वंय सिद्ध है। तथापि 7 वीं शताब्दी का मेवाड़ के इतिहास में विशिष्ट महत्व है, क्योंकि, यही वह समय था जब गुहिल वंश की स्थापना के साथ ही मेवाड़ एक स्पष्ट राजनीतिक इकाई के रूप में उदित हुआ। इस समय तक भारतवर्ष पर बाह्य आक्रमण होने लगे थे, और भारतीय सभ्यता संस्कृति नष्ट भ्रष्ट होने लगी थी। मेवाड़ में हारित ऋषि से प्रेरणा, राज्य, वर एवं लक्ष्मी का अशेष आशीष प्राप्त कर बप्पारावल ने विधर्मियों से निज सभ्यता, संस्कृति, धर्म, गौरव के संरक्षण का सफल प्रयास किया। बप्पा के इस प्रतिरोध को इनके वंशजों खुमाण, जैत्रसिंह आदि ने 1303 ई. में दिल्ली सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के अधिकार से पूर्व तक यथावत रखा।

दिल्ली शासक अलाउद्दीन खिलजी द्वारा 1303ई. में हस्तगत चितौड़ पर 1326ई. में गुहिल वंश की एक शाखा सीसोदा जागीर के सामन्त हमीर ने पुन: अधिकार कर लिया। इस वंश के क्रम में महाराणा कुम्भा भी उल्लेखनीय है जो कि धर्मरक्षक, वीर, साहसी, राष्ट्राभिमानी शासक के रूप में प्रसिद्ध रहे। इनके राजत्व में मेवाड़ का बहुमुखी विकास हुआ। महाराणा कुम्भा के अनन्तर 16 वीं शताब्दी में महाराणा सांगा का शासन काल 1509 ई. से 1528ई. पर्यन्त शौर्यपूर्ण घटना–प्रधान और वैविध्यपूर्ण रहा और इसी कालखण्ड में दिल्ली सल्तनत के प्रभाव में न्यूनता आ गयी, फलत: मेवाड़ एक अभिनव शक्ति केन्द्र के रूप में स्थापित होकर उत्तर भारत की एक प्रमुख राजनीतिक धुरी के रूप में कार्यशील हुआ। परिणामस्वरूप मुगल आक्रान्ता बाबर से मेवाड़ शासक संग्रामसिंह प्रथम का भीषण संघर्ष हुआ परन्तु खानुवा युद्ध की पराजय के पश्चात् मेवाड़ के गौरव और गरिमा को ग्रहण लग गया।

महाराणा सांगा के अवसान पश्चात महाराणा रत्न सिंह से पासवान बनबीर पर्यन्त मेवाड़ की स्थिति चिन्तनीय रही। धाय पन्ना के बलिदान के फलस्वरूप सुरक्षित उदयसिंह को कुम्भलगढ़ में सभी सामन्तों ने 1537 ई. में मेवाड़ महाराणा के पद पर अभिशिक्त कर दिया। महाराणा उदयसिंह का विवाह पाली के अखेराज सोनगरा की पुत्री राजकुमारी जेवन्ती बाई के साथ सम्पन्न हुआ और इसी के साथ मेवाड़ के उत्थान और महानायक वीर प्रताप के अवतरण की पूर्वपीठिका की संरचना प्रारम्भ हो गयी।

प्रताप का जन्म स्थल कुम्भलगढ़ – महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 ई. (ज्येष्ठ सुदी 3,रविवार , वि.स.1597) में हुआ। गौरीशंकर हीराचंद ओझा अपनी पुस्तक श्उदयपुर राज्य का इतिहासश में लिखते हैं कि '...हमारे पास वाले ज्योतिषी चंडू के यहाँ के जन्मपत्रियों के संग्रह में महाराणा प्रताप की जन्मपत्री विद्यमान है। उसी के आधार पर उक्त तिथि दी गयी है।.....' कुछ इतिहासकार प्रताप का जन्म स्थान मारवाड़ में स्थित पाली में अपने ननिहाल में मानते हैं। इतिहासकार डॉ.देवीलाल पालीवाल,डॉ.चन्द्रशेखर शर्मा, राजेंद्रशंकर भट्ट ,डॉ.गोपीनाथ शर्मा आदि विद्वान प्रताप का जन्म कुम्भलगढ़ में मानते हैं। उनके अनुसार राजघरानों में रानी अपने पितृगृह से दासियाँ, नौकर द्दाकर ,कामदार साथ लेकर ससुराल आती थी जिनकी सुरक्षित देखरेख में प्रसव कार्य संपन्न होता था तथा पुत्रोत्पत्ति पर बधाई स्वरुप पगलियाँ तथा 'हरि' ननिहाल में भेजी जाती थी। ये परंपरा आज भी राजपूत परिवारों में प्रचलित है। अत: प्रताप का जन्म कुम्भलगढ़ स्थित राजमहलों में ही हुआ और वर्त्तमान में उस जन्म–

स्थान के कक्ष को पूजित स्थल के रूप में स्वीकार किया जाता हैं। वर्तमान तक सभी इतिहासकारों के द्वारा इस मत को स्वीकार किया जाता है कि महाराणा प्रताप के प्रारंभिक जीवन और उनकी शिक्षा-दीक्षा सम्बन्धी जानकारी बहुत कम उपलब्ध है। इस सन्दर्भ में जानकारी प्राचीन बडवा पोथियों, ख्यातों, बातों, डिंगल वांग्मयों व शिलालेखों में उपलब्ध होती हैं।

कुम्भलगढ़ स्थित प्रताप के जन्मस्थल वाले महल

प्रताप अपने सम्पूर्ण जीवन काल में मुगल अकबर से संघर्ष करते रहे और हल्दीघाटी(1576 ई.) व दिवेर(1581ई. से 1583ई.के मध्य) की लड़ाइयों में अपने शौर्य को चरितार्थ किया और मेवाड़ की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए 19 जनवरी,1597ई.को स्वर्गवासी हुए।

झरनों की सराय में स्थित विष्णु मन्दिर और जल कुंड - झरनों की सराय में एक विष्णु मन्दिर पश्चिम दिशा में स्थित है। मन्दिर के बगल पश्चिमोत्तार दिशा में एक सीढियों युक्त कुण्ड स्थित है। स्थानीय जनश्रुति एवं मंदिर के पुजारीजी के अनुसार महाराणा प्रताप की दादी ने मन्दिर के बहुत करीब एक सराय का निर्माण करवाया। इसलिए इस स्थान को उनके नाम झरना के नाम से जाना जाता है। विष्णु मन्दिर एक गुढ़मण्डप और मण्डप के साथ एक त्रिरथ पर है। यहाँ गर्भगृह में विष्णु की प्रतिमा स्थापित है जिनको हाथों में गदा और चक्र लिए दर्शाया गया हैं। प्रवेश द्वार पर द्वारपाल हैं और स्तम्भ अलंकरण प्रतीक के बिना सरल रूप में निर्मित है। मण्डप का आधार स्तम्भों पर है। गुमण्डप में आमने-सामने दो ताके है, जिसमें बायीं ओर गणेश की प्रतिमा को स्थान दिया गया है, जबकि दाहिनी ओर की ताक खाली है।

मन्दिर का शिखर भाग कलश के चित्रण सहित लघु श्रृंग और उरु-श्रृंग से युक्त है। आमलक (अमलशिला) के नीचे कंठ में चार मानव-मुख निर्मित हैं जिनको चारों दिशाओं में अर्थात् चार तरफ से दर्शाया गया है। बरामदा में शिखर के निचले हिस्से में ताक है, लेकिन ये सभी खाली है। इस मन्दिर की वास्तुकला बहुत ही सरल है, और जहाँ तक वास्तुकला साम्यता का प्रश्न है, यह उदय सागर के दक्षिणी छोर पर स्थित एक विष्णु मन्दिर से समानता रखता है। मन्दिर में लोहे की बहुत सी टिकियों का उपयोग किया गया है। मण्डप के छत के हिस्से में आकृति के रूप में छत की वास्तुकला का प्रभाव दिखाई देता है। प्रतीत होता हैं कि यह मंदिर पहले दुर्गा (महिषासुरमर्दिनी) को समर्पित किया गया होगा।

एक चौकोर कुण्ड (12x10मीटर) मन्दिर के पास स्थित है। कुण्ड धरातल में कुएँ से जुड़ा हुआ है। कुण्ड 3 मंजिला है, जिसमें सबसे ऊपरी मंजिला (प्रत्येक तरफ एक) में 4 ताकें हैं, जिसमें मूर्तियाँ हो सकती हैं। इसका आकार 64x48सेमी गहराई 30 सेमी हैं। उत्तरी भाग पर एक बरामदा है, जो 4 स्तम्भों पर बनाया गया है।

झरनों की सराय में स्थित विष्णु मन्दिर

झरनों की मुख्य सराय- झरनों की सराय में स्थित मन्दिर के करीब एक परकोटे युक्त मध्यकालीन भवन के अवशेष पाए गए है, जिसे स्थानीय तौर पर झरनों की सराय के नाम से जाना जाता है। इस भवन में 6 कमरे अभी भी अवस्थित है। यह उत्तर-दक्षिण में उन्मुख है। वर्तमान में स्थित 6 कक्षों में से 5 कक्ष आयताकार हैं। यह तराशे हुए पत्थरों से बने हैं, हालांकि प्रवेश द्वार पर दीवार और खिड़की के किनारों में कुछ सुन्दर कपड़े पहने हुए आकृतियाँ अकेरी हुए है। ग्रामीण के अनुसार यह सराय डबोक से उदयपुर जाने वाले पुराने ऐतिहासिक मार्ग पर स्थित है। यहाँ दो छोटे कमरे उत्तरी दिशा में स्थित है, जो एक दूसरे से जुड़े हुए है। पश्चिमी भाग पर दो प्रवेश द्वारों के साथ एक लम्बे आयताकार कक्ष के साथ 3 कक्ष है, जहाँ पर अनगढ़ पत्थरो से बनी मूल सीमा या परकोटे के कुछ हिस्से अभी भी बरकरार है। उपर्युक्त सर्वे विद्यापीठ साहित्य संस्थान निर्देशक जीवन जी खरकवाल सर्वे एवं उनकी टीम द्वारा 2019-2020 ई. में किया गया था लेकिन वर्तमान में इस सराय के केवल 3 मध्यकालीन कक्ष व परकोटे का कुछ हिस्सा ही अब अवशेष रूप में बचा है।

झरनों की सराय स्थित मध्यकालीन भवन सराय

खमनौर - नाथद्वारा से मोलेला होते हुए खमनौर की रक्त तलाई युद्ध स्थल तक 16 किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता है। खमनौर के पास ही रक्त

तलाई है जहां पर महाराणा प्रताप का अकबर की मुगल सेना के साथ युद्ध हुआ था।

बनास नदी – मौलेला छापर से खमनौर जाते समय रास्ते में बनास नदी पार करनी पड़ती है, जिसमें केवल वर्षा ऋतु में ही पानी रहता है।

बादशाह बाग – खमनौर बस स्टैण्ड से शाहीबाग तक की दूरी 2 किलोमीटर है। – सड़क मार्ग के दोनों ओर चेतक गुलाब के बगीचे हैं। प्राचीन समय में इस जगह (ऐरिया) का नाम राणा बीड़ था, रास्ते के किनारे वाली पहाड़ी का नाम 'बड़ा मगरा' है।

चेतक नाला – हल्दीघाटी पार करने के बाद चेतक नाला आता है, जिसका वर्तमान में प्राचीन स्वरूप बदल गया है। चेतक नाले की कुछ दूरी पर स्थित चेतक समाधि है जो कि वलिचा गाँव के निकट ही स्थित है।

लोहसिंग – हल्दीघाटी से उत्तर दिशा में 13 किलोमीटर की दूरी पर लोसिंग ग्राम है। मैदानी भूमि के इस ग्राम के दोनों ओर पहाड़ियां हैं। हाम्बुआ मंगरा एवं गौयड़ा पूर्व दिशा में तथा टैर, वक्टूर मंगरा पश्चिम दिशा में स्थित है।

घसार घाट – उदयपुर से ईसवाल जाते समय सड़क मार्ग पर पहाड़ी काट कर रास्ता बनाया गया है, इसे घसार घाट कहते हैं, यह लगभग 1 किलोमीटर की लम्बाई में है।

झरका घाट – ईसवाल सर्किल से गोगुन्दा जाने वाले सड़क मार्ग पर पहाड़ी काटकर बनाये गये रास्ते को झरका घाट के नाम से पुकारते हैं। इसके पास ही श्री नाथजी का पुराना मन्दिर है, जहाँ से मूर्तियों का नाथद्वारा स्थानान्तरण कर दिया गया था। ये सभी क्षेत्र प्रताप की राजधानी गोगुन्दा से समीप ही स्थित हैं।

टेंढ़ी टांगड़ी – ईसवाल सड़क से गोगुन्दा पहुँचने से पूर्व जो पहाड़ी स्थान आता है, उसे टैढ़ी टांगड़ी कहते हैं।

गोगुन्दा – गोगुन्दा स्थान मैदानी है और अरावली पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस गांव के चारों ओर दो-दो मील की दूरी पर अरावली की ऊँची-ऊँची पहाड़ी श्रृंखलाएं स्थित है। ये गांव उदयपुर, कुम्भलगढ़ और हल्दीघाटी से आने वाले मार्गो के मध्य में स्थित है। यहां आने के लिए बड़े और फैले हुए पहाड़ों को पार करने के बाद ही प्रवेश पाया जा सकता था। यह सामरिक दृष्टि से सुरक्षित स्थान रहा जहां महाराणा के भील सैनिकों की बाहुल्यता रही हैं।

महाराणा प्रताप का राजतिलक स्थल

महाराणा उदयसिंह का स्वर्गवास भी गोगुन्दा में ही हुआ था जिनकी छत्री खेतेला तालाब की पाल पर पश्चिम दिशा में स्थित हैं। यहीं गोगुन्दा स्थित महादेव मंदिर की बावड़ी पर छतरी वाले स्थान पर महाराणा प्रताप का राजतिलक किया गया था। गोगुन्दा से दक्षिण में डेढ़ मील दूर धोलिया पहाड़ है, जहां पर राणामहल और राणी कोट है। इसके उत्तर में माल नामक मैदान है। वहां बड़ा घना जंगल है और जंगली जानवरों की बाहुल्यता है।

मायरा गुफा शस्त्रागार (गोगुन्दा के निकट स्थित) – गोगुन्दा से पूर्व होकर हल्दीघाटी के पहाड़ों में रास्ता जाता है। इस पहाड़ को लाम कहते हैं जिसे लांघने के बाद डेढ़ मील दूर एक नाले के पास पोली पहाड़ी के अन्दर गुफा है, जो ही मायरा की गुफा है। यहाँ 25 से 30 के लगभग गुफाएं है जो कि सैनिक छावनी के रूप में प्रताप के काल में प्रयुक्त हुई। युद्ध के वक्त इसे शस्त्रागार का रूप दिया हुआ था। यहां अनेक सैनिक भी रखे जाते थे। इसके उंचे पहाड़ी शिखर से 15 मील दूर तक आता कोई भी देखा जा सकता है, लेकिन वहां के लोगों को 15 कदम दूरी से भी कोई नहीं देख सकता था। यहां पर छोटा पानी का नाला भी था और वर्तमान में भी ये गुफाओं पर से झरने के रूप में अस्तित्वमान है जो वर्ष भर बहता रहता हैं। आवरगढ़ नामक पहाड़ी राजधानी भी (झाडोल के समीप) प्रताप का एक महत्तवपूर्ण ऐतिहासिक स्थल रहा हैं।

मायरा गुफा शस्त्रागार

मचीन – हल्दीघाटी से उत्तर पश्चिम की ओर लगभग 13 मील दूर करार स्थान के निकट यह एक गांव है। यहां दो फलांग दूर एक बड़ा पहाड़ है, जिस पर कुछ खण्डहर और एक बड़ी गुफा है। यहां पर ही अमरसिंह के पुत्र करणसिंह का जन्म होने पर जरमा हुआ था। उसका जन्म माघ सुदी 4 विक्रम संवत 1640 दिनांक 7 जनवरी 1584 ईस्वी को हुआ था। गुफा अन्धेरी और दुर्गन्ध से भरी है। यह गुफा 4-5 मील तक फैली हुई आर- पार है। कहते हैं कि यहां नाथ सम्प्रदाय के मत्स्येन्द्रनाथ ने तपस्या की थी।

रोहिड़ा – जरा पहाड़ से 7 मील दूर यहां रोहिड़ा गांव बसा हुआ है, जो पहाड़ की – तलहटी में है। पहाड़ी के खंडहर प्रताप के महल बतये जाते हैं, जिनमें महाराणा सैनिकों के साथ विपत्ति में आकर ठहरे थे, यहां पानी का एक छोटा सा नाला भी है।

उबेश्वर – कमलनाथ से 20 मील उत्तरपूर्व में ऊंची पहाड़ी पर एक छोटा तीर्थ स्थान है। यहां बड़ा ही भयावना जंगल है। यहां के खंडहरों को भी महाराणा के संकटकालीन वक्त में बनाये महल बताये जाते हैं।

कमलनाथ आवरगढ़ – उदयपुर के पश्चिम में 43 मील दूर सघन पहाड़ों के

शिखर पर यह स्थान है। कमलनाथ की तलहटी में देभाणा गांव है, जहां से देवटा का घाटा पार करने पर कुम्भजर पौराणिक स्थान है। इसे ही आवरगढ़ का प्रवेश मानते है। आगे दो पहाड़ियां एक दूसरे की ओर झुकी हुई है, जिसे द्वितीय दरवाजा और रावण टुंग व वानर टुंग नाम से बोला जाता है। इससे आगे आधा मील पर कमलनाथ महादेव का मन्दिर, सराय और बारहमासी बहता झरना है। इससे आगे एक मील चढ़ने पर खंडहर आते हैं, जहां कमरे की चौपाल है। जो प्रताप के महलों के खंडहर है, पास में ही एक बड़ा तालाब है। इससे आगे चढ़ने पर जगह-जगह कई खंडहर सैनिक विश्राम गृह सदृश माने जाते हैं। चढ़ाई समाप्ति के बाद दो बड़े जंगी बड़ के पेड़ है इन दोनों पेड़ों का फासला 50-60 गज का है। यहां पर महाराणा के बच्चों के झूलने लगे रहते थे । इससे भी ऊपर चढ़ने पर और महत्वपूर्ण खंडहर है, ऊंचे स्थन पर गोल चबूतरा है जो सभा स्थल रहा होगा। यहां से 15-20 मील दूर नीचे पहाड़ ही पहाड़ दिखाई देते हैं। यहां पर घोड़ों की ठानों के खंडहर भी है। आवरगढ़ 12 मील के घेरे में फैला हुआ है, जहां पर चारों ओर पहले परकोटा था। इस स्थान को अरावली पहाड़ों में सर्वाधिक सुरक्षित माना जाता है।

महाराणा प्रताप से सम्बद्ध ये सभी स्थल उस संघर्ष के परिचायक हैं जिससे वर्तमान का भारत प्रेरणा लेता हैं। इन ऐतिहासिक स्थलों से मेवाड़ की इतिहास समृद्धता में वृद्धि होगी व प्रताप के जीवन के अनछुए पहलुओं पर प्रकाश पड़ेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. डॉ.देवीलाल पालीवाल, महाराणा प्रताप महान, जीवनं वृत्त और कृतित्व, नवभारत प्रकाशन,जोधपुर,2012 ई.
2. स्थानीय जनश्रुतियां एवं गोगुन्दा के पूर्व उपसरपंच करण सिंह जी झाला का साक्षात्कार।
3. रघुवीर सिंह ,प्रताप,1972ई.(नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ, मध्यप्रदेश में संग्रहित)
4. आर.पी .व्यास ,महाराणा प्रताप,राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर,2010ई.
5. संपादक जीवन सिंह खरकवाल,शोध पत्रिका,वर्ष 70, अंक 1-4,जनवरी-दिसम्बर 2019,साहित्य संस्थान,जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ,उदयपुर।
6. स्वयं द्वारा गोगुन्दा,मायरा गुफा शस्त्रागार, दिवेर, हल्दीघाटी, लोहासिंग, उदयपुर के निकट स्थित झरनों की सराय,खरसान आदि स्थलों का किया गया सर्वे।
7. उदयपुर के निकट स्थित झरनों की सराय के मंदिर के पुजारी जी लोकेश जी वैष्णव के साक्षात्कार के अनुसार,उम्र 40 वर्ष।
8. देवी सिंह मंडावा,स्वतंत्रता के पुजारी महराणा प्रताप,अरिहंत प्रकाशन, जोधपुर,2017ई.
9. राजेन्द्र शंकर भट्ट,मेवाड़ के महाराणा और शाहंशाह अकबर,पंचशील प्रकाशन,जयपुर,1997 ई.
10. चंद्रशेखर शर्मा,राष्ट्ररत्न महाराणा प्रताप,आर्यावर्त संस्कृति संस्थान,दिल्ली,2016 ई.
11. श्रीकृष्ण जुगनू, महाराणा प्रताप का युग, आर्यावर्त संस्कृति संस्थान,दिल्ली,2016 ई.
12. नारायण लाल शर्मा,अपराजेय प्रताप,पदमावती साहित्य प्रकाशन,उदयपुर,2017 ई.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मुरैना विकासखण्ड के मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित एवं अलाभान्वित विद्यार्थियों के कुपोषण स्तर का तुलनात्मक अध्ययन

रश्मि पाण्डेय* डॉ. मंजू दुबे**

*शोधार्थी, शा.क.रा.क. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शा.क.रा.क. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत में लगभग 194.4 मिलियन लोग (जनसंख्या का 14.5%) कुपोषित हैं। वैश्विक भुखमरी सूचकांक (Global Hunger Index-GHI) 2019 की रैंकिंग में भारत 117 देशों में से 102वें स्थान पर है।'[1] डाउन टू अर्थ के अनुसार 'मध्यप्रदरेश सरकार द्वारा जून 2022 में की गई वृद्धि निगरानी में 60.46 लाख बच्चों में से महज 2.008 लाख बच्चे (3.32%) ही मध्यम कुपोषित पाये गये और केवल 36580 बच्चे (0.60%) ही अति गंभीर तीव्र कुपोषित हैं।'[2] भारत में कुपोषण का कारण अज्ञानता, अशिक्षा, गरीबी व जनसंख्या की अधिकता है। कुपोषित बच्चों का वजन लम्बाई की तुलना में कम या अधिक होता है। उनकी त्वचा रूखी व खुरदुरी दिखाई पड़ती है। बाल गिरने लगते हैं वो रूखे व चमकहीन दिखाई पड़ते हैं। उनकी छाती उभरी हुई पेट निकला दिखाई देता है। हाथ पैर कमजोर कंधे की हड्डी मोटी दिखती है। बच्चे थके थके व चिड़चिड़े दिखाई देते हैं। दाँत टेड़े-मेड़े, नाखूनों में सफेद दाग दिखाई देते हैं। उनमें रोग रोधक क्षमता में कमी पाई जाती है। हमारे देश में बच्चों के उचित पोषण का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है। शोधार्थी ने अपने इसी कर्तव्य का निर्वहन करने के उद्देश्य से अपना शोधकार्य बच्चों के कुपोषण स्तर को ज्ञात करने हेतु चुना है। शोधार्थी मुरैना में कार्यरत है इसलिये उसने मुरैना विकासखण्ड को अपने शोध का क्षेत्र चुनते हुये अपने शोध का विषय निम्नानुसार चुना है:-

शोध का विषय- 'मुरैना विकासखण्ड के मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित एवं अलाभान्न्ति विद्यार्थियों के कुपोषण स्तर का तुलनात्मक अध्ययन।'

उद्देश्य:

1. मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित विद्यार्थियों के कुपोषण स्तर का अध्ययन करना।
2. मध्यान्ह भोजन योजना से अलाभान्वित विद्यार्थियों के कुपोषण स्तर का अध्ययन करना।
3. मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित एवं अलाभान्वित विद्यार्थियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना- 'मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित एवं अलाभान्वित विद्यार्थियों के कुपोषण स्तर में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता।'

शोध प्रविधि- शोध अध्ययन में मुरैना जिले के मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित 200 तथा अलाभान्वित 200 विद्यार्थियों का चयन दैव निदर्शन विधि से किया गया है। विद्यार्थियों में कुपोषण स्तर ज्ञात करने हेतु मानव मिति परीक्षण का उपयोग किया गया है।[3] परिकल्पना के सत्यापन हेतु मध्यमान मानक विचलन एवं टी-परीक्षण का उपयोग किया गया है। प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन कर विवेचना की गई है।

वर्गीकरण एवं सारणीयन

तालिका क्रमांक – 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक-1 में मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित बालक एवं बालिकाओं का कुपोषण स्तर के अनुसार वर्गीकरण प्रदर्शित है। तालिका के अवलोकन उपरांत ज्ञात होता है कि मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित विद्यार्थियों में 80(40%) बालक एवं 41(20.50%) बालिकायें कुल 121(60.50%) विद्यार्थियों का पोषण स्तर सामान्य पाया गया है।

16(08.00%) बालक एवं 34(17.00%) बालिकायें कुल 50(25.00%) विद्यार्थियों में प्रथम डिग्री का कुपोषण पाया गया है। 03(01.50%) बालक एवं 23(11.50%) बालिकायें कुल 26(13.00%) विद्यार्थियों में द्वितीय डिग्री का कुपोषण पाया गया है। 01(00.50%) बालक एवं 02(01.00%) बालिकायें कुल 03(01.50%) विद्यार्थियों में तृतीय डिग्री का कुपोषण पाया गया है। मध्यान्ह भोजना से लाभान्वित विद्यार्थियों में चतुर्थ डिग्री कुपोषण से ग्रसित विद्यार्थियों की संख्या निरंक पाई गई। मध्यान्ह भोजन योजना से लाभान्वित विद्यार्थियों में 40.0% बालक एवं 20.50% बालिकायें कुल 60.50% विद्यार्थियों का पोषण सामान्य है तथा 10.0% बालक तथा 29.50% बालिकायें कुल 39.50% विद्यार्थी कुपोषण ग्रसित हैं। आंकड़े दर्शाते हैं कि कुपोषण ग्रसित बालिकाओं का प्रतिशत बालकों के प्रतिशत की तुलना में अधिक है।

तालिका क्रमांक – 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक-2 में मध्यान्ह भोजन योजना से अलाभान्वित बालक एवं बालिकाओं का कुपोषण स्तर के अनुसार वर्गीकरण प्रदर्शित है। तालिका के अवलोकन उपरांत ज्ञात होता है कि मध्यान्ह भोजन योजना से अलाभान्वित विद्यार्थियों में 83(41.50%) बालक एवं 66(33.00%) बालिकायें कुल 149(74.50%) विद्यार्थियों का पोषण स्तर सामान्य पाया गया है।

12(06.00%) बालक एवं 21(10.50%) बालिकायें कुल 33(16.50%) विद्यार्थियों में प्रथम डिग्री का कुपोषण पाया गया है। 05(02.50%) बालक एवं 11(05.50%) बालिकायें कुल 16(08.00%)

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले में कुल 1513 हितग्राही एवं मंदसौर जिले में कुल 2147 हितग्राही हुए है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में कुल 634 हितग्राही अधिक रहे है तथा नीमच एवं मंदसौर जिले में कुल 3660 हितग्राहियों में नीमच जिले में 41.34 प्रतिशत तथा मंदसौर जिले में 58.66 प्रतिशत हितग्राही है। इस प्रकार मंदसौर जिले में 17.32 प्रतिशत हितग्राही अधिक है।

नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य कुल हितग्राहियों का अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19

आरेख 01



नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19

तालिका 02 अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सर्वेक्षित तालिका क्रं. 02 के आधार पर नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर, वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक, तुलनात्मक अध्ययन करने पर निम्नलिखित बिंदु ज्ञात हुए है :-

1. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 556 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 764.52 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 208.52 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 841.40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 1026.32 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 184.92 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 641.51 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 1149.44 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 507.93 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 766.64 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 2807 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 2040.36 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 923 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 2368 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के

हितग्राहियों के लिए 1445 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 3728.55 लाख रुपये एवं मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 8115.28 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 4386.73 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

2. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य बैंकों द्वारा वितरित राशि की तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 519 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 764.52 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 245.52 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 841.40 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 1026.32 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 184.92 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 627.72 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 1149.44 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 521.72 लाख रुपये अधिक स्वीकृत किए गए है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 725 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 2150 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 1425 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 744 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है, जबकि मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए बैंकों द्वारा 2066 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है अर्थात नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 1322 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 3457.12 लाख रुपये एवं मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए कुल 7156.28 लाख रुपये की राशि वितरित की गई है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले के हितग्राहियों के लिए 3399.16 लाख रुपये अधिक वितरित किए गए है।

3. नीमच एवं मंदसौर जिले के मध्य लक्ष्य प्राप्ति के प्रतिशत के आधार पर तुलना करने पर :-

i) वर्ष 2014-15 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का 93.34 प्रतिशत वितरण किया गया है तथा मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है। अत: नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत अधिक है।

ii) वर्ष 2015-16 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है तथा मंदसौर जिले में भी स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् मंदसौर जिले में भी लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 प्रतिशत है। अत: उक्त दोनों जिलों में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत समान है।

iii) वर्ष 2016-17 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का 97.85 प्रतिशत वितरण किया गया है, जबकि मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का शत-प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 2.15 प्रतिशत अधिक है।

iv) वर्ष 2017-18 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का 94.56 प्रतिशत वितरण किया गया है, जबकि मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का 76.59 प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 17.97 प्रतिशत अधिक है।

v) वर्ष 2018-19 में योजना के अंतर्गत नीमच जिले में स्वीकृत राशि का 80.60 प्रतिशत वितरण किया गया है जबकि मंदसौर जिले में स्वीकृत राशि का 87.25 प्रतिशत वितरण किया गया है अर्थात् नीमच जिले की तुलना में मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 6.65 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक के पाँच वर्षो में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 92.72 प्रतिशत रहा है जबकि मंदसौर जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 88.18 प्रतिशत रहा है। अत: यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि मंदसौर जिले की तुलना में नीमच जिले में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 4.54 प्रतिशत अधिक रहा है, जबकि नीमच जिले की अपेक्षा मंदसौर जिले में हितग्राहियों की संख्या अधिक है।

नीमच एवं मंदसौर जिले के बैंकों के मध्य लक्ष्य प्राप्ति प्रतिशत का अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19

आरेख 02



शोध के निष्कर्ष - मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के परिणाम एवं निष्कर्ष -प्रस्तुत शोध के अंतर्गत अध्याय चतुर्थ में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक नीमच एवं मंदसौर जिले में विभिन्न वर्गो के आधार पर, लिंग के आधार पर तथा बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर विस्तृत विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है, जिनके परिणाम एवं निष्कर्ष इस प्रकार है :-

विभिन्न वर्गो के आधार पर नीमच जिले के परिणाम -वर्ष 2014-15

से वर्ष 2018-19 तक नीमच जिले में कुल 1513 हितग्राही मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए हैं, जिसमें :-

1) **वर्ष 2014-15** में कुल 238 हितग्राही हुए है, जिसमें 75 सामान्य वर्ग के, 129 पिछड़ा वर्ग के तथा 34 अनुसूचित जाति के लाभार्थी है। अनुसूचित जनजाति का कोई भी हितग्राही नहीं है।

2) इसी प्रकार **वर्ष 2015-16** में कुल 310 हितग्राहियों में से 85 लाभार्थी सामान्य वर्ग के, 186 लाभार्थी पिछड़ा वर्ग के तथा 39 लाभार्थी अनुसूचित जाति के है। वर्ष 2015-16 में अनुसूचित जनजाति के कोई भी लाभार्थी नहीं है।

3) **वर्ष 2016-17** में कुल 310 युवाओं ने नीमच जिले में योजना का लाभ उठाया है, जिसमें कि सामान्य वर्ग के 99, पिछड़ा वर्ग के 175, अनुसूचित जाति के 33 के तथा अनुसूचित जनजाति के 03 हितग्राहियों की भागीदारी रही है।

4) **वर्ष 2017-18** में जिले में कुल 366 हितग्राही हुए, जिसमें से 111 सामान्य वर्ग के, 223 पिछड़ा वर्ग के, 28 अनुसूचित जाति के तथा 04 अनुसूचित जनजाति के हितग्राही है।

5) **वर्ष 2018-19** में जिले में कुल 289 लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ उठाया है, जिसमें 97 सामान्य वर्ग वर्ग के, 167 पिछड़ा वर्ग के, 23 अनुसूचित जाति के तथा 02 अनुसूचित जनजाति के हितग्राही है।

विभिन्न वर्गो के आधार पर नीमच जिले के निष्कर्ष - नीमच जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक सबसे अधिक पिछड़ा वर्ग के 58.16 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है तथा सामान्य वर्ग के 30.86 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति के 10.38 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है परन्तु जिले में अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों की स्थिति विचारणीय व चिंताजनक रही है। योजना के पाँच वर्षो में अनुसूचित जनजाति के केवल 09 हितग्राही रहे है।

बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर नीमच जिले के परिणाम -

1) वर्ष 2014-15 के लिए 556 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 519 लाख रुपये का वितरण बैंकों द्वारा किया गया। अत: लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 94.34 रहा।

2) वर्ष 2015-16 में 841.40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई जबकि बैंकों द्वारा 841.40 लाख रुपये का वितरण किया गया। अत: लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 रहा।

3) वर्ष 2016-17 के लिए 641.51 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 627.72 लाख रुपये का वितरण बैंकों द्वारा किया गया। अत: लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 97.85 रहा।

4) वर्ष 2017-18 के लिए 766.64 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई किंतु 725 लाख रुपये का वितरण बैंकों द्वारा किया गया। अत: लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 94.56 रहा।

5) वर्ष 2018-19 में बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि 923 लाख रुपये थी, जबकि उक्त अवधि में 744 लाख रुपये ही हितग्राहियों को वितरित हो सके इस प्रकार लक्ष्य से 80.60 प्रतिशत ही राशि का वितरण हो पाया।

बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर नीमच जिले के निष्कर्ष - वर्ष 2014-15 से वर्ष 2018-2019 तक नीमच जिले में बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि 3728.55 लाख रुपये स्वीकृत हुई किंतु 3457.12 लाख रुपये का ही वितरण बैंकों द्वारा किया गया। जो लक्ष्य का 92.72 प्रतिशत था।

विभिन्न वर्गो के आधार पर मन्दसौर जिले के परिणाम - वर्ष 2014-15 से वर्ष 2018-19 तक मंदसौर जिले में कुल 2147 हितग्राही मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए हैं, जिसमें :-

1) **वर्ष 2014-15** में कुल 389 हितग्राही हुए है, जिसमें 154 सामान्य वर्ग के, 190 पिछड़ा वर्ग के, 41 अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के 04 हितग्राही है।

2) **वर्ष 2015-16** में कुल 395 लाभार्थियों में से 90 लाभार्थी सामान्य वर्ग के, 289 लाभार्थी पिछड़ा वर्ग के तथा 16 लाभार्थी अनुसूचित जाति के है। वर्ष 2015-16 में अनुसूचित जनजाति के कोई भी लाभार्थी नहीं है।

3) **वर्ष 2016-17** में कुल 488 युवाओं ने नीमच जिले में योजना का लाभ उठाया है, जिसमें कि सामान्य वर्ग के 244, पिछड़ा वर्ग के 216, अनुसूचित जाति के 26 तथा अनुसूचित जनजाति के 02 हितग्राहियों की भागीदारी रही है।

4) **वर्ष 2017-18** में जिले में कुल 507 हितग्राही हुए, जिसमें से 245 सामान्य वर्ग के, 231 पिछड़ा वर्ग के, 27 अनुसूचित जाति के तथा 04 अनुसूचित जनजाति के हितग्राही है।

6) **वर्ष 2018-19** में जिले में कुल 368 लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ उठाया है, जिसमें 166 सामान्य वर्ग के, 172 पिछड़ा वर्ग के, 27 अनुसूचित जाति के तथा 03 अनुसूचित जनजाति के हितग्राही है।

विभिन्न वर्गो के आधार पर मन्दसौर जिले के निष्कर्ष - मन्दसौर जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से 2018-19 तक सबसे अधिक पिछड़ा वर्ग के 51.14 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है तथा सामान्य वर्ग के 41.87 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति के 6.38 प्रतिशत युवाओं ने योजना का लाभ उठाया है परन्तु जिले में अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों की स्थिति विचारणीय व चिंताजनक रही है। योजना के पाँच वर्षो में अनुसूचित जनजाति के केवल 13 हितग्राही रहे है।

बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर मन्दसौर जिले के परिणाम -

1) वर्ष 2014-15 के लिए 764.52 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 764.52 लाख रुपये का ही वितरण बैंकों द्वारा किया गया। अत: उक्त वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 रहा।

2) वर्ष 2015-16 में 1026.32 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व बैंकों द्वारा 1026.32 लाख रुपये का वितरण किया गया। अत: उक्त वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 रहा।

3) वर्ष 2016-17 के लिए 1149.44 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई व 1149.44 लाख रुपये का वितरण बैंकों द्वारा किया गया। अत: उक्त वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 100 रहा।

4) वर्ष 2017-18 के लिए 2807 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई किंतु 2150 लाख रुपये का वितरण बैंकों द्वारा किया गया। अत: उक्त वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत 76.59 रहा।

5) वर्ष 2018-19 में बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि 2368 लाख रुपये थी जबकि उक्त अवधि में 2066 लाख रुपये ही हितग्राहियों को वितरित हो

सके इस प्रकार लक्ष्य से 87.25 प्रतिशत ही राशि का वितरण हो पाया।

बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर मन्दसौर जिले के निष्कर्ष – वर्ष 2014–15 से वर्ष 2018–2019 तक मन्दसौर जिले में बैंकों द्वारा स्वीकृत राशि 8115.28 लाख रुपये स्वीकृत हुई किंतु 7156.28 लाख रुपये का ही वितरण बैंकों द्वारा किया गया। जो लक्ष्य का 88.18 प्रतिशत था।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की समस्याएँ :

1. जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आवेदकों से रुखा व्यवहार किया जाता है, उन्हें प्रोत्साहित करने के बजाय बार–बार बुलाना, चिढ़कर जवाब देना, टालमटोली करना आदि के द्वारा हतोत्साहित किया जाता है।
2. हितग्राहियों को कम्प्यूटर का व नयी तकनीक का अल्प ज्ञान होने के कारण ऑनलाईन आवेदन करने में समस्या आती है जिस हेतु जिला उद्योग केंद्र द्वारा हेल्पडेस्क उपलब्ध नहीं कराई जाती है।
3. जो हितग्राही स्वयं से ऑनलाईन आवेदन करना चाहते है लेकिन आवेदन का प्रारुप जटिल होने के कारण वे आवेदन पूर्ण नहीं कर पाते है।
4. परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करने में जिला उद्योग केंद्र द्वारा काफी समय लगाया जाता है तथा इसके कारण हितग्राहियों को बार–बार जिला उद्योग केंद्र से चक्कर लगाने पड़ते है।
5. परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करने के पश्चात् जिला उद्योग केंद्र का कार्य पूरा हो जाता है। उनके द्वारा आगे की प्रक्रिया जैसे कि बैंकों द्वारा लोन स्वीकृत करवाने, उद्यम स्थापित करवाने व उसे सफलतापूर्वक संचालित करवाने में कोई भी सहायता प्रदान नहीं की जाती है। जिसके कारण हितग्राहियों को बैंकों के भी चक्कर लगाने पड़ते है।
6. जिला उद्योग केंद्र एवं बैंकों द्वारा हितग्राहियों को आवेदन के साथ लगाये जाने वाले आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी एक ही बार में नहीं दी जाती है तथा हर बार उनसे किसी भी अन्य प्रपत्र की मांग कर ली जाती है, जिसके कारण वे हताश व मानसिक रुप से परेशान हो जाते है।
7. योजना में स्वीकृत ऋण के ऊपर मिलने वाली छूट/सब्सिडी का लाभ आवेदकों को समय पर नहीं मिलता है, जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त ब्याज भरना पड़ता है तथा कई बार बैंक के और कुछ विशिष्ट प्रकरणों में बैंक मुख्यालय के भी चक्कर लगाने पड़ते है।
8. कई बार बैंक द्वारा आवेदकों की मजूबरी का फायदा उठाते हुए ऋण देने के एवज में कई अन्य योजनाओं की पालिसी अथवा कई प्रकार के बीमें करवाने का दबाव बनाया जाता है, जिससे हितग्राही के ऊपर आर्थिक भार बढ़ जाता है।
9. कई बार जिला उद्योग केंद्र व बैंकों में आवेदकों के बीच पक्षपात किया की स्थिति भी देखी जाती है। जैसे – धनी वर्ग को, सम्पन्न वर्ग को , राजनैतिक प्रभाव के कारण एक पक्ष के लिए प्रक्रिया अत्यन्त सरल कर दी जाती है लेकिन वहीं दूसरी ओर ग्रामीण पृष्ठभूमि या अन्य कमजोर वर्ग के आवेदकों को हीनभावना से देखा जाकर उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता है।
10. कुछ प्रकरणों में जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के कर्मचारियों द्वारा रिश्वत सीधे तौर पर नहीं लेकर दलाल या बिचौलियों के माध्यम से ली जाती है, जिससे हितग्राही या आवेदक पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
11. महिला आवेदकों के पक्ष से देखा जाएं तो यह प्रक्रिया अत्यन्त जटिल है।
12. शासन द्वारा निर्धारित समय–सीमा के मानदण्डों पर योजना का क्रियान्वयन नहीं होता है। जिला उद्योग केंद्र व बैंकों द्वारा अधिक समय लिया जाता है।
13. जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार में कमी देखी गई है, जिसके कारण आम जनता में सूचना के अभाव के कारण वे योजना का लाभ नहीं उठा पाते है।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के सुझाव :

1. जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आवेदकों के साथ सद्भाव एवं शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए, उन्हें बार–बार बुलाना, चिढ़कर जवाब देना, टालमटोली करना आदि न करके उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए एवं प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुनकर, समझकर उचित कार्यवाही की जाना चाहिए।
2. परियोजना प्रतिवेदन तैयार करवाने हेतु चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट जिला उद्योग केंद्रों द्वारा ही नियुक्त किया जाना चाहिए एवं आवेदकों हेतु उसका न्यूनतम निश्चित शुल्क निर्धारित किया जाना चाहिए, जिससे कि आवेदकों के धन व समय के अपव्यय की रोक हो।
3. जिला उद्योग केंद्र द्वारा हेल्पडेस्क उपलब्ध कराई जानी चाहिए एवं आवेदन जिला उद्योग केंद्रों पर ही भरवाये जाने चाहिए।
4. आवेदन का प्रारुप सरल किया जाना चाहिए ताकि जो आवेदक स्वयं से ऑनलाईन आवेदन करना चाहते है, वो आसानी से आवेदन कर सके।
5. परियोजना प्रतिवेदन को जिला उद्योग केंद्र द्वारा कम से कम समयावधि में स्वीकृत किया जाना चाहिए है तथा आवेदन की स्थिति की जानकारी समय–समय पर आवेदक के मोबाईल पर मैसेज या व्हाट्सएप या कॉल पर दी जानी चाहिए जिससे की बार–बार जिला उद्योग केंद्र से चक्कर लगाने से बच सके।।
6. परियोजना प्रतिवेदन स्वीकृत करने के पश्चात् भी जिला उद्योग केंद्रों को अपनी भागीदारी की सीमा को बढ़ाना चाहिए। प्रतिवेदन स्वीकृत होने के पश्चात् आवेदक को बैंक से समय पर ऋण मिल जाए इसमें भी आवेदक की सहायता करनी चाहिए तथा आवेदक के उद्यम स्थापित कर उसे सफलतापूर्वक संचालित करने तक जिला उद्योग केंद्र को सहायता प्रदान करनी चाहिए।
7. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में यह स्पष्टतया: व्यक्त है कि बैंक द्वारा किसी प्रकार की कोलेटरल सिक्यूरिटी की मांग आवेदक से नहीं की जावेगी परंतु कोई भी बैंक बिना गारण्टी अथवा कोलेटरल सिक्यूरिटी के ऋण स्वीकृत नहीं करता है। अत: इस संबंध में बैंकों के द्वारा शासन द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।
8. जिला उद्योग केंद्र एवं बैंकों द्वारा आवेदकों को आवेदन के साथ लगाये जाने वाले आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी अथवा सूची व्यक्तिगत रुप से दी जाना चाहिए। जिससे कि आवेदक बार–बार बैंकों एवं जिला उद्योग केंद्र के चक्कर लगाने से बच सके।
9. योजना में स्वीकृत ऋण के ऊपर मिलने वाली छूट/सब्सिडी का लाभ आवेदकों को समय पर मिलना चाहिए ।
10. जिला उद्योग केंद्रों व बैंकों द्वारा नये उद्यमियों को ऋण देने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। नये उद्योगों को प्राथमिकता देनी चाहिए।
11. कई बार बैंक ऋण देने के एवज में कई अन्य योजनाओं की पालिसी

अथवा कई प्रकार के बीमे करवाने का दबाव बनाया जाता है जो बंद किया जाना चाहिए।

12. जिला उद्योग केंद्र व बैंकों में आवेदकों के बीच किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं किया जाना चाहिए। सभी के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए तथा शासन की योजनाओं का सम्मानपूर्वक संचालन किया जाना चाहिए।

13. कुछ प्रकरणों में जिला उद्योग केंद्र व बैंकों के कर्मचारियों द्वारा रिश्वत सीधे तौर पर नहीं लेकर दलाल या बिचौलियों के माध्यम से ली जाती है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया जाए, उसे विधि द्वारा यथोचित दण्ड दिया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जी. एस. सुधा, 'व्यावसायिक उद्यमिता', 2007 रमेश बुक डिपों, जयपुर
2. डॉ. यू. सी. गुप्ता, डॉ. एल. डी. गुप्ता, संस्करण 2006, 'उद्यमिता विकास', कैलाश पुस्तक सदन, हमीदिया मार्ग, भोपाल (म.प्र.)
3. सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास द्वारा संचालित MYUY's/ MSY उद्योग संचालनालय, म.प्र.
4. Madhya Pradesh journal of Social Sciences. ISSN 0973-855X (National)
5. Pacific Business Review. ISSN 0974-438X (International)
6. www.nssresearchjournal.com
7. www.dssresearchjournal.com
8. https://msme.gov.in
9. www.inflibnet.ac.in
10. www.mpinfo.org

नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का वर्गो के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19
तालिका 01

नीमच जिला							मन्दसौर जिला						
क्रं.	वर्ष	सामान्य	पिछड़ा वर्ग	अनु. जाति	अनु.जन जाति	कुल हितग्राही	क्रं.	वर्ष	सामान्य	पिछड़ा वर्ग	अनु. जाति	अनु.जन जाति	कुल हितग्राही
1	2014-15	75	129	34	-	**238**	1	2014-15	154	190	41	4	**389**
2	2015-16	85	186	39	-	**310**	2	2015-16	90	289	16	-	**395**
3	2016-17	99	175	33	3	**310**	3	2016-17	244	216	26	2	**488**
4	2017-18	111	223	28	4	**366**	4	2017-18	245	231	27	4	**507**
5	2018-19	97	167	23	2	**289**	5	2018-19	166	172	27	3	**368**
	कुल	**467**	**880**	**157**	**9**	**1513**		**कुल**	**899**	**1098**	**137**	**13**	**2147**

स्त्रोत :- जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नीमच एवं मंदसौर

नीमच एवं मंदसौर जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का बैंकों द्वारा स्वीकृत एवं वितरित राशि के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 2014-15 से 2018-19 तालिका 02

नीमच जिला				मन्दसौर जिला			
वर्ष	बैंक द्वारा स्वीकृत राशि(लाखों में)	बैंक द्वारा वितरित राशि(लाखों में)	लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत	वर्ष	बैंक द्वारा स्वीकृत राशि(लाखों में)	बैंक द्वारा वितरित राशि(लाखों में)	लक्ष्य प्राप्ति का प्रतिशत
2014-15	556	519	93.34	2014-15	764.52	764.52	100
2015-16	841.40	841.40	100	2015-16	1026.32	1026.32	100
2016-17	641.51	627.72	97.85	2016-17	1149.44	1149.44	100
2017-18	766.64	725	94.56	2017-18	2807	2150	76.59
2018-19	923	744	80.60	2018-19	2368	2066	87.25
कुल	**3728.55**	**3457.12**	**92.72**	**कुल**	**8115.28**	**7156.28**	**88.18**

स्त्रोत :- जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नीमच एवं मंदसौर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Sexual Harassment of Women in India: The Characteristics of a Pervasive Workplace

Madhavi Patkar* **Dr. Neelesh Sharma****

***PhD Scholar (Law) Rabindranath Tagore University, Raisen (M.P.) INDIA**
****Dean, Institute o f Law (Law) Rabindranath Tagore University, Raisen (M.P.) INDIA**

Abstract - Violence against women in India has assumed terrifying proportions, both within the family and outside. In the family the women are often subjected to all forms of domestic violence, harassment for dowry, and sometimes rape. Outside the family she is subjected to rape, molestation, and sexual harassment at work, among other forms of violence.[1]

Introduction - The Indian constitution has always ensured for protection of women. Article 14, 15 16, 42, 51-A (e) provides a framework for the protection of women from unnecessary encroachments including sexual harassment at workplace. Article 14 deals with right to equality, Article 15 deals with prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex, or place of birth, Article 16 deals with equality of opportunity in matters of employment, Article 42 provides for just and humane conditions of work and maternity relief and 51-A (e) obliges every citizen to renounce practices derogatory to women.

In NILABATIBEHRA V. STATE OF ORISSA,[2] the Supreme Court said that there is no reason why international instruments cannot be used for construing the fundamental rights expressly guaranteed in the Constitution of India which embody the basic concept of gender equality in all spheres of human activity.

In VISHAKA V. STATE OF RAJASTHAN,[3] the Supreme Court said that in absence of enacted law to provide to provide for the effective enforcement of the basic human rights of gender equality and guarantee against sexual harassment and abuse, we lay down the guidelines and norms for due observation at all workplaces and other institutions until a legislation is passed for the purpose.

The case was concerned with the incident of brutal gang rape of a social worker in village of Rajasthan. Therefore, a writ petition was presented for the enforcements or rights under Articles 14, 15, and 21. The important prayer from the side of petitioner was prevention of sexual harassment of working women in all workplaces through judicial process and filling the gap in the existing legislation.

The **Guidelines**[4] prescribed are as under

1. Duty of the Employer or other responsible persons in work places and other institutions:

It shall be the duty of the employer or other responsible persons in work places or other institutions to prevent or deter the commission of acts of sexual harassment and to provide the procedures for the resolution, settlement or prosecution of acts of sexual harassment by taking all steps required.

2. Definition: For this purpose, sexual harassment includes such unwelcome sexually determined behaviour (whether directly or by implication) as:

(a.) Physical contact and advances;
(b.) A demand or request for sexual favours;
(c.) Sexually coloured remarks;
(d.) Showing pornography;
(e.) Any other unwelcome physical verbal or non-verbal conduct of sexual nature.

3. Preventive Steps: All employers or persons in charge of work place whether in the public or private sector should take appropriate steps to prevent sexual harassment.

4. Criminal Proceedings: Where such conduct amounts to a specific offence under the Indian Penal Code or under any other law the employer shall initiate appropriate action in accordance with law by making a complaint with the appropriate authority.

In particular, it should ensure that victims or witnesses are not victimized or discriminated against while dealing with complaints of sexual harassment. The victims of sexual harassment should have the option to seek transfer of the perpetrator or their own transfer.

5. Disciplinary Action: Where such conduct amounts to mis-conduct in employment as defined by the relevant service rules, appropriate disciplinary action should be initiated by the employer in accordance with those rules.

6. Complaint Mechanism: Whether or not such conduct constitutes an offence under law or a breach of the service rules, an appropriate complaint mechanism should be created in the employer's organization for redress of the

complaint made by the victim. Such complaint mechanism should ensure time bound treatment of complaints.

7. Complaints Committee: The complaint mechanism, referred to in (6) above, should be adequate to provide, where necessary, a Complaints Committee, a special counsellor or other support service, including the maintenance of confidentiality.

The Complaints Committee should be headed by a woman and not less than half of its member should be women.

Further, to prevent the possibility of any under pressure or influence from senior levels, such Complaints Committee should involve a third party, either NGO or other body who is familiar with the issue of sexual harassment.

The Complaints Committee must make an annual report to the government department concerned of the complaints and action taken by them. The employers and person in charge will also report on the compliance with the aforesaid guidelines including on the reports of the Complaints Committee to the Government department.

8. Workers' Initiative: Employees should be allowed to raise issues of sexual harassment at workers meeting and in other appropriate forum and it should be affirmatively discussed in Employer-Employee Meetings.

9. Awareness: Awareness of the rights of female employees in this regard should be created in particular by prominently notifying the guidelines (and appropriate legislation when enacted on the subject) in suitable manner.

10. Third party harassment: Where sexual harassment occurs as a result of an act or omission by any third party or outsider, the employer and person in charge will take all steps necessary and reasonable to assist the affected person in terms of support and preventive action.

11. Private Sector: The Central/State Governments are requested to consider adopting suitable measures including legislation to ensure that the guidelines laid down by this order are also observed by the employers in Private Sector.

12. Rights under protection of Human Rights Act, 1993: These guidelines will not prejudice any rights available under the Protection of Human Rights Act, 1993. Although these guidelines have been welcomed by women's organisations and women's group, they have also been criticized.[5] One of the criticisms is that they do not apply to self-employed and unorganised sectors. Another criticism being unbinding nature.

Sexual Harassment Of Women At Workplace (Prevention, Prohibition And Redressal) Act, 2013: This Act has passed a long journey before its enforcement on 22 April, 2013. It deals with different aspects which may come forward while dealing with sexual harassment at workplace. The major features of the Act are as follows:

1. Purpose of Act is to provide protection against sexual harassment of woman at workplace and redressal of complaints of sexual harassment.
2. Act is applicable to the entire territory of India.
3. Aggrieved women means woman of any age whether employed or not employed who is subjected to any act of sexual harassment- The definition of aggrieved women is defined in wider sense. Therefore victim of sexual harassment may be either employed woman or non employed woman who is present at the workplace.
4. This protection is available even in for the woman worker who is working in domestic house or dwelling house.
5. Work place has been defined in very widest sense; it includes work place in government, private, NGO, co-operative society, trust, sports, stadium, education, entrainment, hospitals, industry, complex, service provider and dwelling house. It includes the place of production, supply, sale, distribution or service.
6. Sexual harassment means any acts of the following unwelcome acts of physical contract and advances, a demand or request for sexual favours, making sexually colored remarks, showing pornography, and any other unwelcome physical or verbal act.
7. Every employer of workplace shall constitute Internal Complaints Committee (ICC) at every unit of workplace.
8. Chairperson of ICC will be senior most woman worker of the workplace, not less than two persons who are committed to the cause of woman or social work, one member from the non-governmental organization. Woman should constitute 50/ percentage of overall committee members.
9. Any District Magistrate, Collector or Deputy Collector may be appointed as District officer for District under this Act.
10. District officer shall Constitute Local Complaints Committee. Chairperson of LCC is eminent women in the field of social work related cause of women. One member from taluk level, two members from non-governmental organization, at least one member should have the knowledge of law, and at least one member should be from the schedule cast or tribe or backward community or minority. Social welfare officer is ex officio member of Committee.
11. LCC will entrain complaints of sexual harassment where employer has not constituted ICC or complaint of sexual harassment is against the employer himself.
12. Any aggrieved woman has to make complaint in writing before ICC, if not constituted before LCC, within three months from the date of incidence. Delay can be condoned by the Committee. The Committee shall complete the enquiry within period of 90 days from the date of filling complaint.
13. Committee can conduct the conciliation at the instance of aggrieved woman. If compromise is reached, committee shall not conduct the enquiry of complaint. However the employer is failed to honour compromise, the committee may conduct the enquiry. During the enquiry, if it is found that employee has committed the act of sexual harassment, the committee shall make complaint to the police within

seven days from its finding and recommend to the employer to take action against employee.

14. Committee has the power of civil court to conduct enquiry. Committee during enquiry may recommend the transfer of aggrieved woman or employee; even woman may be given three months leaving also. These three months leave in addition with other leave. Employer shall implement these recommendations.

15. All the names of the parties are kept in confidence and cannot be disclosed even under the Right to information Act.

16. Any amount payable to the woman is deductible from the salary of employee, if employee has already resigned, then it is recoverable from him. The amount is recoverable as land revenue. District Collector shall initiate the recovery of land revenue within 60 days from the date of receipt of order from committee.

17. The committee is empowered to recommend punitive measures to employer against woman who has made false and malicious complaint. Even it can punish the person who has given false evidence or produced forged document during the enquiry.

18. Employer, who fails to constitute Committee or fails to implement the recommendations of committee, may be punished to the extent of Rs 50000 fine. Further if he commits non-compliance second time he may be fined to the extent double amount of the first fine but it cannot exceed the maximum amount of 50000. Further government can takeaction of cancelling the license, non-renewal, withdrawal of his registration.

The act provides a single protective framework for the prevention of sexual harassment at workplace. However, how far it has brought changes into the society must be analyzed keeping in view the continuance of cases of sexual harassment of women at workplace. According to Maneka Gandhi, there were 526 cases of sexual harassment at workplace in 2014 were noted. Maneka Gandhi said that 57 cases were reported at the official premises and 469 cases were registered at other places related to work during 2014.[6]

Conclusion: It is more prevalent than ever in India now for sexual harassment to occur at work. Our research showed that sexual harassment is a recently developed societal scourge that is rapidly spreading and causing the authorities a great deal of anxiety. The current analysis identifies the factors that led to an unexpected rise in sexual harassment complaints in India. By giving women an extra advantage for promotions and other benefits, workplace gender dominance should be reduced, which will undoubtedly reduce the number of cases reported each year.Higher educational profiles of women who are being misled and offered sexual overtures by the executives of an organisation in exchange for a job need to be dealt very sternly as a major additional cause of sexual harassment.

References:-

1. K D Gaur, “Criminal Law Cases And Materials”, 3rd edition, 1999, Butterworths India,New Delhi
2. K D Gaur, “A Textbook On The Indian Penal Code”, 3rd edition, 2004, Universal Law Publishing Co. Pvt. Ltd.
3. Ratanlal and Dhirajlal, “The Indian Penal Code”, 30th Edition, 2004, Wadhwa And Company,Nagpur
4. Pandey, P.K., Sexual Harassment: A Crime Against Women (April 12, 2012).
5. Singh, Priti, Sexual Harassment at Work Place (July 27, 2012).
6. Bhattacharyya, Arundhati. Sexual Harassment in the Indian Bureaucracy: Violation of Human Rights. Cambridge Scholars Publishing, 2017.
7. Bothra, Nidhi. “The Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013.” SSRN Electronic Journal, 2014, doi:10.2139/ssrn.2498990.
8. Dr.Lakshmi T and Rajeshkumar S “In Vitro Evaluation of Anticariogenic Activity of Acacia Catechu against Selected Microbes”, International Research Journal of Multidisciplinary Science & Technology, Volume No. 3, Issue No. 3, P.No 20-25, March 2018.
9. TrishalaA, Lakshmi T and Rajeshkumar S,” Physico-chemical profile of Acacia catechu bark extract –An In vitro study”, International Research Journal of Multidisciplinary Science & Technology, Volume No. 3, Issue No. 4, P.No 26-30, April 2018.

Footnotes:-

1. Anju Bindra, Women and Human Rights, Mangalam publishers and distributors, 2007, pg 188
2. (1993) 2 SCC 746
3. (1997) 6 SCC 241
4. Vishaka v. State of Rajasthan, (1997) 6 SCC 241
5. Savitri Goonesekere, Violence, Law and Women’s Rights in South Asia, Sage Publications India Pvt.Ltd, 2004, pg 95
6. http://timesofindia.indiatimes.com/india/Maneka-says-526-cases-of-sexual-harassment-of-women-at-work-reported-in-2014/articleshow/48398299.cms

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

महामारी के रूप में उभरती मानव तस्करी

डॉ. श्यामसिंह राजपुरोहित*

* असिस्टेंट प्रोफेसर,पेसिफिक स्कूल ऑफ़ लॉ, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – मानव तस्करी आज एक विश्वव्यापी महामारी के रूप में उभर कर सामने आ रही हैं यह विकट समस्या आज किसी एक देश या किसी एक प्रान्त में नही सिमटी हैं अपितु विश्व के प्रत्येक देश को जकड रही हैं। माना इसकी पृष्ठभूमि एव इसका इतिहास कोई नया नही हैं, लेकिन 21 वीं सदी के बदलते दौर में जहाँ दुनिया ने चहुँ और प्रगति की हैं ऐसी ऐसी उपलब्धियां प्राप्त की हैं जिससे लगता हैं कि वाकई इंसान ने अपने सूझबूझ और मेहनत से दुनिया की कायापलट कर दी हैं। इंसान ने आज तक हर चुनौती का हिम्मत एव बहादुरी से डटकर सामना किया हैं कोरोना महामारी को ही देख लो 2019 के अंतिम माह में जिस अनजान एव अदृश्य वाइरस ने समूची दुनिया को एक तरीके से हिलाकर रख दिया उस दौर में पूरी दुनिया इस महामारी से लड़ी एव आज दुनिया के कई देशो ने इस महामारी की वैक्सीन भी बनाई और साथ ही साथ इस पर काबू भी पा रही हैं और जैसे–जैसे समय बीतेगा वैसे वैसे हालात पुन: सामान्य होते जायेंगे।

आज समूची दुनिया कोरोना महामारी के अलावा एक और गम्भीर समस्या मानव तस्करी अर्थात मानव दुर्व्यापार से जूझ रही हैं इस समस्या के पीछे कोई अद्रश्य वाइरस नही होकर इंसान स्वयं इसका कारण हैं। मानव तस्करी आज मादक पदार्थो एव अवैध हथियारों की तस्करी के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अपराध के रूप में उभर कर सामने आया हैं। अवैध मानव व्यापार आजकल एक वेश्विक उद्योग का रूप ले चुका है और जितनी बर्बादी मादक पदार्थ एव अवैध हथियार नही करते उससे कई गुना ज्यादा मानव दुर्व्यापार करता हैं।

मानव तस्करी आज के परिप्रेक्ष्य में समूचे विश्व में एक गंभीर एव घातक महामारी के रूप में पाँव पसार रही हैं जिसके सामने कोरोना महामारी तो कुछ भी नहीं हैं और इस मानव तस्करी जैसी महामारी की चपेट में विश्व के अधिकतर देश आये हुए हैं, इन सब में गरीब तथा विकास शील देशों की हालत तो और भी बद से बदतर होती जा रही हैं। मानवों को भरे बाजारों में नीलाम किया जा रहा और बोलियाँ लगायी जा रही हैं, वस्तुओं की भांति उन्हें बेचा और खरीदा जा रहा हैं, एक जिले से दुसरे जिलो में तथा एक राज्य से दुसरे राज्यों में और एक देश से दुसरे देशो में इस तरह से महिलाओं बच्चों और पुरुषों को जहाजो एव सीमावर्ती इलाकों से ऐसे ले जाया जाता हैं मानो निर्जीव वस्तुओं को ले जा रहे हो। महिलाओं और बच्चों की यह यौन दासता अब न केवल राष्ट्रीय मुद्दा हैं अपितु यह आज के परिदृश्य में एक प्रकार से वैश्विक चुनौती के रूप में उभर रहा हैं। महिलाओं और बच्चों की तस्करी एक तरह से कई मायनों में मानव अधिकारों के उल्लंघन का सबसे खराब स्वरुप हैं। मानव अधिकारों की तिलांजली देते हए मानवता का गला घोटने वाली और झकझोरने वाली ऐसी घटनाएँ आये दिन सुनने में आ रही हैं मानव दुर्व्यापार समाज में अपराध का सबसे घृणित रूप है। यह एक ऐसी आपराधिक प्रथा है जिसमें मानव का हर तरह शोषण करके लाभ कमाया जाता है इस शोषण में इन शोषितों से देह व्यापार करवाना, बेगारी करवाना, जबरन मजदूरी करवाना, सेवक एव दास बनाकर रखना शादियों के लिए मोटी कीमत पर बेचा जाना, इनके शरीर के अंगों का निकालकर व्यापार करना, इत्यादि शामिल हैं। इस कुप्रथा में फंसे पीड़ितों पर पूरी तरह से नियन्त्रण रखा जाता है जिससे वे रोटी, कपड़ा, पैसा तथा अन्य सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तस्करों पर पूर्णतया निर्भर हो जाते हैं। आधुनिक दासता का सबसे भयावह रूप मानव दुर्व्यापार है। इस व्यापार के मूल कारण गरीबी, अशिक्षा तथा समाज में व्याप्त कई कुरीतियाँ हैं। इस व्यापार में महिलाओं का ही नहीं बल्कि बच्चों के मूलभूत अधिकारों का भी हनन होता है। इस व्यापार में शामिल अधिकांश महिलाएं पिछड़े और विकासशील देशों की होती हैं। वैश्विक स्तर पर इस महामारी को नियंत्रित करने के समग्र प्रयास काफी जरूरी प्रतीत हो रहे हैं इस प्रकार ने केवल मानव की गरिमा ही खंडित होती है, अपितु परिवार के परिवार तबाह हो रहे हैं।

अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपराध जगत में सबसे लाभकारी व्यवसाय के रूप में इस धंधो को मानव दुर्व्यापार या मानव तस्करी कहा जाता हैं। इस व्यापार में मानव देह व्यापार ही सबसे ऊपर हैं दुनिया भर में 80 % मानव तस्करी यौन शोषण के लिए की जाती हैं और बाकी बंधुआ मजदूरी के लिए होती हैं और तो और बलात श्रम,बंधुआ मजदूरी, मानव अंगो की तस्करी का व्यापार, बच्चो का अवैध दत्तक ग्रहण, बाल विवाह, भिखमंगी, अमानवीय खेलों,बुल फाइटिंग, ऊँट दौड़, बलात श्रम, देवदासी जैसे अनेकानेक कार्य हैं जिनके लिए महिलाओं,बच्चों, पुरूषों का अपहरण कर पडौसी देशों तथा अन्य देशों में भेजा जाता हैं।

वर्तमान परिदृश्य में विश्व के कई देश जिनमे विकसित देश भी सम्मिलित हैं आज इस गम्भीर समस्या से जूझ रहे हैं, अगर भारत के संदर्भ में बात करें तो भारत भी इससे अछूता नही रहा भारत भी इस विकराल समस्या से ग्रसित हैं। आजादी से पहले की अगर बात करें तो मुग़ल काल में भारत में गुलाम एव दास प्रथा एक तरह से चरमोत्कर्ष पर थी दासों एव गुलामो का क्रय विक्रय करना उनको उपहार में देना ये व्यवस्थाएं प्रचलन में रही उस दौर में उसके बाद से अंग्रेजी हुकुमत में भी कही न कही ये दृष्टिगोचर होती रहती थी।

भारत में आज के हालातों पर अगर दृष्टी डालें तो भारत इस अपराध का एशिया में बहुत बड़ा केंद्र हैं भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड तथा नेपाल जैसे

पडौसी देशों से लड़कियों महिलाओं और बच्चों की तस्करी करने का पारगमन केंद्र के रूप में परिवर्तित हो गया हैं। इसके साथ ही साथ भारत दक्षिणी पूर्वी एशियाई मानव तस्करी अपराध जगत का एक स्त्रोत एव पारगमन केंद्र के साथ साथ एक उपभोक्ता देश भी हैं। भारत में मानव तस्करी बहुत ही बड़ी व्यापक एवं विकराल समस्या के रूप में अपने पाँव पसार रही हैं। भारत में सरकारी आंकड़ो के अनुसार प्रत्येक मिनट में एक बच्चा खो जाता हैं वर्ष 2011 में लगभग 35000 बच्चो के खोने की रिपोर्ट आई थी जिनमे 11000 से अधिक पश्चिम बंगाल से थे इसके अलावा यह माना जाता हैं की कुल मामलो में से केवल 30% मामलो में ही रिपोर्ट की जाती हैं इसलिए वास्तविक आंकड़े इससे कई अधिक हैं।

मानव तस्करी अब विश्व व्यापी समस्या का रूप ले चुका हैं इसमें कोई दो राय नहीं हैं विश्व के इस उभरते हुए सबसे बड़े अवैध व्यापार को रोकने के लिए कहने को तो बहुत बड़े बड़े कानूनों का निर्माण किया गया हैं किन्तु असलियत कुछ और ही स्थिति बयाँ करती हैं वाकई में मानव दुर्व्यापार दुनिया भर में उभरती हुयी एक ऐसी त्रासदी हैं जिसके उन्मूलन हेतु समाज व सरकार को मिलकर कार्य करना होगा। और साथ ही साथ सभी देशों को आज मिलकर इस दिशा में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देना होगा तभी इस महामारी से विजय पायी जा सकेगी। इस त्रासदी का अगर समय रहते मुकाबला करके इस चुनौती से अगर नही निपटा गया तो आने कई गंभीर एव विनाशक परिणाम भुगतने होंगे।

क्या हैं मानव तस्करी ?

सही मायनों में मानव दुर्व्यापार एक बहुत ही विस्तृत शब्दावली हैं सामान्य रूप से किसी भी व्यक्ति की उसकी बगैर इच्छा के उसकी सामाजिक आर्थिक कमजोरियों एव मजबूरियों का गलत फायदा उठाकर किसी भी तरह के अवैध कार्यों में भागीदार बनाने के लिए किसी व्यक्ति, महिला या बच्चे को प्रलोभित करके अथवा अपने बाहुबल से भयभीत एव आतंकित करके एक जगह से अन्यत्र कही दूसरी जगह ले जाना मानव शरीर के अंगों की तस्करी के प्रयोजन के लिए एव उन्हें वैश्यावृति, बालश्रम, बंधुआ मजदूर, जबरन श्रम जैसे गंदे कामों में धकेलना ही मानव दुर्व्यापार की परिभाषा की कोटि में आता हैं यद्यपि दास प्रथा का इसमें स्पष्ट उल्लेख नही हैं किन्तु मानव दुर्व्यापार शब्दावली में नि:संदेह शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार **'किसी व्यक्ति को शोषण के उद्देश्य से बल प्रयोग द्वारा, डराकर बहला फुसला कर या धोखा देकर या हिंसक कृत्यों द्वारा भर्ती करना, आवश्यकतानुरूप परिवहन अंतरण एवं खरीद फरोख्त करना या तस्करी करना या डर या भय, बल के द्वारा व्यक्तियों को अपने कब्जे में करना,बंधक बना कर रखना मानव तस्करी की परिभाषा में आता हैं।'**

पारदेशीय संगठित अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNTOC) के अंतर्गत मानव तस्करी को इस प्रकार से परिभाषित किया गया हैं कि, धमकी,बल प्रयोग अथवा जोर-जबरदस्ती के अन्य तरीकों के प्रयोग, अपहरण छल कपट, शक्ति अथवा किसी भी सुभेद्यय स्थिति के दुरूपयोग के माध्यम से अथवा धन या लाभ के लेन देन से शोषण के उद्देश्य से व्यक्ति पर नियंत्रण रखने वाले किसी अन्य व्यक्ति की सहमती प्राप्त कर व्यक्तियों की भर्ती, परिवहन,हस्तांतरण, उन्हें अपने अधीन रखना अथवा हासिल करना मानव तस्करी हैं।

मानव दुर्व्यापार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – दुनिया में गुलाम एवं दास प्रथा के प्रचलन की बात करें तो उसका इतिहास काफी लम्बा हैं अवैध मानव व्यापार की अवधारणा के पीछे एक लम्बी एतिहासिक पृष्ठभूमि हैं । अवैध व्यापार का **पहला ज्ञात चरण** मध्यकालीन युग माना जाता है। अवैध मानव व्यापार की समस्या ग्रीक शहर राज्यो के समय से ही विद्यमान है। पूर्वी प्रशिया,चैकोस्लोवाकिया ,पोलैण्ड, लिथुआनिया, एस्टोनिया तथा लतविया से हजारो महिलाओं और बच्चों को इटली और दक्षिणी फ्रांस के दास बाजारों में बेचा जाता था।

दूसरा चरण मध्यकालीन युग के अंतिम भाग तथा नवजागरण काल के आरंभ के दौरान में आया जब मुख्यत: रूस और यूक्रेन से महिलाओ और बच्चों का अवैध व्यापार किया जाता था और उन्हें इटली और मध्य-पूर्व में दासो की तरह बेच दिया जाता था। 19वीं शताब्दी में दासता पर प्रतिबंध लगने से पहले खदानों और बागानों में काम करने के लिए दासो को पानी के जहाजो द्वारा अफ्रीका से अमेरिका भेजा जाता था। ट्रांस -एटलांटिक दास व्यापार को समाप्त करने में ब्रिटेन मुख्य संचालक शक्ति था। ब्रिटिश संसद ने वर्ष 1807 में दासता पर प्रतिबंध लगा दिया था। वर्ष 1833 में एक मिलियन में से तीन-चौथाई दासो को मुक्त कराते हुए ब्रिटेन के उपनिवेशों में भी दास प्रथा समाप्त कर दी गई।

'गोरे दास व्यापार' शब्द की उत्पति इग्लैंड में महिला फैक्ट्री कार्मिकों का वर्णन करने के दौरान हुई और बाद में इसका प्रयोग यूरोप में वेश्यावृति के लिए गोरी महिलाओ की दासता के लिए किया गया। यूरोप में अरब और ऑटोमन प्राधिकारियों को 'गोरे दासो के व्यापारी' के रूप में देखा जाता था जो 'गोरी महिलाओ' को वेश्यावृति में धकेल देते थे। इन सबका परिणाम यह हुआ कि अवैध व्यापार निरंतर पनपता चला गया। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध तथा 20वीं शताब्दी के पूर्वाध में कई सरकारो ने 'गोरी दासता' के खिलाफ हस्ताक्षर किए। इसी क्रम में वर्ष 1904 में 'गोरे दासो के व्यापार' के दमन के लिए एक अंतराष्ट्रीय समझौते का सूत्रपात हुआ जिस पर पेरिस में हस्ताक्षर किए गए और बाद में लगभग सौ से भी अधिक देशों की सरकारों ने इसका अनुसमर्थन किया।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद लीग ऑफ़ नेशन्स ने अवैध व्यापार की समस्या को गंभीरता से लिया और लीग ऑफ़ नेशन्स के अनुबंध के पाठ में अवैध व्यापार सबंधी एक प्रावधान शामिल करने का निर्णय लिया लीग ऑफ़ नेशन्स के तत्वाधान में अवैध व्यापार पर दो और अंतराष्ट्रीय समझोते अंगीकार किए गए। इनमें पहला था महिलाओ एवं बच्चों के अवैध व्यापार दमन संबंधी अंतराष्ट्रीय अभिसमय,1921 इस अभिसमय ने वर्ष 1920 के अभिसमय द्वारा निर्दिष्ट अवैध व्यापार के वर्णन की पुष्टि की । परिणामत: वेश्यावृत्ति और यौन शोषण को अवैध व्यापार के महत्वपूर्ण योजको के रूप में माना गया हालाँकि इस अभिसमय के शीर्षक से 'गोरे दास' शब्दों को हटा दिया गया था। यह एक प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा इस तथ्य कि किसी भी वर्ग ,पथ या नृजाति की महिलाएँ, बच्चे अवैध व्यापार के शिकार हो सकते है, की महत्वपूर्ण स्वीकृति थी। इसके अलावा, 1921 का अभिसमय पिछले दस्तावेजों की तरह सिर्फ लड़कियों पर ही नही बल्कि लड़कियो और लड़को, दोनों के लिए लागू था। दूसरा दस्तावेज था पूर्ण आयु की महिलाओं के अवैध व्यापार के दमन संबंधी अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय 1933, इस अभिसमय में भी अवैध व्यापार को उसी भाषा में वर्णित किया गया जैसा कि 1910 और 1921 के अभिसमयो में किया गया था क्योंकि केंद्र-बिंदु एक बार फिर वेश्यावृत्ति और यौन शोषण पर था। इसके

अतिरिक्त, 1933 के अभिसमय में अवैध व्यापार को अंतर्राष्ट्रीय भूमिका के कायम रखा गया क्योकि इसमें अन्य राष्ट्रों में किए गए कृत्यों को शामिल किया गया था। तथापि, लीग ऑफ़ नेशन्स द्वारा अंगीकृत की गई दो सन्धियां निष्प्रभावी रही क्योकि इनमें वेश्यावृति का घरेलू प्रवृति के मुद्दे के रूप में देखा जाता रहा और इसलिए यह सन्धियां राष्ट्रों को इस प्रथा को समाप्त करने पर मजबूर नहीं कर सकी।

इसके बाद, संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1949 में मानव अवैध व्यापार तथा वेश्यावृत्ति द्वारा शोषण का दमन संबंधी अभिसमय को अंगीकार किया। इस अभिसमय का 49 देशों ने अनुसमर्थन किया था। यह दस्तावेज पिछली सभी संधियों का एक समेकित संस्करण था। इसके अतिरिक्त ,1949 अभिसमय में राष्ट्र के अंदर तथा राष्ट्रीय सीमाओं से बाहर होने वाले मानवों के अवैध दुर्व्यापार को सम्मिलित किया गया है।

मानव व्यापार और भारतीय कानून – हालाँकि भारत का गुलामी एव दासता से वास्ता बहुत पुराना रहा हैं इतिहास इसका गवाह हैं जैसा की पहले भी उल्लेखित किया जा चुका हैं कि मुग़ल काल में भारत में गुलाम एव दास प्रथा एक तरह से चरमोत्कर्ष पर थी दासों एव गुलामो का क्रय विक्रय करना उनको उपहार में देना ये व्यवस्थाएं प्रचलन में रही तो इसी कारण आजादी के बाद मानव तस्करी जैसे घृणित अपराध को नियंत्रित करने एव रोकने के लिए तथा इस पर शिकंजा कसने के लिए भारत में लीगल फ्रेमवर्क जिनमे मुख्यत: भारत के लिए बनने वाले संविधान में ही इससे सम्बंधित उपबन्ध कर दिए गये भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 में मानव व्यापार और बलात श्रम को दंडनीय घोषित किया गया हैं अनुच्छेद 24 में 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों को उद्योगों कारखानों तथा अन्य जोखिम भरे खतरनाक उद्यमों में नियोजित करने को संविधान विरुद्ध घोषित किया गया हैं अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समानता तथा अनुच्छेद 15 में धार्म जाति वंश लिंग भाषा आदि के आधार पर कोई विभेद नहीं किये जाने का प्रावधान हैं इसी प्रकार अनुच्छेद 21 प्राण एव दैहिक स्वतन्त्रता की व्याख्या करता हैं तो अनुच्छेद 22 किसी व्यक्ति को मनमाने ढंग से गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान करता हैं।

अनुच्छेद 35 के अंतर्गत संसद को इस अनुच्छेद द्वारा वर्जित कार्यो को करने के लिए कानून बनाकर दंड देने की शक्ति हैं इसी क्रम में एव अपनी इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए संसद ने कुछ अधिनियम पारित किये जो प्रत्यक्ष एव परोक्ष रूप से मानव तस्करी से सम्बंधित हैं इन अधिनियमों में मुख्यत:

1. स्त्री तथा लड़की अनैतिक व्यापार दमन (संशोधन) अधिनियम, 1986
2. अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956
3. बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976
4. बाल श्रम (निषेध एव विनियम) अधिनियम 1986
5. किशोर न्याय अधिनियम 2000
6. बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006
7. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012
8. आपराधिक क़ानून (संशोधन) अधिनियम 2013

इन अधिनियमों के अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की कुछ धाराएं भी मानव तस्करी के निवारण से सम्बंधित हैं जिनमे मुख्यत: धारा–366–A, धारा–366–B, धारा 370, धारा–370–A, धारा–371, धारा–372, धारा–373, धारा–374 हैं इन धाराओं में में भी मानव तस्करी अपराध हैं इसी क्रम में राज्य सरकारों द्वारा भी अनेक विधायी प्रयास के जरिये कानूनों का निर्माण किया गया हैं जो कही न कही मानव दुर्व्यापार को रोकने की दिशा में प्रयत्नशील हैं राज्य सरकारों द्वारा भी इस दिशा में पहल करते हुए कानूनों का निर्माण किया गया हैं जिनमे से मुख्यत:

1. गोवा बाल कानून अधिनियम, 2003
2. आंध्रा प्रदेश देवदासी (समर्पण का निषेध) अधिनियम, 1988
3. कर्नाटक देवदासी (समर्पण का निषेध) अधिनियम, 1982
4. मुंबई देवदासी संरक्षण अधिनियम, 1934
5. महाराष्ट्र देवदासी (उन्मूलन तथा पुनर्वास) अधिनियम, 2001

कानून हैं आज के बदलते हालत एव वर्तमान परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए ये कानूनी उपबंध नाकाम साबित हो रहे केंद्र सरकार एव राज्य सरकारों के इन तमाम विधायी प्रयासों के बावजूद भी देश में मानव तस्करी नामक गंभीर एवं संघठित अपराध का प्रभावी रूप से नियंत्रण नही हो पाया इन मौजूदा कानूनों के अलावा मानव तस्करी को रोकने के नाम पर फिलहाल भारत में अलग मानव तस्करी निवारण से सम्बंधित कोई सख्त कानून नहीं हैं जो मौजूदा कानून बने हुए हैं वो कोई ख़ास कारगर साबित नहीं हो रहे हैं जो इस महामारी का प्रभावी तौर से सामना कर सके।

मानव तस्करी के विरुद्ध उठाये गये कदम एव किये गये सरकारी प्रयास

1. भारत सरकार द्वारा आपराधिक कानून (IPC) में संशोधन करते हए वर्ष 2013 में आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम, 2013 लागू किया गया इसके द्वारा IPC की धारा 370 एव 370। मानव तस्करी को रोकते हुए मानव तस्करी बालकों की तस्करी के अलावा किसी भी प्रकार के यौन शोषण दासता और मानव अंगों को जबरदस्ती निकले जाने के मामले में कठोर दंड का प्रावधान करती हैं।

2. प्रशिक्षण क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत में लोगो की तस्करी के विरुद्ध कानून प्रवर्तन अनुक्रिया के सुदृढीकरण' से सम्बंधित परियोजना : गृह मंत्रालय MHA मादक पदार्थों और अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC)के सहयोग से चार भारतीय राज्यों महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल गोआ तथा आंध्रा प्रदेश में मानव तस्करी के रोकथाम से सम्बंधित विधि प्रवर्तन अधिकारीयों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु एक द्विवार्षिक परियोजना को प्रारंभ किया गया हैं।

3. समन्वय बैठकों का आयोजन : गृह मंत्रालय MHA द्वारा प्रभावी अंतर्राज्यीय समन्वय के लिए राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की मानव तस्करी विरोधी इकाइयों AHTUs के नोडल अधिकारीयों के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाता हैं।

4. तस्करी विरोधी सेल : गृह मंत्रालय द्वारा मानव दुर्व्यापार से सम्बंधित मुद्दों से निपटने हेतु एक नोडल सेक का गठन किया गया हैं।

5. मानव तस्करी विरोधी वेब पोर्टल की स्थापना : गृह मंत्रालय द्वारा मानव तस्करी विरोधी वेब पोर्टल stophumantrafficking&mha.nic.in की स्थापना की गयी हैं इस वेब पोर्टल पर मानव दुर्व्यापार को रोकने से सम्बन्धित समस्त प्रयासों एव मानव तस्करी के आंकड़ों को प्रमाणिकता के साथ जानकारी साझा की जाती हैं।

6. उज्ज्वला योजना : केन्द्रीय महिला एव बाल विकास मंत्रालय द्वारा उज्ज्वला योजना को कार्यान्वित किया जा रहा हैं यहाँ तस्करी की रोकथाम तथा व्यावसायिक यौन शोषण के लिए तस्करी से पीडितो का बचाव पुनर्वास

पुनर्समायोजन तथा देश प्रत्यावर्तन से सम्बंधित एक व्यापक योजना हैं इस योजना के अंतर्गत पीड़ित व्यक्ति के लिए आश्रय भोजन वस्त्र और इनके साथ साथ नि:शुल्क परामर्श एव चिकित्सकीय देखभाल विधिक सहायता तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा आय सृजन के संसाधनों को मुहैया कराने के साथ गरिमामय जीवन के समस्त साधनों की सुचारू रूप से व्यवस्था की जाती हैं।

द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय व्यवस्थाएं:

1. भारत ने मानव तस्करी की रोकथाम के इए बांग्लादेश तथा UAE के साथ द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।
2. भारत 'सार्क कन्वेंशन ऑफ़ प्रिवेंसन एंड काम्बेटिंग ट्रेफिकिंग इन वीमन एंड चिल्ड्रेन इन प्रोस्टीट्यूशन' का हस्ताक्षरकर्ता देश हैं।
3. भारत ने वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र संघ कन्वेंशन ऑन ट्रांसनेशनल आर्गेनाइज्ड क्राइम (UNCTOC) की अभिपुष्टी की हैं इसके 9 प्रोटोकोल में से एक प्रोटोकोल में 'व्यक्तियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की तस्करी की रोकथाम, दमन, और दंड' संबंधी प्रावधान किये गए हैं।

निष्कर्ष सुझाव एव मूल्यांकन – आज के परिप्रेक्ष्य में यह कहना कदापि अनुचित नही होगा की मानव दुर्व्यापार जैसी महामारी धीरे धीरे समूचे विश्व को अपने चपेट में ले चुकी हैं। आज के बदलते हुए दौर में वैश्विक परिदृश्य में आज 'मानव दुर्व्यापार' का रूप बदल कर नया 'दास व्यापार' हो गया है। कहने को तो बहुत से कानून हैं इस महामारी से निपटने के लिए लेकिन जब जमीनी हकीकत देखी जाये तो तस्वीर कुछ और ही सामने आती हैं अत: अवैध मानव व्यापार आज के परिदृश्य में एक वैश्विक चुनौती के रूप में उभरते हुए एक गम्भीर चिंता का विषय बन गया है। वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस दिशा में यूएन कन्वेशन अगेंस्ट ट्रांसनेशनल आर्गेनाइजड क्राइम नामक एक अभिसमय निर्देशित किया गया हैं लेकिन आज तक हालत यह हैं की विश्व के अधिकतर देशों ने इस अभिसमय को स्वीकार नहीं किया हैं और ना ही मानव दुर्व्यापार से सम्बंधित कोई ठोस कानून बनाया भारत की ही बात करे तो यह देखने को मिलेगा की आजादी के लगभग 75 वर्षो बाद भी वाही घीसा पीटा अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 जिसका सम्बन्धा केवल वैश्यावृति तक ही हैं यह अधिनियम केवल मात्र वैश्यालय चलाने वाले दलालों और ग्राहकों तथा इससे कमाने वाले बिचौलियों तपर कार्यवाही तक ही सिमटा हुआ हैं।

भारत के बालश्रम से सम्बंधित कानून भी इस तरह के अपराध पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे भारत में तो हालत यह हैं की मौजूदा कानूनों में कही भी मानव तस्करी को सही ढंग से परिभाषित तक नही किया गया हैं कानून की यही कमिया जिनसे इस अपराध में संलिप्त मुलजिम कही न कही अपना बचाव कर लेते है और बच निकलते हैं इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कठोर अधिनियम बनाने के साथ साथ प्रत्येक राज्य सरकार इस दिशा में निगरानी तंत्र विकसित करके प्रभावी तरीके से कदम उठाये राज्यों के पार मानव दुर्व्यापारको रोकने के लिए पडौसी राज्यों के साथ समन्यव स्थापित करके सीमावर्ती इलाको में सुदृढ़ पेट्रोलिंग के साथ साथ नाकाबंदी के माध्यम से गतिविधियों को नियंत्रित करें मानव दुर्व्यापार के पीडितो के पुनर्वास की दिशा में पर्याप्त एव सुचारू इंतजामात करें एसा देखा जाता हैं की पुनर्वास की पर्याप्त व्यवस्थों के आभाव में महिलायें बच्चे एव किशोर पुन: ऐसे अपराधियों के हाथों में पड़ जाते हैं।

मानव तस्करी एव मानव दुर्व्यापार आज के समय में आधुनिक दास प्रथा का ही स्वरुप हैं इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु समग्र एव बहुक्षेत्रीय दृष्टीकोण की आवश्यकता हैं साथ ही साथ मानव तस्करी की रोकथाम हेतु सरकारी एव गैर सरकारी संगठन, आम नागरिक, समाज तथा अंतराष्टीय निकायों को अपनी अपनी जिम्मेदारी का अहसास करते हुए इसके विरुद्ध एकजुट होकर समग्र प्रयास करने होंगे एव इस विकराल त्रासदी के उन्मूलन हेतु समाज व सरकार को मिलकर कार्य करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. जय नारायण पांडेय (2019) : भारत का संविधान, 52 वा संस्करण, सेंट्रल लॉ एजेंसी।
2. एम.लक्ष्मीकांत (2017) : भारत की राजव्यवस्था,पंचम संकरण, McGraw hill education (india)
3. डॉ. बी. एल. फड़िया (2007) : भारत का संविधान,पंचम संकरण, प्रतियोगिता साहित्य सीरीज,साहित्य भवन पब्लिकेशन।
4. डॉ. डी. डी. बासु (2020) : भारत का संविधान एक परिचय, तेरहवां संस्करण, लेक्सी सनेक्सस
5. प्रो. त्रिदिवेश भटाचार्य (2010) : भारतीय दण्ड संहिता, षष्ठ संस्करण, सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन
6. डॉ. एन वी परांजपे (2016): भारतीय दंड संहिता, अष्टम संस्करण, सेंट्रल लॉ एजेंसी।
7. डॉ. एन वी परांजपे (2016): दंड प्रक्रिया संहिता, अष्टम संस्करण, सेंट्रल लॉ एजेंसी।
8. Gaurav Jain v. Union of India AIR 1990 SC 292
9. Vishaljeet v. Union of India AIR 1990 SC 1412
10. Lakshmi Kant Pandey v. Union of India AIR 1984 SC 469.
11. Bandhua Mukti Morcha v. Union of India 1984 (3) SCC 161
12. "Trafficking in Women and Children-Human Rights For The Humiliated"- Dr. Priti Saxena महिला विधि भारती/अंक –84
13. भारत में मानव तस्करी आयाम, चुनौतियां और प्रतिक्रियाएं – किरन बेदी , पी.एम्. नायर योजना मासिक पत्रिका, अंक फरवरी 2008– अनैतिक व्यापार, (पेज न.–7–9)
14. दुनियाभर में जारी हैं बच्चों की घृणित तस्करी (सेक्स बाजार ने बच्चों को भी एक वस्तु बना दिया हैं) – अवधेश कुमार योजना मासिक पत्रिका, अंक फरवरी 2008– अनैतिक व्यापार, (पेज न.–18–21)
15. मानव तस्करी पर सामुदायिक पहरेदारी भारत में समन्वित देह–व्यापार विरोधी इकाई (ए.एच.टी.यू)–पी.एम.नायर योजना, मासिक पत्रिका, अंक फरवरी 2008– अनैतिक व्यापार, (पेज न.–31–35)
16. भारत में मानव तस्करी, पृष्ठ संख्या – 35, सामाजिक मुद्दे, क्लासरूम स्टडी मेटेरिअल सितम्बर 2018 – जून 2019
17. https://legalvani.blogspot.com/2018/
18. www.apnakanoon.com,
19. www.visionias.in
20. www.drishtiias.com,
21. www.timesofindia.com,
22. www.lawcommissionofIndia.com

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Sustainable Developments and its Challenges

Dr. Krishna Rai Chouhan*

***Asst. Professor (Political Science) Govt. College, Dolariya, Narmadapuram (M.P.) INDIA**

Introduction - What is sustainable development: **"**Sustainable development is development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs."

World commission on Environment and Development, 1987

Basically, Sustainable Development is a long-term solution to how we plan our indefinite progress in the future without causing damage to the environment, so as to guarantee a safe habitat for the next generations who will continue to develop their economies societies with a similar idea in mind. The concept covers a broad scope of matters such as environmental, social and economic development with a view to the environment sustainability is about managing and protecting Earth's resources, ecosystems, climate and atmosphere so that current generations and future generations will live a decent life and millions of other species with whom we share the planet will also benefited.

Four objects of Sustainable Development

1. **Stable economic growth:** Eradication of poverty and hunger to ensuring healthy life.
2. **Conservation of natural resources:** achieve universal access to basic services such as water, sanitization and sustainable energy.
3. **Social progress and equality:** Reduce inequalities in the world, especially general inequalities.
4. **Environment protection:** Caring for the environment by combating climate change and protecting oceans and terrestrial ecosystems.

During the UN sustainable development summit of September 2015 which took place in New York transforming our world, the 2013 agenda for sustainable development was adopted by the 193 countries belonging to the UN general assembly and clearly outlined 17 sustainable development goals (SDGs). They tackle social economic,physical, personal and environmental issues which again emphasizes the all and compassion nature of sustainable development.

Need for SDGs: The world has changed dramatically in the last two decades but there are 4 shifts that are particularly serious. Firstly, we are closer than ever to eradicating extreme poverty. Secondly human societies are causing more damage than ever to the planet and environment. Thirdly inequality among and between countries is increasing, finally governance is becoming more complex especially with the growing influence of technology.

1. Today more than 1 billion people live in extreme poverty (less than $ 1.25/ per day).
2. Today 8 men have as much wealth as the bottom 3.5 billion poorest people.
3. In 2017 more than 750 million people went to bed hungry every night and at that same time there are approx. 2 billion people that are overweight or obese.
4. In 2017 more than 6 million children died before their 5th birthday because of preventable diseases.
5. Today about 213 million children and youth are out of school including 61 million children of primary school age.
6. Currently 49 countries have no laws especially protecting women from domestic violence.
7. In 2012 1.8 million people were exposed to drink water that was contaminated.
8. Today more than a billion people don't have access to electricity.
9. The number of people living in slums and down is now estimated at 863 million in contrast to 760 million in 2000 and 650 million in 1990.
10. The number of deaths from natural disasters continued to rise from 1992 to 2015 more than 1.6 million people died in internationally reported natural disasters.
11. Each year the world generates roughly 1.3 billion tons of waste but that's expected to soar to four million turns by 2100. In the United States alone about 200 billion $ a year is spent on solid waste management.

Today's problem will escalate quickly and dangerously if we do not urgently and radically change course. The sustainable development goal gives us a plan to fight these challenges.

Sustainable development goals: Sustainable development requires a lot of concentrated efforts and its implementation still faces various challenges. Both developed and developing countries are facing numerous problems while attempting to achieve sustainable development.

1. Lack of financial resources to plan and carry out sustainable development.
2. Sustainable development is often difficult in countries that are facing extreme challenges as an example can

be war -torn countries that are unable to prioritize sustainable development due to their political conditions.
3. Natural occurrences such as earthquakes and Tsunami may also pose a threat to sustainability as their adverse effects can destroy infrastructure.
4. Corruption is another challenge.
5. Lack of effort at the local government level may also prevent implementation of the goals.
6. Another key challenge is ensuring responsibility and accountability in achieving sustainable development.

This requires linking regional and national and international skills to access if countries are meeting the goals.

Major challenges in attaining SDGc for India

1. Defining the key indicators: One of the major challenges for India is effectively assessing the progress of SDGc the key definition for areas such as poverty, hunger, safe drinking water education need to be revised in order to effectively implement the SDGs.

2. Financing sustainable development goals: Despite India's best efforts and making poverty alleviation of priorities is the fourth five-year plan India has the highest number of people living below the poverty line at 2 days level of investment. There is a huge funding short form that hinders the progress of attaining SDGs.

3. Monitoring and ownership of implementation process: All the and NITI Aayog is expected to play an important role in taking ownership of the implementation process. The members of the Aayog have expressed their concern time and again about the limited manpower they have to handle such herculean tasks.

4. Measuring the progress: The Government of India has admitted the non-availability of data especially from the sub-National areas. Complete coverage of administrative data is yet another factor that has hampered the measurement of progress for even the millennium development goals that were the precursor to SDGs.

Sustainable development goals in India: The United Nations approved the sustainable development goal in India in 2015 as a global action called to eradicate poverty, safeguard the environment and guarantee that by 2030 everyone would live in peace and prosperity. All the 17 SDGs are interconnected that recognize the action in one area and have an impact on outcomes in others and that development must strike a balance between social economic and environmental sustainability, the sustainable development goal in India to eradicate poverty, quality education, clean water and sanitization against women and girls' health.

India plays a key role in the development of the United Nations sustainable development agenda 2030, and the sustainable development goal in India mirrors much of India's National Development Agenda. The world's progress towards achieving the disease is primarily dependent on India's success.It may be difficult to observe and understand with 17 goals 169 tablets and 306 national indicators and defining and quantifying progress may be tough.

While governments around the globe debate how to implement and monitor progress towards the goals, the NITI Aayog has taken the initiative by realizing the SDG India Index Baseline report 2018, which demonstrates how the SDGs will be measured in India. The NITI Ayog published the Baseline Report of the Sustainable Development goal India Index which details the progress achieved by India's states and Union Territories in achieving the 2030 SDG objectives.

The SDG India index was created by NITI Aayog and covers 13 of the 17 as disease (leaving out goals 12 13 14 and 17). The index measures the success of all states and UTs on a set of 62 National indicators which track the outcomes of the Government of India's action and programs. The SDG India index aims to present a comprehensive picture of the countries' social economic and environmental situation as well as those of its states and Union Territories. SDG India Index is a broad matric government, corporations, civil society and the general public can all show understanding and apply.

It was made to give an overall evolution of all Indian states and union territories and to assist leaders and change makers in evaluating their performance on social, economic and environmental aspects, its goal is to track India's and its States progress toward 2030 as SDG's.

Leading States / UTS can be identified by reading SDG India index score within each goal:

1. Tamil Nâdu Puducherry has no poverty.
2. Goa and Delhi suffer from hunger while Kerala and Puducherry are suffering from poor health Kerala and Chandigarh offer high quality education.
3. Kerala Sikkim Andaman and Nicobar Island equality
4. Gujarat and Chandigarh Dadra and Nagar haveli and Lakshadweep have clean water and sanitation.
5. Tamil Nadu and Chandigarh offer low-cost clean energy.
6. Goa and Daman Diu have good jobs and economic growth while Manipur, Delhi and Puducherry have good industries, innovation and infrastructures.

References:-

1. https://sustainabledevelopment.un.org
2. https://www.sdg.services/principles.html
3. https://www.globalhuntfoundation.org/?gclid=CjwKCAiAleOeBhBdEiwAfgmXf3hjVW Oxo9iH9qXh8_hYmiRyVGTTRUYok5AvhD3m0u6UreNkbOZ14RoC7d0QAvD_BwE
4. https://www.globalgoals.org/podcast/?gclid=CjwKCAiAleOeBhBdEiwAfgmXf0ctDYBVyIX29sxJDKz-UgmnlySKRepiBXdAJnMwZzAwl2ZlwfKWqhoCVUkQAvD_BwE
5. https://unfoundation.org/what-we-do/issues/sustainable-development-goals/?gclid=CjwKCAiAleOeBh BdEiwAfgmXf49sUFntMY5vB9TOqx_mc9HulvqvF-BV3VCHetAyfl22LOuZS
6. https://csr.theincitement.com/?gclid=CjwKCAi AleOeBhBdEiwAfgmXf81WHIn B5ZmZc2308vYozqjQZ1BhDVzkY0jU7AFA18egOKn4y5jpsRoCIrUQAvD_BwE

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

मन्नू भंडारी की कहानियों में पारिवारिक मूल्य

सबीना खान* डॉ. वंदना अग्निहोत्री**

* शोधार्थी,देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – परिवार समाज की सबसे आधारभूत इकाई है। वह मानव जाति के संरक्षण, वंशवर्द्धन आदि को बनाये रखने का प्रमुख माध्यम है। परिवार सामाजिक जीवन की प्रारंभिक इकाई है। व्यक्ति जन्म से ही किसी न किसी परिवार का सदस्य होता है। उसका पालन–पोषण, शिक्षा–दीक्षा संस्कारों का निर्माण आदि परिवार द्वारा ही किया जाता है। समाज में लगातार हो रहे परिवर्तनों के प्रभाव के कारण परिवार की स्थिति एवं स्वरुप परिवर्तित होती गई और नवीन स्वरुपों एवं पारिवारिक मूल्यों की स्थापना हुई। मन्नू भंडारी की कहानियों में पारिवारिक मूल्य उभरकर सामने आए है। मन्नू भंडारी की कहानियां मध्यवर्गीय परिवार के परिवर्तित मूल्य, रुढ़ियों तथा परंपरागत धारणाओं के प्रति उपजे असंतोष, विक्षोभ एवं आधुनिकता के ग्रहण के परिणामस्वरुप मिली वेदना, अंतर्द्वन्द्व तथा विवशता को यथार्थ अभिव्यक्ति दी है। मन्नू भंडारी की कहानियों को उनके समय उनके परिवेश और सामाजिक स्थितियों के संदर्भ में ही देखा जा सकता है। इनकी अधिकांश कहानियां घरेलू स्थितियों, पारिवारिक विडम्बनाओं, पुरुष के सामंती स्वरुप, स्त्री का मानसिक संघष तथा समय के साथ परिवर्तित सामाजिक स्थितियों में व्यक्ति के अकेले होने तथा अपने इच्छित प्राप्य तक न पहुंच पाने की मनोदशा की सशक्त कहानियां है। परिवर्तित सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक व्यवस्था तथा बढ़ते औद्योगिकरण नगरीकरण के कारण व्यक्ति जटिल होता जीवन को मन्नू जी ने आधुनिकता के प्रभाव के साथ रेखांकित किया है। जिसमें उन्होंने संयुक्त परिवार के विघटन और पारिवारिक एवं दाम्पत्य संबंधों में आए विघटन का भी चित्रण किया है। मन्नू जी ने अर्थ के संकट के कारण उत्पन्न सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं को लिपिबद्ध किया वहीं अर्थ के समक्ष टूटते व्यक्ति के जीवन संकल्प को भी बखूबी व्यक्त किया है। सामाजिक तथा पारिवारिक मूल्यों के बीच व्यक्ति नैतिकता का नई परिभाषा गढ़ता नज़र आता है। मन्नू भंडारी की कहानियां समाज में आए मूल्य परिवर्तन तथा उससे प्रभावित हमारी पारिवारिक मान्यताओं को दर्शाती है। महानगरीय संस्कृति तथा आधुनिकता का आग्रह किस प्रकार पारिवारिक मूल्यों को क्षत्–विक्षत करता है, उनकी कहानियों में उभरकर हमारे समक्ष आते है। मन्नू भंडारी की कहानियों मेंपारिवारिक मूल्यों को देखा जाता है।

शब्द कुंजी– मन्नू भंडारी, पारिवारिक मूल्य, कहानी, समाज, परिवार।

पारिवारिक मूल्य–परिवार समाज की आधारभूत इकाई है। वह मानव–जाति के संरक्षण, वंशवर्द्धन आदि को बनाये रखने का सबसे प्रमुख साधन है। भारतीय समाज में परिवार की कल्पना विवाह के उपरांत बनती है। सारी आधुनिकता के बावजूद यह सच्चाई है कि स्त्री तथा पुरुष के जीवन की सार्थकता परिवार के परिधि के अंदर ही संभव है। जहाँ वो न सिर्फ जीवनयापन करते हैं बल्कि वंशवर्द्धन एवं उनका संरक्षण भी करते हैं। भारतीय समाज में प्राचीन काल से संयुक्त परिवार की पारंपरिक प्रणाली कार्य करती थी, परन्तु अनेक सामाजिक परिवर्तनों ने परिवार के इस पुराने स्वरूप में भी बदलाव उत्पन्न होने लगे फलस्वरूप संयुक्त परिवार का स्थान एकल या अणु परिवार ने ले लिया। आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियां भी एकल परिवार के लिए अधिक अनुकूल थी। आर्थिक दृष्टिकोण से परिवार के तीन रूप उच्च वर्गीय, मध्यवर्गीय तथा निम्नवर्गीय होते हैं। जिसमें मध्यवर्गीय परिवार हमेशा से साहित्य का केंद्र रहा है, क्योंकि सामाजिक परिवर्तनों का प्रभाव जहां सबसे अधिक इस पर पड़ता है, वहीं संस्कारों, परंपराओं, रीति–रिवाजों, मान्यताओं आदि का अनुशीलन एवं अस्वीकृति दोनों यहां व्याप्त है। अर्थात् मध्यवर्गीय परिवार में समकालीन परिवेश का सर्वाधिक प्रभाव देखा जाता है, जिस कारण वह साहित्य की रचना का केंद्र बना रहता है।

मन्नू भंडारी की कहानियों में सर्वाधिक मध्यवर्गीय नगरीय परिवार की अभिव्यक्ति मिलती है। उनकी कहानियों में मध्यवर्गीय परिवार की विभिन्न समस्याओं तथा विषमताओं को विस्तृत फलक पर उकेरा गया है। आधुनिकता, नगरीकरण तथा औद्योगीकरण ने सबसे पहला प्रहार परिवार पर किया, जिससे कि परम्परागत संयुक्त परिवार की व्यवस्था चरमराने लगी। संयुक्त परिवार के विघटन के साथ–साथ पारिवारिक संबंधों का अपनत्व एवं गरिमा भी क्षीण होने लगी। व्यक्ति अपने स्वार्थ एवं इच्छाओं के समक्ष पारिवारिक संबंधों का महत्व भूलने लगा। **'ऐखाने आकाश नाई'** में संयुक्त परिवार के अंतर्भेदों एवं पारिवारिक परिवेश के संघर्ष को मूलबद्ध किया है। नगरी जीवन में व्यस्त लेखा का गांव में एक संयुक्त परिवार है, जिसकी अपनी आवश्यकताएं एवं समस्याएं हैं। लेखा शहर की व्यस्तता के थकान को मिटाने के लिए गांव जाती है। परन्तु वहाँ भी पारम्परिक परिवार में पारिवारिक संवेदनाओं का अभाव पाकर आयाचित स्थिति में पड़ जाती है। जहाँ गौरी की नौकरी करने की इच्छा अम्मा को नापसंद है, वहीं उसकी शादी की चिन्ता में वो दिन–रात घुलती है। इसके साथ रमेश तथा सुरेश की शहर जाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें गांव के परिवार में जड़ता नजर आती है। परिवार के सभी सदस्यों के आत्मकेंद्रित प्रवृत्ति के कारण रिश्तों में अलगाव, घुटन तथा ईर्ष्या परिवार को खोखला करते नजर आते हैं। बिखरती हुई पारिवारिक व्यवस्था, क्षीण होते संबंधों का अनत्व उसके पारिवारिक मूल्यों

को विखंडित कर देता है। आर्थिक विषमताओं का गांव में बढ़ते प्रभाव के कारण पारिवारिक संबंध औपचारिक लगने लगते हैं। लेखा भी संबंधों की निरर्थक की अनुभूति सहने को विवश दिखाई देती है ।

परिवर्तित पारिवारिक व्यवस्था के बीच पुरानी पीढ़ी का परम्परागत पारिवारिक व्यवस्था को बनाए रखने की इच्छा मन्नू भंडारी के अनेक कहानियों संयुक्त पारिवारिक प्रणाली में अभिव्यक्त हुआ है। **'छत बनाने वाले'** कहानी को बचाये रखने के लिए संघर्षरत पुरानी पीढ़ी का चित्रण व्यक्त है। यताऊ जी' पूरे परिवार को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप चलाने के लिए पारिवारिक सूत्र को अपने हाथों में संभालकर रखते हैं। वह पूरे परिवार के मुखिया होने के साथ-साथ परिवार का कर्ता-धर्ता के रूप में स्वयं को स्थापित करते हैं। उनका गर्व तब और भी दुगुना हो जाता है, जब वह अपने शहर निवासी भतीजे के समक्ष अपने पारिवारिक व्यवस्था के गुणों को बनाते हैं। वो कहते हैं कि- 'घर है, तो ऊँच-नीच तो लगी ही रहती है। जमाने की हवा है, तो बच्चे उससे अछूते थोड़े ही रहते हैं। पर घर का जमा-जमाया एक सिलसिला हो तो सब ठीक हो जाता है।' उनके बेटे छोटे तथा मोटू पिता बनने के बावजूद भी ताऊ जी के आदेशों का अनुपालन करते हैं। परिवार में ताऊ जी का निर्णय ही अंतिम निर्णय होता है। पारिवारिक व्यवस्था में अपना वर्चस्व बनाये रखने एवं परिवार की प्रत्येक इकाई के संचालन की व्यवस्था ताऊ जी ही करते हैं। जिसके कारण परिवार की पारंपरिक स्वरूप को बनाये रखने में वो सफल तथा सार्थक दिखते हैं।

भारतीय समाज में आधुनिकता के आगमन ने व्यक्ति के साथ-साथ परिवार को भी अत्यधिक प्रभावित किया। विघटित होते भारतीय परिवार को नये-नये तरह के संघर्षों का सामना करना पड़ा। जहाँ पारिवारिक सुरक्षा का स्थान वैयक्तिक सुरक्षा ने लिया, वहीं परिवार में अपने पुरानी पीढ़ी के प्रति उपेक्षा की भावना भी बढ़ने लगी। **'मजबूरी'** कहानी की 'अम्मा' पारम्परिक पारिवारिक व्यवस्था को बनाये रखने का पूर्ण प्रयास करती है, परन्तु परिवर्तित परिवेश में परिवार के सारे सूत्र उनके हाथों से छूटने लगे। तीन वर्ष बाद गांव लौटने वाले बेटे-बहू के आयोजन में अम्मा स्वयं को भूल जाती हैं। उन्हें तो बस अपने परिवार से जुड़ने की लालसा है, जिसे बेटू को उनके पास रखने के प्रस्ताव ने पूरा होने का भ्रम दे दिया। बेटू को उनके पास रहने की खबर वो हर आने-जाने वाले को देती हुई फूली नहीं समाती - 'इसके बाद घर में जो कोई भी आया, उसे यही खबर सुनाई गई। अम्मा इस बात का इतना प्रचार कर देना चाहती थी कि यदि अब किसी कारण से बहू का मन फिर भी जाए तो शरम के मारे ही वह अपना इरादा बदल न पाए।' अपने परिवार के परम्परागत रूढ़ स्वरूप को बनाये रखने का उनका प्रयास अनेक प्रसंगों में दिखता है- बेटू के पालन-पोषण की हर बात सीखना, उसे सीने से चिपकाए रहना आदि अम्मा के उस अदम्य इच्छा को दिखता है, जिसके लिए वह अपनी बीमारी का दर्द भी भूल जाती हैं। न चाहते हुए अम्मा को बेटू का वापस भेजना तथा परिवार में उनकी अनदेखी, उनके सार्थकता तथा पारंपरिक परिवार के स्वरूप पर प्रश्न चिन्ह उठाते हैं।

परिवार विघटन की त्रासदी को मन्नू भंडारी ने अपनी अनेक कहानियों में दर्ज किया है। **'अकेली'** की 'सोमा बुआ' परिवार विघटन के कारण उपजे अकेलेपन की व्यथा को झेलती इसका सुन्दर उदाहरण है। सोमा बुआ नगरीय परिवेश में निरर्थक होते परम्परागत मूल्यों की स्थापना में असफल होने के कारण अपनी स्थिति हास्यप्रद बना लेती हैं। जवान बेटे का मौत तथा पति का सन्यासी बन जाना दोनों उनके जीवन को अकेला बना देते हैं। जहाँ परिवार - बोध की तलाश को वो अपने आस-पड़ोस के लोगों में ढूंढती हैं - 'किसी के घर मुंडन हो, छठी हो, जनेऊ हो, शादी हो या गमी, बुआ पहुंच जाती और फिर छाती फाड़कर काम करती हैं।' सोमा बुआ सामाजिक तथा पारिवारिक संबंधों को बनाये रखने के लिए अपने आत्मसम्मान की भी चिंता नहीं करती, परन्तु सभी से जुड़कर रहने का प्रयास तब असफल हो जाते हैं, जब दूर के रिश्तेदार के शादी के बुलावा के लिए प्रतीक्षारत बुआ को निमंत्रण नहीं मिलता। अपने आप को सांत्वना देती हुई बोलती हैं कि - 'अरे खाने का क्या है, अभी बना लूंगी। दो जनों का तो खाना है, क्या खाना और पकाना।' इस प्रकार परिवार विघटन की कहानी कहती सोमा-बुआ परिवार की महत्ता तथा आवश्यकता को स्थापित करने का प्रयास करती नजर आती हैं।

बदलती सामाजिक व्यवस्था तथा परिवार में आधुनिकता के प्रभाव के कारण एक ओर संयुक्त परिवार बिखरता नजर आता है, तो दूसरी ओर पारिवारिक स्तर पर पति-पत्नी के संबंधों में भी दरार उत्पन्न होने लगे हैं। **'बंद दराजों के साथ'** में मंजरी पारिवारिक एवं दाम्पत्य संबंधों में आए विघटन को कई स्तरों पर झेलती हैं। मंजरी अपने पति विपिन के साथ सुखी पारिवारिक जीवन बिता रही थी। अचानक उसे पता चलता है कि विपिन का किसी और नारी के साथ संबंध है तथा बच्चा भी है। इस हकीकत ने मंजरी के पारिवारिक तथ वैवाहिक जीवन में उथल-पुथल मचा दिया। मानसिक अघातों को झेलती मंजरी विपिन से संबंध विच्छेद कर लेती है। जीवन के अकेलेपन तथा परिवार की कमी को दूर करने के लिए मंजरी दिलीप से पुनर्विवाह करती है। लेकिन अपने बेटे आसित के स्कूल फीस के प्रसंग को लेकर मंजरी के मन में दिलीप के प्रति संशय उत्पन्न होने लगते हैं। और फिर एक बार मंजरी दाम्पत्य जीवन में दरार पड़ जाता है। उसकी जिन्दगी तथा परिवार टुकड़ों में बंट जाता है। -'बाहर से कहीं कुछ नहीं बदला था, न बातचीत में, न व्यवहार में पर अनजाने और अनचाहे ही भीतर से जैसे मन बंट गए थे, जिन्दगी बंट गई थी।'

स्वाधीनेत्तर हिन्दी कहानियों में पारिवारिक विघटन की समस्या, प्रमुख समस्याओं के रूप में चिन्हित किया गया है। पारिवारिक विघटन की समस्या मूलत: स्वाधीनता के बाद उपजे हुए आर्थिक तथा सामाजिक सोच के वैषम्य की देन है। स्वाधीन भारत के मध्यवर्गीय परिवार के सदस्य अपनी अलग-अलग पहचान बनाने को आतुर दिखते हैं। वहाँ पर उनकी यह आकांक्षा पारिवारिक विघटन के रूप में उभरकर आती है। जिसके कारण जीवन स्तर कीआवश्यकताओं तथा महंगाई की वृद्धि ने संयुक्त परिवार को विघटित करने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई है। पारिवारिक संबंधों का स्थायित्व आर्थिक स्थिति निर्भर करने लगा है। **'सजा'** कहानी में आशा तथा मन्नू अपने चाचा-चाची पर बोझ बन जाती है। यहाँ पारिवारिक संवेदना आर्थिक विषमताओं के कारण दब जाते हैं। चाची कहती है कि-'अब भाई साहब को लिख दो कि पचास रूपये नहीं भेज सकेंगे, इस महंगाई के जमाने में दो को पालना भी भारी पड़ रहा है हमारे भी तो बच्चे हैं।' इसी प्रकार **'रेत की दीवार'** कहानी में आर्थिक विषमताएं इतनी भयावह रूप धारण कर लेती है कि परिवार की जड़े हिलने लगती है। इंजीनियरिंग की ट्रेनिंग करने वाला रवि जब छुट्टियों में घर आता है, तो उसे घर के प्रत्येक सदस्य के द्वारा विशेष सम्मान देने के कारण वह अपने ही घर में अजनबी बन जाता है। माँ का अतिरिक्त स्नेह, पिता की उसके प्रति विशेष दृष्टि, घर की बदली आर्थिक परिस्थितियों के बीच उसे परिवार के लोग अनजान तथा घाघ लगने लगते हैं। जो उससे आर्थिक सहायता की उपेक्षा रखते हैं। यहाँ रवि की स्थिति दयनीय तथा

लाचार दिखती है, जो परिवार के स्नेह को संशय की दृष्टि से देखने को विवश है। आर्थिक संकट के कारण परिवार के अंदर ही बिखराव उत्पन्न होने लगता है, जहाँ नयी पीढ़ी, पुरानी पीढ़ी के प्रति संशय का भाव रखती है।

निष्कर्षत: मन्नू भंडारी की कहानियों में अभिव्यक्त परिवार महानगरों का मध्यवर्गीय परिवार के रूप में रेखांकित किया गया है। जो आधुनिकता, आर्थिक विषमताएं, नगरीकरण, बदलती सामाजिक व्यवस्थाएं आदि सबसे अधिक प्रभावित है। इन सभी के प्रभावों के परिणामस्वरूप न सिर्फ संयुक्त पारिवारिक व्यवस्था चरमराने लगी बल्कि एकल परिवार में भी दरार उत्पन्न होने लगा। पति-पत्नी के रिश्ते जहाँ बिखराव की ओर बढ़ते दिखते हैं, वहीं परिवार का प्रत्येक सदस्य अपनी इच्छानुसार जीवन-यापन को बेचैन दिखता है। फलत: पारिवारिक संबंधों में औपचारिकता आ जाती है। चाहे वह **'शायद'** कहानी का यरखाल' हो या **'क्षय'** कहानी की 'कुंती' या **'घुटन'** की यमोना' आदि सभी परिवार के साथ रहते हुए भी स्वयं को अकेला पाते हैं। पारिवारिक मूल्य-विघटन के इस दौर में वर्तमान परिवारों का यथार्थ स्वरूप मन्नू भंडारी के कहानियों में मिलता है, जो आधुनिक मध्यवर्गीय परिवार के रूप में पूर्ण रूप से स्थापित हो पाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संजीव महाजन : परिवार का समाजशास्त्र, पृ.196
2. वही, पृ. 203
3. डॉ. सुधा कुमारी : मन्नू भंडारी के कथा साहित्य में व्यक्ति परिवार और समाज, पृ.154
4. वही, पृ.155
5. मन्नू भंडारी : एक प्लेट सैलाब, पृ.49
6. मन्नू भंडारी : तीन निगाहों की एक तस्वीर, पृ.87
7. वही, पृ. 27
8. वही, पृ. 32
9. मन्नू भंडारी : एक प्लेट सैलाब, पृ. 29
10. मन्नू भंडारी : यही सच है, पृ. 69

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Physico Chemical Analysis of Narmada River Near the Narmadapuram City

S.K. Diwakar* J.K. Wahane O.N. Choubey*****

*Govt. Narmada P.G. College, Hoshangabad (M.P.) INDIA
** S.S.L.N.Govt. Penchvalley P.G. College, Parasia, Chhindwara (M.P.) INDIA
*** Govt. Narmada P.G. College, Hoshangabad (M.P.) INDIA

Abstract - Narmada river is the main source of water for drinking , Irrigation, fish culture and other important activities in central India. The present study of narmada river water near Narmadapuram city indicate that the some parameters are beyound the limits in compare to central pollution control board and Indian standard for drinking water. The quality of water with the view to being out a transparence image of the water pollution status of river and assessment of its effect and bringing forth suggestion for improvement.

The sample collection, preservation &pre treatment will be according to standard method of collecting samples at international level i.e. APHA and BIS procedure. Prior to this a through survey will be conducted to know about probable pollution source and other relevant features.

Key words - Dissolve Oxygen, BOD, COD, Turbidity, Total hardness.

Introduction - Narmada is one of the sacred river all over the India,. It Originates from Amarkantak in Shahdol district, at an elevation of 1057 meter above MSL , covers distance of nearly 1312 km and total basin of 98,796,80 sq. km. The Narmada basin is about 1288 km. long and 80 km. broad running from east to west in Madhya Pradesh, occupies a central position in the country &empyties into the Gulf of Cambay below Broach.

In the present study Narmada river are selected. Narmada river is one of the most important rivers of Madhya Pradesh.

In Madhya Pradesh out of the total catchment area of the river Narmada basin lying in the state is 85,938 sq. km.

Due to urbanization and industrialization, environmental pollution is increasing day by day. The disposal of city waste, sewage and industrial effluents is becoming a major problem.

Material And Method: The river Narmada has been surveyed throughout the year 2022, over a distance of about 8km. Four sampling sites were selected.

In Narmda Site Ist is Situated at “Ramjanki ghat” on the upstream of river. Here many people take bath and wash their cloths daily. Site IInd is situated at “Naoghat” where continuous discharge of domestic sewage of the city is going on. Site IIIrd is at “ Sita Ram ghat “ IVth is situated at the downstream of the river Narmada is Seoni ghat. The various physico-chemical and biological parameters were determined as per methods suggested by APHA(1976). Temperature, pH and Dissolved Oxygen were recorded immediately after collection of sample at the sites, While other parameters were analysed in the laboratory within 24 hours samples for the planktons were collected simultaneously and sedimentations were made in glass jars, after adding 10 ml. of acid lygol’s solution for preservation. After 24 hours, the supernatant was discharged then remaining 25ml of sediments was taken on glass slide and planktons number counted under the microscope. Their estimation was made by drop method.

Observations: The survey of the river water resources includes the identification and characterization of two site IIIrd and IVth, which are cause of pollution problems. Apart from this there are sewage, bathing and discharge of dead bodies in the river, which are major causes of the water pollution. Result shown in table-I.

Temperature of polluted sites may have profound effect on the dissolved oxygen, When the values of temperature was increased, and values of dissolved oxygen was decreased .There pH values from 7.5 to 8.3 in river Narmada. Low dissolved oxygen values is recorded at III & IV polluted sites, throughout the year.

The value of alkalinity observed in Narmada river from 534 to 601.

The values (197 to 265 mg/lit) of chloride were recorded at river Narmada. The High valuesofCOD (65 to 121 mg/lit) wererecorded at river Narmada.

Discussion: Several physico-chemical and biological parameters have been studies in relation to the pollution of river water.The Physico-chemical analysis showed that

polluted site IIIrd and IVth contained high values of chloride, total hardness, alkalinity, , But very low dissolved oxygen, which indicated a high pollution load. The present study indicates greater impact of Urban activity on river water quality inNarmadapuram city. It may be attributed to the fact that most of the water of cityare discharged through drains into the Sitaram Ghat. These studies also have resulted in several policy changes and strict regulatory measures for water quality maintenance in the river system. Treatment of waste before discharging into the river and diversion of organic waste water for alternative uses are significant among them.

References :-

1. A.V. Rao, B.L. Jain and I.C. Gupta, Indian Jour. Environ. Hlth, 35,132 (1993),
2. Klein, Aspect of river pollution butter worth scientific pollution London (1957),
3. WHO Guidelines for Drinking Water Quality Vol. 1: Recommendations, World Health organization, Geneva, P.1 (1984),
4. ISI Specification for Drinking Water, IS :10500:1983, Indian Standards Institution, New Delhi (1983),
5. APHA-AWWA and WPCF, standard Method of Examination of Water and Waste Water, New York (1995),
6. M.Z. Hasan and S.P. Pande, J. Indian Water Works Assoc. 16,259 (1983),
7. M.S. Nayak and A.D. Sawant, Indian, J. Environ. Hlth., 38,246 (1996),
8. Manivasakam, N. Physicochemical Examination of Water, Sewage and Industrial Effluents Pragati Prakashan, P. 234 (2002),
9. Munawar M., the Biotope hydrobiologia, 35: 127-162 (1970),
10. Virendra kumar Verma, S.R. Survey of Yamuna river and a few related drains with reference to physic-chemical and biological characteristics Ph.D. Thesis Meeratuni Muzaffarpur, (1980),
11. M.M.Saxena " Environmental Analysis, Water, Soil and Air" 2nd Ed. Agro. Botanical publ. India 19.
12. M.S.Kodarkar "Methodology of water analysis Associated of Aquatic Biologists" publ. No.2 Hydrabad.1992.
13. D.C.Thapiyal the Bacteriological quality of Tara waters, Indian J. Environ. 41th, 1972,14,68.
14. A.El. AwadyR.B.Miller and M.J.corter Anal.Chem. 1976,48,110.

Table-I: Mean Values Of Phyico-Chemical Parameters At Sampling Sites In River Narmada

S.	PARAMETERS	SITE-Ist Ramjanki Ghat	SITE-IInd Nao Ghat	SITE-IIIrd Sitaram Ghat	SITE-IVth Seovni Ghat
1.	Temperature	25°C	26°C	30°C	28.2°C
2.	pH	7.8	7.9	8.3	7.5
3.	D. Oxygen mgL^{-1}	6.6	6.9	5.5	5.2
4.	TDS mgL^{-1}	386	390	412	432
5.	Nitrate mgL^{-1}	0.6	0.8	1.0	0.9
6.	Phosphate mgL^{-1}	0.7	0.6	1.2	1.4
7.	Chloride mgL^{-1}	218	197	232	265
8.	Alkalinity mgL^{-1}	534	561	601	546
9.	T Hardness mgL^{-1}	161	185	221	243
10.	BOD mgL^{-1}	5.6	6.7	8.9	9.6
11.	COD mgL^{-1}	65	89	102	121
12.	Total Viable count/ml	6000-120000	8000-125000	10000-137000	5000-115000
13.	E.coli count/ml	1500-20000	2100-27000	3200-51000	1800-19400
14.	Copper (Cu) mg/L0.05-1.5	0.232	0.222	0.247	0.252
15.	Iron (Fe) mg/L0.3-1.0	0.254	0.361	0.321	0.311
16.	Zinc (Zn) mg/L5-15	0.168	0.191	0.151	0.159
17.	Manganese (Mg) mg/L0.1-0.3	0.162	0.182	0.131	0.127

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में अभिप्रेरणा,व्यक्तिगत मूल्यो एवं मानसिक स्वास्थ्य का तुलनात्मक अध्ययन

रमेश चन्द्र भट्ट* डॉ.प्रीति ग्रोवर**

* शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत
** शोध निदेशिका, टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधकार्य में **महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में अभिप्रेरणा,व्यक्तिगत मूल्यो एवं मानसिक स्वास्थ्य का तुलनात्मक अध्ययन** किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन उत्तराखंड के दो जिलो के विधार्थियों पर किया गया है। इस हेतु अभिप्रेरणा मापनी डॉ. वी.पी. भार्गव मानसिक स्वास्थ्य मापनी डॉ.जगदीश व डॉ.ए.के.श्रीवास्तव ,व्यक्तिगत मूल्य मापनी– डॉ.श्रीमती जी.पी.शौरी व डॉ.आर.पी.वमान का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों मे अभिप्रेरणा,व्यक्तिगत मूल्यों तथा मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर सार्थक अन्तर है।

प्रस्तावना – कोई भी प्राणी बिना किसी प्रयोजन के कोई कार्य नहीं करता है। यही प्रयोजन या कारण अभिप्रेरणा या प्रेरणा है। मानव के कार्य या व्यवहार को परिचालित करने वाली कुछ प्रेरक शक्तियाँ होती हैं जो व्यक्ति को विभिन्न कार्यो को करने की अभिप्रेरणा देती रहती है। अभिप्रेरणा का अर्थ व्यक्ति की उस आन्तरिक स्थिति से होता है जो किसी विशेष परिस्थिति में व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए क्रियाशील करती है, इस प्रकार प्रेरणा एक आन्तरिक शक्ति है, जो क्रिया के लिए प्रेरित करती है। यह ऐसी आंतरिक दशा है जो मानव को तब तक कार्य में लगाये रखती है जब तक कि उसका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो जाता।हमें 'व्यवसाय केन्द्रित शिक्षा', 'उत्पादन केन्द्रित शिक्षा' जैसे नारों से हटकर 'मूल्य केन्द्रित शिक्षा' की बात करनी होगी क्योंकि जीवन मूल्य राष्ट्रीय चरित्र की नींव का निर्माण करते हैं। मूल्य परक शिक्षा का अर्थ है ऐसी शिक्षा जो देश, काल, मानव कल्याण व मानव एकता के संदर्भ में आवश्यक व भविष्य में मानवीय आत्मा के उत्थान में सहयोगी, तर्क संगत व उचित मूल्यों से अनुप्रमाणित हो। एक ऐसी शिक्षा जिसमें हमारे नैतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्य समाहित हो। समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों को शिक्षा के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है, वहीं समाज में नवचेतना का संचार कर विकास के मानवीय मूल्यों को स्थापित किया जा सकता है।आज ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो विद्यार्थियों को समाज में होने वाले प्रत्येक घटनाओं के प्रति सजगता एवं चैतन्यता का विकास कर सकें एवं राजनीतिक, प्रकृति, सामाजिक एवं आर्थिक उथल–पुथल पर अपने स्वयं के मूल्यों के आधार पर विवेक से कार्य करने की क्षमता विकसित कर सकें।इसके लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा इसप्रकार की हो की वह विधार्थी को अभिप्रेरित करे।

समस्या कथन– 'महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में अभिप्रेरणा, व्यक्तिगत मूल्यो एवं मानसिक स्वास्थ्य का तुलनात्मकअध्ययन।'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

अभिप्रेरणा

थॉमसन के अनुसार – 'प्रेरणा एक कला है। इसके द्वारा उन छात्र/छात्राओं में पढने के प्रति रूचि उत्पन्न की जाती है। जिनमें इस प्रकार की रूचि का अभाव है। जहाँ पर बालकों में पढने की रूचि तों है, परन्तु वे उसका अनुभव नहीं करते हैं।वहाँ प्रेरणा के द्वारा उन्हें यह अनुभव कराया जाता है।'

व्यक्तिगत मूल्य

आर. के. मुखर्जी के अनुसार – 'मूल्यों को सामाजिक दृष्टि से स्वीकार्य उन इच्छाओं तथा लक्ष्यों के रूप में परिभाषित किया है जिन्हें अनुबंधन, अधिगम या समाजीकरण की प्रक्रिया द्वारा आभ्यन्तरीकृत किया जाता है तथा जो आत्मनिष्ठ प्राथमिकताओ, मानकों तथा आकांक्षाओं का रूप ग्रहण कर लेती है।'

मानसिक स्वास्थय

हारविज तथा स्कीड (1999) के अनुसार– 'मानसिक स्वास्थ्य में कई आयाम सम्मिलित रहते हैं – आत्म–सम्मान, अपने अंत:शक्तियों का अनुभव, सार्थक एवं उत्तम सम्बन्ध बनाये रखने की क्षमता तथा मनोवैज्ञानिक श्रेष्ठता।'

अध्ययन के उद्देश्य :

1. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर अभिप्रेरणा का अध्ययन करना।
2. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों का अध्ययन करना।
3. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर मानसिक स्वास्थय का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएँ :

1. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अंतर नहीं है।
2. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं है।
3. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर मानसिक स्वास्थय में सार्थक अंतर नहीं है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में उतराखंड के दो जिलो के कुल

600 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. **अभिप्रेरणा मापनी – डॉ. वी.पी. भार्गव**
2. **मानसिक स्वास्थ्य मापनी – डॉ.जगदीश व डॉ.ए.के.श्रीवास्तव**
3. **व्यक्तिगत मूल्य मापनी– डॉ.श्रीमती जी.पी.शौरी व डॉ.आर.पी.वर्मा**

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन ।

1. महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अंतर नहीं है।

सर्वप्रथम उपरोक्त परिकल्पना को तीन आधारों पर विभाजित किया गया

अ) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष रूप में देखा गया है कि महाविद्यालय स्तर के छात्रों व छात्राओं के अभिप्रेरणा में आंशिक अन्तर है। छात्रों की अपेक्षा छात्राओं में अभिप्रेरणा स्तर आंशिक अधिक पाया गया। हमारी परिकल्पना महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नहीं है आंशिक स्वीकृत होती है।

ब) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में स्थानीयता के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष रूप में देखा गया है कि महाविद्यालय स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर है। ग्रामीण की अपेक्षा शहरी विद्यार्थियों में अभिप्रेरणा स्तर अधिक पाया गया। हमारी परिकल्पना महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में स्थानीयता के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नहीं है अस्वीकृत होती है।

स) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में संकाय के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नहीं है।

वाणिज्य तथा कला वर्ग के विद्यार्थियों में अभिप्रेरणा स्तर समान है जबकि विज्ञान तथा कला व विज्ञान तथा वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के अभिप्रेरणा स्तर में अन्तर है। अत: हमारे द्वारा निर्मित परिक्लपना स महाविद्यालयी स्तर के विद्यार्थियों में संकाय के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नही है। अस्वीकृत होती है क्योकि संकाय के आधार पर विद्यार्थियों के अभिप्रेरणा स्तर में अन्तर पाया गया।

परिकल्पना संख्या 1 महाविद्यालयें स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता तथा संकाय के आधार पर अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर नही है अस्वीकृत होती है। क्योकि 3 परिकल्पनाओं में 2 परिकल्पनाए अस्वीकृत तथा 1 आंशिक स्वीकृत हो रही हैं।

2 महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं है।

अ) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नहीं है।

उप परिकल्पना 2अ का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि व्यक्तिगत मूल्यों की दस श्रेणियों में से 7 श्रेणियों में (सामाजिक, लोकतांत्रिक, ज्ञान, सौन्दर्यबोधात्मक,आर्थिक,सुखवादी,शक्ति) में सार्थक अन्तर पाया गया जबकि तीन मूल्यों (धार्मिक,परिवार प्रतिष्ठा,स्वास्थय) में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया । अत: हमारी परिकल्पना महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नहीं है अस्वीकृत होती है।

ब) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में स्थानीयता के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नहीं है।

उप परिकल्पना 2ब का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि व्यक्तिगत मूल्यों की दस श्रेणियों में से 9 श्रेणियों (धार्मिक,सामाजिक, लोकतांत्रिक, ज्ञान, सौन्दर्यबोधात्मक,आर्थिक,सुखवादी,शक्ति,स्वास्थय) में सार्थक अन्तर पाया गया जबकि एक मूल्य (परिवार प्रतिष्ठा) में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया । अत: हमारी परिकल्पना महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में स्थानीयता के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नहीं है अस्वीकृत होती है।

स) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में संकाय के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नहीं है।

उपरिकल्पनाओं के अध्ययन के आधार पर देखा गया की वाणिज्य तथा कला वर्ग के विद्यार्थियों में व्यक्तिगत मूल्य समान है जबकि विज्ञान तथा कला व विज्ञान तथा वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मूल्यों में अन्तर है। अत: हमारे द्वारा निर्मित परिक्लपना स महाविद्यालयी स्तर के विद्यार्थियों में संकाय के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नही है अस्वीकृत होती है क्योकि संकाय के आधार पर विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मूल्यों में अन्तर पाया गया।

परिकल्पना संख्या 2 महाविद्यालयें स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता तथा संकाय के आधार पर व्यक्तिगत मूल्यों में सार्थक अन्तर नही है अस्वीकृत होती है। क्योकि तीनों उप परिकल्पनाए अस्वीकृत हो रही हैं।

3 महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता, संकाय के आधार पर मानसिक स्वास्थय में सार्थक अंतर नहीं है।

अ) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में लिंग के आधार पर मानसिक स्वास्थय में सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष रूप में देखा गया है कि महाविद्यालय स्तर के छात्रों व छात्राओं के मानसिक स्वास्थय में सार्थक अन्तर है। छात्राओं की अपेक्षा छात्रों में मानसिक स्वास्थय अधिक अच्छा पाया गया।

ब) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में स्थानीयता के आधार पर मानसिक स्वास्थय में सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष रूप में देखा गया है कि महाविद्यालय स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थय में सार्थक अन्तर है। ग्रामीण की अपेक्षा शहरी विद्यार्थियो में मानसिक स्वास्थय अधिक अच्छा पाया गया।

स) महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों में संकाय के आधार पर मानसिक स्वास्थय में सार्थक अन्तर नहीं है।

उपरिकल्पनाओं के अध्ययन के आधार पर देखा गया की वाणिज्य तथा कला वर्ग के विद्यार्थियों ,विज्ञान तथा कला व विज्ञान तथा वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थय में अन्तर है। अत: हमारे द्वारा निर्मित परिक्लपना स महाविद्यालयी स्तर के विद्यार्थियों में संकाय के आधार पर में सार्थक अन्तर नही है। अस्वीकृत होती है क्योकि संकाय के आधार पर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थय में अन्तर पाया गया।

परिकल्पना संख्या 3 महाविद्यालयें स्तर के विद्यार्थियों में लिंग, स्थानीयता तथा संकाय के आधार पर मानसिक स्वास्थय में सार्थक अन्तर

नही है अस्वीकृत होती है। क्योकि तीनों उप परिकल्पनाए अस्वीकृत हो रही हैं।

भावी शोध हेतु सुझाव:

1. यह शोध कार्य उतराखंड के दो जिलो पर प्रशास्ति किया गया है इसे उतराखंड के अन्य जिलों को किया जा सकता है।
2. इससे बडे यादर्श पर भी एक एक चर को लेकर भी यह शोध कार्य किया जा सकता है।
3. प्रस्तुत शोध कार्य महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों पर किया गया है तकनीकी व अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों में व्यक्तिगत मूल्यों, मानसिक स्वास्थ्य का अध्ययन भी किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीवास्तव, डॉ. डी.एन. वर्मा (2007) : 'बालमनोविज्ञान – बाल विकास संस्करण' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।
2. शर्मा, आर. ए. (2005) : 'शिक्षा अनुसंधान' सूर्या पब्लिकेशन्स, मेरठ
3. मंगल, डॉ. अंशु बरौलिया, डॉ. ए. अग्रवाल (2007): 'शैक्षिक अनुसंधान की विधियॉ एवं शैक्षिक सांख्यिकी' राधा प्रकाशन मंदिर, आगरा।
4. कपिल. एच.के. (2007) : 'अनुसंधान विधियॉ' एच.पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।
5. कपिल, एच. के. : 'सांख्यिकी के मूल तत्व' भार्गव बुक हाउस, आगरा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

शाङ्खायन ब्राह्मण में ब्रह्म तत्व का स्वरूप

डॉ. नरेन्द्र कुमार* डॉ. सुमित कुमार**

* सहायक अध्यापक (संस्कृत विभाग) चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** सहायक अध्यापक (संस्कृत विभाग) जे0बी0 पन्त डिग्री कॉलेज, कछला, बदायूँ (उ.प्र.) भारत

अत: पारों जिसको बहू बेटा दंगों के वक्त गांव में उन्हें अकेला छोड़ गए थे, उसकी रक्षा पूरे गांव के लोग करते हैं। जिसके फलस्वरूप पारों को अपने व गैर के बीच के रिश्तो की वास्तविकता पता चलती है। ऐसे ही हिंदू-मुस्लिम के बीच प्रेम व विश्वास की मजबूत डोर कहानी 'झूठा दिन' में दिखाई देती है। आपसी प्रेम-विश्वास के कारण ही दंगाई लोगों के द्वारा भड़काए हबीब को यह महसूस हो जाता है कि सबसे बड़ा धर्म तो मानवता है। संप्रदाय से ऊपर आपसी प्रेम हैं जिसे वह अंतत: दोबारा फिर प्राप्त कर लेता है और बुद्धन को मां कहकर गले लगा लेता है। इस प्रकार हिंदू मुस्लिम लोगों के आपसी संबंधों को उद्घाटित करती कहानी 'झूठा दिन' में चित्रित है 'साल के तीन सौ पैंसठ दिनों में कोई दिन ऐसा जाता होगा जब नसीबन बुद्धन से कोई चीज न लेती हो या बुद्धन नसीबन से, सुबह से लेकर शाम तक दोनों न जाने कितनी बार एक दूसरे के आंगन की और गर्दन निकाले दिख पड़ेगी।'[15]

निष्कर्ष – इस प्रकार हम कह सकते हैं कि मेवात के लोगों का सामाजिक ताना-बाना बहुत मजबूत है, वे सालों से इकट्ठे रहते आने के कारण इनमें प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। गांव का आकार छोटा होने की वहां के लोग एक दूसरे को अपना सहारा मानते हैं। फिर चाहे वह किसी भी जाति धर्म के हो उनमें सद्भावना अवश्य होती है। मेवात क्षेत्र में हिंदू मेव मुस्लिम लोगों के प्रेम तथा एकता से बंधे सामाजिक संबंधों का वर्णन करने के बाद ऐसा महसूस होता है कि यहां रहने वाले हिंदू-मुस्लिम लोग सांझी संस्कृति में बंधे हुए हैं। अच्छे इंसानों का सारा गांव सम्मान करता है 'काला पहाड़' के केंद्रीय पात्र 'सलेमी' और 'बावल तेरा देस में' की नारी पात्र 'दादी जैतूनी' को पूरा गांव सम्मान की नजर से देखता है क्योंकि यह दोनों समाज में गांव में आपसी सद्भाव कायम करने तथा शांति रखने में भरसक प्रयास करते दिखाई देते हैं। तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भी मेवात में सांझी संस्कृति कायम है जो मेवात को खंडित नहीं होने देती। वस्तुत: हम कह सकते हैं कि समकालीन हिंदी कथाकार भगवानदास मोरवाल के कथा साहित्य में अभिव्यक्त मेवाती समाज के सामाजिक संबंधों व साझा संस्कृति का सजीव वर्णन मिलता है। परिणामस्वरूप यहां सदियों से भाईचारा व अखंडता बनी हुई है, विभिन्न संप्रदायों के लोग आपसी सहयोग प्रेम सद्भाव के साथ जीवन-यापन करते हैं। परिमाणत यहां साझी संस्कृति विकसित हुई है, जो भारतीय समाज व संस्कृति की बहुत बड़ी विशेषता है। इसी विशेषता के कारण हमारे समाज को सांप्रदायिक ताकतों व समाज विरोधी घटनाओं के घातक परिणामों के बावजूद सामाजिक व सांस्कृतिक एकता व अखंडता को कायम रखने वाला समाज कहा जाता है।

आधुनिक युग में जब धर्मवाद व सांप्रदायिकता का जहर फैलता जा रहा है। इस सब के बावजूद मेवात में सांझी संस्कृति बरकरार है। अयोध्या त्रासदी के पश्चात फैली हिंसात्मक घटनाएं मेवात की इस साझी संस्कृति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करती हैं लेकिन उसे खत्म नहीं कर पाती। मेवाती समाज की नौजवान पीढ़ी के बाबू खां, सुभान खां जैसे नौजवान सांप्रदायिक ताकतों से मिलकर इलाके में तनाव पैदा करते हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है, कि नई पीढ़ी आजादी की कोख से आई है। इसलिए उस पर सांप्रदायिकता और अलगाववाद का गहरा प्रभाव है। हालांकि इस गहरे प्रभाव के पीछे स्वार्थी राजनीतिज्ञों का भी बहुत बड़ा हाथ है। मेवात की बुजुर्ग पीढ़ी अभी भी सांप्रदायिकता, धर्मवाद आदि से अछूती है। भटके हुए नौजवानों को पुरानी पीढ़ी समझाते हुए कहती हैं 'बेटा इन कामन में कुछ भी ना धरो है.. अरे हाजी अशरफ जैसे आदमी ने तो आज तलक कोई ना सगा हुआ है और ना होगा। बेटा यह तो बड़ा आदमी है। इनको कुछ नहीं बिगड़ेगा पर तम जैसा बोदा और भोला माणस अपना घर कू उल्टा हो लेओ।'[12]

पुरानी पीढ़ी सदियों से चले आ रहे आपसी भाईचारे को खत्म नहीं करना चाहती 'काला पहाड़' के नायक सलेमी बाबरी मस्जिद गिराए जाने पर उस विदेशी हमलावर के प्रतीक नष्ट होने पर खुश होता है, तो दूसरी तरफ मनीराम आर्य समाज मंदिर के स्वामी के मारे जाने पर खुश होकर कहता है 'चलो अच्छा हुआ कटी क्लेश' कम से कम एक मुसीबत सू तो पीछे छुटया इलाका को ...।'[13] मेवात की साझा संस्कृति की यही विशेषता है कि जो मेवात को टूटने से बचाए रखने की निरंतर कोशिश करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अनील जोशी, मेव लोक संस्कृति, पृ. 291

2. सिद्धिक अहमद मेव, मेवाती संस्कृति, पृ. 371
3. सं. मुंशी खां बालौत, मेवात का इतिहास और संस्कृति, पृ. 24
4. भगवानदास मोरवाल, काला पहाड़, पृ. 87
5. वही, पृ. 88
6. वही, पृ. 107
7. सं. डॉ. सतीश पांडेय, सृजन संदर्भ, पृ. 46
8. भगवानदास मोरवाल, काला पहाड़, पृ. 55
9. वही, पृ. 181
10. भगवानदास मोरवाल, बाबल तेरा देस में, पृ. 177
11. वही, पृ. 180
12. श्यामचरण दुबे, भारतीय समाज, पृ. 32
13. भगवानदास मोरवाल, काला पहाड़, पृ. 432
14. भगवानदास मारेवाल, अस्सी मॉडल सूबेदार, पृ. 82
15. भगवानदास मोरवाल, लक्ष्मण रेखा, पृ. 179

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

गांधी दर्शन में अहिंसा की अवधारणा

मलय वर्मा *

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – सम्पूर्ण विश्व में महात्माँ गांधी के नाम से विख्यात मोहनदास करमचन्द गाँधी को सामान्यत: भारत के अहिंसक स्वाधीनता संग्राम के सर्वोच्च नायक के रूप में जाना जाता है। गाँधीजी ने विधिवत् दर्शनशास्त्र का शास्त्रीय प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया था इसलिये अनेक विचारकों को उन्हें दार्शनिक कहने में संकोच का अनुभव होता है। स्वयं गाँधी भी इस हेतु उत्सुक प्रतीत नहीं होते कि उन्हें दर्शनिक कहा जाए। उनके शब्द हैं 'मैं कोई सम्प्रदाय प्रवर्तक नहीं हूँ। तत्तवज्ञानी होने का तो मैंने कभी दावा भी नहीं किया।.... मैंने तो केवल बगैर योजना के अपने निजी ढंग से यही प्रयत्न किया है कि हम अपने नित्य जीवन में सत्य अहिंसा आदि सनातन तत्तवों का व्यापक प्रयोग करें।'[1]

डॉ. रामजी सिंह के शब्दों में 'उनका जीवन ही उनका संदेश और उनके विचार की खुली पुस्तक थी। उनकी भाषा कार्य की भाषा थी, वाद के विवाद में उन्हें कोई रस न था। इसलिये 'सत्य के प्रयोग' ही उनकी आत्मकथा एवं 'अहिंसा का कर्मयोग' ही उनका जीवन चरित बन गया। संक्षेप में विचार, वाणी एवं व्यवहार में एकता ही उनका जीवन दर्शन था।'[2]

गाँधीवादी चिंतक पट्टाभिसीतारम्मैया ने भी इस सम्बन्ध में अपनी पुस्तक 'गाँधी और गाँधीवाद' में लिखा है 'गाँधीवाद किन्हीं सिद्धान्तों या मतों का नियम या व्यवस्थाओं या निषेधों का नाम नहीं है, परन्तु यह तो जीवन का एक प्रकार है।'[3]

सत्य : गाँधी दर्शन की केन्द्रीय विषय वस्तु – ईश्वर का विचार परम्परागत रूप से दर्शनिक विवेचन का प्रारम्भ बिन्दु है। गाँधी दर्शन भी इसका अपवाद नहीं। गाँधी जी का ईश्वर अस्तित्व पर अटल विश्वास था। वे 'ईश्वर' और सत्य को एक दूसरे का पर्याय मानते थे किन्तु जहाँ पहले उनका कथन था 'ईश्वर ही सत्य है' वहीं बाद में उन्होंने आग्रहपूर्वक कहा 'सत्य ही ईश्वर' है। इस सूत्र परिवर्तन का कारण डॉ. विश्वनाथ नखणे ने इस प्रकार समझाया है 'गाँधी यहाँ पर यह स्थापित करना चाहते हैं कि ईश्वर की धारणा में तो अस्पष्टता हो सकती है पर सत्य स्फटिक की भाँति निर्मल है और वे हमें यह याद दिलाते हैं कि 'सत्य' शब्द 'सत्' से निकला है जिसका अर्थ है 'सत्ता' या अस्तित्त्व। सत्य विषयक विवाद उतने ही अनन्त रहे हैं जितने ईश्वर के स्वरूप के बारे में। किन्तु व्यावहारवादी दृष्टि से गाँधी की यह बात ठीक है कि भिन्न-भिन्न मान्यताओं वाले व्यक्ति भी सत्य के मंच पर एकत्र हो सकते हैं। इस भाँति सत्य जीवन में एकता लाने वाला तत्तव हो जाता है और उसे ईश्वर से पहले स्थान देना उचित ही है।'[4]

महात्मा गाँधी के सम्पूर्ण चिन्तन और कर्म की केन्द्रीय विषय वस्तु सत्य है। स्मरण रखने योग्य बात यह है कि गाँधी दर्शन में सत्य कोई जटिल दार्शनिक प्रत्यय नहीं है बल्कि आध्यात्मिक अनुभूति का व्यावहारिक रूप या कर्मपक्ष है। गाँधी दर्शन में कर्म या व्यवहार ही चिन्तन और अनुभूति का उत्स भी है और उसकी कसौटी भी।

सत्य प्राप्ति का साधन अहिंसा है – गाँधीजी की दृढ़ मान्यता थी कि सत्य को ईश्वर रूप में पाने का एकमात्र साधन प्रेम अर्थात अहिंसा है। हिन्दी साहित्य कोश भाग एक पारिभाषिक शब्दावली में कहा गया है– 'गाँधीवाद के दो मूल स्तम्भ हैं– सत्य और अहिंसा। सत्य का ही दूसरा नाम उन्होंन परमेश्वर माना है तथा समस्त सृष्टि में एक ही तत्त्व की व्याप्ति स्वीकार कर ईश्वर एवं मनुष्य तथा मनुष्य एवं अन्य जीवनधारियों की एकता स्वीकार की है। इस अन्तर्भूत एकत्तव के कारण ही उन्होंने माना है कि जो घटना एक शरीरधारी पर घटती है उसका समग्र जड़ और उसकी आत्मा पर प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार सत्य के साक्षात्कार से समबुद्धि प्राप्त होती है और समबुद्ध से सबके प्रति अहिंसा का भाव उत्पन्ना हो जाता है।'[5]

अगर गाँधी दर्शन का प्रधान लक्ष्य या साध्य सत्य है तो उसे प्राप्त करने का साधन अहिंसा है। गाँधी जी का स्पष्ट मत था कि साध्य की पवित्रता के साथ साधन की पवित्रता का ध्यान रखना परमावश्यक है। जितना पवित्र साध्य है उतना ही पवित्र उस की प्राप्ति का साधन भी होना चाहिये। उनका कहना था कि यदि सत्य के बारे में यह धारणा भी बना ली जाय कि उसकी प्राप्ति हिंसा, कपट, छल, इत्यादि अनैतिक साधनों द्वारा की जा सकती है तो वह सत्य नहीं रह जाता। गाँधी जी कहते हैं 'जैसे साधन होंगे वैसा ही उनसे प्राप्त साध्य होगा। साध्य और साधन के मध्य उन्हें एक दूसरे से अलग करने वाली कोई दीवार नहीं है।'[6]

सत्य और अहिंसा के अवियोज्य संबंध का रेखांकित करते हुए गाँधी जी अन्यत्र कहते हैं 'बगैर अहिंसा के सत्य की खोज नामुमकिन है। अहिंसा और सत्य ऐसे ओतप्रोत, ताने बाने की तरह एक दूसरे से मिले हुए हैं जैसे कि सिक्के के दो रुख या चकती के दो पहलू। उसमें उल्टा कौन सा है और सीधा कौन सा ? फिर भी अहिंसा को हम साधन याने जरिया मानें और सत्य को साध्य या मकसद। साधन हमारे बस की बात है इसलिये अहिंसा परम धर्म हुई और सत्य परमेश्वर हुआ। साधन की फिक्र अगर हम करते रहेंगे तो साध्य के दर्शन किसी न किसी दिन ज़रुर करेंगे।'[7]

अहिंसा का भावात्मक रूप प्रेम है – सामान्यत: अहिंसा को एक नकारात्मक प्रत्यय के रूप में ग्रहण किया जाता है किन्तु गाँधी जी ने अहिंसा का भावात्मक या सकारात्मक पक्ष भी विश्व के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने हिंसा के मनोविज्ञान को भली-भाँति समझा और इस नतीजे पर पहुँचे कि हिंसा के उदय हेतु क्रोध, घृणा, ईर्ष्या, प्रतिशोध, प्रतिस्पर्धा और अन्य

स्वार्थमयी मानवीय प्रवृत्तियाँ उत्तरदायी हैं। अत: उनकी दृष्टि में अहिंसा व्रत के पालन के लिये यह आवश्यक है कि मानव इन सब हीन वृत्तियों से विरत हो। गाँधी दर्शन में अहिंसा का धरातल अत्यन्त व्यापक और सहृदयता से ओतप्रोत है। गाँधी दर्शन में अहिंसा का केवल नकारात्मक अर्थ 'हिंसा का परित्याग' ही नहीं ग्रहण किया गया बल्कि उसमें प्रेम, सहृदयता, सहानुभूति, करुणा आदि भाव भी अनिवार्य रूप से समाहित हैं। हिन्दी साहित्य कोश के अनुसार 'गाँधी दर्शन के अन्तर्भूत अहिंसा में केवल द्वेष का अभाव ही नहीं प्रेम की सम्प्राप्ति भी है।'[8]

सत्य और अहिंसा का व्यावहारिक पक्ष सत्याग्रह है– सकारात्मक या सक्रिय अहिंसा का तात्पर्य केवल अन्य के प्रति सहृदयता प्रेम या करुणा रखना या अन्य की सहायता करना ही नहीं है बल्कि अन्याय या असत्य का प्रतिरोध करना भी है। इसलिये गाँधी इस प्रतिरोध को 'सत्याग्रह' कहते हैं। गाँधी दर्शन के आधार स्तंभ 'सत्य' और 'अहिंसा' का व्यावहारिक पक्ष सत्याग्रह है। सत्याग्रह के लिये अहिंसा अनिवार्य शर्त है। अहिंसा सत्याग्रह का प्राणतत्व है। गाँधी जी के शब्दों में 'सत्याग्रह का मतलब सत्य का सतत् शोध और उस शोध से शोधकर्ता को प्राप्त शक्ति है। यह शोध विशुद्ध रूप से अहिंसक उपायों से की जा सकती है।'[9]

गाँधी दर्शन का वैशिष्टय इस बात में निहित है कि जहाँ चिन्तन की अन्यान्य धाराओं में अहिंसा और प्रेम की अभिव्यक्ति मात्र वैयक्तिक साधना की प्रक्रिया ही हो कर रह जाती है वही गाँधी के लिये यह साधना वैयक्तिक प्रक्रिया होने के साथ–साथ सामूहिक, सामाजिक प्रक्रिया भी है। इसलिये वे शोषणमूलक और दमनकारी राज्य व्यवस्था या सामाजिक संरचना का विरोध करने हेतु प्रेमपूर्ण प्रतिरोध अर्थात् सत्याग्रह की अनुशंसा करते हैं।

राजनेता के तौर पर गाँधीजी ने भारत के स्वाधीनता संग्राम तथा अनेक सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु सत्याग्रह का सफल प्रयोग किया। दरअसल सत्याग्रह का प्रयोग वो पूर्व में सफलतापूर्वक दक्षिण आफ्रीका में कर चुके थे और इसके दर्शन को सुव्यवस्थित रूप में विकसित कर उसके प्रति पूर्ण आस्थावान हो चुके थे। हिंसा को समाज की प्रगति में बाधक बताते हुये सत्याग्रह के अहिंसक प्रयास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए वो कहते हैं 'सत्याग्रह लोकमत को शिक्षा देने की एक ऐसी प्रक्रिया है जो समाज के समस्त तत्तवों को प्रभावित करके अन्त में अजेय बन जाती है। हिंसा से इस प्रक्रिया में बाधा पहुँचती है और समाज की सच्ची क्रान्ति में विलम्ब होता है।'[10]

सत्याग्रह का सबसे बड़ा वैशिष्ट्य यह है कि सत्याग्रही अन्यायी के नैतिक उत्कर्ष को भी अपना दायित्व मानता है और इसलिये वह प्रतिपक्ष के अन्याय का प्रतिकार प्रेमपूर्ण व्यवहार द्वारा स्वयं कष्ट सहन कर करता है। दु:ख सहन की धारणा गाँधी दर्शन में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखती है। डॉ. विश्वनाथ नखणे के शब्दों में 'दु:ख सहन के सम्बन्ध में गाँधी के विचार न केवल उनके प्रबल धार्मिक विश्वास को प्रकट करते हैं बल्कि मानवचित्त की उनकी समझ को भी। वे मानते हैं कि सारे सामाजिक संघर्ष अविश्वास और क्रोध की उपज हैं। इन की जड़ें हृदय से निकालनी हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति का एक प्रभावी उपाय यह है कि प्रतिपक्षी के क्रोध को चुकने, भड़क लेने दिया जाए। प्रतिरोध करके हम उसके क्रोध को और भड़काते हैं, हम उसे जीतते नहीं। चुपचाप दु:ख सहन करके हम उसे अपने कार्य के विषय में सोचने को मजबूर करते हैं उसे अपनी भूल पहचानने का एक अवसर देते हैं। गाँधी का विख्यात् 'हृदय परिवर्तन द्वारा क्रान्ति' का सिद्धान्त इसी मनोवैज्ञानिक तथ्य पर आधारित है।'[11]

उपसंहार– गाँधी दर्शन का प्रधान लक्ष्य या साध्य 'सत्य' है और इस साध्य की प्राप्ति का साधन अहिंसा है। गाँधी जी की स्पष्ट मान्यता थी कि जितना पवित्र साध्य है उतना ही पवित्र साधन भी होना चाहिए। अहिंसा एक निषेध परक अवधारणा है किन्तु गाँधी इस शब्द की भावात्मक व्याख्या भी करते हैं। उनके अनुसार अपने भावात्मक रूप में अहिंसा प्रेम है। अपने विशुद्धतम रूप में अहिंसा का अर्थ है अधिकतम प्रेम। गाँधी जी के शब्द है 'जो हमसे प्रेम करते हों उन्ही के साथ प्रेम करना अहिंसा नहीं है। जो हमसे नफरत और द्वेष करते हों उनसे भी प्रेम करना वस्तुत: अहिंसा है।'[12]

वस्तुत: गाँधी जी जब अहिंसा को साधन और सत्य को साध्य कहते हैं तो यह भाषा की सीमा के कारण है। तथ्य तो यह है कि वो दोनों को अलग करके देख ही नहीं पाते। यदि सत्य ईश्वर है और अहिंसा धर्म है तो इसका निहितार्थ तो यही होगा कि अहिंसा नियम है और सत्य नियंता और गाँधी जी ने यह घोषणा अनेकश: की है कि ईश्वर और उसके नियम को अलग–अलग नहीं किया जा सकता।

गाँधी दर्शन के आधार स्तंभ 'सत्य' और 'अहिंसा' का व्यावहारिक पक्ष 'सत्याग्रह' है। सत्याग्रह के रूप में गाँधी जी ने एक ऐसी राजनीतिक प्रौद्योगिकी का अविष्कार किया जो शक्ति अर्थात हिंसा के नियम से नहीं बल्कि प्रेम अर्थात् नैतिकता के नियम से अनुप्राणित और संचालित होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सम्पूर्ण गाँधी वाग्मय खण्ड– 69, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार 1979, पृ. 23
2. डॉ. रामजी सिहं, गाँधी दर्शन मीमांसा, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1964, पृ. 17
3. पट्टाभि सीतारमैया गाँधी और गाँधीवाद, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, पृ. 24
4. डॉ. विश्वनाथ नखणे अनुवादक नेमिचन्द जैन, आधुनिक भारतीय चिंतन, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली 1966 पृ. 204
5. सम्पादक डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य कोश (भाग–एक) ज्ञान मंडल लिमिटेड, वाराणसी, 1958 पृ. 222
6. संपादक डॉ. गिरिराजशरण, गाँधी ने कहा था, प्रतिभा प्रतिष्ठान, दिल्ली 1958 पृ. 182
7. मोहनदास करमचन्द गाँधी, अनुवादक, अमृतलाल ठाकोरदास, मंगलप्रभात, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1958, पृ. 11,12
8. सम्पादक, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य कोश, (भाग एक) ज्ञान मंडल लिमिटेड, वाराणसी, 1958, पृ. 220
9. सम्पूर्ण गाँधी वांग्मय खण्ड 57, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार 1979, पृ. 380
10. संपादक गिरिराज किशोर, गाँधी ने कहा था, प्रतिभा प्रतिष्ठान नई दिल्ली 1958 पृ. 175
11. डॉ. विश्वनाथ नखणे अनुवादक नेमिचन्द जैन आधुनिक भारतीय चिंतन, राजकमल प्रकाशन नयी दिल्ली, 1966 पृ. 2
12. संपादक गिरिराज शरण गाँधी ने कहा था प्रतिभा प्रतिष्ठान, नयी दिल्ली, 1958, पृ. 46

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

आकड़ों की वर्तमान तथा भविष्य में महत्वपूर्णता एवं उपयोगिता पर एक अध्ययन

डॉ. लारेन्स कुमार बौद्ध*

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, चीनौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय में आकड़ों का जाल किसी भी क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम पाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है मानव, सरकारों,कर्मचारियों एवं अन्य क्षेत्रों में इसका उपयोंग रीड की हड्डी की तरह हो गया है कोई भी व्यक्ति बाजार से किसी बस्तु को खरीदने से पहले यह जानना चाहता है कि यह वस्तु कहॉ पर एवं बाजार में किस जगह मिलेगी। तभी वह घर से उस वस्तु को क्रय करने के लिए निकलता है उसी प्रकार से सरकारे भी अपने कर्मचारियों की सतत निगरानी के साथ–साथ उनकी कार्यक्षमता,दक्षता एवं योगयता को जान सकती है क्योंकि उनके पास समस्त कर्मचारियों के आकड़े होते है और सरकारों को आकड़ों के आधार पर विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं अभियानों का क्रियान्वयन करने में सुगमता मिलती है इसके लिए कुछ विशेष क्षेत्रों को चिन्हित करना, किन क्षेत्रों में कितना कार्य किस वर्ग विशेष के लिए करना है इस बात का ध्यान रखा जाता है इससे सरकार कों नागरिकों की जीवन सुविधाओं में सुधार करने के में मद्द मिलती है और नीतियॉ तैयार कर कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं उनमें आवश्यकतानुसार सुधार भी किए जाते है आकड़े वाणिज्यिक/नीतिगत परिणामों को अधिकतम करने के लिए उपभोक्ताओं और नागरिकों के व्यवहार पैटर्न की बेहतर समझ, सक्रियता और जरूरतों की बेहतर प्रत्याशा और इनके अनुरूप नीति समाधानों में सहयोग देना और अक्षमताओं को कम करते है इसलिए वर्तमान एवं भविष्य में आकड़ों की प्रासांगिकता उचित प्रतीत होती है।

प्रस्तावना – आकड़े संख्याओं का एक जाल है आकड़े ऐसी संख्याओं को परिभाशित करते है जो किसी विशेष उद्देश्य के लिए वर्तमान एवं भविष्य में अपनी उपयोगिता को दशति है आकड़े पहले एकत्रित किए जाते है यह कार्य मुख्य रूप से तो सबसे पहले अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किया जाता है जो कि आकड़ों का संकलन किसी विशेष उद्देश्य के लिए करते है कुछ आकड़े स्वमेव ही एकत्रित हो जाते है। जैसे आजकल बहुत सारी सेवा प्रदायकर्ता कम्पनियॉ है जिनके पास असंख्य लोगों के आकड़े संकलित है जब उपभोक्ता इन कम्पनियों से कोई सेवा लेना चाहता है तो वह सबसे पहले उनका सदस्य या ग्राहक बनता है और वह यूजर आई.डी. एवं लोगिन के माध्यम से अपना सामान्य एवं निजी डाटा सेवा प्रदायकर्त्ता कम्पनियों को उनकी आवश्यकतानुसार उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रपत्र में भरता है और इस तरह से कम्पनियों के पास बड़ी मात्रा में डाटा संकलित हो जाता है और संबंधित व्यक्ति कम्पनी द्वारा प्रदाय की गई सेवाओं का लाभ उठाता है इस प्रकार एक–एक से मिलकर असंख्य संखाए तैयार हो जाती है और वह आकड़ों का रूप ले लेती है जिनका बाद में विश्लेषण किया जाता है उसके पश्चात इन्हें आकड़ों या छवि के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

अध्ययन का उद्देश्य:

1. जब सरकार के पास आकड़े होते है तो उन्हें कल्याणकारी योजनाओं के सृजन में सहायता मिलती है और सरकार राज्य एवं क्षेत्रों की परिस्थिति अनुसार योजनाओं का संचालन करते है और समय–समय पर उनकी समीक्षा होती रहती है। जिस उद्देश्य के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है उनमें कितनी सफलता मिली है और उनके क्रियान्वयन में क्या बदलाव की आष्यकता है यदि बदलाव की आवश्यकता है तो वह राज्यों के किन जिलों में है उनकों चिन्हित किया जाता है फिर उनके अनुरूप योजनाओं में बदलाव कर उनकों पुन: कल्याण कार्य करने के लिए लागू किया जाता है आकड़े उपलब्ध होने पर बजट का भी सही अनुमान लगाया जा सकता है कोई भी प्रोत्साहन योजना यदि किसी राज्य में क्रियान्वित करना है उसके लिए कितने धन की आवश्यकता होगी उसके लिए बजट में प्रावधान करने में सफलता मिलती है जब सरकार के पास आकड़े उपलब्ध होते है।
2. वर्तमान समय में व्यक्ति प्रतिदिन आकड़ों का सृजन कर रहे है एक–दूसरे से बात करने, सूचनाए प्राप्त करने,वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय करने,विलों का भुगतान करने,वित्तीय बाजारों में लेनदेन एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी ईच्छानुसार इन आकड़ों को सरकारी एवं निजी सर्वरों पर डाल रहे है कुछ दशक पूर्व इन आकड़ों का संधारण करने के लिए व्यक्तिगत सर्वेक्षण करवाना पड़ता था आज वह स्वंमेव ही शून्य लागत पर संचित हो रहे है जो कि सरकार एवं अन्य उपयोगकत्ताओं के लिए बड़े हर्ष का विषय है क्योंकि इनकों यह आकड़े सहजता से एवं कम लागत पर प्राप्त हो रहे है वर्तमान समय में तकनीकी विकास के नित्य नए अनुसंधान से ऐसे डिजिटल उपकरण बाजार में उपलब्ध है जिनमें असंख्य पृष्ठों के आकड़े एक मुठ्ठी भर की डिवाइज में समा जाते है इससे इनके रखरखाव पर भी किसी प्रकार की समस्या नहीं आती है एवं इनको सहजता से कभी भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है जो कि बहुत ही औचित्यपूर्ण है।
3. आकड़ों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को संचालन करने में सहायता मिलती है जब सरकार या अन्य संस्थाओं के पास आकड़े होते है तों उनसे यह ज्ञात हो जाता है कि लोगों के कल्याण के लिए

जिन योजनाओं एवं अभियानों का क्रियान्वयन हो रहा है किस क्षेत्र में कितने लोग लाभान्वित हुए है जिन क्षेत्रों में कम लोग लाभांवित हुए है उन क्षेत्रों में या तों योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो या फिर वहॉ पर लोगों में जागरूकता का अभाव है जैसे कि वर्तमान समय में कोविड टीकाकरण का कार्य चल रहा है सरकार के पास प्रत्येक परिवार का डाटा है किस व्यक्ति को वैक्सीन लगी या नहीं लगी यह कार्य मतदाता सूची के आधार पर किया गया है क्योंकि मतदातासूची में 18 वर्ष से ऊपर के सभी युवक-युवतियों के नाम होते है जो पूर्व से संकलित डाटा है और कोविड टीकाकरण अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

शोध प्रविधि-प्रस्तुत अध्ययन प्रमुखत: द्वितीयक समंको पर आधारित है इसमें मुख्य रूप से समाचार पत्र,पत्रिकाओं एवं इन्टरनेट वेबसाइड का सहारा लिया गया है।

उपकल्पना:

1. किसी भी योजना के क्रियान्वयन में आकड़े महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।
2. डिजिटलीकरण के युग में आकड़े एकत्रित करना आसान हो गया है।

भारत में डाटा संग्रहण की स्थिति- हमारे देश में डाटा संग्रहण की व्यवस्था अत्यधिक विकेंद्रित स्थिति में है। सामाजिक कल्याण से सम्बन्धित आकड़े एकत्रित करने की जिम्मेदारी संबंधित संघीय मंत्रालय और राज्य समकक्षों की है एक मंत्रालय द्वारा एकत्रित किए गए आकड़ो को दूसरे मंत्रालय द्वारा एकत्रित किए गए आकड़ों से पृथक रखा जाता है। चाहे वे वाहन पंजीकरण से संबन्धित हो या शिक्षा एवं स्वामित्व संबंधी अभिलेख एवं अन्य इस तरह से प्रत्येक मंत्रालय के पास व्यक्तियों /फर्मो के आकड़ों का एक छोटा सा पृथक अंश ही होता है इन छोटे-छोटे पृथक अंशों को एक साथ मिलाने के प्रयास की ओर हम अग्रसर हो रहे है जैसे कि आधार कार्ड को पैन डाटाबेस,बैकखातों,मोबाइल न. आदि से जोड़ने का कार्य चल रहा है इस तरह से प्रत्येक नागरिक की व्यापक सर्वांगीण सूचना सरकार के पास संकलित हो जायगी जो सरकार को सशक्त बनाने का काम करेगी और यह सरकार को कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा वितरण में सहायता करेगी जब डाटा डिजिटल तरीके के इकठ्ठा होता है इसे उपयुक्त समय में संग्रहीत किया जाना चाहिए और मौजूद डाटा के साथ समेकित किया जाए तो इस प्रकार से डाटा की भरमार हो जायगी इस प्रचुर मात्रा में उपलब्ध डाटा से शासन को बदलने में पर्याप्त क्षमता है लेकिन इस क्षमता को हासिल करने के लिए पर्याप्त कौशल की आवश्यकता है तभी इस डाटा का उपयोग सभी प्रशानिक स्तरों पर हो पाना सम्भव है वास्तविक समय में डाटा का उपयोग करने के लिए विश्लेषण करने के साथ-साथ डाटा को एक अर्थपूर्ण सूचना में परिवर्तित करने के लिए अपनी आंतरिक क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। डाटा का संधारण करने के लिए प्रत्येक सरकारी विभाग में एक इन्साइड प्रभाग की व्यवस्था होनी चाहिए वह डाटा संग्रहण,संरक्षण के साथ-साथ डाटा की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए सरकार एवं अन्य संस्थाओं के लिए चुनौती उस समय उत्पन्न हो जाती है जहॉ लोग अपना डाटा प्रकट नहीं करना चाहते है और वह हमेशा उस विकल्प का चयन कर, सर्वेक्षण में भाग न लेकर और लोग इसके लिए स्वतन्त्र भी है लेकिन इसके अपवादस्वरूप यदि बिना लाइसेंस एवं बिना रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र के वाहन नहीं खरीद सकते है यदि इसे अनिवार्य नहीं बनाया जाए तो सम्पत्ति के अधिकार के कार्यानवयन,सड़क सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है जिसके साथ समझौता नहीं किया जा सकता है।

निष्कर्ष- उपरोक्त अध्ययन से स्पष्ट होता है कि आकड़े सरकार एवं नागरिकों के लिए वर्तमान से लेकर भविष्य में भी अपनी महत्वपूर्णता को प्रकट कर रहे है वर्तमान में सामाजिक स्तर पर आकड़ो का प्रयोग पहले की तुलना में अधिक हो रहा है और निजी क्षेत्र द्वारा इन आकड़ों का पूरा लाभ ले रहे है। अपनी व्यावसायिक एवं अन्य गतिविधियों के संचालन में और सरकार के पास नागरिकों के बारे में प्रशासनिक सर्वेक्षण, संस्थागत और संव्यहार संबंधी आकड़े उपलब्ध है इसलिए सरकार को सभी प्रकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होती है अत: अध्ययन की प्रथम उपकल्पना स्वंयसिद्ध होती है वर्तमान डिजिटलीकरण के युग में नई-नई तकनीकी के आने एवं अनुसंधान के माध्यम से ऐसे डिवाइस तैयार किए गए है जिनमें असंख्य मात्रा में आकड़ों को रखा जा सकता है अत: अध्ययन की द्वितीय उपकल्पना स्वंयसिद्ध होती है

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. रिसर्च मेथोडोलोजी-डॉ.सी.एम.चौधरी(2005) आ.बी.एस.ए. पब्लिकेशन्स जयपुर।
2. द् हिन्दू, इण्यिन एक्सप्रेस, दैनिक भास्कर।
3. इन्टरनेट, वेबसाइट।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

जनजातियों का परिचयात्मक अध्ययन : राजस्थान के सन्दर्भ में

श्रीमती वर्षा चुण्डावत* डॉ. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत**

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, देवगढ़, राजसमन्द (राज.) भारत
** सहायक आचार्य (इतिहास) (राज.) भारत

शोध सारांश – भारत में आदिकाल से वन क्षेत्र में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति को भूमिपुत्र माना गया हैं जिसने अपने भौगोलिक एकांत को सहेजते हुए सांस्कृतिक वैशिष्टय बनाये रखा परन्तु इनके उद्भव के सन्दर्भ में कई मत–मतान्तर हैं जो कि सकारात्मक व नकारात्मक अवधारणाओं से युक्त हैं। भारत के प्राचीनतम लिखित ग्रन्थ वेदों में इनका उल्लेख प्राप्त होता है। सम्पूर्ण भारत में विभिन्न प्रकार के आदिवासी निवासरत है।
शब्द कुंजी –आदिवासी, जनजाति।

प्रस्तावना – भारत वर्ष में 'आदिवासियों' को 'वनवासी' और 'गिरिजन' नाम से भी पुकारते हैं।[1] आदिवासी अर्थात् इस देश के मूल निवासी या प्राचीन आदिकाल से निवास कर रहे निवासी हैं। ये जनजाति भारत की प्राचीनतम जाति हैं। इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय हैं कि उन्होंने जंगलों व एकांत से अत्यधिक प्रेम होने के कारण हरीतिमा आच्छादित वनों में नदियों के किनारे पर्वतों के संग निवास करना पसंद किया ,या फिर एक अन्य भौतिकवादी अवधारणा के अनुसार सभ्यता के विकास के साथ सुसंस्कृत समुदायों ने उन्हें पहाड़ों और जंगलों की ओर धकेल दिया। जब उनको 'गिरिजन या वनवासी' कहा जाता हैं तो तात्पर्य हुआ हैं कि वे पहाड़ों और जंगलों में रहते हैं। सदियों से पहाड़ों और जंगलों में रहने वाले ये आदिवासी अपना जीवन निर्वाह जंगल और उसकी उपज से करते रहे परन्तु वर्तमान में परिदृश्य बदल रहा है।

इतिहास और अर्थव्यवस्था के प्रारम्भिक दौर में आदिवासी केवल जीविकोपार्जन अर्थव्यवस्था तक सीमित थे। वे उतना ही पैदा करते थे जितना जीवित रहने के लिए आवश्यक था। यदि बाजार में बेचने के लिये कुछ अतिरिक्त उत्पादन करते तो केवल इतना ही कि वे कपड़ा, नमक और मसाले जैसी आधारभुत आवश्यकताओं को बाजार से खरीद कर पूरा कर सकें। खेती तो उनके जीवन में तब आयी जब गैर–आदिवासी जातियाँ आदिवासी अंचल में आयीं या पहाड़ी व जंगल क्षेत्र के आदिवासी प्रवासी होकर मैदानों में बस गये। सब मिलाकर आदिवासियों के खेतीबाड़ी करने का इतिहास कोई अधिक पुराना नहीं है।[2]

आदिवासियों के बारें में कहा जाता है कि ये ईस्वी सन् के शताब्दियों पूर्व उत्तरी –पूर्वी पहाड़ी घाटियों से भारत में आई होगी। आक्रमण के कारण इन जातियों को जंगलों व पहाड़ों में शरण लेनी पड़ी होगी। मेजर इरस्किन का मानना है कि भील ईसा पूर्व में ही किसी पूर्वोत्तर देश से भारत में आये। जबकि कर्नल टॉड इन्हें 'वनपुत्र' या 'भूमिपुत्र' कह कर भारत का मूल निवासी ही मानते है। राजपूतों से भी भीलों का सामंजस्य विशेष रूप से बताया गया है। वीर विनोद के लेखक कवि श्यामदास ने मेवाड़ के राजपूतों से भीलों के विकास का वर्णन किया है।[3]

आदिवासियों की देश भर में उनकी बसावट एक समान नहीं है। कुछ राज्यों में आदिवासी बहुत अधिक संख्या में हैं। कुछ में उनका प्रतिशत थोड़ा है और कुछ राज्यों में वे नगण्य हैं। मध्यप्रदेश, बिहार, उड़ीसा, राजस्थान और गुजरात ऐसे राज्य हैं जिनमें आदिवासी बहुत अधिक संख्या में मिलते हैं। उत्तर–पूर्व के छोटे–छोटे राज्य नागालैण्ड, मिजोरम, अरूणाचल, मणिपुर आदि ऐसे राज्य हैं जिनमें अपवाद रूप में गैर–आदिवासी रहते हैं। कर्नाटक एवं तमिलनाडु की आदिवासी जनसंख्या अपेक्षित रूप से थोड़ी है। केरल जैसे राज्य में आदिवासी नगण्य हैं।इसके साथ ये भी दृष्टव्य होता हैं कि सभी आदिवासी विकास की विभिन्न अवस्थाओं में हैं। जहाँ उत्तार भारत के भोटिया–खानाबदोश तथा खाद्य संग्राहक अवस्था में हैं वहां धनबाद (बिहार) के आदिवासी औद्योगिक क्षेत्र में काम करते हैं। विकास की विभिन्नता के चलते उनकी परिस्थितियां भी भिन्न–भिन्न हैं।[4]

राजस्थान में 1981 की जनगणना के अनुसार आदिवासियों की कुल संख्या लगभग 41.83 लाख थी। जहाँ देश में जनजातियों का प्रतिशत सम्पूर्ण जनसंख्या का 7.5 है, वहाँ राजस्थान में यह प्रतिशत 12.21 है। यहाँ के आदिवासियों में मीणा और भील प्रमुख हैं। यदि जनसंख्या की दृष्टि से देखें तो देश में गोण्ड प्रथम हैं। दूसरे स्थान पर संथाल हैं। तीसरा दर्जा भीलों का है। राजस्थान में मीणा एवं भील के अतिरिक्त डामोर, गरासिया और सहेरिया अन्य महत्त्वपूर्ण समूह हैं। इनके अतिरिक्त एक समूह कथौड़ी का है जो महाराष्ट्र से आकर यहाँ बस गया। इनके अतिरिक्त धानका तथा कोली भी हैं। राजस्थान के आदिवासियों के बारे में मजेदार बात यह है कि ये समूह अन्तराज्य सीमाओं पर बहुत मात्रा में पाये जाते हैं। राजस्थान की दक्षिणी सीमाएं गुजरात और मध्यप्रदेश राज्यों को छूती हैं और राज्यों की सीमाओं को जोड़ने वाला अंचल ही वस्तुत: आदिवासी बहुल है।[5]

राजस्थान में आदिवासी समूह – लगभग एक दर्जन आदिवासी समूहों में से छह आदिवासी समूह महत्तवपूर्ण है। ये समूह हैं रू मीणा, भील, डामोर, गरासिया, सहेरिया तथा कथौड़ी। इनकी बसावट भी राज्य भर में बिखरी हुई न होकर एक निश्चित भू–भाग में है। यदि राजस्थान के आदिवासियों को जनसंख्या की दृष्टि से किसी सोपान में रखा जाये तो सर्वोपरि मीणा और दूसरा दर्जा भीलों का होगा। यों राष्ट्रीय स्तर पर भील तीसरा सबसे बड़ा आदिवासी समूह है।[6]

भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान के आदिवासियों को निम्नलिखित चार मण्डलों में बांट सकते हैं –

(1) मेवाड़–वागड़–कांठल का प्रथम मण्डल : इस मण्डल में राज्य के दक्षिण क्षेत्र के जिले आते हैं। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, राजसमंद, प्रतापगढ़, उदयपुर तथा चित्तौड़गढ़ जिलों में भील, डामोर और कथौड़ी पाये जाते हैं।

(2) गोडवाड़ का द्वितीय मण्डल : इस मण्डल में सिरोही व पाली जिले आते हैं। इनमें गरासिया बहुल संख्या में हैं।

(3) ढूंढाढ–शेखावाटी का तृतीय मण्डल : इसके अन्तर्गत जयपुर, सीकर और अलवर जिले हैं। इनमें मीणा बहुतायत रूप में पाये जाते हैं।

(4) माल खेराड–हाडौती का चतुर्थ मण्डल : टोंक, बून्दी, कोटा और झालावाड़ इस मण्डल के अन्तर्गत आते हैं। इनमें भील और मीणा मिले जुले रूप में पाये जाते हैं। कोटा जिले की किशनगंज और शाहाबाद तहसीलों में मुख्य रूप से सहेरिया आदिवासी पाये जाते हैं।[7]

अनुसूचित जनजातियों के अतिरिक्त राज्य के विभिन्न भागों में कुछ समूह भी पाये जाते हैं जो अनुसूचित समुदाय तथा खानाबदोशी समूह हैं। एक ऐसे समूह और भी है जिसे अर्द्ध–खानाबदोश कहते हैं। अनुसूचित में बोरी, कंजर, सांसी, बागरी, जाट, भाट आदि सम्मिलित हैं। खानाबदोश में बन्जारा, गाडोल्या लुहार, कालबेलिया, सिकलीगर और कुछ दूसरे समूह हैं। अर्द्ध–खानाबदोश में रेबारी, जोगी, मसानी और अन्य समूह सम्मिलित हैं।[8]

जनजातीय समुदाय – राजस्थान में अधिनियम 1976 के अनुसार निम्नलिखित अनुसूचित जनजातियाँ निवास करती हैं

(1) भील, भील–गरासिया, ढोली भील, ड्रॅगरी भील, ड्रॅगरी गरासिया, मेवासी भील, रावल भील, तड़वी भील, भागलिया, भिलाला, पावरा, वसावा, वसावे।

(2) भील–मीणा[9]

(3) डामोर, डामरिया[10]

(4) धानका तड़वी, वालवी, तेतड़िया

(5) गरासिया (राजपूत गरासियों को छोड़कर)

(6) कथोड़ी, कतकड़ी, ढ़ोर कथोड़ी, सोन कथोड़ी, सोन कतकड़ी।

(7) कोकना, कोकनी, कूकना

(8) कोली ढोर, टोकरे कोली, कोचला, कोलघा

(9) मीणा

(10) नायकड़ा, नायका, चोलीयावाला नायका, कापड़िया नायका, मोटा नायका, नाना नायका

(11) पटेलिया

(12) सहरिया सहारिया, सेरिया, सहेरिया।[11]

राजस्थान के जनजातीय समुदाय का सर्वाधिक 33 प्रतिशत भाग भील व मीणा समुदाय का है। अन्य प्रमुख जनजातियों में गरासिया, डामोर, सहरिया एवं कथौड़ी हैं। धानका, नायका, कोकना, कोलीवीर, पटेलिया आदि प्रमुख अल्पसंख्यक जनजातियों में हैं।[12]

आदिवासियों के उल्लेख धार्मिक ग्रन्थों, पुराणों, उपनिषदों और महाकाव्यों में जगह–जगह पर मिलते हैं। भगवत पुराण में उल्लेख है कि राजा वेण का पुत्र अंग बड़ा अत्याचारी था। वह अपनी प्रजा पर मनमाने अन्याय करता था। उसने लोगों से कहा था कि वे उसकी पूजा करें और यज्ञ करना बंद कर दें। राजा अंग दुराचारी था। उसने ऋषियों और साधुओं को भी नहीं छोड़ा। इन ऋषियों ने परेशान होकर अंग को मरने का श्राप दिया। अंग का और कोई उत्तराधिकारी नहीं था। उसके मृत शरीर से ऋषियों ने निषाद को पैदा किया। निषाद का काम कानून और जाब्ते को बनाये रखना था। निषाद कौओं की तरह काला था। उसकी नाक चपटी और आंखें लाल सूर्ख थीं। उसकी संतान जंगलों और पहाड़ों में रहती थी। भगवद् पुराण अंग के शरीर से उत्पन्न निषाद संतान को ही गिरिजन या वनवासी बताता है। महाभारत में जिस एकलव्य का नाम आता है, वह आदिवासी भील था। राम को, प्रेम विभोर होकर, जूठे बेर खिलाने वाली शबरी भी आदिवासी थी।[13]

भौतिक मानवशास्त्रियों ने भारत के आदिवासियों की प्रजातीय संरचना का अध्ययन किया है। उन्होंने कई निष्कर्ष निकाले हैं। अपनी जगह पर इस तरह की प्रजातीय बनावट का अभ्यास महत्त्वपूर्ण है। लेकिन पिछले कोई 200–300 वर्षों में स्वयं आदिवासियों तथा गैर–आदिवासियों में इस प्रकार आंतरिक प्रजनन हुआ है कि कोई भी जातीय समूह अपने विशुद्ध रूप में नहीं पाया जाता। अत: आज के इस युग में प्रजातीय उत्पत्ति की खोज बेमतलब दिखायी देती है और फिर उसका कोई सामाजिक महत्तव भी नहीं रहा।[14]

भूमिपुत्र आदिवासी – प्रजातीय आधार पर विद्वान नरेंद्र व्यास व महेंद्र भानावत लिखते हैं कि आदिवासी समूह न तो द्रविड़ प्रजाति के हैं और न आर्य प्रजाति के। निश्चित रूप से द्रविड़ों की संस्कृति आदिवासी समूहों से बेहतर थी। इसी तरह आर्य सभ्यता भी आदिवासी सभ्यता से ऊँची थी। यह सब देखते हुए कहा जाना चाहिए कि आदिवासी समूह वे समूह हैं जो इस देश में द्रविड़ों और आर्यों से पहले आये हैं। प्रारम्भ में ये आदिवासी मैदानों में रहते थे। वे इस भू–भाग के राजा–महाराजा थे। फिर द्रविड़ आये। उन्होंने आदिवासी समूहों को पहाड़ों और जंगलों की ओर धकेला। द्रविड़ सभ्यता के नष्ट होने के बाद आर्य सभ्यता आयी। आर्यों ने भी आदिवासियों को पुन: मैदानों में नहीं आने दिया। ये समूह पहाड़ों व वनों में रहकर जीविकोपार्जन करने लगे।[15]

आदिवासी उद्भव – आदिवासियों की उत्पत्ति के सन्दर्भ में डॉ. महेन्द्र भानावत बताते हैं कि आबू के अग्निकुण्ड से चव्हाण या चौहान वंश का अभ्युदय हुआ। इस वंश में एक नरू नामक राजा हुआ जो किसी युद्ध में विजय की प्रसन्नता में कलाली (महुए से शराब या मदिरा का देशी तरीके से निर्माण करने वाले) के घर घुस गया और खूब छककर दारू या मदिरा का सेवन किया। कुछ समय बाद जब उसे तेज भूख लगी तो पाड़ा काट खाया। ये दोनों ही कार्य उसकी प्रतिष्ठा और मर्यादा के अनुकूल नहीं थे। सुबह जब राजा नरू का मद उतरा और उसके राज्य के सरदारों की नजर पाड़े की पूंछ पर पड़ी तो बात फैल गई कि नरू राजा तो आधी में ही बास गया था। पाड़ा खाने से वटल गया था। लोगों में एक कान से दूसरे कान बात फूटी कि नरू राजा आधी (अर्द्धरात्रि) में वासी (वासने–बदबू देने वाला) हो गया। इससे लोग उसे 'आधी–वासी' कहने लग गये। इसी आधीवासी से कालान्तर में 'आदिवासी' नाम चल पड़ा।[16]

'भील' शब्द की उत्पत्ति द्रविड़ भाषा के 'बील' शब्द से हुइ है जिसका अर्थ धनुष में प्रयुक्त की जाने वाली 'कमान' से हैं। इस शब्द का प्रयोग 600 ई. से प्रारम्भ हुआ। इसी प्रकार 'मीणा' शब्द की उत्पत्ति 'मीन' शब्द से हुइ है जिसका शाब्दिक अर्थ मछली हैं। ये जनजाति अपना सम्बन्ध भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार से मानते हैं। इसी तरह ग्रास या आजीविका निर्वाह जितने साधन प्राप्त होने से या गिरिवासी अर्थात् पहाड़ों में निवास

करने और चौथ वसूली के लिए गिरोह(गिरोहिया) में रहने से एक जनजाति 'गरासिया' कहलाई। 'सहरिया' शब्द की उत्पत्ति अरबी शब्द 'शेर' से हुई जिसका तात्पर्य जंगल से होता हैं। जंगल में निवास करने के कारण मुस्लिम शासकों ने इनको ये नाम दिया। इसका शाब्दिक अर्थ अनुसार सा–हारिया (सा–हाथी,हरिया–शेर) से हैं जिसका अर्थ शेर का साथी होने से हैं।[17]

डामोर जनजाति के आदिवासी मूलत: गुजरात में निवासरत थे जो कालांतर में राजस्थान आ गए।[18] सुज्ञात हैं कि मेवाड़ दवागड़ क्षेत्र गुजरात से भौगोलिक समीपता रखता हैं। राजस्थान में डामोर मुख्य रूप से उदयपुर, बाँसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिला व इसके सीमावर्ती राज्य, जैसे गुजरात व मध्य प्रदेश में निवास करते हैं। इनकी अधिकांशत: सांस्कृतिक पहचान गुजरात से मिलती–जुलती है।[19] डामोरों की मान्यता अनुसार वे स्वयं को भगवान मनजी के वंशज हैं और ये डोम का पानी पीने से भगवान मनजी के वंशज डामोर कहलाए। अधिकांश डामोर अपनी उत्पत्ति राजपूतों से मानते हैं व कुछ भीलो से कुछ डामोर जनजाति अपने गोत्र के आधार पर स्वयं को उच्च कहते हैं, जबकि कुछ डामोर को समाज में निम्न स्थान प्राप्त है।[20] अत: उच्च और निम्न डामोर होने की स्थिति में सामाजिक भेदभाव और वैवाहिक प्रतिबन्ध का पालन किया जाता है। डामोर जनजाति में सभी गोत्र अपने–अपने पौराणिक लोकोक्ति एवं किंवदंती के आधार पर स्वयं को श्रेष्ठ मानते हैं। इनके मुख्य गोत्र परमार पाण्डोर, पुजारा, गोधा, खराड़ी, कटारा, सिसोदिया, भरतीया पादरिया खाँट, राठौड़, चौहान, सोलंकी, साटोलियाध्सारोदिया, बारिया, मालवीया, मालीवाड़, कोयला, पगी, आमलिया, पटेल, कोटवाल, हिंडोर, बामनिया, सरल, बारोद, बुज, माल, सरपोटा आदि है।[21] इनकी भाषाएँ गुजराती व स्थानीय भाषाएँ मिश्रित हैं। ये अपने घरों में सामान्यत: वागड़ी और मेवाड़ी बोलते है।[22] स्वयं के सर्वे के दौरान मालवी भाषा का प्रभाव भी यहाँ पर दृष्टव्य अनुभूत हुआ हैं।

इतिहासकार कविराज श्यामलदास अपने ग्रन्थ 'वीर विनोद' में सिरोही की तवारीख में सिरोही राज्य के आदिवासियों के सन्दर्भ में 1886 ई. में लिखते हैं कि '..... सिरोही में ब्राह्मण, राजपूत, बनिया, गुसाई, वैरागी वगैरह कई कौम के मनुष्य बसते हैं य कुणबी, रैवारी और ढेड़ भी बहुत हैंय लेकिन सबसे बड़ा गिरोह आबादी का ग्रासिया, मीना और भीलों को ही समझना चाहिय, सिरोहीके राज्यमें उत्तारकी तरफ मीने और पश्चिम में भील जियादह आबाद हैं, जो लूट मार व बौलाई से अपना गुजर करते हैं य खेती सिर्फ बर्सात की फस्ल में बोते हैं, ग्रासिया कौम के लोग भीलों की तरह हर एक जानवर को नहीं खाते, वे गाय और सिफेद जानवरको पाक समझते हैं, और गायको पूजते हैं य लेकिन काली भेड़ या बकरी को खा लेते हैं, कोली, जिनको इस राज्य में गुजरातसे आकर बसे हुए 13 वर्ष से जियादह अर्सह हुआ, खेती का पेशह करते हैं. इस इलाके की बोली मारवाड़ी और गुजराती भाषा से मिली हुई है.....'[23]

इतिहासकार कविराज श्यामलदास अपने ग्रन्थ 'वीर विनोद' में जयपुर का जुग्राफियह में जयपुर राज्य के आदिवासियों के सन्दर्भ में 1886 ई. में लिखते हैं कि '..... जात, फिर्कह और कौम– रियासत में ब्राह्मण, राजपूत, साधू, बनिया, कायस्थ, गूजर, जाट, अहीर, मीने, मुहम्मदी, काइमखानी, बगैरह कई कौम है. ..... पूर्वी सीमा के पास और दक्षिण पूर्व में मीने जियादह हैं, जिनकी तादाद राजपूत कोम के बराबर समझी जाती है '..... और मीने, जिनका कब्जह राजपूतों के आने से पहिले जयपुर की जमीन पर था, दो तरह के हैं य एक चौकीदार और लुटेरे, दूसरे जमींदार खेती करने वाले. .....'[24] सुज्ञात हैं कि आरक्षण प्राप्त जयपुर के जमींदार मीणा स्वयं को चौकीदार मीणा से उच्च मानते हैं और वर्तमान में आरक्षण का सर्वाधिक लाभ लेकर आसमान छुने की ओर अग्रसर हैं।

अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन काल में 'बांटों और राज करों' की नीति के आधार पर मैक्समूलर और लार्ड रिस्ली जैसे तथाकथित विद्वानों ने नस्ल विज्ञान का आविष्कार करके आर्य–अनार्य सहित जनजाति, जाति–वर्ण व्यवस्था को रुढ्रिबद्ध किया और भारत को विभाजित करने का कार्य किया। परन्तु इस नस्लवाद का खंडन स्वयं डॉ. भीमराव अम्बेडकर (1891–1956) करते हैं जो एक दलित नेता और भारतीय संविधान के निर्माता भी थे, प्राचीन भारतीय समाज के इतिहासकार और विद्वान थे। मानवशास्त्रियों द्वारा प्रकाशित भारत भर की विभिन्न जातियों की विशाल नासिक तालिका के आँकड़ों का अध्ययन करने के बाद वे एक उल्लेखनीय निष्कर्ष पर पहुँचे, जिसके लिए उन्होंने रिस्ली के ही आँकड़ों का उपयोग उनके शोध को गलत प्रमाणित करने के लिए किया, '....ख्नाकों के, नाप यह स्थापित करते हैं कि ब्राह्मण और अछूत एक ही नस्ल के हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि अगर ब्राह्मण आर्य हैं तो अछूत भी आर्य हैं। अगर ब्राह्मण द्रविड़ हैं तो अछूत भी द्रविड़ हैं। अगर ब्राह्मण नागा हैं, तो अछूत भी नागा है। अगर ऐसा ही तथ्य है तो इस सिद्धान्त को... बेशक झूठी बुनियाद पर आधारित कहा जाना चाहिए...।'[25] इसी प्रकार के नस्लवाद का खंडन विद्वान युवाल नोआ हरारी अपनी अंतरराष्ट्रीय बेस्टसेलर पुस्तक 'सेपियंस,मानव जाति का संक्षिप्त इतिहास' में करते हैं।[26]

निष्कर्ष –प्रतीत ये ही होता है कि सम्पूर्ण मानव जाति होमो सेपियंस की ही वंशज है परन्तु अपनेहअपने भौगोलिक निवास वैशिष्ट्य ने पृथक–पृथक संस्कृति एवं भिन्न–भिन्न शारीरिक वैशिष्ट्य को सृजित किया है जिसे कई नकारात्मक लोगों ने नस्लवाद या आर्य–अनार्य या जाति–जनजाति का नाम दे दिया। वस्तुत: हम सभी एक ही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यास,नरेंद्र एवं भानावत,महेंद्र (2012), जनजाति जीवन और संस्कृति, सुभद्रा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ सं. 21
2. वही, पृष्ठ सं. 21
3. देपाल, शशि (2018), राजस्थान का बदलता सामजिक स्वरुप, राजस्थानी ग्रंथागार , जोधपुर, पृष्ठ सं. 169
4. व्यास,नरेंद्र एवं भानावत,महेंद्र (2012), जनजाति जीवन और संस्कृति, सुभद्रा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ सं.46
5. व्यास,नरेंद्र एवं भानावत,महेंद्र (2012), जनजाति जीवन और संस्कृति, सुभद्रा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ सं. 21–22
6. वही, पृष्ठ सं.28
7. देपाल, शशि (2018), राजस्थान का बदलता सामजिक स्वरुप, राजस्थानी ग्रंथागार , जोधपुर, पृष्ठ सं. 174
8. व्यास,नरेंद्र एवं भानावत,महेंद्र (2012), जनजाति जीवन और संस्कृति, सुभद्रा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ सं. 28
9. वही, पृष्ठ सं.30–31
10. झा,आर.सी.प्रसाद,(2020)डामोर (डामरिया) जनजाति की गोदना परंपरा का मानव शास्त्रीय अध्ययन, शोध पत्रिका(सम्पा.) जीवन सिंह खरकवाल, साहित्य संस्थान, उदयपुर, अंक 1– 4(पूर्णांक

282-285),पृष्ठ सं. 100
11. देपाल, शशि (2018), राजस्थान का बदलता सामजिक स्वरुप, राजस्थानी ग्रंथागार , जोधपुर, पृष्ठ सं.173-174
12. व्यास,नरेंद्र एवं भानावत,महेंद्र (2012), जनजाति जीवन और संस्कृति, सुभद्रा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ सं. 30-31
13. वही, पृष्ठ सं.35
14. वही, पृष्ठ सं.35
15. व्यास,नरेंद्र एवं भानावत,महेंद्र (2012), जनजाति जीवन और संस्कृति, सुभद्रा पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, पृष्ठ सं. 35-36
16. वही, पृष्ठ सं.37-38
17. देपाल, शशि (2018), राजस्थान का बदलता सामजिक स्वरुप, राजस्थानी ग्रंथागार , जोधपुर, पृष्ठ सं.179 -184
18. विश्वास, डी. पी. (1998), डामोर/डामरिया, पीपुल ऑफ इंडिया (के. एस. सिंह सम्पा.),पोपुलर प्रकाशन, मुम्बई, पृष्ठ सं.296-299
19. झा,आर.सी.प्रसाद,(2020)डामोर (डामरिया) जनजाति की गोदना परंपरा का मानव शास्त्रीय अध्ययन, शोध पत्रिका(सम्पा.) जीवन सिंह खरकवाल, साहित्य संस्थान, उदयपुर, अंक 1-4(पूर्णांक 282-285),पृष्ठ सं. 102
20. मेहता, प्रकाश चन्द्र (1993),भारत के आदिवासी,शिवा पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स, उदयपुर, पृष्ठ सं. 192-206 / झा,आर.सी.प्रसाद, (2020)डामोर (डामरिया) जनजाति की गोदना परंपरा का मानव शास्त्रीय अध्ययन, शोध पत्रिका(सम्पा.) जीवन सिंह खरकवाल, साहित्य संस्थान, उदयपुर, अंक 1-4(पूर्णांक 282-285),पृष्ठ सं. 103
21. मेहता, प्रकाश चन्द्र (1993),भारत के आदिवासी,शिवा पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स, उदयपुर, पृष्ठ सं. 192-206 य विश्वास, डी. पी. (1998), डामोर/डामरिया, पीपुल ऑफ इंडिया (के. एस. सिंह सम्पा.),पोपुलर प्रकाशन, मुम्बई, पृष्ठ सं.296-299य दोषी, शम्भुलाल एवं नरेन्द्र एन. व्यास (1992),राजस्थान की अनुसूचित जनजातियाँ,हिमांशु पब्लिकेशंस, नई दिल्ली, पृष्ठ सं.119-127
22. झा,आर.सी.प्रसाद,(2020)डामोर (डामरिया) जनजाति की गोदना परंपरा का मानव शास्त्रीय अध्ययन, शोध पत्रिका(सम्पा.) जीवन सिंह खरकवाल, साहित्य संस्थान, उदयपुर, अंक 1 ह 4(पूर्णांक 282-285),पृष्ठ सं. 103
23. श्यामलदास, कविराज (2017), वीर विनोद,महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट, उदयपुर एवं राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, पृष्ठ सं. 1079
24. श्यामलदास, कविराज (2017), वीर विनोद,महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट, उदयपुर एवं राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, पृष्ठ सं. 1254
25. मल्होत्रा,राजीव एवं नीलकंदन, अरविन्दन (2013), भारत विखंडन, (अनु.) देवेन्द्र सिंह, सुरेश चिपलूणकर, हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया, नौएडा,पृष्ठ सं, 71-80
26. हरारी, युवाल नोआ (2019), सेपियंस मानव जाति का संक्षिप्त इतिहास, (अनु.) मदन सोनी, मंजुल पब्लिशिंग हाउस, भोपाल,पृष्ठ सं. 156 -160

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Effect of Parental Involvement on Academic Procrastination, Academic Anxiety and Career Aspiration of Senior Secondary School Students of District Fazilka

Dr. Preeti Grover* Shiana**

*Assistant Professor (Education) Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA
** Research Scholar (Education) Tantia University, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

Abstract - The present paper is an attempt to study the effect of parental involvement on academic procrastination, academic anxiety and career aspiration of senior secondary students of District Fazilka. In order to conduct the present study, 400 students were selected randomly from the senior secondary schools of Fazilka District of Punjab. The tool for collecting data was parental involvement scale developed by Rita Chopra and Surabala Sahoo, Academic procrastination scale by A. K. Kalia and Manju Yadav, Academic Anxiety scale by A.K. Singh and A.Sen Gupta and Career Aspiration Scale by Sarita Anand were used. The present study concluded that parental involvement has a significant impact on academic procrastination, academic anxiety and career aspiration of senior secondary students of District Fazilka. In this, parental involvement and academic procrastination and academic anxiety are negatively correlated while parental involvement and career aspiration are found to be positively correlated. This means that parents have a significant role to play in the life of their children.
Keywords- Academic Achievement, Parental Involvement, Senior Secondary Students.

Introduction - Parent involvement in a child's early education is consistently found to be positively associated with a child's personality. Specifically, children whose parents are more involved in them have higher levels of personality traits than children whose parents are involved to a lesser degree. Parent-child interactions, specifically stimulating and responsive parenting practices, are important influences on a child's academic procrastination, academic anxiety and career aspiration. Parents' active involvement in framing their children's personality has a positive and noteworthy impact on children's lives, including their development, behaviour, motivation and academic performance etc. Children of parents who are involved in their academic work are regularly attend school, act better, do better academically from kindergarten through high school, go farther in school and go to better schools. By becoming enthusiastically involved in their children at home and in school, parents send clear messages to their children; demonstrating their interest in their activities and strengthening the idea that school is important. Financial solvency and positive ambition of parents seem to have a principal role in their children's personality. Many educational researchers express great concern on the impact of the parent's involvement on a child's personality. This work attempts to highlight the impact of parental involvement on children's academic procrastination, academic anxiety and career aspiration especially the senior secondary school students. The findings of this study may help for future improvement and develop methods to encourage and boost parental involvement both at home and at school.

Scheme of the Paper: The plan of research report has been framed under six sections:

Section-I gives the introduction of the study.

Section -II deals with review of related literature.

Section -III objectives, data base and research methodology.

Section -IV deals with the analysis and interpretation of data.

Section-V deals with conclusions and implications of the study.

Review of Related Literature

Uma and Manikandan (2014) noted that parents style plays a significant role in determining the level of academic performance among adolescents. Thus, it is essential that parents should be equipped with appropriate knowledge and skills so that they can provide better guidance for their adolescents' positive development especially in academic aspects.

Rabgay (2015) found that there were differences in students' academic performance due to differences in

parenting style. It revealed that, out of the three parenting styles, namely authoritative, authoritarian and permissive, found that authoritative parenting results in better students' academic performance compared to students whose parents had an authoritarian and permissive style of parenting.

Mahuro and Hungi (2016) adopted two of the six types of parental involvement presented in the Epstein parental involvement model, parenting and communication with the school. They concluded as these types of involvement have contributed to their children an advantage towards academic achievement.

Parka and Holloway (2017) stated that the effects of school-based parental involvement on academic achievement at the child achievement in mathematics significant. Parental involvement became more strongly related to mathematics and reading achievement as children move through the grades. Providing information on how schools function, how to support learning, and how to access educational resources is another way to encourage parents to become more involved in school-based activities. Further, the studies confirmed that parental involvement as the most powerful predictor of, particularly for low socioeconomic families, is the creation of a school environment where parents feel welcomed and valued by educators.

Purificación C, Alicia (2018) and Orhan-Özen (2017) parenting style has a positive effect on student performance. Jeynes (2010) indicated that parenting style is an important component of parental involvement because it helped to produce a positive home life for the child. The home-to-school relationship is significant because it can expand and redefine the whole concept of parental involvement.

Ambachew, Amare, and Geleta, (2018) argued that there was a strong relationship between parental involvement and academic performance. Further, it significantly predicted student academic achievement motivation. On the other hand, pointed out that there was limited study on the relationship between parental involvement and academic achievement of secondary school students as majority of the research in this area has been conducted exclusively with elementary school students.

The above-mentioned studies carried out in relation to the variable under investigation and revealed divergent results. There is little research available on the relationship between parental involvement and academic achievement of senior secondary students in terms of their gender and locality. Therefore, it is worthwhile to undertake the present study titled- Parental Involvement and Academic Achievement of Senior Secondary Students of District Fazilka, Punjab- An Empirical Study.

Objectives of the Study:

1. To study the impact of parental involvement on academic procrastination of students of senior secondary schools of District Fazilka.
2. To evaluate the impact of parental involvement on academic anxiety of students of senior secondary schools of District Fazilka.
3. To evaluate the impact of parental involvement on career aspiration students of senior secondary schools of District Fazilka.

Hypotheses of the Study:

1. There is significant impact of parental involvement on academic procrastination of students of senior secondary schools of District Fazilka.
2. There is significant impact of parental involvement on academic anxiety of students of senior secondary schools of District Fazilka.
3. There is significant impact of parental involvement on career aspiration students of senior secondary schools of District Fazilka.

Focus Area: The present paper focuses on the evaluation of the impact of parental involvement on academic procrastination, academic anxiety and career aspiration of the senior secondary school students of District Fazilka, Punjab. This study is an attempt to made it very clear that why the role of parents is that much important in the life of their children particularly at their growing age i.e. the adolescent age. And what are the various impacts if the parents are not that much involved and do not give proper time to their children.

Data Collection Work: Primary data had been used in this study. The required data was collected with the help of standardized questionnaire on parental involvement, academic procrastination, academic anxiety and career aspiration.

Research Methodology

Research Design: An empirical research design was used for the present study. The study had been conducted about the empirical investigation about the various aspects of parental involvement on their child development.

Statistical Techniques: For the analysis of data from different angles various types of statistical techniques such as mean, standard deviation and coefficient of correlation were used.

Sample Design: The research was concerned a representative sample of 400 students of class 11th and 12th of various senior secondary schools of Fazilka District.

अरावली प्रदेश – राजस्थान के किस प्रदेश में अरावली श्रंखला फैली हुई है इस क्षेत्र में कुल 17 निर्वाचन क्षेत्र हैं। जिनमें से भाजपा ने 20 . 62 मत प्रतिशत के अंतर से 10 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी।कांग्रेस दल ने पहाडी क्षेत्र में 5 निर्वाचन क्षेत्रों में 19. 06 ओसत्मर अन्तर से प्रदेश से विजय प्राप्त करी थी। इस क्षेत्र में बीटीपी पार्टी को दो निर्वाचन क्षेत्र चौरासी एवं सागवाड़ा में विजय प्राप्त हुई थी। भाजपा को पिंडवाड़ा आबू में 38.73 ,गोगुंदा में 5.34 ,झाडोल में 14 .79 ,मावली में 27.8 5, सलूंबर में 25. 05 ,उदयपुर में 12.5 उदयपुर ग्रामीण में 19.5 कुंभलगढ़ में 26 . 04, राजसमंद में 27 . 44 तथा,आसपुर में 9 . 3 4 मत प्रतिशत अंतर से विजय प्राप्त हुई थी ।कांग्रेस दल को खेरवाड़ा में 26 . 75, वल्लभनगर में 5.60 ,भीम में 7 . 5, नाथद्वारा में 1.19 16 डूंगरपुर में 36 .9 8, विजय प्राप्त हुई थी। भारतीय ट्राइबल पार्टी को औसत 13. 9 7 मत प्रतिशत से 2 क्षेत्रों में

विजय प्राप्त हुई थी।

दक्षिणी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश– यह राजस्थान का दक्षिणी एवं दक्षिणी पूर्वी प्रदेश है।इस प्रदेश में कुल 29 निर्वाचन क्षेत्र हैं। यह 7 जिलों मे फैला हुए हैं। इस प्रदेश कोटा, बूंढी बारां झालावाड़ चित्तौड़ प्रतापगढ़ ,एवं बांसवाड़ा, जिलों में विस्तृत है। इस प्रदेश में भाजपा ने 16 निर्वाचन क्षेत्रों में 14 . 3 औसत मत अंतर से विजय प्राप्त करी थी।कांग्रेस दल को 12 निर्वाचन क्षेत्रों में औसत 14 . 6 मत अंतर से विजय प्राप्त हुई थी ।भाजपा को घड़ी में 24 .5 6 ,घाटोल में 4 .3 छबड़ा में 4.69, बूंदी में 0.5, केशोरायपाटन में 9 . 80,बड़ीसादड़ी में 9 . 07, चित्तौड़ में 22 .42, कपासन में 8 . 5 9 ,डग 18. 82 झालरापाटन में 30. 02 खानपुर में 2 . 63, मनोहर थाना में 19 . 84 ,कोटा दक्षिण में 9 . 80 ,लाडपुरा में 20 . 6 4, रामगंजमंडी में 14. 18 धरियावद मे, 24 . 7 1 मत अंतर से विजय प्राप्त करी थी।

कांग्रेस दल को बागीदौरा में 21 . 8 , बांसवाड़ा में 20.76 ,अंत में 35 .05 , बारा अतरमें 14. 8, किशनगंज में 16.10 ,कोटा में उत्तर 18 . 94, पीपल्दा मे 20. 50 ,सांगोदमे 2 . 5 1 प्रतापगढ़ मे16 .57 हिंडोली मे 22 . 77 ,बेगू में 1 . 6 7, निंबाहेड़ा में 10 .82 मत प्रतिशत सेअन्तर से विजय प्राप्त हुई ।एक निर्दलीय उम्मीदवार कुशलगढ़ में विजय रहा था।

प्रदेशानुसार विजय का संक्षिप्त विश्लेषण

1. राजस्थान के 2018 में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा को 73 निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त हुई थी नहरी प्रदेश ,अरावली पहाडी प्रदेश, एवं दक्षिणी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश में यह दल प्रभावी था। भरतीय रास्ट्रीयकांग्रेस पार्टी को मरुस्थली प्रदेश, अर्ध मरुस्थली प्रदेश तथा उत्तरी पूर्वी कृषि औद्योगिक मैदानी प्रदेश में प्रभावी जीत मिली थी। कांग्रेस दल ने 99 निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त कर तथा 27 निर्दलीयों का समर्थन प्राप्त कर सरकार बनाई ।
2. सिंचित प्रदेशों में यथा उत्तरी गंगानगर हनुमानगढ़ तथा दक्षिणी चित्तौड़ भीलवाड़ा कोटा झालावाड़ जिलों में भाजपा प्रभावी रही थी।
3. भाजपा को सीकर ,जैसलमेर, भरतपुर ,दोसा ,सवाई माधोपुर व करौली जिलों के निर्वाचन 30 निर्वाचन क्षेत्रो मे से एक भी निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त नहीं हुई थी।
4. उत्तरी पूर्वी मैदानी प्रदेश के अलवर भरतपुर धौलपुर सवाई माधोपुर करौली एवं दोसा जिले की 35 निर्वाचन क्षेत्रों में केवल तीन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा विजय प्राप्त कर चुकी थी।
5. इस चुनाव में उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में मतदाताओं ने श्री सचिन पायलट के मुख्यमंत्री बनने की पसंद गी में कांग्रेस दल को अधिकाधिक मत प्रदान किए थे। उपरोक्त तथ्य कि जानकारी मिडिया द्वारा प्रकाशित तत्यो पर आधारित है ।
6. राजस्थान प्रदेश के उत्तरी पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश में कुल तैयार कर निर्वाचन क्षेत्रों में जिस दल की प्रभावी जीत होती है वह दल राजस्थान में अपनी सरकार बनाता है इसी परिपेक्ष में कांग्रेस को इस क्षेत्र ने आशा थी समर्थन किया इस कारण से कांग्रेस दल प्रभावी रहा था।
7. नगरीय निर्वाचन क्षेत्रों में जो जिला केंद्र हैं एवं जिस नगर की आबादी लगभग एक लाख है। वहां पर भाजपाकी जीत कांग्रेस की तुलना में अधिक (–26 निर्वाचनो मे) रही है।कांग्रेस दल को नगरीय निर्वाचनो क्षेत्रों में 20 निर्वाचन क्षेत्रों में ही विजय प्राप्त हुई थी।
8. अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित 34 निर्वाचन क्षेत्रों में से कांग्रेस दल ने 18 तथा भाजपा ने 12 निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी थी।
9. जनजाति हेतु आरक्षित 25 निर्वाचन क्षेत्रों में से कांग्रेस दल ने 12निर्वचन क्षेत्रो में भाजपा ने 9 निर्वाचन क्षेत्रो मे तथा बीपीटी ने दो निर्वाचन क्षेत्रों में विजय प्राप्त करी थी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत निर्वाचन आयोग, विधानसभा चुनाव के रुझान और परिणाम दिसंबर– 2018
2. गुप्ता, आर.डी., 1986, राजस्थान राज्य विधानसभा चुनाव: भौगोलिक वोटिंग व्यवहार का विश्लेषण (1967–1980), अप्रकाशित पीएच.डी. थीसिस, जयपुर, राजस्थान विश्वविद्यालय
3. शर्मा, के., 1991, राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस–एस वोटिंग व्यवहार के स्थानिक पैटर्न का एक केस अध्ययन (1977–1980–1985), अप्रकाशित पीएच.डी. थीसिस, जयपुर, राजस्थान विश्वविद्यालय
4. आनंद, संतोष, 1989, जनजाति क्षेत्र में पंचायत चुनाव परिणामों का भोगोलिक विशेषण (1977–1982–1986): सज्जनगढ़ पंचायत समिति का विशिष्ट अध्ययन, Annals of the Rajasthan Association, Vol-9
5. शर्मा, राजमल, 1989, राजस्थान के विधानसभा चुनावों में भाजपा की मत उपलब्धि मतदान व्यवहार का भौगोलिक विश्लेषण (1980–1985–1990), Annals of the Rajasthan Association, Vol-9
6. बडोला, सुमन, 1989, पंचायत चुनाव में जनजातीय नेतृत्व का निर्वाचन भौगोलिक विश्लेषण: प्रतापगढ़ पंचायत समीतु का विशिष्ट अध्ययन(1977–1982–1987) Annals of the Rajasthan Association, Vol-9
7. चतुर्वेदी, राजकुमार एंड सारस्वत, प्रज्ञा, 2006, राजस्थान विधानसभा निर्वचनो में राजनितिक दलों की मत उपलब्धि का भोगोलिक विवेचन (1996–2003), Geographical Aspects, Vol-9, 175-176

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

वित्तीय समावेशन में स्व-सहायता समूहों की भूमिका

कमलेन्द्र कुमार सिंह*

* शोधार्थी(अर्थशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वित्तीय समावेशन भारत में 'समावेशी विकास' के लिये नीतिगत प्राथमिकता बन गया है। वित्तीय समावेशन समावेशी विकास को बढ़ाने के साथ-साथ गरीबी को भी कम कर सकता है। वित्तीय समावेशन ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है जहां सामान्य रुप से लोगों के पास बुनियादी औपचारिक बैंकिंग/वित्तीय प्रथायें होती हैं। इसके विपरीत आमतौर पर जिन लोगों में ऐसी कोई बुनियादी आदत नही होती है, उन्हे बुनियादी रुप से बाहर रखा जाता है।

सिंगरौली मध्य प्रदेश का आदिवासी बहुल जिला है जिसकी अधिकांश जनसंख्या आज भी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के दायरे से बाहर है। 82.4-86.8 प्रतिशत की बहिष्करण की दर के साथ मध्य प्रदेश का यह जिला SHG बैंक लिकेज कार्यक्रम द्वारा बुनियादी वित्तीय सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के प्रभावी साधन के रुप में उभरा है। इस कार्यक्रम से वंचितों को बैंकिंग सेवायें प्रदान करने में मदद मिली है। यह शोध प्रतिवेदन लोगों के वित्तीय समावेशन पर स्वयं सहायता समूहों के प्रभाव की जांच करता है। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के 180 उत्तरदाताओं (90 प्रतिभागी और 90 गैर प्रतिभागी) को अध्ययन के उद्देश्य के लिये चुना गया और समग्र परिणामों से पता चला कि SHG बैंक लिकेज कार्यक्रम से गैर प्रतिभागी परिवारों की तुलना में SHG परिवारों के बीच वित्तीय समावेशन की मात्रा में वृद्धि हुई है।

शब्द कुंजी – वित्तीय समावेशन, वित्तीय बहिष्कार, समावेशी विकास, माइक्रो फाईनेंस,स्वयं सहायता समूह।

प्रस्तावना – मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल विकासशील क्षेत्रों के लिये वित्तीय समावेशन अनिवार्य है। वित्त तक वंचित वर्ग की पहुंच उन्हे आर्थिक रुप से सशक्त बनायेगी। बैंक खाता रखने, बचत करने, निवेश करने, अपने घरों का बीमा कराने, फसलों का बीमा कराने, क्रेडिट लेने आदि ऐसी आदतें हैं जो उन्हे गरीबी का कुचक्र तोड़कर बाहर निकलने में मदद करेंगी। (वित्तीय समावेशन समिति-2008) वित्तीय विकास एवं वित्तीय सेवाओं तक पहुंच न केवल आर्थिक विकास में तेजी लाने में मदद करता है बल्कि आय असमानता एवं गरीबी को भी कम करता है। यह एक यथार्थ सत्य है कि गरीब व्यक्तियों का दुनिया में अभी भी स्थायी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच का अभाव है चाहे वह बचत, ऋण या बीमा हो। (संयुक्त राष्ट्र-2006) बैंकिंग क्षेत्र में प्रभावशाली वृद्धि विशाल क्षेत्र को शामिल करने में असमर्थ है। इस प्रकार एक समावेशी वित्तीय प्रणाली का निर्माण करना वैश्विक महत्व बन जाता है।

वित्तीय समावेशन का तात्पर्य बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं के विशाल समाज के वंचित एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के वहन करने योग्य कीमत पर, समय पर वितरण से है। इसमें विभिन्न वित्तीय सेवायें यथा-क्रेडिट, बचत, बीमा, भुगतान और प्रेषण की सुविधायें शामिल हैं। हालांकि वित्तीय समावेशन में अन्य सेवायें भी शामिल हैं परन्तु भारत में वित्तीय समावेशन में क्रेडिट को प्रमुख महत्व दिया गया है। (TOI- 2008) ऐसा इसलिये क्योंकि आबादी के वंचित वर्ग संसाधन विहीन हैं और उन्हे सस्ती कीमत पर औपचारिक ऋण लेने की जरुरत है जो उन्हे संसाधन उत्पन्न करने में मदद करता है।

वित्तीय बहिष्कार (Financial exclusion) ग्रामीण क्षेत्रों में एक सामान्य घटना है। बड़ी संख्या में छोटे और सीमांत किसानों, खेतिहर मजदूरों और ग्रामीण कारीगरों को अभी भी व्यापक वित्तीय सेवाओं के दायरे से बाहर रखा गया है। NSS सर्वेक्षण डाटा (59वें दौर) से पता चलता है कि 51.4 प्रतिशत किसान परिवार हैं जिन्हे औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनो स्त्रोतों से आर्थिक रुप से बाहर रखा गया। कुल किसान परिवारों में से केवल 27 प्रतिशत के पास ऋण के औपचारिक स्त्रोतों तक पहुंच है और इनमें से एक तिहाई समूहों ने अनौपचारिक स्त्रोंतों से उधार लिया है। कुल मिलाकर 73 प्रतिशत कृषक परिवारों की औपचारिक साख के स्त्रोंतो तक पहुंच नही है। इन वंचित वर्गों को वित्तीय समावेशन द्वारा शामिल करने पर गरीबी में कमी आ सकती है।

To mesure financial inclusion & exclusion- वित्तीय सेंवाओं या वित्तीय आउटरीच समावेशन को मापता है कि वचत ऋण सहित कितने लोगों की वित्तीय सेवाओं तक पहुंच है। वर्तमान युग में वित्तीय समावेशन के महत्व को विकसित एवं विकासशील देशों में व्यापक रुप से स्वीकार किया जाता है। आज के समय भी वास्तविकता यह है कि समग्र स्तर के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर वित्तीय समावेशन (बहिष्करण) का कोई व्यापक रुप से स्वीकृत उपाय नही है। समग्र स्तर पर सामान्य माप बचत बैंक खाता रखने बाकी व्यस्क आबादी का प्रतिशत या प्रति हजार जनसंख्या पर बैंक शाखाओं की संख्या है। भारत में व्यक्तिगत स्तर पर वित्तीय समावेशन का फोकस एक बचत बैंक खाते तक न्यूनतम पहुंच सुनिश्चित करने तक ही सीमित है। हालांकि एक चालू बचत खाता होना अपने आप में वित्तीय समावेशन का एक सटीक संकेतक नही माना जा सकता है। एक बैंक खाते को गरीब परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय कार्य करने में सक्षम बनाना चाहिये जैसे कि घर के बाहर सुरक्षित रुप से धन की बचत करना, ऋण प्राप्त करना, ऋण या प्रीमियम भुगतान करना और धन हस्तातंरित करना। (मोहन-

2006) यह अध्ययन वित्तीय समावेशन के संकेतक के रुप में बचत, ऋण, लेन-देन, बैंकिंग और बीमा तक व्यक्तियों की पहुंच को ध्यान में रखता है।

अध्ययन का महत्व- भारत में विकास योजनाकारों और नीति निर्माताओं द्वारा वित्तीय समावेशन के स्तर को रणनीतिक महत्व के साथ देखा गया है। आर्थिक विद्वानो ने वित्तीय समावेशन के स्तर का आकलन करने के लिये एक संकेतक के रुप में वित्तीय समावेशन सूचकांक का अनुमान लगाने के लिये समग्र स्तर पर अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। यह अध्ययन प्राथमिक स्तर के आकलन के लिये व्यक्तिगत घरेलू स्तर पर वित्त की पहुंच और उपयोग के आकलन की आवश्यकता होती है। यह शोध स्व सहायता समूह के वित्त द्वारा होने वाली वित्तीय समावेशन का अध्ययन करता है।

साहित्य की समीक्षा

1. शर्मा. एन (2008), क्रास कंट्री इम्पीरिकल स्टडी- के माध्यम से जांच की गई और पाया गया कि वित्तीय समावेशन तथा विकास के बीच घनिष्ठ संबंध है। वित्तीय समावेशन और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक चरों जैसे-आय असमानता, साक्षरता एवं भौतिक बुनियादी ढांचे के मध्य संबंध पाया गया।
2. सांगवान, एस.एस. (2008), ने वित्तीय समावेशन के सीमा की ओर स्वयं सहायता समूहों की भूमिका का अध्ययन किया।
3. साहू,बी.बी. (2009), ने वित्तीय समावेशन की प्रगति और इनके विभिन्न निर्धारकों का उपयोग करके वित्तीय समावेशन की जांच के लिये एक सूचकांक विकसित करने का प्रयास किया।

SHG & Financial Inclusion-ग्रामीण बैंक शाखाओं का वृहद नेटवर्क होने के बाद भी भारत में गरीब लोगों, जिनकी आवश्यकतायें बहुत छोटी-छोटी, बार-बार अप्रत्याशित थी तक पहुंचना कठिन पाया गया। समावेशन से पहले औपचारिक वित्तीय प्रणाली में 100 प्रतिशत वित्तीय लक्ष्य हासिल करना एक कठिन चुनौती है। इसलिये ऐसी वैकल्पिक नीतियों की आवश्यकता महसूस की गई जो सिस्टम और प्रक्रियायें, बचत और ऋण उत्पाद, अन्य पूरक सेवायें और नई डिलीवरी तंत्र जो गरीबों की आवश्यकता को पूरा करे परिणामस्वरुप 1992 में नाबार्ड ने स्वयं सहायता समूह बैंक लिकेज कार्यक्रम लांच किया। SHG बैंकिंग एक ऐसा कार्यक्रम है जो सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के बीच वित्तीय लेन-देन, क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंक और सहकारी बैंक, अनौपचारिक SHG के साथ एक ग्राहक के रुप में बढ़ावा देने मे मदद करता है। SHG एक 10-20 लोगों के छोटे से अनौपचारिक संघ है जो सदस्यों को सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि में मदद करने, एकजुटता एवं संयुक्त जिम्मेदारी से बनाई जाती है। ये अपने सदस्यों को आर्थिक लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। स्वयं सहायता समूह एक सामान्य कोष बनाते हैं और आजीविका को पूरा करने के लिये समूह के नाम पर एक खाता खोलते हैं व आमतौर पर बचत करके शुरुआत करते हैं। सदस्यों को नियमित रुप में छोटी-छोटी बचत के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। वे इस संचित संसाधन का उपयोग व्याज वहन प्रदान करने के लिये बाहरी बैंकों के साथ करते हैं। SHG के आधार पर उन्हे ऋण भी आसानी से मिल जाता है। ये बैंकिंग सेवाएं, जमा, बचत, ऋण लेना कम लागत पर उपलब्ध कराये जाते हैं और सर्वसुलभ एवं गरीब लोगों की जरुरतों को पूरा करने के हिसाब से लचीले होते हैं। (क्राप और सूरन-2002)

1992 से SHG बैंक लिकेज कार्यक्रम गरीबों को माईक्रो फाईनेन्स सुविधाओं को बढ़ावा दे रहा है। वंचित वर्ग का समावेशन वित्तीय सुधार सुनिश्चित करने का एक प्रभावी रणनीति माना जाता है। यह समाज के बैंक रहित वंचित वर्ग को वित्तीय सेवाऐं प्रदान करने की सुविधा प्रदान करता है। नाबार्ड के नेतृत्व वाले SHG बैंक लिकेज माडल को व्यापक रुप से सबसे बड़े और सबसे सफल माइक्रो फाईनेन्स माडल के रुप में स्वीकार किया जाता है।

अध्ययन के उद्देश्य- अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य हैं:

1. वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने पर SHG बैंक लिकेज कार्यक्रम के प्रभाव का SHG सदस्य द्वारा बैंको से बचत, उधार और बीमा तक पहुंच तक के संदर्भ में गैर प्रतिभागियों की तुलना में प्रतिभागियों पर अध्ययन।
2. SHG में भागीदारी और वित्तीय समावेशन की डिग्री में संबंध का अध्ययन।

शोध प्रविधि:

1. **अध्ययन क्षेत्र-**सिंगरौली जिले की चितरंगी तहसील अपेक्षाकृत पिछड़ी तहसील है जिसका कुल क्षेत्रफल 1943.96 वर्ग किमी. है। 2011 की जनगणना के अनुसार चितरंगी तहसील की जनसंख्या 3.37 लाख है जिसमें से 44.49 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति एवं 10.08 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति (एससी) की है। चितरंगी तहसील की साक्षरता दर 45.38 प्रतिशत है जिसमें पुरुष की साक्षरता दर 53.61 प्रतिशत तथा महिलाओं की साक्षरता दर 36.58 प्रतिशत है। इस तहसील के लोग मुख्य रुप से कृषि और कृषि से संबंधित कार्यो पर निर्भर हैं। इस तहसील में 09 बैंक, 03 कोपरेटीव बैंक एवं एक उप डाकघर है। यहां के लोगों को अक्सर अनौपचारिक वित्त स्त्रोंतो यथा साहूकारों से जो प्रतिवर्ष 120-240 रुपये से अधिक व्याज दर वसूलते हैं पर आकस्मिक वित के लिये निर्भर रहना पड़ता है। यहां की साक्षरता दर कम होने के कारण परम्परागत प्रथायें आज भी यहां विद्यमान हैं। ऐसे में वित्तीय समावेशन एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सरकारी एजेन्सियों और कई एनजीओ इस चुनौती का सामना करने के लिये स्वयं सहायता को बढ़ावा दिया जा रहा है।

शोध न्यादर्श, विधि एवं उपकरण- बहुस्तरीय उद्देश्यपूर्ण रैण्डम सैम्पलिंग तकनीकि का डाटा संग्रह के लिये उपयोग किया गया है। पहले चरण में सिंगरौली जिले के चितरंगी तहसील को सोद्येश्य रुप से चुना गया है क्योंकि यहां बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह हैं जिनके द्वारा बैंको से जुड़े लोगों को सरकारी सब्सिडी के साथ क्रेडिट प्रदान किया जाता है। दूसरे चरण में दो गांवों को अध्ययन के लिये सावधानी पूर्वक चुना गया है ताकि SHG कार्यक्रम का उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त हो सके। प्रत्येक गांव से 30 यादृच्छिक रुप से SHG समूह चुने गये। 15 स्वयं सहायता समूह ऐसे थे जो परिपक्व थे अर्थात अपनी स्थापना के 03 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं और कम से कम एक बार बैंक ऋण प्राप्त कर चुके हैं। ऐसे SHGपरिवारों को प्रतिभागी परिवार कहा गया है। 15 ऐसे परिवारों को चुना गया जो इस वर्ष में गठित हुये हैं। ये समूह गैर-प्रतिभागी परिवारों का प्रतिनिधित्व करेंगे और इनके गठन की आयु भी 06 माह से कम है। व्यक्तिगत सदस्य एवं नेता इकाईयां अंतिम नमूना इकाईयां हैं। अंतिम चरण में प्रत्येक समूह से 03 सदस्य लिये गये हैं। 180 इकाईयों वाली कुल सैम्पल साईज को बनाने के लिये यादृच्छिक रुप से 90 SHG प्रतिभागी परिवार एवं 90 SHG गैर प्रतिभागी परिवार को चुना गया है।

प्रदत्तों का विश्लेषण – वित्तीय समावेशन में SHG के प्रभाव का अध्ययन प्रतिभागियों एवं गैर प्रतिभागी परिवारों का तुलना करके किया गया है। इस प्रकार के तुलना के परिणाम तभी भरोसेमंद होंगे जब दो समूह तुलनीय हों। अध्ययन में बचत, ऋण लेन-देन तक व्यक्तियों की पहुंच को ध्यान में रखा गया है। वित्तीय समावेशन की डिग्री को मापने के लिये वित्तीय समावेशन सूचकांक विकसित किया गया। एक व्यक्तिगत परिवार का कुल भार उसके वित्तीय समावेशन डिग्री को दर्शाता है। औपचारिक एवं अनौपचारिक स्त्रोतों से उधार लिये गये मूल्यों की भी अलग-अलग गणना की गई है। प्रतिभागियों एवं गैर प्रतिभागी परिवारों के वित्तीय समावेशन टी-टेस्ट का उपयोग करते हुये कुल उधार में सापेक्ष हिस्सेदारी को डिग्री के संकेतकों में से एक माना गया है। SHG में सदस्यता और वित्तीय समावेशन डिग्री के बीच सहयोग के महत्व के परीक्षण लिये काई वर्ग परीक्षण का उपयोग किया गया है।

सूचकांक 0 और 100 के बीच भिन्न होता है-

मूल्य 100 का तात्पर्य- पूर्ण वित्तीय समावेशन।

मूल्य 0 का तात्पर्य-पूर्ण वित्तीय बहिष्करण।

1-29 के बीच -कम वित्तीय समावेशन।

30-60 के बीच-कम वित्तीय समावेशन।

61-99 के बीच-उच्च स्तरीय वित्तीय समावेशन।

परिणाम – नमूना उत्तरदाताओं की औसत आयु 33.64 वर्ष है। औसत परिवार आकार 5.22 है।

(क) बैंक हस्तांतरण सेवाओं तक पंहुच:

Indicator	Status	Houshold		Total
		N-SHG	M-SHG	
Usage of ATM	Non User	70 (77.8%)	70 (77.8%)	146 (81.1%)
	User	20 (22.2%)	20 (22.2%)	34 (18.9%)
Usage of DD/ CHEQUE	Non User	74 (82.2%)	80 (88.9%)	154 (85.6%)
	User	16 (17.8%)	10 (11.1%)	26 (14.4%)
Total		90 (100.0%)	90 (100.0%)	180 (100.0%)

(ख) उधार तक पंहुच:

Indicator	Status	Houshold		Total
		N-SHG	M-SHG	
Formal Credit in 2011	Non User	83 (92.2%)	74 (82.2%)	157 (87.2%)
	User	7 (7.8%)	16 (17.8%)	23 (12.8%)
Formal Credit in 2012	Non User	84 (93.3%)	51 (56.7%)	135 (75.0%)
	User	6 (6.7%)	39 (43.3%)	45 (25.0%)

(ग) जमा और बीमा तक पंहुच:-

Indicator	Status	Houshold		Total
		N-SHG	M-SHG	
Formal Creditin 2012	Non User	29 (32.2%)	49 (54.4%)	78 (43.3%)
	User	61 (67.8%)	41 (45.6%)	102 (56.7%)
Total		90 (100.0%)	90 (100.0%)	180 (100.0%)

वित्तीय समावेशन सूचकांक – चयनित वित्तीय सेवाओं में शामिल परिवारों का प्रतिशत (तालिका-1) को वित्तीय समावेशन सूचकांक और वित्तीय समावेशन की डिग्री की गणना करने के लिये समेकित किया गया है। तालिका-5 में प्रत्येक घर का समावेश किया गया है। तालिका-5 के दो तरफा वर्गीकरण से पता चलता है गैर प्रतिभागी के मामले में 41 प्रतिशत को औपचारिक स्त्रोंतों से पूरी तरह से बाहर कर दिया गया है जबकि सदस्य प्रतिभागी परिवारों के मामले में केवल 1 प्रतिशत को वित्तीय समावेशन से बाहर हैं। इसलिये यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि SHG बैंक लिकेज कार्यक्रम से प्रतिभागी परिवारों के बीच समावेशन की डिग्री में वृद्धि हुई है।

निष्कर्ष –

Indicator	Status	Houshold		Total
		N-SHG	M-SHG	
SB A/C, RD/ FD In formal Bank	Non User	54 (60.0%)	62 (68.9%)	116 (64.4%)
	User	36 (40.0%)	83 (92.2%)	28 (31.1%)
	Non User	83 (92.2%)	64 (35.6%)	166 (92.2%)
Saving in SHG	Non User	83 (92.2%)	3 (3.3%)	86 (47.8%)
	User	7 (7.8%)	87 (96.7%)	94 (52.2%)
Insurance	Non User	71 (78.9%)	70 (77.8%)	141 (78.3%)
	User	19 (21.1%)	20 (22.2%)	39 (21.7%)
Total		90 (100.0%)	90 (100.0%)	180 (100.0%)

यह देखा गया कि एक SHG सदस्य होने के नाते SHG बैंक लिकेज वाले प्रतिभागियों की विभिन्न वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ी है। एक SHG सदस्य होने से गैर SHG सदस्य की तुलना में वित्तीय समावेशन में सुधार हुआ है। माइक्रो फाईनेन्स की अवधारणा बचत को इकट्ठा करके समूह बनाने के सिद्धान्त पर टिकी हुई है। यह सदस्यों को आंतरिक ऋण प्रदान करने के लिये Revolving Fund के रुप में समूह का समर्थन करती है। यह एक माइक्रो फाइनेन्स प्रदाता यानी एक बैंक जो सब्सिडी प्रदान करने का काम करता है। वे सदस्य जो SHG प्रतिभागी मेम्बर हैं SHG बैंक लिकेज से अधिक औपचारिक ऋण प्राप्त करने में सक्षम थे। हालांकि बैंकिंग सेवाओं की अन्य सेवाओं यथा चेक, डीडी, एटीएम आदि का उपयोग या बीमा शायद ही कभी किया जाता है। वित्तीय सेवा प्रदाताओं द्वारा माईक्रो फाइनेन्स प्रदाताओं की देखभाल की जानी चाहिये क्योंकि व औपचारिक मुख्य धारा की श्रेणी में नही आते। SHG की सदस्यता के साथ वित्तीय समावेशन के स्तर में वृद्धि हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

कृषि पर्यटन ग्रामीण व्यवसाय के नवीन आयाम के रूप में: खोरा श्यामदास (जयपुर) का वैयक्तिक अध्ययन

डॉ. शिवानी स्वर्णकार* विनय कुमार नेकेला**

* सहायक आचार्य, एम.जी. कॉलेज, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, एम.जी. कॉलेज, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – कृषि पर्यटन ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नवीन साधन तथा कृषि में नवाचार के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने वाले स्त्रोत के रूप में विकसित एक नवीन अवधारणा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की कृषि गतिविधियों यथा जैविक उत्पाद का क्रय – विक्रय, खेतों को ठहराव स्थल के रूप में विकसित करना तथा उन गतिविधियों के बारे में सीखना जो पर्यटकों को वैश्विक स्तर पर आकर्षित करते हैं, को सम्मिलित किया जाता है। कृषि पर्यटन आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों की एक श्रृंखला को संदर्भित करता है, जो कृषि वस्तुओं, सेवाओं और अनुभवों के संयोजन में होती है। कृषि पर्यटन कृषकों व पर्यटकों के मध्य अंतर संबंधों के एक पुल का कार्य करता है।

प्रस्तुततथ्य शोधकर्ता द्वारा राजस्थान के जयपुर जिले के खोरा श्यामदास ग्राम में स्थित 'ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन जैविक फार्म' के अध्ययन पर आधारित है। जो इस क्षेत्र में 2 युवाओं द्वारा शुरू किया गया प्राथमिक प्रयास है।यह अध्ययन कृषि पर्यटन के व्यवसायिक लाभों को उजागर कर युवाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नवीन अवसर सृजित करने के विभिन्न उपाय सुझाता है।

शब्द कुंजी – कृषि पर्यटन, ग्रामीण रोजगार, कृषि व पर्यटन का अभिसरण,अतिरिक्त आय का स्त्रोत,ग्रामीण जीवन शैली व ग्रामीण दर्शन।

प्रस्तावना – भारत जैसे कृषि प्रधान देश में कृषि आधारित उद्योगों का विकास भारतीय संस्कृति में गहराई तक अंतर्निहित है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल आबादी का 69% गांव में निवास करता है और लगभग 62% आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कृषि कार्य में नवाचार के माध्यम से कृषि में अतिरिक्त आय व रोजगार का सृजन कर अधिकतम लाभ की स्थिति को प्राप्त किया जा सकता है।

विश्व में पर्यटन एक व्यापक व वैश्विक आर्थिक गतिविधि के रूप में उभर कर आया है।पर्यटन क्षेत्र का विस्तार पारंपरिक दर्शनीय स्थलों से परे प्राकृतिक परिवेश में नवीन अनुभव प्रदान करने की दिशा में हो रहा है। ऐसे में ग्रामीण पर्यटन व कृषि पर्यटन, पर्यटन के नवीन आयाम के रूप में उभर कर आए हैं। हालांकि कृषि पर्यटन की अवधारणा नई नहीं है, तथापि पिछले दो दशकों में इसका महत्व अधिक बढ़ता जा रहा है।

आधिकारिक तौर पर सन 1985 में कृषि पर्यटन को इटली में सर्वप्रथम मान्यता मिली तथा यहां की विधायिका द्वारा कृषि पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कानूनी ढांचा पारित किया गया। बाद में कृषि पर्यटन विनियमो में संशोधन कर कृषि पर्यटन की अवधारणा का निजीकरण कर दिया गया, जिससे कृषि पर्यटन को और अधिक विस्तारित किया जा सके।इसके पश्चात स्पेन जैसे देशों में कृषि पर्यटन को क्षेत्रीय स्तर पर विनियमित किया गया जिससे पर्यटन प्रबंधन में क्षेत्रीय स्वायत्तता, समुदाय की विशेषज्ञता साबित हो सके।2019 के बिजनेस इकोनॉमिक्स अध्ययन के अनुसार, एग्री टूरिज्म का बाजार 2019 में विश्व स्तर पर 42.46 बिलियन डॉलर का होने का अनुमान था और 2027 तक 62. 98 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है । भारत में कृषि पर्यटन राजस्व सालाना 20% की गति से बढ़ रहा है ।

भारत में दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ग्रामीण पर्यटन की आधिकारिक शुरुआत की गई। इस पहल का राजस्थान व केरल ने शुरुआती लाभ उठाया लेकिन कृषि पर्यटन को अपने विभिन्न जिलों तक पहुंचाने वाला महाराष्ट्र सबसे प्रगतिशील राज्य बन कर उभरा। भारत में कृषि पर्यटन विकास निगम (ATDC) की स्थापना 2004 में हुई। सर्वप्रथम 2005 में मालेगाव, बारामती (महाराष्ट्र) में एग्रो टूरिज्म सेंटर ATDC की सहायता से खोला गया। इसके पश्चात महाराष्ट्र में कृषि पर्यटन नीति तैयार कर कई कृषि पर्यटन केंद्र स्थापित किए गए।

2018–2020 में, 17.9लाख पर्यटकों ने महाराष्ट्र के इन कृषि पर्यटन केंद्रों का दौरा किया, जिससे किसानों को 55.79 करोड़ रुपए का आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ।

कर्नाटक व केरल में भी किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने व ग्रामीण विकास के उद्देश्य से कृषि पर्यटन नेटवर्क स्थापित करने का निर्णय लिया

गया। कृषि पर्यटन नीति जागरूकता व क्षमता निर्माण के साथ-साथ विभिन्न विभागों और संस्थानों से सहयोगात्मक सहायता की मांग भी करती है।फिर भी क्षेत्रीय विकास नीतियां कृषि पर्यटन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है क्योंकि यह स्थानीय संसाधनों के बेहतर दोहन और आवश्यक बुनियादी ढांचा व सेवाओं के प्रावधान पर ध्यान केंद्रित करती है।

राजस्थान में भी 'राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना -2022' लागू कर कृषि पर्यटन को ग्रामीण पर्यटन की एक इकाई मानकर विकसित करने का प्रावधान किया गया है।

उद्देश्य:

1. कृषि पर्यटन से किसानों को होने वाली अतिरिक्त आय का अध्ययन करना।
2. ग्रामीण क्षेत्र में कृषि पर्यटन का रोजगार के नवीन आयाम के रूप में अध्ययन करना।

कृषि पर्यटन की प्रासंगिकता - भारत जैसे देश में कृषि पर्यटन एक महत्वपूर्ण पर्यटन विकास का अवसर बन चुका है। क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्रों से स्थानांतरित शहरी आबादी को पुन: अपनी जड़ों से जुड़े रहने तथा अतीत के अनुभवों को जीवंत रखने का अवसर प्रदान करता है। यह ग्रामीण पर्यटन के ही उप प्रकार के रूप में विकसित नवीन पर्यटन प्रकार है जोपर्यटकोंको ग्रामीण जीवन के साथ वास्तविक, करामाती और प्रमाणिक संपर्क का अनुभव करने, स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लेने, कृषि गतिविधियों व पद्धतियों का प्रत्यक्ष अनुभव लेने, मिट्टी- घास- गारे से बनी झोपड़ी में विश्राम करने, प्राकृतिक वातावरण का सुकून व जैविक कृषि उत्पाद खरीदने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही ग्रामीण युवाओं को अपने क्षेत्र में रोजगार के नवीन व अप्रत्याशित अवसर प्रदान कर गांव से शहरों की ओर पलायन की गति को भी नियंत्रित करता है। यदि कृषि क्षेत्र को अधिक आय सृजन बनाने वाले उद्योगों के साथ जोड़कर स्थापित किया जाए तो निसंदेह राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान बढ़ जाएगा। कृषि पर्यटन ऐसे ही एक नवीन उद्योग के रूप में लोकप्रिय हो रहा है। यह कृषि क्षेत्र में होने वाली दैनिक कार्य, दिनचर्या और गतिविधियों को देखने के लिए मेहमानों को पूरी तरह से संचालित खेतों में रहने की अनुमति प्रदान करता है।

विधितंत्र- यह शोध पत्र शोधकर्ता द्वारा खोरा श्यामदास स्थिति जैविक फार्म पर की गई यात्रा व उसके अवलोकन पर आधारित है। इस अध्ययन में प्रदत आंकड़े शोधकर्ता द्वारा जैविक फार्म के मालिक (किसान) के साक्षात्कार के माध्यम से प्राप्त किए गए हैं तथा व्यक्तिगत अवलोकन के माध्यम से वस्तु स्थिति की जांच की गई है। द्वितीयक आंकड़े न्यूजपेपर, वेबसाइट, मैगजीन तथा राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रगति-प्रतिवेदन आदि से प्राप्त किए गए हैं। पर्यटक अभिरुचि जानने के लिए फार्म मालिक द्वारा बनाए गए फीडबैक फॉर्म का अध्ययन किया गया है तथा SWOT विश्लेषण के माध्यम से निष्कर्ष निकाला गया है।

'ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन जैविक फार्म'खोरा श्यामदास का वैयक्तिक अध्ययन -जयपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर जयपुर- सीकर राजमार्ग से 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित खोरा श्यामदास में स्थित 'ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन जैविक फार्म' कृषि पर्यटन का एक बेजोड़ नमूना है। एग्रीकल्चर में एमएससी सीमा सैनी और हॉर्टिकल्चर में बीएससी इंद्राज जाट मिनी विलेज को चला रहे हैं।2017 में कृषि विज्ञान से अपनी पढ़ाई पूर्ण करने के पश्चात इंद्राज व सीमा ने समग्र कृषि के साथ-साथ कृषि पर्यटन को विकसित करने का कार्य किया।इस हेतु इन्होंने खोरा श्यामदास गांव में 1.5 हेक्टेयर भूमि लीज पर लेकर कृषि पर्यटन व ऑर्गेनिक और मॉडर्न फार्मिंग का एक मिनी विलेज विकसित किया। यह मिनी विलेज किसानों के लिए ट्रेनिंग सेंटर भी है औरपर्यटकोंके लिए मॉडर्न फार्मिंग और ग्रामीण जीवन की लाइव क्लास भी।

इस फॉर्म को इस तरह विकसित किया गया है कि आज से 50 वर्ष पूर्व के ठेठ राजस्थानी ग्रामीण जीवन का एहसास हो सके। इस फॉर्म पर टूरिस्ट कम खर्चे में ग्रामीण जीवन के अनुभव का आनंद उठा सकते हैं। एग्रो टूरिज्म के इस मॉडल में एक ही जगह पर ऑर्गेनिक फार्मिंग के साथ डेयरी, पशुपालन, उन्नत नस्ल का चारा, फल उत्पादन और रहने की सुविधा विकसित की गई है। इस मिनी विलेज फार्म से इंद्राज व सीमा समन्वित कृषि प्रणाली और एग्रोटूरिज्म से बढ़िया मुनाफा कमा रहे हैं। यहां वे सस्टेनेबल तरीके से खेती के साथ-साथ मुर्गी पालन, बकरी पालन, गोपालन, अजोला उत्पादन, केंचुआ खाद उत्पादन, सब्जियों का उत्पादन, बागवानी, पॉलीहाउस फार्मिंग, दलहनी फसलें, औषधि फसलें, फूलों की खेती, अनाज, हरे चारे का उत्पादन करते हैं। इन सबके लिए उन्हें बाहर से कुछ लाने की आवश्यकता नहीं होती। पशुओं के चारे से लेकर खेत के लिए खाद तक सब कुछ वह यहां खुद ही तैयार करते हैं और खेत में बने प्रोडक्ट्स को यहां आए मेहमान खरीद लेते हैं।

इंद्राज का कहना है कि जब उन्होंने इसकी शुरुआत की थी तब उन्हें खुद ही नहीं पता था कि खेती का दायरा इतना बड़ा भी हो सकता है। सीमा ने बताया कि अगर कृषक सिर्फ खेती पर निर्भर होंगे तो नुकसान होने की संभावनाएं अधिक होगी। जब तक किसान खेती से जुड़े दूसरे बिजनेस से नहीं जुड़ते तब तक आगे बढ़ना मुश्किल है और हम यही करने की कोशिश कर रहे हैं। इन्होंने अपने इस मिनी विलेज में मिट्टी, गोबर और भूसी से निर्मित 5 झोपड़ी (कॉटेज) व एक डोरमेट्री हॉल (बड़ी झोपड़ी) अतिथि गृह व सुविधाएं स्थानीय कारीगरों के साथ मिलकर 2 वर्षों में निर्मित की। इस मिनी विलेज को निर्मित करने में 8 से 10 लाख का खर्चा आया लेकिन अब इससे प्रतिवर्ष यह दोनों 25 से 30 लाख का मुनाफा कमा रहे हैं।

कोरोना के पश्चात 2021 से यहां आसपास के शहरों से लोग रहने,

छुट्टी बिताने व पार्टी करने के उद्देश्य से आने लगे। यहां प्रतिमाह औसतन 125 से अधिक पर्यटक आते हैं। जो पारंपरिक गांव में रहने का आनंद लेने के साथ यहां खेत में खुद प्रोडक्ट्स को बनते देखते हैं। यहां आए लोग छुट्टी बिताने के साथ-साथ अपने बच्चों को खेती और पशुपालन से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हैं यहां ऊंट गाड़ी से लेकर हाथ चक्की, बिलोना, अनाज कूटने की ओखली सहित हर तरह की खेती, किसानी और पशुपालन के औजार हैं। पर्यटक इस कैंपस में खुद सब्जी तोड़कर लाकर बनाने से लेकर अपने हाथों से दुग्ध निकालने तक का अनुभव ले सकते हैं।

इस फॉर्म में सब कुछ ऑर्गेनिक रूप से पैदा किया जाता है। टूरिस्ट कम खर्चे में इन खेतों में भ्रमण व प्राकृतिक तरीके से बनी ईट- गारे की झोपड़ी जिनकी छत सरकंडों से बनी होती है, का आनंद ले सकते हैं तथा ग्रामीण जीवन का अनुभव पा सकते हैं। यहां पर्यटक घुड़सवारी, बैलगाड़ी व पारंपरिक शैली में बना चूल्हे का भोजन का आनंद लेते हैं। मवेशियों के साथ खेलते हैं तथा ग्रीष्म काल में स्विमिंग पूल में नहाने का लुफ्त उठाते हैं। इस मिनी विलेज में निम्न लागत पर नर्सरी भी विकसित की गई है जहां विभिन्न फल-फूलों के पौधे, स्टीविया (मीठी तुलसी), लेमन घास, अजोला घास ,केंचुआ खाद (वर्मीकंपोस्ट) नीम- हल्दी से निर्मित जैविक दवाइयां, आदि बिक्री के उद्देश्य से बनाई जाती है। शहरी पर्यटक अपने घरों में गमलों में लगाने के लिए यहां से पौधे व घास लेकर जाते हैं।

इस मिनी विलेज में पोर्टेबल गमले, तुलसी व सरसों का शहद, गोमूत्र, कड़कनाथ व वनगांजा मुर्गी के अंडे, मीठी तुलसी व लेमन घास से बने उत्पाद, जैविक अनाज, हल्दी, डेयरी उत्पाद, मसाले व आचार आदि तैयार किए जाते हैं जिन्हें बेचने के लिए उन्हें अलग से किसी बाजार की आवश्यकता नहीं होती।

सीमा व इंद्राज अपने मिनी विलेज में किसानों को इंटीग्रेटेड फार्मिंग की ट्रेनिंग भी दे रहे हैं। आज करीब 8000 किसान इनसे जुड़कर खेती के साथ पशुपालन और कृषि पर्यटन से मुनाफा कमा रहे हैं। इन्होंने कृषि पर्यटन को बेहतरीन मॉडल बनाकर अपने साथ-साथ कई और किसानों को नई राहें दिखाई है लेकिन परंपरागत उम्र दराज किसानों के लिए के लिए अपनी पद्धति में नवाचार लाना चुनौतीपूर्ण कार्य है।

इस मिनी विलेज में करीब 35 श्रमिक कार्य करते हैं, जिनमें से 7 स्थाई व 28 अस्थाई तौर पर रखे गए हैं। कुल श्रमिकों में 12 महिला है, जिनमें भोजन आदि पकाने के लिए स्थाई रूप से तीन महिला कार्य करती हैं। इस प्रकार कृषि पर्यटन के माध्यम से स्वयं की अतिरिक्त आय के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी रोजगार प्रदान किया जा रहा है ।

वर्तमान में यहां दिल्ली, जयपुर, गुजरात व आसपास के शहरों से घरेलू पर्यटक आते हैं तथा NRI व विदेशीपर्यटकोंको आमंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मिनी विलेज को विकसित करने के लिए किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता प्राप्त नहीं की गई। ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन (NGO) व नाबार्ड का सहयोग अवश्य प्राप्त किया गया है। इस मिनी विलेज का प्रचार- प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से ही किया गया अत: इसके बारे में बहुत अधिक लोगों को जानकारी नहीं है।

SWOT विश्लेषण

मजबूत पक्ष (Strengths)

- जैविक फार्म की अवस्थिति पर्यटकों की पहुंच में
- आकर्षक राजस्थानी ग्रामीण संस्कृति
- पर्यटकों का परंपरागत पर्यटन से परे नवीन प्राकृतिक परिवेश की ओर बढ़ता रुझान
- जैविक उत्पाद की बिक्री व खरीद के प्रति बढ़ती जागरूकता
- युवा किसानों की महत्वाकांक्षी सोच
- कृषि प्रशिक्षण केंद्रों में कृषि में नवाचार को बढ़ावा देना
- पर्यटन अपेक्षा अनुसार रहने खाने की उच्च स्तरीय व्यवस्था

कमजोर पक्ष (Weakness)

- स्थानीय बाजार की कमी
- वयापक प्रचार-प्रसार की कमी
- विदेशी पर्यटक व NRI तक पहुंच बनाने में असमर्थ
- किसानों में कृषि पर्यटन की जानकारी का अभाव
- कृषि पर्यटन विकास में वृद्धि की दर का धीमा होना
- ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी संरचनात्मक ढांचे में सुधार अपेक्षित

अवसर (Opportunity)

- ग्रामीणों हेतु नवीन रोजगार का स्त्रोत
- कृषको हेतु अतिरिक्त आय का स्त्रोत
- युवा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र
- ग्रामीण विकास की संभाव्यता

चेतावनी (Threat)

- मौजूदा पर्यटन उत्पाद में भारी प्रतिस्पर्धा है
- सांस्कृतिक संक्रमण का डर
- कृषि पर्यटन की मौसमी प्रकृति
- सरकारी नीति व सहायता की कमी

निष्कर्ष- निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि कृषि में भी नवाचार लाया जाए तो इसे न केवल आर्थिक लाभ का साधन बनाया जा सकता है अपितु

रोजगार सृजन का माध्यम भी बन सकता है। सरकारी सहायता व व्यापक प्रचार–प्रसार के साधन से ग्रीन वर्ल्ड फाउंडेशन जैविक फार्म जैसे अनेक कृषि पर्यटन केंद्र को विकसित किया जा सकता है। जो न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का स्त्रोत बन सकती हैं, अपितु ग्रामीण विकास का नीतिगत आधार भी बन सकते हैं। कृषि पर्यटन शहरी आबादी के ऐसे बच्चों को अधिक आकर्षित करती है, जिन्होंने ग्रामीण जीवन शैली व कृषि को केवल सिनेमाघरों व टेलीविजन पर देखा है। अत: कृषि पर्यटन यात्रियों, किसानों और समुदायों को विभिन्न प्रकार के वित्तीय, शैक्षिक और सामाजिक लाभ देने के लिए पर्यटन और कृषि क्षेत्र के घटकों को एकत्रित करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Kothari Hemani and Perwej Asif (2021) . Effect of Ago – Tourism : The Jaisalmer Report . Wesleyan Journal of Research , vol .13 , No. 69 , PP. 1-13
2. Committee on Doubling Farmars Income (2018). Adding Value to Primary Produce and Building Agricultural Enterprises in the Rural India. Volume 9 . Ministry of Agriculture &FarmarsWelfare , PP. 121 – 129 .
3. Srivastava, S. 2016. Agrotourism as a Strategy for the Development of Rural Areas Case Study of Dungrajya Village, Southest Rajasthan, India. Journal Of Research In Humanities And Social Science. Vol. 4 (7), pp. 104-108.
4. Strategic Government Advisory (SGA), Y. B. (2016). Agritourism: Advantage Rajasthan. Global Rajasthan Agritech Meet, Jaipur , 48.
5. Kumar, Ashutosh, 2015, Developing rural areas through promoting rural Tourism ,DU Journal of Undergraduate Research and Innovation,Volume 1 Issue 2, pp 122-143
6. Khangarot, Garima&Sahu, Praveen. (2019). Agro-Tourism: A dimension of sustainable tourism development in Rajasthan. JIMS8M: The Journal of Indian Management & Strategy. Pp 21-26.
7. KothariaHemani&Perwejs Asif (2021), Agro-tourism in Rajasthan: A way to bring down issues in our surrounding environment, Turkish Journal of Computer and Mathematics Education, Vol.12 No.3 , PP . 3288-3292

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

जनजातीय समूह और पातालकोट की भारिया जनजाति : एक समग्र अध्ययन

प्रतिश्रुति बघेल* डॉ.वर्षा सागोरकर**

* शोधार्थी, शासकीय हमीदिया कला-वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय हमीदिया कला-वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

शब्द कुंजी –आदिवासी, भारिया जनजाति, भरियाटी, लोकतांत्रिक।

आदिवासी कौन है, इसको समझ पाना कठिन है। भारत के लोग अधिकतर अनुसूचित जनजातियों **(Schedule Tribes)** को आदिवासी कहते हैं। **संस्कृत** में आदिवासी शब्द का अर्थ है, किसी क्षेत्र के मूल निवासी जो आदिकाल से किसी स्थान विशेष में रहते चले आ रहे है। माना जाता है कि आदिवासी भारतीय प्रायद्वीप के सबसे प्राचीन बाशिंदे है।

अनुसूचित जनजातियों को आदिवासी भी कहा जाता है, पर इस शब्द के साथ जुड़ा मूलवासी होने का तात्पर्य विवादास्पद है। सामान्यजन की दृष्टि में आदिवासी शब्द का निहितार्थ होता कि वे भोले-भाले लोग, जो जंगलों और पहाड़ों में रहते है। शिक्षित वर्ग इन्हें नाचने-गाने में मस्त और रंगीले रूप में पहचानता हैं, जिनको देखभाल की विशेष जरूरत है।

मानवशास्त्री अवधारणा में आदिवासी जिन्होने अपना सदियों पुराना रहन-सहन, रीति-रिवाज तथा सामाजिक संगठन उसी रूप में सुरक्षित रखा है जो समाजशास्त्रीय अध्ययन के लिए उपयोगी जानकारी प्रस्तुत करता है।

देश में 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान के लागू होने के पश्चात् ही आदिवासियों तथा जनजाति समुदायों को 'अनुसूचित जनजाति' की विशिष्ट संज्ञा देने की आवश्यकता महसूस हुई। अत: सर्वप्रथम 'आदिम जनजातियों' को अनुसूचित करने का प्रयास 1931 की जनगणना के समय हुआ। सन् 1950 में राष्ट्रपति ने विशेष आज्ञा द्वारा ऐसे आदिवासियों की सूची प्रसारित की जिन्हें 'अनुसूचित जनजाति' की संज्ञा प्रदान की गई। भारत में 1950 में जनजाति लगभग 212 थी, जो 1971 में लगभग 527 तक जा पहुंची। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जातियों के रूप में अधिसूचित विशिष्ट समूहों की संख्या 705 है। समय-समय पर इस सूची में नाम जोड़े जाते रहे हैं।

भारतीय संविधान में 'जनजाति' तथा 'आदिवासी' शब्दों को ही समानार्थक रूप से स्वीकार किया गया है, जिसका अंग्रेजी पर्याय 'ट्राईब' रोमन शब्द 'ट्राईबुआ' से बना हैं, और जिसका अर्थ है-'एक राजनैतिक इकाई'। पहले इस शब्द का प्रयोग उन सामाजिक समूहों के लिए किया जाता था जो अपने भू-भाग से परिभाषित होते थे। 'ट्राइब' शब्द का उद्भव लैटिन भाषा के 'ट्राइब्स' से हुआ हैं जिसका अर्थ है - समाज के विभिन्न हिस्से या भाग। इसके पूर्व रोम में इस शब्द का प्रयोग समाज के विभिन्न भागों के लिए किया जाता था। बाद में, इसका प्रयोग समाज के निर्धन वर्ग के लिए हुआ।

पातालकोट एवं भारिया जनजाति – पातालकोट घाटी के गाँवों का पहुंच मार्ग आज भी अत्यंत दुर्गम है, इसीलिए पातालकोट घाटी संचार संसाधनों पहुंच मार्ग से वंचित है। यहाँ के सभी गाँव तहसील मुख्यालय से बहुत अधिक दूरी में बसे हैं। ये छिंदवाड़ा जिले से 56 किलोमीटर दूर तामिया एवं तामिया से 4 किलोमीटर दूर बिजौरी गाँव जो हर्रई मार्ग का गाँव हैं, वहॉ पर पोस्ट ऑफिस, डाक बंगला, चर्च (19वीं सदी द्वारा निर्मित) उपलब्ध हैं। बिजौरी से 76 किमी दूरी पर हर्रई जागीर है। बिजौरी-हर्रई मार्ग पर ही पातालकोट घाटी बसी हुई है। बिजौरी से 11 कि.मी. की दूरी पर छिन्दी गाँव हैं जहॉ पर वन विभाग का कार्यालय स्थित हैं।

तामिया में छिन्दी गाँव 'भारिया' जनजाति का प्रमुख बाजार स्थल हैं। बिजौरी से हर्रई तक का सड़क मार्ग और छिन्दी से हर्रई तक का सड़क मार्ग पक्का है, जबकि इसके आगे का कार्य निर्माणरत् है। बिजौरी से लगभग 10 कि.मी. की दूरी पर यह सड़क दो भागों में बंट जाती हैं। जिसमें से एक पंगड़डी बीजाढाना गाँव से बायी ओर पातालकोट घाटी की ओर जाती हैं। जीप गाड़ी की सहायता से बीजाढाना गाँव के समीपस्थ घाटी के उच्चतम षिखर तक आया जा सकता हैं। यहॉ से देखने पर पातालकोट का विहंगम दृष्य बड़ा ही मनोहारी लगता हैं। यहॉ से पातालकोट के विभिन्ना गॉवों के लिए पहुँच मार्ग पहाड़ों की कच्ची पगडंडी के रूप में निर्मित हैं। पातालकोट घाटी के गाँवों को जोड़ते हुये सकरी पत्थर की 50-60 सीढ़ियां बनी हुई हैं। जिनसे घाटी में उतरना-चढ़ना एक आम आदमी के लिए अत्यंत दुष्कर कार्य होगा लेकिन भारिया जनजाति के सदस्य सीढ़ियां पर दौड़तें-कूदते हुये उतरते-चढ़ते है।

ये लोग चटटानों एवं पथरीली मिट्टी से स्वयं निर्मित रास्ते से लगभग एक घन्टे में ही घाटी के प्रथम गाँव 'रातेड़' में पहुँच सकते है। छिन्दी गाँव में राज्य परिवहन की बसों का बस स्टाप, हाईस्कूल, वन कार्यालय, विश्व खाद्य संघ का कार्यालय, बाजार, चिकित्सालय जैसी सुविधा उपलब्ध है। पातालकोट घाटी के इन सभी गाँवों में जाने के लिए अत्यंत आवश्यक है कि आपके साथ कोई भारिया रहवासी हो।

भारिया जनजाति मुख्यत: राज्य के छिंदवाड़ा जिले में निवास करती हैं। उनकी कुछ आबादी जबलपुर, सतना, शहडोल, डिंडोरी, पन्ना, सीधी, नरसिंहपुर, सिवनी, उमरिया, दमोह, कटनी, होशंगाबाद, विदिशा, छिंदवाड़ा जिले में भी है। भारिया जनजाति की आबादी दो लाख के आसपास है।

भारिया जनजाति के लोग एकांत और सुदूर इलाकों में रहना पसंद करते हैं। इस जनजाति के लोग जहां बसे होते हैं, उसे वे ढाना कहते हैं। एक

ढाना में लगाकर पच्चीस घर होते हैं। एक ढाने से दूसरे ढाने की दूरी तीन से पाँच किलोमीटर तक हो सकती है। दो चार ढाना मिलाकर इस जनजाति के लोगों का एक गांव बन जाता है। इन जाति की विशेषता यह भी है कि ये अपने मकान खुद बनाते हैं। इनके मकान लकड़ी, घास-भूस के होते हैं।

छिंदवाड़ा जिले में तामिया विकासखण्ड के पातालकोट इलाके में इनकी आबादी का पर्याप्त संकेन्द्रण है। पातालकोट जाने के लिए सामान्य धरातल से उतरकर पहाड़ियों के बीच में काफी नीचे तक जाना होता है। इसलिए इस इलाके को पाताल से तुलना करते हुए पातालकोट कहा जाता है। एक जमाने में यह इलाका काफी अल्प-विकसित था, लेकिन आज यहां विकास की रोशनी पहुँच गई है। **जॉन क्लार्क (John Clark)** द्वारा लिखी पुस्तक **डेमोक्रेटाइजिंग डेवलपमेंट** में उन्होंने यह दर्शाया है कि किसी भी क्षेत्र के विकास का लोकतांत्रिक माध्यम से माडल के द्वारा ही सम्भव है।

भरनोटी या भरियाटी भारियाओं की मूल मातृ-भाषा (बोली) है। भरियाटी द्रविड़ियन मुण्डा परिवार की बोली है। इसलिए गोंडी से मिलती-जुलती है। भरियाटी कोरकू, गोंडी, छत्तीसगढ़ी और बुन्देली का मिश्रित रूप है। इसी मिश्रित बोली का प्रयोग भारिया अपने घरों में आपसी बातचीत में करते हैं। भारिया अपनी मूल बोली को लगभग भूल गये हैं। प्रत्येक भारिया हिन्दी समझ सकता है और सामान्यत: बोलने में हिन्दी का प्रयोग करता है। पातालकोट में पहला प्रायमरी स्कूल ग्राम रातेड़ में सन् 1951-52 में खुला। सन् 1971 तक भारियाओं में साक्षरता का प्रतिशत 7.31 था।

भारिया समता मूलक समाज है। इसमें स्त्री-पुरुषों का दर्जा बराबर का होता है। आजीविका के लिए भारिया वनोपज, जड़ी-बूटियां, काष्ठ कला पर निर्भर रहते है। आज भी भारिया विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। यहाँ साक्षरता के न्यूनतम प्रतिशत ने इनके अंधविश्वास को बनाये रखने में सहायता की हैं। राज्य शासन द्वारा भारिया जनजाति के विकास के लिए भारिया विकास अभिकरण का गठन वर्ष 1978-79 किया गया हैं। इसका मुख्यालय छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील हैं।

जनजातीय जनसंख्या में शिक्षा का स्तर अत्यंत ही निम्न है, राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति शिक्षा का स्तर 50 प्रतिशत भी नहीं है, राज्य में आदिम जनसंख्या में बैगा, सहरिया, भारिया जनजातियों की जनसंख्या में सबसे अधिक बैगा जनजाति की जनसंख्या 414,526, भारिया जनजाति की जनसंख्या 193,230 और सहरिया जनजाति की जनसंख्या 614,958 हैं जबकि साक्षरता दर क्रमश: 47.2, 47.9 और 42.1 हैं, जो कि शिक्षा के स्तर में क्षेत्रीय विषमता भी स्पष्ट दर्शाता है।

अत: इस वर्ग के शैक्षणिक विकास, शासकीय नौकरी प्रदान करने एवं रोजगार प्राप्त करने के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से धन उपलब्ध कराने एवं प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।

दक्षिण-पूर्व में स्थित सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में 29.280 से 22.490 उत्तरी अक्षांश तथा 78.100 से 79.240 पूर्वी देशांश के मध्य एक चतुर्भुज आकार में बसा हुआ हैं। यह जिला 01 नवम्बर 1956 को प्रदेश के सिवनी एवं लखनादौन तहसीलों से अस्तित्व में आया। छिंदवाड़ा जिला कुल 11852 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ, मध्यप्रदेश का 10वां बड़ा जिला है। ऐसी मान्यता है कि इस क्षेत्र में छिन्द के पेड़ बहुतायत में पाये जाते थे जिससे शहर का नाम 'छिन्द' 'वाड़ा' (जगह) पड़ा। छिंदवाड़ा का अधिकांश भाग दक्कन पठार से ढका हुआ हैं। जिसमें अनेक स्थानों पर ट्रेपियन चट्टानों के मध्य जीवाशेशों से युक्त अवसादी चट्टानों के स्तर पाये जाते है। यह भारत के लगभग मध्य में कर्क रेखा के निकट दक्षिणी भाग में फैला हुआ हैं। छिंदवाड़ा आदिवासी बाहुल्य जिला है जहाँ कुल जनजाति जनसंख्या 769,778 (36.8 प्रतिशत) जिसमें पुरुष 385,785, महिलाएं 383,993 हैं।

भौगोलिक, जनांकिकी एवं सांस्कृतिक स्थिति -छिंदवाड़ा जिले की आठ तहसीलों में से एक तामिया तहसील सुरम्य पर्वतीय संपदा, और वनों से आच्छादित दुर्गमता से युक्त पातालकोट घाटी के नाम से विश्व प्रसिद्ध हैं। समुद्र की सतह से इसकी औसत ऊँचाई लगभग 3250 से 3750 फिट है। पातालकोट घाटी का 'कटोरा नुमा आकृति' का स्थल ही भारिया आदिवासियों की आवास स्थली हैं।

जीवन-यापन के साधन एवं व्यवसाय - राज्य में आदिम जनजाति समूह की आवश्यकताएँ ही उसके जीवन-यापन के मार्ग को प्रशस्त करती हैं। इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आदिम जनजाति जिन वस्तुओं का प्रयोग करता है, वे जीवन-यापन के साधन कहलाती है। आदिम जनजाति समूह के जीवनयापन के साधनों को तीन भागों में बांटा जा सकता है- वातावरण, पारिस्थितिकी तथा प्रौद्योगिकी अथवा तकनीकी, जिनका संक्षिप्त उल्लेख निम्नलिखित है :-

- **वातावरण** - आदिम जनजाति समूह की अर्थव्यवस्था के संदर्भ में वातावरण से हमारा तात्पर्य भौगोलिक पर्यावरण से है। भौगोलिक परिस्थितियों को अनेक भागों में वर्गीकृत किया गया है। यहाँ पर राज्य की भौगोलिक दशाओं की विभिन्नताओं के आधार पर आदिम जनजातियों के वातावरण का उल्लेख किया गया है।
- **पर्वत एवं वन भाग** - राज्य के कुछ क्षेत्रों (विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र) में पर्वतमालाएँ फैली हुई हैं। इन पर्वत श्रृंखलाओं में जंगल हैं, कुछ जंगल हिंसक पशुओं से भरे हुए हैं, जिसमें कृषि कार्य संभव नहीं है। कुछ वनों और पर्वत श्रृंखलाओं में खनिज पदार्थों के उत्खनन के परिणामस्वरूप वहाँ पर्वत श्रृंखलाओं पर कृषि कार्य संभव नहीं है। यह वातावरण राज्य की उन जिलो में है, जहाँ विशेष पिछड़ी जनजाति के (लगभग) निवास स्थान है।
- **मैदानी एवं उपजाऊ भाग** - राज्य के कुछ क्षेत्र जो तराई अंचल के नाम से जाना जाता है, उस क्षेत्र में उपजाऊ भूमि तो है, किन्तु वृहद संख्या में जनजातियाँ नहीं है।

पारिस्थितिकी - वातावरण से प्राणियों का अभियोजन ही पारिस्थितिकी है। वास्तव में प्रकृति से अभियोजन पारिस्थितिकी का एक पक्ष है। राज्य की जनजातियों में भी पारिस्थितिकी के लक्षण विद्यमान है। विशेष पिछड़ी जनजातियाँ वनोपज, शिकार, दूध, सरसो एवं महुए का तेल भोजन में प्रयोग करती है, इन आदिम जनजातियों के भोजन में मांस का भी प्रयोग होता है। आज़ादी के बाद विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों की अपेक्षा अनुसूचित जनजातियों के समूहों के सदस्यों में आधुनिक मूल्य व्यवसाय का संचार हुआ और जीवन स्तर में सुधार हुआ। आरक्षण का ये बेहतर लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों की अपेक्षा अनुसूचित जनजातियों में शामिल जनजातियाँ आर्थिक दृष्टि से मजबूत एवं सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Jain, P.C. : **Chrestianity Ideology and Social Change among Tribals,** Rawat Publication, Jaipur and New Delhi. 1995.

2. Lal, Shyam, : **Tribal and Christian mission arias, Inter India publication,** New Delhi. 2000.
3. Padhy, K.S., : **Voting Behavior of Tribal in India, Delhi**, 1992.
4. कलवार, सुगन चन्द एवं तेजराम मीणा, – **निर्धनता उन्मूलन एवं ग्रामीण विकास,** पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2001.
5. रंगराजन, सी. । **भारत की अर्थनीति 'नए आयाम'**, राजपाल एण्ड सन्स, नईदिल्ली, 2000.
6. जैन, डॉ.राजेश । **आर्थिक विकास में मानवीय साधन,** यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नईदिल्ली, 1996.
7. झुनझुनवाला, भरत । **भारतीय अर्थव्यवस्था 'समीक्षात्मक अध्ययन'**, राजपाल एण्ड सन्स, नईदिल्ली, 2007.
8. शर्मा, अशोक – **भारत में स्थानीय प्रशासन,** आर.बी.एस.ए.जयपुर, 2007
9. सिंह, उमेश प्रसाद – **पंचायती राज व्यवस्था में पंचायती समिति,** राधा पब्लिकेशन, नईदिल्ली, 2004.
10. जोशी, डॉ.के.एन. एवं डॉ.मंजुला मिश्रा – **'सहकारिता के सिद्धांत एवं भारत में सहकारिता',** कॉलेज बुक डिपो, जयपुर, 2007.
11. बसु, आचार्य एवं डॉ. दुर्गा दास – **'भारत का संविधान – एक परिचय',** आठवॉ संस्करण 2002.
12. शास्त्री, आचार्य रमेशचंद्र – **'भारत में पंचायतीराज',** कालेज बुक डिपो, जयपुर, 1985.
13. शर्मा, हरिशचंद्र – **'ग्रामीण स्थानीय प्रशासन',** कालेज बुक डिपो, जयपुर, 1985.
14. वाजपेयी, हरिकृष्ण – **'सामुदायिक विकास कार्यक्रम में समाज शिक्षा'**, भारती प्रकाशन, लखनऊ, 2000.
15. वैद्य, नरेश कुमार – **'जनजातीय विकास, मिथक एवं यथार्थ'**, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2003.
16. उप्रेती, हरिशचन्द्र – **'भारतीय जनजातियाँ'**, मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ, 1970.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत् बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर यौगिक क्रियाओं के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. महेश कुमार मुछाल* विजय पवांर**

* एसोसिएट प्रोफेसर, शिक्षक पशिक्षण विभाग, दिगंबर जैन कॉलेज बड़ौत, बागपत, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** शोध छात्र, शिक्षक पशिक्षण विभाग, दिगंबर जैन कॉलेज बड़ौत, बागपत, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – 21वीं शताब्दी को योगक्रांति की शताब्दी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि आज योग एवं यौगिक क्रियाओं के प्रति जागरूकता इतनी बढ़ी है कि संपूर्ण विश्व प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाता है। योग उचित जीवनचर्या का विज्ञान है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बालक–बालिकाएं अनेक प्रकार के तनावों से ग्रसित रहते हैं। तनाव का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रकार है– परीक्षा तनाव। परीक्षा तनाव विद्यार्थियों में परीक्षा के दिनों में सर्वाधिक देखने को मिलता है और यह परीक्षा के उपरांत भी परीक्षा के परिणाम को लेकर निरंतर बना रहता है। यह न केवल विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है अपितु उसके शारीरिक, सामाजिक एवं भावात्मक विकास को भी बाधित करता है। इस तनाव से बचने या मुक्ति पाने के लिए यौंगिक क्रियाओं के अभ्यास की महती भूमिका है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए शोधकर्ता ने अध्ययन करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य में बागपत जिले के बड़ौत ब्लॉक में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत् पूर्व माध्यमिक स्तर की 100 (50 योगाभ्यासी तथा 50 गैर–योगाभ्यासी) बालिकाओं का चयन किया। बालिकाओं के परीक्षा तनाव को मापने के लिए डॉ के0 एस0 मिश्रा द्वारा निर्मित परीक्षा तनाव मापनी का प्रयोग किया गया। प्राप्त आंकड़ों के सारणीकरण एवं सांख्यिकीकरण द्वारा निम्नलिखित निष्कर्ष एवं परिणाम प्राप्त हुए। योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं में परीक्षा तनाव अधिक पाया गया। योगाभ्यासी बालिकाओं की दिनचर्या गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा अधिक संयमित, संतुलित, सकारात्मक व उत्साह पूर्ण पाई गई।

प्रस्तावना –पूर्व माध्यमिक स्तर की शिक्षा एक निर्णायक दौर होता है जो विद्यार्थियों के भविष्य की आधारशिला के निर्धारण के साथ–साथ जीवन की दिशा और दशा का भी निर्धारण करता है। जहां विद्यार्थी को अभिभावकों की अपेक्षाओ और अपने भविष्य की चिंता को साथ लेकर शिक्षा ग्रहण करनी होती है। ऐसी परिस्थिति में विद्यार्थियों का तनावग्रस्त हो जाना स्वाभाविक है। परीक्षा शिक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। परीक्षा द्वारा न केवल विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का पता चलता है अपितु शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षक के ज्ञान व शिक्षण कौशल का आकलन भी सुगमता से हो जाता है। परंतु इसका एक पहलू यह भी है कि बालक इसे अपने भविष्य से जोड़कर देखते हैं। अभिभावकों और शिक्षकों के अत्यधिक अनावश्यक दबाव में विद्यार्थियों में चिंता एवं तनाव का स्तर कभी–कभी इस सीमा तक बढ़ जाता है कि विद्यार्थी आत्महत्या जैसा घातक निर्णय ले बैठते हैं। कुमार एवं लखेड़ा (2020) ने अपने शोध अध्ययन में पायी की नियमित रूप से विद्यालय में होने वाली यौगिक क्रियायें विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ अनेक प्रकार के तनाव को न्यूतमक करने में रामबाण का कार्य करती है। मनानी, प्रीति तथा गौतम, कुमार (2011) द्वारा किए गए शोध अध्ययन के परिणामों से स्पष्ट है कि परीक्षा तनाव विद्यार्थियों को निराशा से भर देता है तथा उनके मस्तिष्क में आत्महत्या जैसे विचारों को भी जन्म दे देता है। यह तनाव उनके परीक्षा परिणामों पर भी बुरा प्रभाव डालता है। सिंह, जोगिंदर (2012) ने अपने लेख 'नो टेंशन' में लिखा कि हम यही सोचकर तनावग्रस्त रहते हैं कि हम सफल होंगे या नहीं। इससे हमारी सफलता संदेहात्मक हो जाती है और तनाव भी बढ़ता है। मेंटल हेल्थ फाउंडेशन (2018) के अनुसार मानसिक बीमारियों में तनाव व दबाव मुख्य हैं। भटनी देवी व मीतू (2003) के अनुसार यौगिक क्रियाओं के अभ्यास से चिंता का स्तर कम होता है और समायोजन क्षमता बढ़ती है। योग न केवल मानव मात्र के कल्याण की एक विधा है, अपितु संपूर्ण जीवन शैली को संयमित और संतुलित कर मानव जाति के उत्थान का सर्वोत्कृष्ट मार्ग है। रानी एवं राव (2005) के अनुसार योगाभ्यास के परिणाम स्वरूप हताशा व तनाव में एक विशिष्ट कमी आती है। बेरान (1992) के अनुसार 'तनाव एक ऐसी बहुआयामी प्रक्रिया है जो लोगों में वैसे घटनाओं के प्रति अनुक्रिया के रूप में उत्पन्न होती है जो हमारे दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्यों को विघटित करती है' तनाव आधुनिक दौर के परिप्रेक्ष्य में एक सामान्य बातचीत का हिस्सा नहीं है अपितु एक सार्वजनिक मुद्दा बन गया है। डब्लू0एच0ओ0 (2016) की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग 8 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा तनाव के कारण आत्महत्या के मामले सामने आये। भारत में यही संख्या लगभग 2500 चिंहित की गई। सिंह (2022) प्रस्तुत शोध में निष्कर्ष निकाला गया कि योग एवं शारीरिक अभ्यास का बोर्ड परीक्षा के तनाव को नियन्त्रित करने में सहायक होता। राजेन्द्र एवं अन्य (2022) योगाभ्यास करने से विद्यार्थियों में आत्महत्या के भाव में कमी, परीक्षा तनाव में कम एवं विभिन्न प्रकार मादक पदार्थो के सेवन में लगातार कमी सहायक होता है। भुवन एवं मिश्रा (2019) ने अपने शोध में पाया कि यौगिक क्रियाओं में संलग्न रहने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा तनाव में कमी एकाग्रता में वृद्धि पायी गयी है। हंसराज(2020) ने बताया की योग का महत्व मानव जीवन की हर एक मनोवैज्ञानिक अवस्था में अत्यन्त आवश्यक

है। योग मनुष्य को सुखपुर्वक एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

शोध का औचित्य– संदर्भ साहित्य की समीक्षा करने से ज्ञात होता है कि अभी तक विद्यार्थियों के परीक्षा तनाव पर योगाभ्यास अथवा यौगिक क्रियाओं के प्रभाव से संबंधित अधिकांश शोध कार्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर हुए हैं अभी तक पूर्व माध्यमिक स्तर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर यौगिक क्रियाओं के प्रभाव से संबंधित शोध कार्य नहीं हुआ है। शोधार्थी द्वारा उक्त विषय का चयन करने का कारण यह भी है कि वर्तमान जीवन शैली खान–पान, रहन–सहन, अस्वस्थ वातावरण, आर्थिक शैक्षिक प्रतिस्पर्धा विद्यार्थियों के न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अपितु मानसिक स्वास्थ्य, संवेगात्मक स्वास्थ्य और सामाजिक दक्षता को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना का प्रारम्भ केंद्र सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से 2004 में किया गया। देश के दुर्गम एवं पिछड़े क्षेत्रों की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं बी0 पी0 एल0 परिवारों की शिक्षा से वंचित बालिकाओं की शिक्षा की उचित व्यवस्था के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खोले गए ताकि शिक्षा के मौलिक अधिकार की प्रतिपूर्ति हो सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के परीद्ध कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के परीक्षा तनाव पर योगिक क्रियाओं के प्रभाव पर अध्ययन नही हुआ इसलिए प्रस्तुत शोध अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत होती है।

शोध के उद्देश्य:

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी बालिकाओं के परिक्षा तनाव का अध्ययन करना।
2. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं का परीक्षा तनाव का क्षेत्र के आधार पर अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना:

1. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी बालिकाओं के परिक्षा तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है।
2. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की ग्रामीण योगाभ्यासी एवं ग्रामीण गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं के परीक्षा तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है।
3. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की शहरी योगाभ्यासी एवं शहरी गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं के परीक्षा तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है।

शोध का सीमांकन – योग दर्शन एवं यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण अपने आप में एक वृहद दर्शन और प्रक्रिया है अत: प्रस्तुत शोध में योग दर्शन की यौगिक क्रियाओं को संक्षेपित व सारगर्भित रूप में ही कराया जाएगा। शोध अध्ययन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य में बागपत जिले के बड़ौत ब्लॉक में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं का चयन किया गया।

अनुसंधान प्रविधि

अनुसंधान विधि– प्रस्तुत शोध पत्र में प्रयोगात्मक विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श विधि एवं न्यादर्शन– शोध कार्य में न्यादर्श हेतु जिला बागपत में संचालित दो कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में से एक विद्यालय का चयन लॉटरी विधी से किया गया जिसमें बडौत ब्लॉक में संचालित कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय का चयन किया गया। जिसमें अध्ययनरत् 100 बालिकाओं में से 50 बालिकाओं को योगभ्यासी समूह में तथा 50 बालिकाओं के गैर–योगाभ्यासी समूह नियन्त्रित किया गया।

शोध उपकरण– बालिकाओं के परीक्षा तनाव के मापन के लिए 'डॉ0 के0 एस0 मिश्र' द्वारा निर्मित परीक्षा तनाव मापनी (पॉइव पवान्इट स्केल) का प्रयोग किया गया। प्रयुक्त मापनी की विश्वसनीयता अर्ध विच्छेदन विधि द्वारा 0.71 ज्ञात की गई।

प्रदत्तों एकत्रीकरण – न्यादर्श के चुनाव के पश्चात् पूर्व परीक्षण कर बालिकाओं के परीक्षा तनाव सम्बन्धित आंकड़ो का एकत्रीकण परीक्षा तनाव मापनी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् नियन्त्रित बालिकाओं के समूह को एक माह तक षट्कर्म, प्रणायाम एवं आसन नियमित रूप से कराये गयें। मापनी की सहायता से पुन: आंकड़ों का एकत्रीकरण करके सांख्यकिकी विधियों का प्रयोग किया गया।

प्रक्रिया :– प्रक्रिया में चार चरण शामिल किये गये थे तथा नीचे नमूने की आरेखीय रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

प्रथम चरण :– प्रतिदर्श का चुनाव

द्वितीय चरण :– पूर्व–परीक्षण

निम्न परीक्षण 100 योगाभ्यासी एवं गैर–योगाभ्यासी विद्यार्थियो पर किये गये

शोध उपकरण– बालिकाओं के परीक्षा तनाव के मापन के लिए 'डॉ0 के0 एस0 मिश्र' द्वारा निर्मित परीक्षा तनाव मापनी (पॉइव पवान्इट स्केल) का प्रयोग किया गया।

तृतीय चरण :– प्रयोगात्मक उपचार।

प्रथम माह –सूक्ष्म क्रियाएं :– अंगसंचालन – 5 मिनट प्रत्येक दिन

षटक्रिया या षट्कर्म :–कपालभाति – 5 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए

- त्राटक – 2 मिनट प्रत्येक दिन

आसन :– ध्यानात्मक आसन – 2 से 3 मिनट प्रत्येक दिन

ध्यानात्मक आसन पर्दमासन

प्राणायाम–

- अनुलोम–विलोम– 5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
- शीतली – 5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
- शीतकारी – 5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।

- भ्रामरी –5 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
- ध्यान – 2 मिनट प्रत्येक दिन।

द्वितीय माह– सूक्ष्म क्रियाएं :– अंगसंचालन – 7 मिनट प्रत्येक दिन
षटक्रिया या षट्कर्म–कपालभाति – 15 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए
त्राटक – 3 मिनट प्रत्येक दिन
आसन :– ध्यानात्मक आसन – 5 मिनट प्रत्येक दिन
प्राणायाम :–अनुलोम–विलोम– 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।

- शीतली – 7 चक्र प्रत्येक दिन 2 मिनट के लिए।
- शीतकारी – 7 चक्र प्रत्येक दिन 3 से 4 मिनट के लिए।
- भ्रामरी – 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।

ध्यान :– 10 मिनट प्रत्येक दिन।
तृतीय माह
सूक्ष्म क्रियाएं :– अंगसंचालन – 7 से 10 मिनट प्रत्येक दिन
षटक्रिया या षट्कर्म–कपालभाति – 30 चक्र प्रत्येक दिन 10 से 15 मिनट के लिए

- त्राटक – 5 मिनट प्रत्येक दिन

आसन :– ध्यानात्मक आसन – 5 से 8 मिनट प्रत्येक दिन
प्राणायाम :–अनुलोम–विलोम– 10 चक्र प्रत्येक दिन 10 से 12 मिनट के लिए।

- शीतली – 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।
- शीतकारी – 10 चक्र प्रत्येक दिन 5 मिनट के लिए।
- भ्रामरी – 20 चक्र प्रत्येक दिन 10 मिनट के लिए।

ध्यान :– 15 मिनट प्रत्येक दिन।
चतुर्थ चरण :– पश्च–परीक्षण
उन्ही छात्रों पर पूर्ववत शोध उपकरणों का प्रयोग करके आंकडे एकत्रित किये गये।

शोध चर– प्रस्तुत शोध कार्य में यौगिक क्रियायें स्वतन्त्र चर तथा परीक्षा तनाव को आश्रित चर के रूप से निर्धारित किया गया।

सांख्यिकीकरण– प्राप्त आंकड़ों के सांख्यिकीकरण के लिए मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात का प्रयोग किया।

सांख्यिकी विश्लेषण एवं व्याख्या– शोधकर्ता ने आंकडों के एकत्रीकरण के पश्चात् विवरणात्मक एवं अनुमानित सांख्यकिकी का प्रयोग किया।

तालिका संख्या–1 परीक्षा तनाव के स्तर के आधार पर विवरण।

परीक्षा तनाव स्तर	(योगाभ्यासी)	प्रतिशत	(गैर–योगा भ्यासी)	प्रतिशत
उच्च स्तर	7	14.00%	16	32.00%
मध्यम स्तर	34	68.00%	30	60.00%
निम्न स्तर	9	18.00%	4	8.00%

तालिका संख्या 1 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि, 7(14 प्रतिशत) योगाभ्यासी बालिकाओं में उच्च स्तर, 34(68.0 प्रतिशत) बालिकाओं में मध्यम स्तर तथा 9(18 प्रतिशत) बालिकाओं में निम्न स्तर का परीक्षा तनाव पाया गया। 16(32 प्रतिशत) गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं में उच्च स्तर, 30(60.0 प्रतिशत) मध्यम स्तर तथा 4(8 प्रतिशत) निम्न स्तर का परीक्षा तनाव पाया गया।



आरेख संख्या 1 बालिकाओं का परीक्षा तनाव का विवरण।

आलेख संख्या 1 से प्रदर्शित होता है, कि योगाभ्यासी बालिकाओं में सर्वाधिक बालिकाऐं मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा सबसे कम बालिकाऐं उच्च स्तर के परीक्षा तनाव से सम्बन्धित है वही गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव वाली बालिकाऐं, तथा सबसे कम निम्न स्तर परीक्षा तनाव से सम्बन्धित बालिकाऐं पायी गयी।

तालिका संख्या 2 कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं में परिक्षा तनाव का विवरण।

परीक्षा तनाव	कुल विद्यार्थी	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	पी मान	सार्थकता
योगाभ्यासी बालिका	50	116.16	17.504	2.975	0.05	सार्थक**
गैर–योगा भ्यासी बालिका	50	127.10	19.230			

(स्वतन्त्रता स्तर = 98)
***0.05 सार्थकता स्तर, **0.01 सार्थकता स्तर**

उपरोक्त तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय की 50 योगाभ्यासी बालिका एवं 50 गैर–योगाभ्यासी बालिका के परीक्षा तनाव संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 116.16 तथा 127.10 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 17.504 तथा 19.230 प्राप्त हुआ। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव में सार्थकता अन्तर की जाँच के लिए टी–अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित टी–अनुपात का मान 2.975 पाया गया। जो कि मुक्तांश 98 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.57 से अधिक है।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि 'कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना 'कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है', को अस्वीकृत किया जाता' है।

आरेख संख्या 2 बालिकाओं के परीक्षा तनाव सम्बन्धित माध्यमान एवं मानक विचलन।



आरे में योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा अधिक परीक्षा तनाव है।

तालिका संख्या 3 ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में परिक्षा तनाव के माध्यमान, मानक विचलन एवं टी मान का विवरण।

परीक्षा तनाव (ग्रामीण)	कुल विद्यार्थी	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	पी मान	सार्थकता
योगाभ्यासी	20	119.40	18.415	2.733	0.002	सार्थक**
गैर-योगाभ्यासी	20	134.55	16.593			

(स्वतन्त्रता स्तर = 38)

***0.05 सार्थकता स्तर, **0.01 सार्थकता स्तर**

उपरोक्त तालिका **3** के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय की 20 योगाभ्यासी बालिका एवं 20 गैर-योगाभ्यासी बालिका के परीक्षा तनाव संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 119.40 तथा 134.55 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 18.415 तथा 16.593 प्राप्त हुआ। ग्रामीण क्षेत्र कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव में सार्थकता अन्तर की जाँच के लिए टी-अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित टी-अनुपात का मान 2.733 पाया गया। जो कि मुक्तांश 98 पर 0.01 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.57 से अधिक है।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि ' ग्रामीण क्षेत्र कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव मे असमानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य सार्थक अन्तर पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना ' ग्रामीण क्षेत्र कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है', को अस्वीकृत किया जाता है।



आरेख संख्या 3 ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के परीक्षा तनाव सम्बन्धित माध्यमान एवं मानक विचलन।

आरेख संख्या 3 से प्रदर्शित होता है, ग्रामीण क्षेत्र की गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं में योगाभ्यासी बालिकाओं की अपेक्षा परिक्षा तनाव अधिक है।

तालिका संख्या 4 शहरी क्षेत्र की बालिकाओं में परक्षिा तनाव के माध्यमान, मानक विचलन एवं टी मान का विवरण।

परीक्षा तनाव (शहरी)	कुल विद्यार्थी	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	पी मान	सार्थकता
योगाभ्यासी	30	114.00	16.836	1.729	0.052	सार्थक**
गैर-योगाभ्यासी	30	122.13	19.511			

(स्वतन्त्रता स्तर = 58)

***0.05 सार्थकता स्तर, **0.01 सार्थकता स्तर**

उपरोक्त तालिका 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि शहरी क्षेत्र की कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय की 20 योगाभ्यासी बालिका एवं 20 गैर-योगाभ्यासी बालिका के परीक्षा तनाव संबंधी फलांकों का मध्यमान क्रमश: 114.00 तथा 122.13 एवं प्रमाणिक विचलन क्रमश: 16.836 तथा 19.511 प्राप्त हुआ। शहरी क्षेत्र की कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव में सार्थकता अन्तर की जाँच के लिए टी-अनुपात की गणना की गयीं। जिसमे परिगणित टी-अनुपात का मान 1.729 पाया गया। जो कि मुक्तांश 58 पर 0.05 सार्थकता स्तर के सारणिक मान 2.00 से कम है।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है, कि ' शहरी क्षेत्र की कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव मे समानता पायी गयी। निष्कर्ष के रूप में शहरी क्षेत्र की कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य सार्थक अन्तर नही पाया गया। अत: इससे सम्बन्धित शून्य परिकल्पना ' शहरी क्षेत्र की कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की योगाभ्यासी एवं गैर योगाभ्यासी छात्राओं के परीक्षा तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नही है', को स्वीकृत किया जाता है।



आरेख संख्या 4 शहरी क्षेत्र की बालिकाओं के परीक्षा तनाव सम्बन्धित माध्यमान एवं मानक विचलन।

आरेख संख्या 4 से प्रदर्शित होता है कि शहरी क्षेत्र की योगाभ्यासी बालिकाओं में परीक्षा तनाव गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं से कम है।

निष्कर्ष एवं परिणाम -आंकड़ो के सांख्यकीकरण करने के पश्चात ज्ञात हुआ कि नियमित यौगिक अभ्यास करने पर परीक्षा तनाव में सार्थक रूप से कमी आती है। परिकल्पनाओं के आधार पर योगाभ्यासी बालिकाओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा उससे कम निम्न स्तर वाली बालिकाऐं पायी गयी। गैर-योगाभ्यासी बालिकोंओं में सर्वाधिक मध्यम स्तर के परीक्षा तनाव, तथा उससे कम निम्न स्तर वाली बालिकाऐं पायी गयी।योगाभ्यासी बालिकाओं में परीक्षा तनाव में कमी पायी गयी तथा क्षेत्र के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र की गैर-योगाभ्यासी बालिकाओं में योगाभ्यासी

बालिकाओं की अपेक्षा परिक्षा तनाव अधिक है वही दूसरी और शहरी क्षेत्र के योगाभ्यासी बालिकाओं में परिक्षा तनाव गैर–योगाभ्यासी बालिकाओं से कम है। कुमार लखेड़ा (2020) के शोध परिणाम भी यौगिक क्रियाओं के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करती है।

शैक्षिणिक सुझाव – सामाजिक व्यवहार यदि छात्रों का सुदृढ़ है तो वह किसी भी परिस्थिति में सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं। वर्तमान परिस्थिति में छात्र के विभिन्न प्रकार के तनावों जैसे परीक्षा तनाव सामाजिक तनाव कैरियर सम्बन्धित तनाव को सुदृढ़ बनाने के लिए शिक्षक एवं अभिभावक दोनों को सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभानी पड़ेगी। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के यौगिक क्रियाओं से सम्बन्धित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को नियमित रूप से देना चाहिए साथ ही घर का ऐसा माहौल होना चाहिए जिसमें बच्चें किसी न किसी शारीरिक क्रियाओं में संलग्न रहे, चाहे वह कोई खेल हो या यौगिक क्रियाऐं। विभिन्न शोध अध्यनों के निष्कर्षो से यह ज्ञात होता है कि यौगिक क्रियायें (षट् कर्म, प्रणायाम एवं आसान) विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुनियोजित करते है तथा साथ ही अनेक प्रकार के अप्रत्याशित तनावों एवं व्याधाओं से मुक्त रखते है। शिक्षकों को ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए जिससे वह छात्रों की समस्या को भयमुक्त कर पायें एवं अभिभावकों को घर का वातावरण इस प्रकार से तैयार करना चाहिए जिससे छात्र का मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहे वह अपना अधिगम कार्य ठीक प्रकार से कर पाए साथ ही अभिभावकों को अधिक जागरूक होने के साथ–साथ अपने व्यवहार में लचीलापन लाने की आवश्यकता है ताकि उनके बच्चे अपनी बातों को निर्भय होकर उनसे साझा कर पाएँ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. Banerjee, S. (2011). Effect of various counselling strategies on academic stress of secondary Level students. Unpublished Ph.D. Thesis, Punjab University, Chandigarh.
2. Batni devi and Meetu (2003) Effectiveness of selected yogic ezercise on anziey and adjustment of eleventh grades. Recent Research in Education and psychology, vol 8 (1) 85-88.
3. Bhuyan, B., & Mishra, P. K. (2019) Effects of yoga on performance in a letter-cancellation task under academic examination stress.
4. Bisht, A.R. (1980). A study of stress in relation to school climate and academic achievement (age group 13-17). Unpublished doctoral thesis, Education, kumaon university.
5. https://theyogainstitute.org/how-can-yoga-help-students-alleviate-examination-stress-and-make-them-perform-better/
6. J. V. Rama Chandra Rao (2015). Academic Stress among Adolescent Students, Conflux Journal ofEducation, ISSN 2320-9305 E-ISSN 2347-5706 vol 2(9). http://cjoe.naspublishers.com/
7. Krishan, L. (2014). Academic Stress among Adolescent In Relation To Intelligence and DemographicFactors, American International Journal of Research In Humanities, Arts And Social Sciences, ISSN (print): 2328-3734, ISSN (online): 2328-3696, ISSN (cd-rom): 2328- 3688 pp123-129.
8. Rajendran, V. G., Jayalalitha, S., & Adalarasu, K. (2022). EEG Based Evaluation of Examination Stress and Test Anxiety Among College Students. *Irbm*, *43*(5), 349-361.
9. Rani, J.N. and Rao, K.V.P. (2005) Impact of yoga training on body image and depression Andhra Unversity, Vishkhapatnam Psychological Studies, Vol 50(1)98-100.
10. Singh, R. (2022). A comparative study on effects of yoga and physical workout on psycho-physiological variables during examination stress in senior secondary school students.
11. राय, पी. एन., (2007). अनुसंधान परिचय, आगरा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा प्रकाशन, आगरा।
12. सिंह, ए.के. (2009). मनोविज्ञान समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, मोतीलाल बनारसी दास प्रकाशन, दिल्ली।
13. कुमार, एस. एवं लखेड़ा एस. (2020) उच्च माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत् योगाभ्यासी एवं गैर–योगाभ्यासी विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, समायोजन एवं शैक्षिक तनाव में तुलनात्मक अध्ययन, शोधप्रबन्ध, हे0न0ब0 गढ़वाल वि0वि0 श्रीनगर।
14. गुप्ता एवं गुप्ता, (2008), शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधार, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
15. सिंगल, पी0 (2021) विद्यार्थियों को परीक्षा में अगर अच्छें नंबरों से होना है पास तो इन बातों का का रखें विशेष ध्यान, जीवन उत्साह https://www.jeevanutsahnews.in/?p=46119
16. बेरॉन (1992) सन्दर्भित सामान्य मनोविज्ञान, अरूण कुमार सिंह (2010)दिल्ली मोतीलात बनारसी दास, पृ0 संख्या 754–756।
17. मनानी, प्रीति एवं गौतम, मुकेश कुमार (2011) एग्जामिनेशन एन्जाइटी एज ए डिटरमेन्ट ऑफ डिप्रेशन एण्ड सुसाइडल आइडिएशन एट हायर सकेण्डरी लेवल फोर्थ एनुअल इशु डी0 ई0 आई0 फोएरा पृ0 149–150।
18. सिंह, जोगेन्दर (2012) नो टेशन, अमर उजाला(उडान), आगरा संस्करण 08 फरवरी पृ0 1।
19. मुछाल, एम0 के0 (2004) योग के वैज्ञानिक पहलू, योजना, वोल्यूम 52 न0 2।
20. मुछाल, एम0 के0 (2005) मानसिक अवसाद एवं योग, योजना, वोल्यूम 49 न0 2।
21. मुछाल, एम0 के0 (2006) तनाव मुक्ति में योग, योजना, वोल्यूम, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली वर्ष, 51 न0 1।
22. मुछाल, एम0 के0 (2009) प्राणायाम: रोगोपचार की सामर्थ्यदायी प्रक्रिया, योजना प्रकाशन, विभाग नई दिल्ली, वोल्यूम 52 न0 2।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

Analysis of Gender Equality in Law Enforcement

Manaswi Agrawal*

***Research Scholar, University of Technology, Jaipur (Raj.) INDIA**

Abstract - Gender equality plays an effective role to develop the skills of teenagers and women to utilize all the social scopes and opportunities and lead a happy life against the violation. This study is going to provide a brief overview of gender equality and how it practices legal enforcement under the Indian government. Moreover, this study will discuss the importance to promote women's empowerment to make this study more informative and justified. Additionally, a brief discussion based on the gender equality law of the Indian government will be analyzed in this study. However, the legal progression of gender empowerment will be briefly evaluated in this following study.

Introduction - Gender equality protects violations against women and girls, especially teenagers in society. Gender equality tries to enhance the value of girls and women in the community and make stores healthier and safer as a proper human right. The following essay is going to focus on analyzing the importance of gender equality in law enforcement. This study will provide a vivid analysis to encourage women in law enforcement. Gender equality plays an important role to develop the economic background of the country. This study will represent a proper legal progression to improve the rate of gender equality.

Role of gender equality in law enforcement: The main purpose of gender equality is to ***empower women and girls*** and enhance their societal value. Gender economics plays an important role in bringing changes in the social aspects of girls and women. ***Gender inequality*** is recognized as one of the major societal issues across every corner of the world[1]. Thereafter, it provides a barrier between caste, color, religion, and creed of the people entire the world. Thereafter, the government decided to protect and prevent the life of women giants the violations and preserved the peace in their lifestyle. Various kinds of gender laws have been implemented throughout the entire world and enacted the practices that ***have blocked women in society and culture***. The majority of the women get suffered from workplace harassment and also explore at home with the rest of the family members.

Most teenagers cannot go to school to continue their education and become deprive too utilize all the social scopes and opportunities. Thereafter, gender equality enhances the ***safety and the mental condition*** of women and girl children by reducing domestic violence. According to ***Equality Act 2010***, the government has been able to reduce the violation against women and children[2]. This act replaces the existence of ***anti-discrimination laws*** by uplifting a single act. Based on the guidelines of this ***legal enforcement, inequality, and discrimination*** become properly differentiated to the worm in the community. On the other hand, women in society can raise their voices for social and equal rights and utilize societal opportunities to improve their living standards. This helps the native community to save individuals from unfair treatment and influences to build an equal and fair society.

Moreover, the ***Human Rights Act of 1998*** plays an important role to ***raise gender equality*** all over the world. This act lets all women defend their own rights and gain respect and societal dignity. This act ***raises the security and liberty*** of the women in society and protects their life and choose proper ways to live freely[3]. Gender equality needs to be maintained in the workplace to keep the dignity and self-respect of both male and female workers. However, the ***Equal Remuneration Act of 1976*** plays an effective legal component to provide equal pay for both female and male workers in the workplace. According to all the guidelines of this act, there will be ***no discrimination between women and men*** in workplace culture[4]. Thereafter, it can be said that representing women by ***developing leadership capabilities*** and ***uplifting decision-making skills*** can be enforced by gender equality.

This will be able to ***build a sustainable and gender-equal future*** in the upcoming days. This also trends to economic equality and brings a change in the male-dominated industry. On the other hand, the government needs to organizable various kinds of programs to help disadvantaged communities and the blocked women in the culture. Gender equality will measure all these difficulties and helps to ***empower women and improve the labor***

market. This will also trend to reproductive health in the future days and reflects the equality between males and females in society. Moreover, the Gender equality act ***helps women to pursue careers*** in law enforcement. As an example, it can be said that female police officers provide security to children and every woman to support legal enforcement.

Encouraging women in law enforcement: Gender equality plays an important role in providing safety and justice for all women in the community. ***Safety concerns*** can be improved and developed by the inspiration of legal enforcement ad develop the career of the majority of women. ***Participation of a woman*** in law enforcement can inspire many women to take a participation in legal enforcement, it will develop their careers and uplifts the future days to deal with any problematic situation[5]. This will also develop the leadership capabilities among all the women to lead to a better future. ***Meaningful participation in the legal enforcement*** of a woman can ***enhance operational effectiveness and build transparency*** in a trusting community. This will reduce the rate of gender-based crimes and workplace harassment. Based on a research study it has been observed that female workers are major in the number who are becoming harassed in the work culture.

Inspiring women in taking part in legal enforcement acts as a ***multidisciplinary approach*** to developing awareness of the importance of women in society[6]. It has been observed that women officers can ***improve their decision-making skills*** and develop the relationship between the common people and the police community. This will help the public by reducing the ***violence against society and especially male-dominated society***[7]. This will reflect a positive impact on the development of women's careers. Moreover, it has been recognized that women will be more responsible to perform every legal guideline to develop society. Women play an important and effective role in preventing gender violence and a crime against teenagers and children. Empowering women is essential for the social and mental development of societies and communities.

It can develop the safety of the lives of women and fulfilling their goals and make life more productive. Thereafter, every woman can ***reach their potential power and contribute to their country*** as well as their workplace. Thereafter, women will be able to change the mindset of their families and the entire society and help future generations lead a prospective and happy life. Women are also able to ***maintain sustainable economic development*** and provide a positive impact on humanity at large[8]. As female is seen as less valuable rather than boys or male workers in society, women need to develop themselves by raising their voices against gender inequity. Thereafter, it can be said that inspiring every woman to participate in legal enforcement can develop the origin and background of the country.

Despite the efforts to energy women in legal enforcement, ***more than 13% of women*** remain over the past few decades. Thereafter, the government authority needs to implement and organize various kinds of training programs to spread awareness among all women. The ***New York City Police department, Los Angles police department, Metropolitan police, and office of Justice programs*** are the major organizations to develop female law enforcement for the sake of developing the country and society. Based on a research observation it has been found that female officers can improve the quality of police services by incorporating excessive force. Thus, promoting every woman for legal enforcement can change the parameters of the country and will act as the backbone to prevent every violation.

Legal progress toward gender equality: Providing the same and equal rights to every man and man of a community is the major purpose of gender equality. It can be said that the ***WBL index*** plays a major part to improve ***gender equality by 63%*** and developing the measurements of legal rights for women by 30%[9]. It has also been observed that both entrepreneurship and mobility come close together and become able for treating both men and women. Most of business organizations have decided to provide parental leave to both the man and women for building an equal and better society. Every corner of the world has performed to develop legal progression for maintaining gender equality. ***North America*** is recognized as the first country that has legally progressed with the act and the guidelines of gender equality. On the other hand, Both Europe and ***Central Asia*** are considered as the second country in progressing step by step to develop gender equality and legal enforcement[10].

Developing leadership style and capabilities for every woman is the first progressive stage of regal enforcement. Organizing female organization to make them comfortable in participating in law enforcement is another stage of building gender equality. All of these can make a proper and sustainable society and community for the future generation. Every business organization needs to floor the guidelines of the gender equality law to ***make a sustainable environment*** because of both female and male workers. Through the ***commitment and the bold action of the government authorities*** gender equality can be progressed in a sustainable way[11]. Government authorities need to implement and promote new guidelines and laws to reduce the rate of violation to advance the process of gender equality. The Indian government organized a ***BBBP campaign by the end of 2015*** to ensure women's protection.

On the other hand, this campaign also progresses the importance of education for the girl child[12]. The major purpose of this campaign is to survive and educate the girl child and face all the barriers to lead a safe and happy life.

MSK is one of the major organized campaigns that was ***launched in the year of 2017*** for ***empowering women in rural and remote areas***. Both these two campaigns help Indian women to develop their cognitive skills and to adopt the capabilities to become successful in life. ***Working women hostel*** is ann well-known campaign to enhance the security and safety of working women for being independent. However, ***Article 16*** demonstrates all the opportunities for Indian citizens by enhancing the rate of employment[13]. The Indian government also declares ***Article 14 to uplift a balance between both male and female*** participants in the business environment. Moreover, it can be said that this article embodies a lot of general principles for uplifting equality and law to develop women's empowerment.

According to ***Article 15*** Indian government has prohibited discrimination based on color, caste, religion, and place of birth[1414]Nilekar, Prasanna, Chandralok Singh, and Ishika Gupta. "AN ASSESSMENT ON THE EMPLOYMENT PRACTICES BASED ON THE GENDER EQUALITY IN INDIAN IT INDUSTRY."

Based on the guidelines of ***Article 39*** of the Indian constitution, it has been identified that the economic system of this country will be developed by women's empowerment. The ***Maternity Benefit Act of 1961*** played an effective role to uplift the skills of married women and tried to develop their cognitive skills and opportunities[15]. Based on a research study, it has been observed that India has been progressing over the past few decades and reforming the laws to empower all the women in the community. Through the gender revolution, the women's employment rate has been uplifted and become the norm for teenagers and children. Thus, India has placed itself ***as 135 countries out of a total of 146 countries*** in its GGG index by 2022.

Conclusion: It can be concluded that gender equality can prevent the violation and protect women and children by developing their educational scope and opportunities. This study has focused on the role and importance of gender equality in law enforcement. Moreover, the importance to inspire women for taking part in legal enforcement has been analyzed in this following study. The importance of Indian acts to maintain gender equality in society and the workplace has been evaluated in this study. This study has also focused on the legal progression of the Indian government to develop safety and equality by empowering women and children an also teenagers.

References:-

1. Amos, David Moturi, and Deusdedita Lutego. "Role of Women Development Fund on Growth of Women Owned Businesses." *International journal of Engineering, Business and Management* 6.2 (2022).
2. Bennett, Nathan James, et al. "Blue growth and blue justice: Ten risks and solutions for the ocean economy." *Marine Policy* 125 (2021): 104387.
3. Betti, Eloisa. "Equal pay and social justice: Women's agency, trade union action and international regulations. italy, the ILO and the EEC in the global context (1951–1977)." *The International History Review* 44.3 (2022): 577-594.
4. Carrington, Kerry, et al. "Women-led police stations: reimagining the policing of gender violence in the twenty-first century." *Policing and society* 32.5 (2022): 577-597.
5. de Vries, Ieke, and Amy Farrell. "Explaining the Use of Traditional Law Enforcement Responses to Human Trafficking Concerns in Illicit Massage Businesses." *Justice Quarterly* (2022): 1-26.
6. Fatihayah, Delfina, and Marudut Bernadtua Simanjuntak. "Analysis Of The Importance Gender Equality In The "Kartini" Movie By Hanung Bramantyo." *LITERACY: International Scientific Journals of Social, Education, Humanities* 1.2 (2022): 83-93.
7. Hyland, Marie, Simeon Djankov, and Pinelopi Koujianou Goldberg. "Gendered laws and women in the workforce." *American Economic Review: Insights* 2.4 (2020): 475-490.
8. Kim, Nam Kyu. "When does women's political power matter? Women's representation and legal gender equality of economic opportunity across contexts." *European Political Science Review* 14.4 (2022): 583-599.
9. Kumar, Deepak, Bhanu Pratap, and Archana Aggarwal. "Affirmative action in government jobs in India: Did the job reservation policy benefit disadvantaged groups?." *Journal of Asian and African Studies* 55.1 (2020): 145-160.
10. Nilekar, Prasanna, Chandralok Singh, and Ishika Gupta. "AN ASSESSMENT ON THE EMPLOYMENT PRACTICES BASED ON THE GENDER EQUALITY IN INDIAN IT INDUSTRY." *Fostering Resilient Business Ecosystems and Economic Growth: Towards the Next Normal* 27.46 (2022): 514.
11. Norman, Mark, and Rosemary Ricciardelli. ""I Think It's Still a Male-Dominated World": Detachment Services Assistants' Perceptions and Experiences of a Gendered Police Organization." *Feminist Criminology* (2023): 15570851231153713.
12. Odera, Josephine A., and Judy Mulusa. "SDGs, gender equality and women's empowerment: what prospects for delivery." *Sustainable development goals and human rights: springer* (2020): 95-118.
13. Parmar, Miss Shiva, and Amit Sharma. "Beti Bachao Beti Padhao Campaign: An Attempt to Social Empowerment." *Journal of critical reviews* 7 (2020): 13.
14. Vijeyarasa, Ramona, and Mark Liu. "Fast fashion for 2030: Using the pattern of the sustainable development goals (SDGs) to cut a more gender-just fashion sector." *Business and Human Rights Journal* 7.1 (2022): 45-66.

15. Yuliartini, Ni Putu Rai. "Legal Protection of Women And Children From Violence In The Perspective Of Regional Regulation of Buleleng Regency Number 5 Year 2019." *Jurnal Pendidikan Kewarganegaraan Undiksha* 9.1 (2021): 89-96.

Footnotes:-

1. Fatihayah, Delfina, and Marudut Bernadtua Simanjuntak. "Analysis Of The Importance Gender Equality In The "Kartini" Movie By HanungBramantyo." *LITERACY: International Scientific Journals of Social, Education, Humanities* 1.2 (2022): 83-93.
2. Yuliartini, Ni Putu Rai. "Legal Protection of Women And Children From Violence In The Perspective Of Regional Regulation of Buleleng Regency Number 5 Year 2019." *Jurnal Pendidikan Kewarganegaraan Undiksha* 9.1 (2021): 89-96.
3. Vijeyarasa, Ramona, and Mark Liu. "Fast fashion for 2030: Using the pattern of the sustainable development goals (SDGs) to cut a more gender-just fashion sector."*Business and Human Rights Journal* 7.1 (2022): 45-66.
4. Betti, Eloisa. "Equal pay and social justice: Women's agency, trade union action and international regulations. italy, the ILO and the EEC in the global context (1951–1977)." *The International History Review* 44.3 (2022): 577-594.
5. de Vries, Ieke, and Amy Farrell. "Explaining the Use of Traditional Law Enforcement Responses to Human Trafficking Concerns in Illicit Massage Businesses." *Justice Quarterly* (2022): 1-26.
6. Carrington, Kerry, et al. "Women-led police stations: reimagining the policing of gender violence in the twenty-first century." *Policing and society* 32.5 (2022): 577-597.
7. Norman, Mark, and Rosemary Ricciardelli. ""I Think It's Still a Male-Dominated World": Detachment Services Assistants ' Perceptions and Experiences of a Gendered Police Organization." *Feminist Criminology* (2023): 15570851231153713.
8. Bennett, Nathan James, et al. "Blue growth and blue justice: Ten risks and solutions for the ocean economy."*Marine Policy* 125 (2021): 104387.
9. Kim, Nam Kyu. "When does women's political power matter? Women's representation and legal gender equality of economic opportunity across contexts." *European Political Science Review* 14.4 (2022): 583-599
10. Hyland, Marie, Simeon Djankov, and PinelopiKoujianou Goldberg. "Gendered laws and women in the workforce." *American Economic Review: Insights* 2.4 (2020): 475-490.
11. Odera, Josephine A., and Judy Mulusa. "SDGs, gender equality and women's empowerment: what prospects for delivery." *Sustainable development goals and human rights: springer*
(2020): 95-118.
12. Parmar, Miss Shiva, and Amit Sharma. "Beti Bachao Beti Padhao Campaign: An Attempt to Social Empowerment." *Journal of critical reviews* 7 (2020): 13.
13. Kumar, Deepak, Bhanu Pratap, and Archana Aggarwal. "Affirmative action in government jobs in India: Did the job reservation policy benefit disadvantaged groups?."*Journal of Asian and African Studies* 55.1 (2020): 145-160.
14. Nilekar, Prasanna, Chandralok Singh, and Ishika Gupta. "An Assessment On The Employment Practices Based On The Gender Equality In Indian It Industry." *Fostering Resilient Business Ecosystems and Economic Growth: Towards the Next Normal* 27.46 (2022): 514.
15. Amos, David Moturi, and DeusdeditaLutego. "Role of Women Development Fund on Growth of Women Owned Businesses." *International journal of Engineering, Business and Management* 6.2 (2022).

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
October to December 2022, E-Journal, Vol. I, Issue XL

वृद्ध महिलाओं की सामाजिक समस्याएँ: एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण

प्रियंका सालवी* प्रो. पी.एम. यादव**

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** आचार्य एवं विभागाधयक्ष (समाजशास्त्र) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – वर्तमान में व्यक्तिवादिता बढ़ती जा रही है। आज समाज में पारिवारिक व सामाजिक विघटन हो रहा है जिसके कारण वृद्धजनों को उपेक्षा एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वृद्धावस्था जीवन की ऐसी अवस्था है जब व्यक्ति अपने आप को हर दृष्टि से कमजोर पाता है। अपनी इन्द्रियों की अक्षमताओं के साथ-साथ शारीरिक अक्षमताओं का भी सामना करना पड़ता है। मानसिक क्षमता में भी धीरे-धीरे कमी आती है। आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। एक साथ आने वाली इन सभी कमजोरियों के साथ सामंजस्य करना बेहद मुश्किल है, लेकिन आधुनिकता के परिणामस्वरुप आज वृद्धों के साथ हिंसा, तिरस्कार, उपेक्षा बढ़ती जा रही है। इस प्रकार की घटनाएँ वृद्धों की स्थिति को और अधिक दयनीय व चिंतनीय विषय बना देती है। वर्तमान की आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने नि:संदेह जीवन काल का विस्तार किया है। व्यक्ति की आयु में वृद्धि हुई है, परन्तु आयु बढ़ने से वृद्ध व्यक्तियों की समस्याओं में भी वृद्धि हुई है। प्राचीन काल में 'चिरायु भव' एक मंगल कामना मानी जाती थी, परंतु आज के संवेदनहीन समाज में यह मंगलकामना एक अभिशाप से कम नहीं मानी जा सकती क्योंकि आज समाज में वृद्ध जनों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में वृद्धजनों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से कहीं अधिक है वृद्धावस्था में महिलाएँ अत्यधिक उपेक्षा, शोषण और प्रताड़ना की शिकार हो जाती है। अधिकतर महिलाएँ धन, सम्पत्ति, सत्ता और रोजगार से वंचित होती है। भारत में एक ओर जहाँ वृद्धों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर औद्योगीकरण नगरीकरण के कारण वृद्ध महिलाओं की प्रस्थिति अत्यन्त दयनीय होती जा रही है। आज वृद्ध महिलाओं के समक्ष अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो गई है। वृद्ध महिलाओं की समस्याओं को मुख्यत: शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक में वर्गीकृत किया जा सकता है।

वृद्धावस्था में शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर होने से वे समूह एवं परिवार से अलग होने लगते हैं, जिसके कारण सामाजिक व पारिवारिक संबंधों में विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है। जहाँ तक देखा गया है कि परिवार में सदस्यों के साथ मतभेद होने लगता है और नौकरी या व्यवसाय से मुक्त होने के कारण समाज एवं परिवार में उसका वर्चस्व, मान-सम्मान कम हो जाता है, जिससे इन्हें अपना जीवन-यापन करना कठिन महसूस होने लगता है। प्राय: यह देखा जा सकता है कि आधुनिक युग में परिवार या समाज के युवाओं की भावना एवं विचार में काफी बदलाव देखने को आता है, उनके रहन-सहन, व्यवहार आदि में अंतर आ जाता है। वृद्ध महिलाओं को सामाजिक समस्याओं के अंतर्गत अकेलेपन की समस्या, आवास की व्यवस्था, शारीरिक कमजोरी के कारण नित्यकर्मों में परिजनों के सहयोग का अभाव, उपेक्षित व्यवहार, आज्ञा पालन, इच्छा अनुसार भोजन की अनुपलब्धता एवं सामाजिक मेल मिलाप में पारिवारिक रोक टोक आदि प्रमुख समस्याएँ देखी गयी। प्रस्तुत शोध पत्र में इन्हीं सामाजिक समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य एवं विधितंत्र–किसी भी शोध कार्य को शुरू करने से पूर्व उसके शोध उद्देश्य निर्धारित किये जाते है जिससे शोधकर्ता अपने शोध कार्य में अवांछित विषय वस्तुओं को सम्मिलित करने से भी बच जाता है जिससे शोध कार्य समय पर पूर्ण हो सके। प्रस्तुत शोध पत्र में शोधार्थी द्वारा शोध उद्देश्य का निर्धारण किया गया हैं। इस शोध पत्र के प्रमुख उद्देश्यअध्ययन क्षेत्र में वृद्ध महिलाओं की सामाजिक समस्याओं को चिन्हित करना एवं वृद्ध महिलाओं की सामाजिक समस्याओं के उत्तरदायी कारणों को जानना है।

निर्धारित शोध उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अध्ययन क्षेत्र राजस्थान के उदयपुर जिले से प्राथमिक सूचनाओं का संकलन किया गया। इस हेतु क्षेत्र सर्वेक्षण के द्वारा जिले की वल्लभनगर तहसील से 35 वृद्ध महिलाओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार के द्वारा उनकी सामाजिक समस्याओं से सम्बन्धित विभिन्न पक्षों पर सूचनाओं का संकलन किया गया। इस हेतु पूर्व निर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया। संकलित की गयी सूचनाओं को बारम्बारता एवं प्रतिशत के द्वारा विश्लेषित कर तालिका एवं आरेख के द्वारा आंकड़ों को दर्शाया गया है।

उत्तरदाताओं की व्यक्तिगत एवं सामाजिक पृष्ठभूमि –अध्ययन क्षेत्र में वृद्ध महिलाओं की सामाजिक समस्याओं को जानने के लिये निदर्श उत्तरदाताओं से साक्षात्कार के माध्यम से आवश्यक सूचनाएँ एवं समस्याओं के बारे में जानकारी संकलित की गयी। उत्तरदाताओं की व्यक्तिगत एवं सामाजिक सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका एवं आरेख में दर्शाया गया है।

आयु – आयु या उम्र समय का माप है जो एक जैवकीय तथ्य है। आयु व्यक्ति की शारीरिक अवस्था, परिपक्वता एवं विकास की प्रक्रिया को दर्शाता है। आयु जैवकीय तथ्य होने के साथ-साथ इसको सामाजिक तथ्य केरूप में भी माना जाता है। सामाजिक विभेदीकरण की प्रक्रिया में भी आयु को महत्वपूर्ण माना गया है। इसलिए उत्तरदाताओं से उनकी आयु सम्बन्धी सूचनाओं को प्राप्त कर विश्लेषित किया गया।

तालिका 1: आयु अनुसार उत्तरदाताओं का वर्गीकरण

क्र.	आयु वर्ग	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1	60 से 65 वर्ष	17	48.57
2	65 से 70 वर्ष	14	40.00
3	70 वर्ष से अधिक	4	11.43
	कुल	35	100.00

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

आरेख में दर्शाए गये आंकड़ों के अवलोकन स्पष्टहै कि 17 (48.57 प्रतिशत) उत्तरदाता 60 से 65 वर्ष आयुवर्ग के अंतर्गत है। इसी प्रकार 14 (40.00 प्रतिशत) उत्तरदाता 65 से 70 वर्ष आयुवर्ग के अंतर्गत है एवं 4 (11.43 प्रतिशत) उत्तरदाता 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के अंतर्गत है।

शिक्षा –इसी प्रकार उत्तरदाताओं से उनकी शैक्षणिक स्थिति पर सूचनाओं का संकलन किया गया क्योंकि शिक्षा व्यक्ति की सोच समझ, आचार व्यवहार व कार्यशैली, सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आरेख 1 में दर्शाये गए आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि उत्तरदाताओं को शैक्षणिक स्तर के अनुसार चार वर्गों में विभाजित किया गया है, क्रमश: स्नातक व उच्च, माध्यमिक स्तर, प्राथमिक एवं निरक्षर है।

आरेख : 1



उत्तरदाताओं में 7 (20.00 प्रतिशत) उत्तरदाता स्नातक स्तर के तक शिक्षित है। इसी प्रकार 6 (17.14 प्रतिशत) उत्तरदाता माध्यमिक स्तर तक शिक्षित है एवं 13 (37.14 प्रतिशत) उत्तरदाता प्राथमिक स्तर तक शिक्षित है तथा 9 (25.71 प्रतिशत) उत्तरदाता निरक्षर है।

वैवाहिक स्थिति – मानव जीवन में वृद्धावस्था में वैवाहिक स्थिति का व्यक्ति की सामाजिक एवं मानसिक दशा पर बहुत गहरा प्रभाव होता है। यदि जीवन साथी साथ है तो व्यक्ति उसके साथ अपने दुख-सुख एवं भावनाओं को साझा कर सकता है। परस्पर एक दूसरे का ख्याल भी अच्छे से रख पाते हैं। दूसरी स्थिति में यदि पति साथ नहीं है या वैधाव्य की स्थिति है तो वृद्ध में एकाकीपन की भावना घर कर जाती है, साथ ही अपनी भावनाओं को इतने अच्छे से किसी को नहीं कह पते है न हैं कोई इतना समझ सकता है।

आरेख : 2



आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में 19 (54.29 प्रतिशत) उत्तरदाता विवाहित स्थिति के अंतर्गत है तथा 16 (45.71 प्रतिशत) उत्तरदाता विधावा एवं एकल वैवाहिक स्थिति के अंतर्गत है।

वृद्ध महिलाओं की सामाजिक समस्याएँ – वृद्ध महिलाओं को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वृद्ध महिलाओं को सामाजिक समस्याओं में अकेलेपन की समस्या, आवास की समस्या, शारीरिक कमजोरी के कारण नित्यकर्मों के सम्पादन में पारिवारिक सदस्यों के सहयोग का ना मिलाना, घर के सदस्यों का उनके प्रति उपेक्षित व्यवहार, घर से बच्चों एवं अन्य सदस्यों द्वारा उनकी आज्ञा पालन का न करना, इच्छा अनुसार भोजन की उपलब्धता नहीं होना एवं सामाजिक कार्यक्रमों में रोक टोक आदि प्रमुख समस्याएँ सामने आयी। सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका एवं आरेख में दर्शाया गया है।

तालिका 2: उत्तरदाताओं द्वारा अनुभव की जा रही प्रमुख सामाजिक समस्याएँ

क्र.	सामाजिक समस्या के प्रकार	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1	अकेलेपन की समस्या	7	20.00
2	आवास की समस्या	6	17.14
3	इच्छानुसार भोजन की अनुपलब्धता	11	31.43
4	पारिवारिक सदस्यों के सहयोग का ना मिलाना	9	25.71
5	उपेक्षित व्यवहार	8	22.86
6	बच्चों एवं अन्य सदस्यों द्वारा आज्ञा पालन न करना	12	34.29
7	सामाजिक कार्यक्रमों में रोक टोक	14	40.00

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र में वृद्धि होती है उसे अकेलेपन की भावना परेशान करने लगती है। अनेकों बार यह देखा जाता है कि व्यक्ति साधन संपन्न होने के बावजूद भी बहुत से वृद्धजन अकेलेपन के कारण डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। यह स्थिति महिलाओं में और अधिक देखी जाती है क्योंकि जीवनसाथी पुरुष की पहले मृत्यु हो जाने के कारण वे अपने आप को अकेला महसूस करती है। उत्तरदाताओं से सामाजिक समस्याओं के विषय पर सूचनाओं को विश्लेषण से ज्ञात होता है कि अध्ययन क्षेत्र में सर्वेक्षित किये गये कुल 35 उत्तरदाताओं में से 7 (20.00 प्रतिशत) उत्तरदाता अकेलेपन की समस्या से परेशान हैं।

आरेख : 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

बहुत सारी माताएं अपनी वृद्धावस्था में भी अकेले रहने को मजबूर होती है और उनको अपने निजी कार्यो के साथ-साथ जीवन यापन के साधन भी जुटाने पड़ते है। ऐसी स्थिति में जीवन बहुत दु:भर हो जाता है। हालाँकि ऐसे मामले बहुत कम देखने को मिलते है परन्तु ये किसी भी समझदार व्यक्ति की नजर में बहुत ही असहनीय स्थिति होती है। इसी प्रकार आवास सम्बन्धी व्यवस्था की समस्या को 6 (17.14 प्रतिशत) उत्तरदाता अपनी वृद्धावस्था में अनुभव कर रहे है ।इन उत्तरदाताओं ने बताया है कि इनको रहेने के लिए प्रयाप्त जगह की उपलब्धता नहीं हो रही है जिससे वे इस समस्या से काफी परेशानी भुगत रहे है।

किसी भी प्राणी के जीवन का अस्तित्व भोजन पर निर्भर करता है। कई

बार स्वास्थ्य कारणों या चिकित्सक के परामर्श अनुसार परहेज़, परिवारिक उपेक्षा, आर्थिक संकट आदि कारकों के प्रभाव से वृद्ध महिलाओं को उनकी इच्छा अनुसार भोजन नहीं मिलता है। अपनी इच्छा अनुसार भोजन नहीं मिलने से वृद्धावस्था में कुंठा एवं खीज का अनुभव होता है जिससे उनको मानसिक परेशानी भी होती है। उत्तरदाताओं से प्राप्त सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका में दर्शाया गया है। आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में 11 (31.43 प्रतिशत) उत्तरदाताओं को उनकी इच्छा अनुसार भोजन की उपलब्धता नहीं है जिससे वे समस्या महसूस करते है। वृद्धावस्था में शारीरिक अक्षमता की दशा में सहयोग की एक महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वृद्धावस्था में विभिन्न प्रकार की शारीरिक असमर्थता आती है जिसके कारण वृद्धों को अपने नित्यकर्म जैसे नहाना धोना, शौच, घूमने फिरने आदि में कठिनाई होने लगती है। शारीरिक अक्षमता के कारण वे अपने आप ये कार्य ठीक प्रकार से नहीं कर पाते हैं। अत: उनके इन कार्यों को सहज संपादित करवाने में किसी पारिवारिक सदस्य की आवश्यकता होती है। इस विषय पर उत्तरदाताओं से प्राप्त सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका में दर्शाया गया है। आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में 9 (25.71 प्रतिशत) उत्तरदाताओं को उनके नित्यकर्म सम्पादन पारिवारिक सदस्यों का सहयोग नहीं मिलता है जिससे वृद्ध महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

घर के किसी वृद्ध सदस्य से यदि अच्छा व्यवहार किया जाए तो उसका मानसिक संतुलन या स्वास्थ्य अच्छा रहता है। सामान्यतया यह देखा जाता है कि परिवार के सदस्य घर के वृद्धजनों या वृद्ध माता पिता को अनुपजाऊ या अनार्थिक समझने की भूल करते है और उनका बार-बार तिरस्कार भी करते है। वृद्धजनों को बोझ समझने लगते है। घर के वृद्ध सदस्यों कि बात को अनसुना किया जाता है जिससे वे उपेक्षित महसूस करते है। इस विषय पर उत्तरदाताओं से प्राप्त सूचनाओं के आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में 8 (22.86 प्रतिशत) वृद्ध महिलाओं को पारिवारिक उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।

